

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, शनिवार, 2 दिसंबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –227 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



मध्य प्रदेश में भाजपा ने हर नागरिक का भरोसा तोड़ा : कांग्रेस पृष्ठ 2

अभिमत
■ गोल्ड बॉन्ड बंद करने की जल्दबाजी न की जाए पृष्ठ 6

■ मोदी ने यूएई की जलवायु निवेश फंड की घोषणा का किया स्वागत
■ गाजा पर इजरायली हमलों में 32 की मौत, कई घायल पृष्ठ 7

बाबर आजम के खिलाफ मोर्चा संभालने के लिए तैयार हैं नाथन लियोन पृष्ठ 8

रायपुर में चौथा टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच

# भारत ने जीती सीरीज

## टीम इंडिया ने स्पिनरों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया को 20 रनों से हराया



**रायपुर**, 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। भारत ने अपने स्पिनरों की मदद से शुक्रवार को यहां चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में हाल में वनडे विश्व चैम्पियन बनी ऑस्ट्रेलिया को 20 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली। इस तरह सूर्यकुमार यादव ने कप्तान के तौर पर अपनी पहली श्रृंखला में जीत हासिल की।

पिछले तीन मैचों की तुलना में इस मुकाबले का स्कोर काफी कम रहा लेकिन भारतीय गेंदबाजों विशेषकर स्पिनर अक्षर पटेल (16 रन देकर तीन विकेट) और रवि बिश्नोई (17 रन देकर एक विकेट) के शानदार प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया सात विकेट पर 154 रन ही बना सकी। भारत ने यशस्वी जायसवाल (37 रन) और रूतुराज गायकवाड़ (32 रन) की पारियों के बाद रिंकू सिंह के 29 गेंद में 46 रन और जितेश शर्मा के 19 गेंद में 35 रन की बदौलत 20 ओवर में नौ विकेट पर 174 रन बनाये। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया को ट्रेविस हेड ने तेज शुरूआत करायी, जिन्होंने 16 गेंद में पांच चौके और एक छक्के से 31 रन बनाये। पर पावरप्ले में ऑस्ट्रेलिया ने 52 रन तक हेड और जोश फिलिप (08) के रूप में दो विकेट गंवा दिये। रवि बिश्नोई ने फिलिप का जबकि अक्षर पटेल ने हेड का विकेट झटका। बायें हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल ने फिर आरोन हार्डी (08) और बेन मैकडरमोट (19) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को करारे झटके दिये। टीम ने 87 रन पर चार विकेट गंवा दिये। दीपक चाहर ने टिम डेविड (19 रन) और मैथ्यू शॉर्ट (22 रन) के विकेट झटककर उनकी बड़ी पारी खेलने की उम्मीदों पर विराम लगा दिया। ऑस्ट्रेलिया ने 17वें ओवर ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में बोले नौसेना प्रमुख

# हिन्द प्रशांत क्षेत्र में टकराव का रूप ले सकते हैं विवाद



**नई दिल्ली**, 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने शुक्रवार को कहा कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र में जिस तरह के विवाद हैं उनके कारण वहां किसी भी समय टकरावपूर्ण स्थिति बन सकती है लेकिन भारतीय नौसेना वहां कड़ी नजर रख रही है और हर स्थिति से निपटने में पूरी तरह सक्षम है।

नौसेना प्रमुख ने नौसेना दिवस से पहले आज यहां वार्षिक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए हिन्द प्रशांत क्षेत्र की स्थिति के बारे में पूछे सवाल के जवाब में कहा कि वहां कुछ विवाद हैं और ये टकराव का रूप भी ले सकते हैं। इसके अलावा वहां डकैती से लेकर तस्करी तथा आपदाओं के समय विभिन्न तरह के अभियान चलाने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि हिंद प्रशांत में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए परस्पर संवाद जरूरी है। नौसेना प्रमुख ने कहा कि भारत खुले, मुक्त, स्वतंत्र तथा नियम आधारित हिंद प्रशांत क्षेत्र का पक्षधर है। उन्होंने कहा कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र में भारत हर गतिविधि पर कड़ी नजर रख रहा है और किसी भी स्थिति से निपटने में सक्षम है। हिंद महासागर के बारे में एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा कि सागर साझा धरोहर माने जाते हैं। महासागरों में हर देश कानूनी रूप से अपनी आर्थिक आकांक्षाओं को पूरा कर सकता है। चीन को भी वहां आर्थिक गतिविधियों का अधिकार है। क्षेत्र में भारत एक नौसैनिक ताकत है और वह हर देश की गतिविधि पर करीबी नजर रखता है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में भारतीय हितों की रक्षा करना नौसेना की प्राथमिकता है। भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने शुक्रवार को कहा कि सरकार अपने आठ पूर्व नौसैनिकों को कतर से वापस लाने के लिए हर संभव कोशिश कर रही है। बता दें, कतर में एक अदालत ने इन नौसैनिकों को मौत की सजा दी है।

## सार संक्षेप

### उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल आएंगे रायपुर



**रायपुर**। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 3 दिसंबर को रायपुर, छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे। राज्य की अपनी पहली यात्रा के दौरान श्री धनखड़ हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, रायपुर के छात्रों और संकाय सदस्यों के साथ बातचीत करेंगे। अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान उपराष्ट्रपति का छत्तीसगढ़ के राजभवन का दौरा करने का भी कार्यक्रम है।

### मिजोरम विधानसभा चुनाव रिजल्ट की तारीख बदली

**नई दिल्ली**। मिजोरम विधानसभा चुनाव रिजल्ट की तारीख बदल गई है. चुनाव आयोग ने शुक्रवार को बताया कि रविवार की जगह सोमवार 4 दिसंबर को वोटों की गिनती होगी। निर्वाचन आयोग ने बताया, मिजोरम के लोगों के लिए रविवार का विशेष महत्व है. इस वजह से तारीख में बदलाव किया गया है।

### नौटंकी थी शरद पवार का अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना : अजीत पवार

**रायगढ़**। महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री अजित पवार ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार को लेकर शुक्रवार बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि शरद पवार का अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना नौटंकी था। उन्होंने कहा, हम सभी लगातार शरद पवार को ये कह रहे थे कि हम लोगों को काम के लिए सरकार में जाना चाहिए।

### क्योंझर में वाहन ट्रक से टकराया, आठ की मौत

**क्योंझर**। ओडिशा के क्योंझर जिले में एक वाहन के ट्रक से टकराने के बाद कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में तीन महिलाएं और एक बच्चा भी शामिल है। वहीं इस घटना में कई अन्य घायल भी हुए हैं। यह घटना घाटगांव इलाके के बालिजोड़ी गांव के पास नेशनल हाईवे 20 पर घटी। वाहन में सवार लोग मंदिर में दर्शन करने जा रहे थे।

### भाजपा के 11 विधायकों के खिलाफ एफआईआर

**कोलकाता**। पश्चिम बंगाल के 11 भाजपा विधायकों के खिलाफ इस सप्ताह की शुरुआत में विधानसभा की परिसर में धरना के दौरान राष्ट्रीय गान का अपमान करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। संसदीय कार्य मंत्री सोभोनदेब चटर्जी ने बताया कि शिकायत तृणमूल कांग्रेस की तरफ से दर्ज की गई है।

### न्यूजक्लिक के संपादक की न्यायिक हिरासत 22 तक बढ़ाई

**नई दिल्ली**। दिल्ली की एक अदालत ने गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधानों के तहत दर्ज एक मामले में न्यूज़क्लिक के संस्थापक-संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और मानव संसाधन प्रमुख अमित चक्रवर्ती की न्यायिक हिरासत 22 दिसंबर तक बढ़ा दी।

## मणिपुर में दिनदहाड़े बैंक से लूटे 18 करोड़

**इंफाल**, 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। मणिपुर में पंजाब नेशनल बैंक चेस्ट से बदमाशों ने 18.80 करोड़ रुपए कैश लूट लिए। सभी लुटेरे नकाब पहनकर आए थे। उन्होंने स्टॉफ को बाथरूम में बंद कर दिया। इसके बाद कैशियर से तिजोरी का ताला खुलवाकर पैसे लेकर भाग गए। यह घटना गुरुवार को उखरुल जिले में हुई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू कर दी है। पीएनबी बैंक चेस्ट राजधानी इंफाल से लगभग 80 किमी दूर उखरूल शहर में स्थित है। पुलिस अधिकारियों ने बताया, 30 नवंबर को दोपहर अत्याधुनिक हथियारों से लैस कुछ लुटेरे बैंक पहुंचे। उन्होंने बैंक के गार्ड्स को अपने कब्जे में ले लिया और स्टॉफ को बंदूक दिखाकर धमकाया। बैंक के कैशियर को बंदूक की नोक पर तिजोरी खोलने के लिए कहा और पैसे लूट लिए।

सुक्खू मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी

## हिमाचल में कॉन्स्टेबल के 30 फीसदी पद महिलाओं के लिए आरक्षित

**शिमला**, 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश कैबिनेट ने शुक्रवार को पुलिस कांस्टेबल के 30 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित करने का फैसला किया और 1,226 पदों को भरने के लिए संशोधित मंजूरी भी दी। कैबिनेट ने अनाथों और समाज के कमजोर वर्गों को लाभ पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना में कुछ और प्रावधान जोड़ने को भी मंजूरी दी। नए प्रावधानों के तहत, प्रत्येक अनाथ 27 वर्ष की आयु तक पॉकेट मनी के रूप में प्रति माह चार हजार रुपये प्राप्त करने का हकदार होगा। इसके अलावा, उन अनाथों को दो लाख रुपये का एकमुश्त विवाह अनुदान देने का भी निर्णय लिया गया, जिन्होंने बाल देखभाल संस्थान छोड़ दिया है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने पूह से काजा तक सीमावर्ती क्षेत्र के गांवों को बिजली उपलब्ध कराने के लिए 486.47 करोड़ रुपए की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को भी मंजूरी दे दी।

महिला कांग्रेस की रैली में बोले राहुल

## अगले 10 वर्षों में 50 फीसदी मुख्यमंत्री महिलाएं हो



**एर्नाकुलम**, 1 दिसंबर (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी एर्नाकुलम में 'उत्साह' महिला कांग्रेस के राज्य सम्मेलन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने सत्ता में महिला की कमी पर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि आज हमारे पास महिला मुख्यमंत्रियों की कमी है। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस के लिए एक अच्छा लक्ष्य होगा अगर आज से अगले 10 वर्षों में हमारे पास 50 फीसदी मुख्यमंत्री महिलाएं हों। हमारे पास बहुत कम महिला मुख्यमंत्री हैं। पर मुझे पता है कि कांग्रेस पार्टी में कई महिलाएं हैं, जो एक अच्छी मुख्यमंत्री बन सकती हैं।' राहुल ने आगे कहा कि एकमात्र कमी यह है कि मंच पर पुरुष हावी हैं, जोकि अच्छी बात है, लेकिन अब हमारा काम यह सुनिश्चित करना है कि कांग्रेस पार्टी के हर स्तर पर अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी हो।

इससे पहले, केरल के नेता प्रतिपक्ष वीडी सतीसन ने बताया कि रैली का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों को उजागर करना है। पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ महिला कांग्रेस के वार्ड स्तर के सभी पदाधिकारी रैली में शामिल होंगे। हमारी रैली उन सरकारों के लिए चेतावनी है, जो महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हो रही हिंसाओं को रोकने में विफल रही है।

**नौसेना हवाई अड्डे पर नहीं मिली लैंडिंग की अनुमति** – कांग्रेस ने शुक्रवार को रक्षा मंत्रालय पर पार्टी नेता राहुल गांधी के विमान को नौसेना हवाई अड्डे पर उतरने की अनुमति नहीं देने का आरोप लगाया है।

संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन

## प्रधानमंत्री मोदी ने सीओपी 33 की मेजबानी का प्रस्ताव रखा



**दुबई**, 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन भारत में आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि आज मैं इस मंच से सीओपी 33 को 2028 में भारत में मेजबानी करने का प्रस्ताव रखता हूं। दुबई में सीओपी 28 में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत ने इकोलॉजी और अर्थव्यवस्था के बीच बेहतरीन संतुलन बनाकर दुनिया के सामने विकास का एक मॉडल पेश किया है। उन्होंने कहा, सबसे पहले, मैं जलवायु जस्टिस, जलवायु फाइनेंस और ग्रीन क्रेडिट जैसे मुद्दों पर आपके निरंतर समर्थन के लिए आभार व्यक्त करना चाहता हूं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा वन अर्थ, वन फैमली, वन फ्यूचर को लेकर सभी की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत में दुनिया की 17 फीसदी आबादी रहती है, इसके बावजूद वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में इसका योगदान 4 प्रतिशत से कम है।

## 90 विधानसभाओं में सभी श्रेणीयों में 103463 डाक मतपत्र प्राप्त हुए




**रायपुर**, 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 29 नवम्बर 2023 तक राज्य में 90 विधानसभाओं में अब तक सभी श्रेणियों के कुल 1,03,463 डाक मतपत्र प्राप्त हो चुके हैं। इसमें सेवा मतदाताओं के ईटीपीबी, निर्वाचन ड्यूटी कर्मचारियों के सुविधा केन्द्रों से प्राप्त डाक मतपत्र और अनुपस्थित श्रेणी के 80+, दिव्यांग एवं अनिवार्य सेवा मतदाताओं के प्राप्त डाक मतपत्र सभी शामिल है।

सेवा मतदाताओं को जारी किये गए ईटीपीबी प्रत्येक दिवस प्राप्त हो रहे हैं, जिनकी संख्या 29 नवम्बर 2023 तक कुल 6169 है। सेवा मतदाताओं के ईटीपीबी दिनांक 3 दिसंबर 2023 को मतगणना प्रारम्भ होने के पूर्व तक प्राप्त किये जाएंगे। प्रत्येक दिवस प्राप्त होने वाले इन ईटीपीबी को जिला स्तर पर अभ्यर्थियों अथवा उनके प्रतिनिधियों के उपस्थिति में जिला मुख्यालय के ट्रेज़री स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा जाता है और इसकी संख्यात्मक जानकारी से सभी को अवगत कराया जाता है।

डाक मतपत्रों की कुल संख्या में निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारियों / कर्मचारियों के कुल 91,086 डाक मतपत्र भी शामिल हैं जो कि मतदान दिवस के 1 दिन पूर्व तक सभी जिलों में निर्मित सुविधा केन्द्रों से प्राप्त हुए थे। 80+ आयु वर्ग एवं दिव्यांगजनों के घर-घर जाकर प्राप्त किये गए डाक मतपत्रों की संख्या कुल 6043 है। इसके अतिरिक्त अनिवार्य सेवा श्रेणी के अनुपस्थित मतदाताओं से प्राप्त डाक मतपत्रों की कुल संख्या 165 है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि प्राप्त डाक मतपत्रों की संख्यात्मक जानकारी प्रत्येक दिवस भारत निर्वाचन आयोग को निर्धारित प्रारूप में प्रेषित की जा रही है ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## दो डिस्टलरी की देशी शराब में कचरा और कीड़ा

आबकारी विभाग की बड़ी कार्यवाही

- दोनों डिस्टलरीयों के 7189 पेटी शराब जप्त कर नष्ट करने के निर्देश
- दोनों डिस्टलरीयों को ढाई लाख का जुर्माना

**रायपुर**, 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ के दो डिस्टलरीयों द्वारा देशी शराब (प्लेन-पाव) की आपूर्ति में कचरा व कीड़ा पाए जाने पर पीने के लिए हानिकारक मानते हुए संबंधित के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की गई है। इन दोनों डिस्टलरीयों द्वारा आपूर्ति की गई 7189 पेटी देशी शराब प्लेन पाव को जप्त कर नष्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं दोनों डिस्टलरीयों के मेसर्स पर वर्तमान शराब मूल्य की राशि 2 करोड़ 75 लाख 66 हजार 480 रूपए का जुर्माना लगाते हुए यह राशि छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड में जमा करने को कहा गया है। इनमें मेसर्स वेलकम डिस्टलरीज प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम-छेरकाबांधा, जिला- बिलासपुर को 2 करोड़ 29 लाख 27 हजार 440 रूपए और मेसर्स छत्तीसगढ़ डिस्टलरीज लिमिटेड, ग्राम-खपरी, कुम्हारी, जिला-दुर्ग को 46 लाख 79 हजार 40 रूपए जमा करने के आदेश दिए गए हैं।

गौरतलब है कि मेसर्स वेलकम डिस्टलरीज प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम-छेरकाबांधा, जिला-बिलासपुर के द्वारा जिला जांजगीर-चांपा में प्रदाय की गई देशी मदिरा प्लेन के पाव में कचरा एवं कीड़ा पाये जाने की शिकायत की जांच पर बैच नंबर 141, 145 एवं 156 के अंतर्गत भरी गई मदिरा में घोंघे व शैल का कचरा एवं कीड़ा युक्त होना पाया गया जिस पर जिला-जांजगीर-चांपा की कुल बैच नंबर 141 की 11 देशी मदिरा दुकानों में, बैच नंबर 145 की 16 देशी मदिरा दुकानों में एवं बैच नंबर 156 की 14 देशी मदिरा दुकानों एवं मद्यभण्डागार जांजगीर में संग्रहित कुल 5,970 ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## तृतीय पुण्यतिथि



### स्व. ललित सुरजन

(22 जुलाई 1946 – 2 दिसम्बर 2020)

*''मुझे इस बात पर बिल्कुल भी आपत्ति नहीं है कि चैनल, अखबार और पत्रकार अपनी राजनैतिक सोच के अनुसार विचार प्रकट करें। यह तो उनका धर्म है। लेकिन जब दबाव या प्रलोभन में आकर वे इस या उस पक्ष की तरफदारी करते हैं तो पत्रकार धर्म के साथ बेईमानी करते हैं।''*

(देशबन्धु, 20 दिसम्बर 2018)

देशबन्धु - हाईवे चैनल परिवार

पुण्य स्मरण करता है

**मौसम** तमिलनाडु के तटीय इलाकों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

# बंगाल की खाड़ी में सक्रिय हुआ चक्रवाती तूफान मिचौंग

**नई दिल्ली, 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दाब का क्षेत्र बन रहा है, जिसके अगले दो दिनों में चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका है। मौसम विभाग का कहना है कि 4 दिसंबर की शाम तक यह चक्रवाती तूफान मिचौंग आंध्र प्रदेश में माचिलीपत्तनम और चेन्नई के तट से टकरा सकता है।**

*मौसम विभाग के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में निम्न दाब का जो क्षेत्र बन रहा है, उसका केंद्र चेन्नई के समुद्र तट से 800 किलोमीटर, माचिलीपत्तनम से 970 किलोमीटर, आंध्र प्रदेश के ही बापातला से 990 किलोमीटर और पुडुचेरी के तट से 790 किलोमीटर दूर समुद्र में स्थित है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम और उत्तर पश्चिम दिशा की तरफ बढ़ रहा है और 2-3 दिसम्बर तक इसके चक्रवाती तूफान मिचौंग में बदलने की आशंका है। भारतीय मौसम विभाग ने मिचौंग तूफान के चलते तमिलनाडु के तटीय इलाकों, पुदुचेरी और कराइकल में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, 3 दिसंबर से लेकर 4 दिसंबर तक 204 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश हो सकती है।*

***इन इलाकों में हल्की बारिश के आसार***

*चक्रवाती तूफान का ओडिशा में कोई प्रभाव नहीं होगा। मौसम विभाग के अनुसार, चक्रवाती तूफान के असर से ओडिशा में कई जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश और बिजली कड़कड़ाने की घटनाएं हो सकती हैं। इनमें मलकानगिरी, कोरापुट, नाबारंगपुर, रायगढ़, कालाहांडी, कंधमाल आदि इलाके शामिल हैं।*

**उवाच** “ लोकतंत्र में बदमाशी, उत्पीड़न व संप्रदायवाद के लिए कोई जगह नहीं है, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और पूजा की स्वतंत्रता और समानता का संदेश हमारे संविधान की आत्मा है।

–फारूक अब्दुल्ला, जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 22.0 | 19.0 |
| मुंबई | 27.0 | 24.0 |
| कोलकाता | 27.0 | 20.0 |
| चेन्नई | 27.0 | 26.0 |

# मध्य प्रदेश में एग्जिट पोल पर राजनीति तेज

■ एग्जिट पोले के आंकड़ों पर भाजपा उत्साहित तो कांग्रेस सतर्क ■ कांग्रेस ने एग्जिट पोल को बताया ध्यान भटकाने का षड्यंत्र

**भोपाल,**1 दिसम्बर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के परिणाम तीन दिसम्बर को आएंगे, लेकिन गुरुवार को सामने आए एग्जिट पोल ने कहीं खुशी तो कहीं गम का माहौल बना दिया है। नतीजों से पहले आए इन टेंपरेरी परिणामों पर राजनीति शुरू हो गई है। भाजपा इन एग्जिट पोल से खासी उत्साहित नजर आ रही है और एग्जिट पोल में दिखाए जा रहे नतीजों के लिए अपनी योजनाओं, नरेंद्र मोदी और कार्यकताओं की मेहनत को श्रेय दे रही है, जबकि कांग्रेस एग्जिट पोल को ध्यान भटकाने का षड्यंत्र बता रही है।

कांग्रेस का कहना है कि उन्हें इन नंबरों पर विश्वास नहीं। देश विजन से चलता है टेलीविजन से नहीं। कांग्रेस का दावा है कि उनकी सरकार बन रही है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं को मैं उनका बल याद दिलाना चाहता हूं। आप लोग कांग्रेस की शक्ति हैं और आपकी मेहनत और समर्पण से ही जनता ने कांग्रेस पार्टी के समर्थन में जमकर वोट डाला है। 3 दिसंबर को जब मतगणना शुरू होगी तो कांग्रेस की सरकार पर जनता की मोहर लग जाएगी। मैंने हमेशा आपसे कहा है कि देश विजन से चलता है, टेलीविजन से नहीं। बहुत से एग्जिट पोल में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनती हुई दिखाई दी है जबकि कुछ एग्जिट पोल अन्य तरह की बात कर रहे हैं। आपको इस सबसे अपना ध्यान भटकने नहीं देना है। अर्जुन की तरह आपको निगाहें सिर्फ अपने



लक्ष्य पर रखनी है। आपको अपना पूरा ध्यान मतगणना के दिन पर लगाना है और यह सुनिश्चित करना है कि कांग्रेस को मिला एक-एक वोट सही से गिना जाए और प्रदेश में प्रचंड बहुमत से कांग्रेस की सरकार बने। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि एग्जिट पोल के नतीजे इतने डायवर्स हैं कि उसमें कुछ कह नहीं सकते, इतना मैं कह सकता हूं कि इस चुनाव में मध्य प्रदेश के अंदर 130 सीटों से ज्यादा कांग्रेस पार्टी को मिलेगी। स्पष्ट बहुमत मिलेगा। लोगों में एक भावना थी बदलाव की। और बदलाव का वोट मिलेगा, जनता चुनाव लड़ी है।

कांग्रेस का छोटा कार्यकर्ता चुनाव लड़ा है। लोग ऊब चुके हैं, शिवराज सिंह चौहान उनके झूठे वादों से और भारतीय जनता पार्टी के दुष्कर्मों से भारतीय जनता पार्टी के कुशासन से। जीतू पटवारी ने किया कि आशा और उम्मीद की सरकार, आ रही कांग्रेस सरकार। मध्य प्रदेश में तीन दिसंबर को नया सवेरा होने जा रहा है, हमें विचलित होने की आवश्यकता नहीं है। मतगणना में हम सभी सत्तापक्ष के षड्यंत्र से सतर्क रहे। जीत हमारी होगी। वहीं मध्य प्रदेश में पांचवीं बार सीएम बनने के सवाल पर शिवराज सिंह ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने मध्य प्रदेश में प्रगति और विकास किया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अचूक रणनीति, जेपी नड्डा का मार्गदर्शन और जनता का आशीर्वाद हमें मिल रहा है। वही, केंद्र और राज्य के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मन निधि योजना, लाड़ली बहन योजना और लाड़ली लक्ष्मी योजना ने महिलाओं के जीवन बदलने का काम किया है। महिलाओं का भारतीय जनता पार्टी को सहयोग मिला है। इसी सहयोग और आशीर्वाद के चलते मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है। सीएम शिवराज सिंह चौहान पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनेंगे, इस सवाल को लेकर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद। मध्य प्रदेश में 2003 के परिणाम 2023 में दोहराते हुए दिखते हैं, इसके पीछे विकास के मॉडल के तीन स्तंभ गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण और आने वाली पीढ़ी को बेहतर भविष्य देना है। मोदी जी का मॉडल विकास और विरासत का मॉडल है। इससे साफ है कि मोदी के मन में एमपी है और एमपी के मन में मोदी हैं। उमा भारती ने दावा किया कि वे भविष्यवाणी करते हैं कि एक पार्टी 112 से 130 सीटें (मध्य प्रदेश की 230 सीटों में से) के बीच जीतेगी। अब, अगर उस पार्टी को 112 सीटें मिलती हैं और चुनाव हार जाती है, तो एग्जिट पोल करने वालों का दावा है कि वे सही साबित हुए हैं, लेकिन अगर उस पार्टी को 120 सीटें मिलती हैं और वह जीतती है, तो एग्जिट पोल का दावा है कि उनकी भविष्यवाणी सही थी।

## मतगणना पर टिकी राजनीतिक दलों की नजर

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में 230 सीटों के लिए 17 नवम्बर को मतदान हुआ था और मतगणना तीन दिसम्बर को होगी। चुनाव में इस बार रिकार्ड 77.15 प्रतिशत मतदान हुआ है। अब तीन दिसम्बर को राजनीतिक दलों की नजर टिक गई है। अपनी-अपनी जीत का दावा करे रहे हैं राजनीतिक दल। एग्जिट पोल को लेकर सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि यह एग्जिट पोल है या प्रीपेड पोल है। कुछ मीडिया घरानों को मैनेज करके मध्य प्रदेश के अधिकारियों को दिग्भ्रमित करना और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के आत्मविश्वास को तोड़ने का काम भाजपा कर रही है। गत दिनों एक्जिट पोल का वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें उस संस्था के प्रमुख लोग ही एग्जिट पोल पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। फिर उस एग्जिट पोल को सही कैसे माना जाए।

# राजस्थान में भाजपा-कांग्रेस के बागियों पर सबकी नजर

**जयपुर,**1 दिसम्बर (एजेंसियां)। पिछले विधानसभा चुनावों में प्रदेश की गहलोत सरकार बहुमत से एक सीट कम रह गई थी। इसके बाद 13 निर्दलीय विधायकों का समर्थन लेकर अशोक गहलोत ने राजस्थान में अपनी सरकार चलाई। इस बार भी एग्जिट पोल कुछ इसी तरह का इशारा कर रहे हैं।

कांग्रेस और भाजपा के दोनों ही दलों के दमदार बागी चुनाव मैदान में हैं। इनके अलावा कुछ सीटें ऐसी भी जहां आरएलपी, आजाद समाज पार्टी, बसपा समेत कई अन्य दलों के प्रत्याशियों ने भी भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशियों को कड़ी चुनौती दी है। यही कारण है कि प्रदेश की 21 सीटें ऐसी हैं, जिनके चुनाव परिणाम पर पूरे प्रदेश की नजरें टिकी हैं।

ऐसे में कांग्रेस और भाजपा बागी और स्वतंत्र उम्मीदवारों से मिल रहे हैं ताकि बहुमत के आंकड़े से कम होने की स्थिति में सुरक्षित रह सकें। आरएलपी, बीएसपी, भारतीय आदिवासी पार्टी और सीपीआई (एम) जैसे तीसरे मोर्चे के दल राज्य में संयुक्त रूप से 12 से 17 सीटें जीतने का दावा कर रहे हैं। उनके



■ दस निर्दलीय भी अपनी जीत को लेकर है आश्वस्त

अलावा करीब 10 निर्दलीय भी अपनी जीत को लेकर आश्वस्त हैं। यदि ये दावे सच साबित होते हैं, तो उनकी झोली में कुल मिलाकर लगभग 25 सीटें होंगी और इस प्रकार त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति में, ये दल और स्वतंत्र उम्मीदवार राज्य में किंग मेकर की भूमिका निभा सकते हैं। भाजपा जहां 130 सीटें जीतने का दावा कर रही है, वहीं पार्टी सूत्रों का कहना है कि वह बागियों के समर्थन से बहुमत प्राप्त कर लेगी।

### पिछली बार से कम रह सकती है अन्य की संख्या

बताया जा रहा कि इस बार निर्दलियों और अन्य दलों के विधायकों की संख्या पिछली बार के मुकाबले कम रहने की संभावना है। इसका एक कारण यह माना जा रहा है कि पिछली बार बसपा के छह विधायक थे और बसपा का ट्रेंड रहा है कि वह एक चुनाव में अच्छा करती है और दूसरे में उसका प्रदर्शन डाउन चला जाता है। ऐसे में निर्दलीय और अन्य दलों के विधायकों की संख्या 20 के आसपास रह सकती है।

**सार संक्षेप**

### मध्य प्रदेश में कोई कांटे की टक्कर नहीं : शिवराज

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में कई एग्जिट पोल में भारतीय जनता पार्टी को स्पष्ट बहुमत की ओर प्रदर्शित करने पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राज्य में कांटे की टक्कर जैसी कोई बात नहीं है और फिर एक बार भाजपा की सरकार बनना स्पष्ट हो रहा है। चौहान ने कल रात अपने बयान में कहा कि वे पूर्व में भी कह चुके हैं कि प्रदेश में कांटे की टक्कर जैसी कोई बात नहीं है। जनता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति प्रेम, प्रधानमंत्री का नेतृत्व, गृह मंत्री अमित शाह की रणनीति, पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा का मार्गदर्शन, पार्टी के कार्यकर्ताओं का अनथक परिश्रम, सरकार की अनेक कल्याणकारी योजनाओं और राज्य के विकास ने बता दिया है कि भाजपा की बहुमत से सरकार बनेगी।

### मतदान के बाद बदली गईं पांच ईवीएम : कांग्रेस

**भोपाल।** मप्र में विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद अब लोगों को बड़ी ही बेसब्री से मतगणना का इंतजार है।

# छग में सीमांत सीटें बन सकती हैं सरकार गठन की कुंजी

**नई दिल्ली,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। एबीपी-सीवोटर एग्जिट पोल के अनुसार छत्तीसगढ़ में सीमांत सीटें सरकार गठन की कुंजी हो सकती हैं। एग्जिट पोल के आंकड़ों के मुताबिक, कांग्रेस को 41 से 53 सीटें मिलने का अनुमान है। पार्टी को 43.4 प्रतिशत वोट



मिलने का अनुमान है, जो 2018 की तुलना में थोड़ा ज्यादा है। भाजपा को 36 से 48 सीटें मिलने का अनुमान है। हालांकि, राज्य की 90 विधानसभा सीटों में से 28 सीमांत सीटें हैं और यह देखना दिलचस्प होगा कि अगर सत्ता समर्थक और सत्ता विरोधी कारकों को ध्यान में रखा जाए तो परिणाम क्या होंगे। परिदृश्य एक में, यदि सभी सीमांत सीटें सत्ता विरोधी हो जाती हैं, तो कांग्रेस को 29 से 35 सीटें मिलने की संभावना है, जबकि भाजपा के 54 से 60 सीटें जीतने की संभावना है। अन्य को राज्य में 0 से 3 सीटें जीतने का अनुमान है। परिदृश्य दो में, यदि सभी सीमांत सीटें सत्ताधारी पार्टी के पक्ष में जाती हैं, तो कांग्रेस को 56 से 62 सीटें जीतने की संभावना है, जबकि भाजपा 27 से 33 सीटें जीत सकती है। अन्य को 0 से 3 सीटें जीतने का अनुमान है। चुनावों से पहले आक्रामक प्रचार करने वाली कांग्रेस राज्य में लगातार दूसरे कार्यकाल पर नजर गड़ाए हुए है, जबकि भाजपा भी खनिज समृद्ध राज्य में सत्ता में वापस आने की उम्मीद कर रही है। 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी।

# मध्य प्रदेश में भाजपा ने हर नागरिक का भरोसा तोड़ा : कांग्रेस

## मतगणना से पहले कांग्रेस के बड़े नेताओं ने संभाली कमान

**भोपाल,** 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों के परिणाम में अब चंद घंटे शेष हैं। मतगणना से पहले अब कांग्रेस के बड़े नेताओं ने कमान संभाली है और दावा किया है कि तीन दिसंबर को कांग्रेस की सरकार बन रही है। एग्जिट पोल में अधिकांश प्रदेश में भाजपा को बढ़त दिखा रहे हैं। इससे कांग्रेस नेताओं में भी खलबली है।

इसे लेकर अब कांग्रेस महासचिव और मप्र प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला का बयान सामने आया है। उन्होंने मप्र में 135 सीटों के साथ कांग्रेस की सरकार बनने का दावा किया है और बताया है भाजपा और सर्वे दोनों हार रहे हैं। सुरजेवाला ने कहा कि यह चुनाव मध्य प्रदेश की जनता बनाम भाजपा के घोटाले तथा नाकामियों के बीच था। हम पूरे आत्मविश्वास से कह सकते हैं कि जनता की जीत होगी। भारतीय जनता पार्टी उस तथाकथित सर्वे के भरोसे है, जिस सर्वे पर सर्वे करने वाली एजेंसी को खुद ही भरोसा नहीं है क्योंकि भाजपा सरकार ने प्रदेश के हर नागरिक का भरोसा तोड़ा है। भर्ती घोटालों में युवाओं के भविष्य से लेकर बच्चों के पोषण आहार तक लूट की है।

आदिवासी अपमान से लेकर महाकाल लोक में भगवान तक किसी को नहीं छोड़ा है। मध्यप्रदेश में ज्यादातर सर्वे एजेंसियां कांग्रेस की प्रचंड बहुमत की जीत दिखा रही हैं ,मगर



मप्र विधानसभा चुनाव में भाजपा व सर्वे दोनों हार रहे हैं : **रणदीप सिंह सुरजेवाला**

भाजपा सिर्फ उस सर्वे पर भरोसा कर रही है जिस पर खुद सर्वे दिखाने वाला चैनल भरोसा नहीं कर रहा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि भाजपा मतगणना वाले दिन प्रशासन पर दबाव बनाने की बदनीयती रखती है। जिसका उदाहरण हमें बालाघाट की पोस्टल बैलेट में गड़बड़ी करने की कोशिश से साफ नजर आता है। सुरजेवाला ने सोशल साइट एक्स पर लिखा कि कांग्रेस के ऊर्जावान साथियों, सूर्य ने संध्या काल में अस्त होते हुए पूछा कि सुबह तक इस अंधियार से लड़ने का दायित्व कौन लेगा। तब एक दीपक ने कहा कि इस घनघोर अंधियार से सूर्य की पहली किरण तक मैं पूरी दृढ़ता से लड़ूंगा।

## दिग्विजय को पार्टी की जीत का भरोसा



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में चुनावी ऊंट किस करवट बैठेगा इसको लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि एग्जिट पोल के पूर्वानुमान वास्तविकता से बहुत दूर हैं। नेता ने विश्वास जताया कि सबसे पुरानी पार्टी मध्य प्रदेश में सरकार बनाएगी। यहां मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य के लोग पिछले दो दशकों से भाजपा के भ्रष्टाचार से तंग आ चुके हैं और उन्होंने बदलाव के लिए मतदान किया है। सिंह ने कहा कि एग्जिट पोल के नतीजे अलग-अलग हैं। हम इसके बारे में कुछ नहीं कह सकते। मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि कांग्रेस को मध्य प्रदेश में 130 से अधिक सीटें और स्पष्ट बहुमत मिलेगा। उन्होंने कहा कि लोग परिवर्तन चाहते हैं जिसके लिए कांग्रेस को वोट मिलेंगे। लोग शिवराज सिंह चौहान और उनके झूठे वादों से तंग आ चुके हैं।

# तेलंगाना में तीन विधानसभा क्षेत्रों में हो दोबारा मतदान : कांग्रेस

### एआईएमआईएम पर लगाया फर्जी मतदान करने

**हैदराबाद,** 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना कांग्रेस ने हैदराबाद के पुराने शहर के तीन विधानसभा क्षेत्रों चंद्रयानगुट्टा, चारमीनार और बहादुरपुरा में 30 नवम्बर को हुए मतदान के दौरान ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुसल्मीन



(एआईएमआईएम) के कार्यकर्ताओं पर शुक्रवार को धांधली और फर्जी मतदान करने का आरोप लगाया और चुनाव आयोग से पुनर्मतदान का आग्रह किया। चुनाव आयोग को भेजे गए पत्र में वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं चुनाव आयोग समन्वय समिति के अध्यक्ष जी. निरंजन ने आयोग से यह पता लगाने के लिए वेब और सीसी कैमरों की जांच पूरी होने तक तीन विधानसभा क्षेत्रों में वोटों की गिनती को रोकने का अनुरोध किया है। इन विधानसभा क्षेत्रों में एआईएमआईएम कार्यकर्ताओं पर धांधली और फर्जी मतदान करने का आरोप लगाया गया है। एआईएमआईएम नेताओं और कार्यकर्ताओं पर कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं पर हमला करने का भी आरोप है। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदान के दौरान तनावपूर्ण माहौल बनाया गया और एआईएमआईएम को छोड़कर किसी भी अन्य पार्टी एजेंट को मतदान केंद्रों में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि अन्य दलों के एजेंट की अनुपस्थिति के दौरान एआईएमआईएम के कार्यकर्ताओं ने जमकर फर्जी मतदान और धांधली की थी। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी एआईएमआईएम के कार्यकर्ताओं के इस तरह के व्यवहार के कारण उनकी जांच करने में असमर्थ दिखाई दिए थे। कांग्रेस ने चुनाव आयोग से दोषियों पर मामला दर्ज करने के लिए इन निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान केंद्रों पर व्यवस्थित सभी वेब कैमरों और सीसी कैमरों की जांच करने का अनुरोध किया।

### जयपुर में मतगणना के लिए की गई विशेष व्यवस्था

**जयपुर।** राजस्थान में विधानसभा आम चुनाव के तहत जयपुर जिले की 19 विधानसभा सीटों की मतगणना रविवार सुबह आठ बजे से जेएलएन मार्ग स्थित राजस्थान कॉलेज एवं कॉमर्स कॉलेज में शुरू होगी जहां विशेष व्यवस्था की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना स्थल में प्रवेश एवं पार्किंग के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।


**टाटा कैपिटल फायनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : 11वां तल, टावर ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013, सीआईएन : यू67100एमएच2010पीएलसी210201

**सार्वजनिक सूचना – प्रतिभूत आस्ति की बिक्री के लिए निविदा सह ई-नीलामी**
**ख्परिशिष्ट प्ट-ए, (नियम 9(1) का परंतुक देखें)**
**अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन (सरफासी) अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 (नियमावली) के नियम 9(1) के परंतुक के अधीन अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से निम्नवर्णित कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक/प्रभारित नीचे वर्णित सम्पत्ति, जिसका सांकेतिक कब्जा टाटा कैपिटल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड, प्रत्याभूत क्रेडिटर, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, यहां नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार "जैसी है जहां है आधार" एवं "जैसी है जो है तथा जो कुछ भी वहां है और अन्य कोई उपाय नहीं" आधार पर बेची जाएगी।

| कर्जदार(रों)/ सह-कर्जदार(रों)/ गारंटरों का नाम ऋण खाता सं. 3190791 तथा 3295003 | प्रतिभूत आस्ति(यों) का विवरण ज्ञात ऋणभारों, यदि कोई, सहित | कुल बकाया राशि | सुरक्षित मूल्य तथा धरोहर राशि जमा (ईएमडी) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी द्वारा बिक्री की तिथि एवं समय | ईएमडी एवं केवाईसी जमा करने हेतु अंतिम तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ए | बी | सी | डी | ई | एफ | जी |
| 1. गुप्ता कार्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड (कर्जदार) 2. श्री पदमेश गुप्ता (गारंटर) 3. श्रीमती अनुराधा गुप्ता (गारंटर) 4. गुप्ता इन्फ्रास्ट्रक्चर (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड (बंधकदाता) | प्लॉट का वर्णन जिस पर निम्नवर्णित यूनिट्स बंधक हैं : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : भूमि परिमाप 23,082 वर्ग मीटर (लगभग 5.70 एकड़) स्थित खसरा नंबर 515 का भाग, ग्राम रायपुर खास, पी. एच. नंबर 106ए तथा खसरा नंबर 117/2, 136/1, ग्राम पंडरी और पटवारी हलका नंबर 109, एमसी के शहीद हेमूकलानी वार्ड नंबर 35 के भीतर, रायपुर सिटी तहसील और जिला – रायपुर (सी. जी.) और चौहद्दी निम्नानुसार :– उत्तर : आरक्षित भूमि, दक्षिण : प्रस्तावित 50 मीटर चौड़ी रोड, पूरब : 18 मीटर चौड़ी रोड और अपेक्स बैंक, पश्चिम : 24 मीटर चौड़ी रोड<br>1. प्रथम तल पर शॉपिंग एरिया परिमाप 15334.50 वर्ग फीट (दुकान नंबर 121) प्रथम तल पर उपलब्ध चार्जेबल एरिया तथा होटल ब्लॉक परिमाप 25,693.43 वर्ग फीट जिसमें संगत होटल के रास्ते/कॉरीडोर्स शामिल हैं उक्त मॉल में तृतीय तल पर चार्जेबल एरिया के रूप में, जो ऊपर अधिक स्पष्ट रूप से वर्णित उक्त प्लॉट पर स्थित है।<br>2. प्रथम तल पर शॉपिंग एरिया परिमाप 11,546.03 वर्ग फीट (दुकान नंबर 112बी) प्रथम तल पर उपलब्ध चार्जेबल एरिया के रूप में, जो ऊपर अधिक स्पष्ट रूप से वर्णित उक्त प्लॉट पर स्थित है। | रू. 146, 41, 62, 913.70 (रूपए एक सौ छियालीस करोड़ इकतालीस लाख बासठ हजार नौ सौ तेरह तथा पैसे सत्तर मात्र) 05-06-2023 तक बकाया 06-06-2023 से वसूली तक आगे ब्याज, लागतों, प्रभारों इत्यादि सहित | सुरक्षित मूल्य रू. 11,00,00,000/– (रूपए ग्यारह करोड़ मात्र) ईएमडी रू. 1,10,00,000/– (रूपए एक करोड़ दस लाख मात्र) | प्राधिकृत अधिकारी श्री सुभाष टोप्पो, मोबाइल नंबर 88796 05610 के साथ भेंट का समय पूर्व निर्धारित करते हुए 19-12-2023 को अथवा पूर्व किसी भी कार्यदिवस को पूर्वा. 10 बजे से अप. 5 बजे के बीच | 20-12-2023 अप. 2.00 बजे से अप. 6.00 बजे के बीच | 19-12-2023 पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 6.00 बजे के बीच |

बंधक सम्पत्ति के संबंध में ज्ञात देयताएं/ऋणभार, यदि कोई : रायपुर विकास प्राधिकरण तथा रायपुर नगर निगम से मांग सूचना अन्य सामान्य अनुरक्षण खर्चों, वार्षिक भूमि किराया, म्युनिसिपल कर एवं बीमा प्रभार सहित, जिनका विस्तृत विवरण टीसीएफएसएल के प्राधिकृत अधिकारी से पूछा जा सकता है। ऑनलाइन नीलामी ई-नीलामी एजेन्सी मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (ऑक्शनटाइगर) की वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net के माध्यम से सम्पन्न होगी।

निरीक्षण, नीलामी के नियम एवं शर्तों, निविदा जमा करने के संबंध में किसी अन्य स्पष्टीकरण के लिए, कृपया टाटा कैपिटल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी श्री सुभाष टोप्पो, ई-मेल – subhash.toppo@tatacapital.com तथा मोबाइल नंबर 88796 05610 से सम्पर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी के पास आगे कोई कारण बताए बिना किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया प्रत्याभूत क्रेडिटर की वेबसाइट नामतः www.tatacapital.com में उपलब्ध करवाया गया लिंक : https://bit.ly/3N7I6d6 देखें।

यह उपरोक्त तिथि को बिक्री आयोजित करने के बारे में कर्जदार/गारंटर(रों)/बंधकदाता को सूचित करने के लिए नियमावली के नियम 9(1) के साथ पठित सरफासी ऐक्ट, 2002 के प्रावधानों के तहत 15 दिन का अनिवार्य नोटिस भी है।

**तिथि : 02-12-2023**
**स्थान : रायपुर**

**हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी**
**वास्ते टाटा कैपिटल फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड**



**ICICI Bank**
**शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001

**सार्वजनिक सूचना – संरक्षित संपत्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**
**[ नियम 8 (6) का परंतुक देखें ]**
**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता केपास बंधक/ अधिभारित है। उनका **भौतिक अधिग्रहण** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है, वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :–

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ सह-कर्ज़दारों/ गारंटरों के नाम/ ऋण खाता संख्या | ऋणभारों सहित, प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, यदि कोई है | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | श्रीमती माधुरी सोनी (कर्ज़दार), अमित कुमार सोनी (सह-कर्ज़दार)/ LBRPR00003897664 | फ्लैट नंबर 53-बी, चौथी मंजिल, ब्लॉकक्रमांक 3, श्री कृष्ण फ्लैट का भाग खसरा क्रमांक 596, 598, 601, 612, 613, 661, 665, 667-669, 677-679, 688-695, 697-699, 706/1, मौजा-गुढ़ियारी, पी एच नंबर 107/37, वार्ड नंबर 09, आर.एन.एम.-रायपुर 1, तहसील एवं जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल 737 वर्ग फुट। | रु. 32,84,046/- (नवंबर 23, 2023 तक) | रु. 22,75,000/- / रु. 2,27,500/- | दिसंबर 18, 2023 को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक | दिसंबर 29, 2023 को सुबह 11:00 बजे से |
| 2. | श्री विजय पाल सिंह धीमान (कर्ज़दार), मंजीत कौर, धर्मपाल धीमान (सह-कर्ज़दार)/ LBRPR00004274666/ LBRPR00004928425 | फ्लैट नंबर बी-204, ब्लॉक 4, दूसरी मंजिल, जगन्नाथ एन्क्लेव, मौजा-पुरेना, महावीर नगर, रानी दुर्गावती वार्ड 45, प.ह. क्रमांक 113, कैएच क्रमांक 136/1, आर.एन.एम.-रायपुर, तहसील और जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल निर्मित क्षेत्र 531.5 वर्ग फुट है। और कारपेट एरिया 483.5 वर्गफुट। और भूमि में अविभाजित आनुपातिक हिस्सा यानी 132 वर्ग फुट. | रु. 20,78,900/- (नवंबर 23, 2023 तक) | रु. 15,30,000/- / रु. 1,53,000/- | दिसंबर 18, 2023 को दोपहर 03:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक | दिसंबर 29, 2023 को सुबह 11:30 बजे से |
| 3. | श्रीमती सुल्ताना बेगम (कर्ज़दार), मुन्ना खान (सह-कर्ज़दार)/ LBRPR00002360858 | पीएच नंबर 108/38 एनआर रामेश्वर नगर, धनलक्ष्मी नगर, वार्ड नंबर 05, बंजारी माता वार्ड, ग्राम-भानपुरी, खाता नंबर 316, खसरा नंबर 143/8, आर.एन.एम.-रायपुर, तहसील और जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001. क्षेत्रफल 800 वर्ग फुट/74.34 वर्ग मीटर। और निर्मित क्षेत्र 700 वर्ग फुट। | रु. 35,56,228/- (नवंबर 28, 2023 तक) | रु. 21,00,000/- / रु. 2,10,000/- | दिसंबर 19, 2023 को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक | दिसंबर 29, 2023 को दोपहर 12:00 बजे से |
| 4. | श्री अनिल कुमार जेठानी (कर्ज़दार), अनिता जेठानी (सह-कर्ज़दार)/ LBRPR00004711058. | फ्लैट नंबर 501, 5वीं मंजिल, ब्लॉक डी-2-बी, गोल्डन टावर (नया), खसरा नंबर 169/4, 175/3, 191/19, ग्राम अमलीडीह, पीएच नंबर 114/45, डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड क्रमांक 46, आर.एन.एम.-रायपुर-2, तहसील एवं जिला-रायपुर, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल 855 वर्ग फुट। | रु. 20,86,560/- (नवंबर 23, 2023 तक) | रु. 21,00,000/- / रु. 2,10,000/- | दिसंबर 19, 2023 को दोपहर 03:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक | दिसंबर 29, 2023 को दोपहर 12:30 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **दिसंबर 28, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने इस/इन पर संरक्षित संपत्ति/यों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001** में **दिसंबर 28, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज, **दिसंबर 28, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, सतपाल चैंबर्स, ढांड कॉम्प्लेक्स, राजभवन के पीछे, गौरव पथ, रायपुर, छत्तीसगढ़- 492001** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **दिसंबर 28, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **रायपुर** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **9324948920** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसी **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

**तिथि : दिसंबर 02, 2023**
**स्थान : रायपुर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**



## आनंद-मिलिंद इंडियन आइडल सीजन 14 के मंच की शोभा बढ़ाएंगे

**मुंबई।** सदाबहार संगीत-संगीतकार जोड़ी आनंद और मिलिंद श्रीवास्तव सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के लोकप्रिय गायन रियलिटी शो, 'इंडियन आइडल सीजन 14' के मंच की शोभा बढ़ाएंगे। 'हिट्स ऑफ आनंद-मिलिंद' का जश्न मनाते हुए, प्रतियोगी इस सप्ताहांत के लिए जज श्रेया घोषाल और अतिथि जज शेखर रवजियानी को प्रभावित करने के लिए अपने प्रतिष्ठित चार्टबस्टर्स पेश करेंगे। शो के आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार, प्रतियोगी आद्या मिश्रा 1950 के क्लासिक 'दुश्मनी' से 'बन्नो तेरी अंखियां' और 1994 की फिल्म 'अंजाम' से 'चने के खेत में' जैसे गाने गाकर निर्णायक मंडल के सदस्यों को आकर्षित किया। उनकी गायन शैली से प्रभावित होकर, आनंद-मिलिंद और शेखर रवजियानी दोनों आद्या को पार्श्व गायन के अवसर प्रदान करेंगे।

## प्यार की कहानी बयां करता है मीत ब्रदर्स का गाना 'चुपके से आना'

**मुंबई,** 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। 'चिट्टियां कलाइयां', 'बेबी डॉल', 'दिल का टेलीफोन' और अन्य गानों के लिए मशहूर संगीतकार जोड़ी मीत ब्रदर्स ने अभिजीत पोहनकर के साथ मिलकर एक नया गाना 'चुपके से आना' जारी किया। इस गाने को बहुमुखी गायक पापोन ने गाया है। गीत की कहानी दो युवा दिलों के इर्द-गिर्द घूमती है, उनका सच्चा प्यार दुनिया से छिपा हुआ है। यह गाना युवा मासूम प्यार के सार को पकड़ते हुए उनके रिश्ते में मिठास जोड़ता है।



मीत ब्रदर्स ने बताया कि यह प्रोजेक्ट अभिजीत पोहनकर द्वारा हमारे पास लाया गया था और एक बार जब हमने वाइब सुनी, तो हमें पता था कि वास्तव में इसके चारों ओर क्या बुना जाना आवश्यक है। हमें राग बहुत पसंद था और हम राग की मासूमियत को बरकरार रखना चाहते थे और हमने प्रतिभाशाली रश्मि विराग ने गीत के साथ अपना जादू चलाया। यह गाना आपको प्रेम और पुरानी यादों की हार्दिक यात्रा पर ले जाएगा। गाने का संगीत वीडियो गाने की ऊर्जा और रीवा अरोड़ा और लकी गुप्ता के बीच की बहुमुखी केमिस्ट्री को दिखाती है। मीत ब्रदर्स ने कहा कि पहले 'मुझे कैसे पता ना चला' पर पापोन के साथ सहयोग करने के बाद, हमने 'चुपके से आना' के साथ एक तरह का सीक्वल बनाने का लक्ष्य रखा था। इसमें पापोन की गजल का एक सहज मिश्रण दिखाया गया है, जो गीत के लिए हमारी दृष्टि के साथ पूरी तरह से मेल खाती है। हमारा मानना है कि एक साथ, हमने रचना में गहराई और बारीकियों की भावना जोड़ी है। मीट ब्रदर्स के साथ इस सहयोग के बारे में बात करते हुए पापोन ने साझा किया, यह एक तरह का गाना है जो पहले नोट से ही आपको अपनी मासूमियत से मंत्रमुग्ध कर देता है।

### इंटरनेट ज्ञान का उपयोग

## एंटीबायोटिक के अनुचित उपयोग से महिला की किडनी में हुआ संक्रमण

**हैदराबाद,** 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। इंटरनेट ज्ञान का उपयोग करके एंटीबायोटिक दवाओं के माध्यम से अपनी बेटी की बीमारी का इलाज करने के एक व्यक्ति के प्रयास के कारण उसकी किडनी में गंभीर संक्रमण हो गया। डॉक्टरों ने यह जानकारी दी है। यह मामला जिम्मेदार स्वास्थ्य देखभाल प्रथाओं का पालन करने की आवश्यकता को रेखांकित करता है।

**अधूरे एंटीबायोटिक कोर्स के परिणामस्वरूप हुआ संक्रमण**

मरीज का एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ नेफ्रोलॉजी एंड यूरोलॉजी (एआईएनयू) सिकंदराबाद में सफलतापूर्वक इलाज किया गया।

एआईएनयू के कंसल्टेंट यूरोलॉजिस्ट डॉ. राघवेंद्र कुलकर्णी के अनुसार, अधूरे एंटीबायोटिक कोर्स के परिणामस्वरूप संक्रमण हुआ और मैट्रिक्स नामक पत्थर जैसी संरचना का निर्माण हुआ। गुर्दे की पथरी से जूझ रही एक महिला आर्किटेक्ट ने दूसरे अस्पताल से राहत मांगी, जहां पथरी निकालने के प्रयास व्यर्थ साबित हुए। दूसरी राय के लिए एआईएनयू की ओर रुख करने पर, एक सीटी स्कैन में 10-13 मिमी आकार के कई पत्थरों का पता चला। केवल दो ही वास्तविक पत्थर थे जबकि बाकी मैट्रिक्स में बदल गए थे। डेढ़ साल पहले, मरीज की किडनी की पथरी के इलाज के लिए सर्जरी हुई, लेकिन कुछ समस्याएं सुलझ नहीं पाईं। बार-बार आने वाले लक्षणों के लिए पेशेवर सलाह लेने की बजाय, उसने अपने पिता की सलाह और अधूरे एंटीबायोटिक कोर्स पर भरोसा किया। इससे एंटीबायोटिक प्रतिरोध पैदा हुआ और जीवाणु प्रोटीन जम गया, जिससे मैट्रिक्स का निर्माण हुआ। मरीज में बाधित किडनी और मूत्र पथ संक्रमण (यूटीआई) के लक्षण दिखाई दिए। पथरी को हटाने के लिए सर्जिकल हस्तक्षेप / पीसीएनएल के बाद अवरुद्ध मूत्र को मोड़ना पड़ा। सर्जरी के बाद, मरीज ने यूटीआई लक्षणों के लिए एंटीबायोटिक लेने का इतिहास बताया, लगातार बीच में कोर्स बंद कर दिया। डॉ. राघवेंद्र कुलकर्णी ने अपनी दवा खुद तय करने से बचने और निर्धारित एंटीबायोटिक की खुराक पूरी करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने अनुपचारित संक्रमणों के कारण, विशेष रूप से महिलाओं में, मैट्रिक्स गठन के जोखिम पर प्रकाश डाला।



**मैट्रिक्स नामक पत्थर जैसी संरचना का निर्माण**

## पायल घोष का दावा, इरफान पठान मेरा इकलौता प्यार, गौतम गंभीर करते थे कई मिस्ड कॉल

**मुंबई,** 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। 'प्रायणम' और 'ऊसारवेली' में अपने काम के लिए मशहूर एक्ट्रेस पायल घोष ने चौंकाने वाले दावे किए हैं। उन्होंने कहा कि सांसद गौतम गंभीर उन्हें लगातार फोन करते थे और पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ही वह इकलौते व्यक्ति हैं, जिनसे वह प्यार करती थी। पायल ने एक्स पर पोस्ट्स की एक सीरीज में लिखी, 'गौतम गंभीर मुझे लगातार मिस कॉल देते थे और ये बात इरफान पठान बहुत अच्छी तरह से जानते थे। वो मेरी हर कॉल चेक करते थे। उन्होंने ये बात युसूफ भाई, हार्दिक - कुणाल पांड्या को भी बताई थी, जब मैं इरफान से मिलने पुणे गई थी, वहा उस वक्त बड़ौदा का घरेलू मैच चल रहा था।' एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा कि मेरे पीछे गौतम गंभीर और अक्षय कुमार सब पड़े हुए थे, लेकिन मैं प्यार सिर्फ इरफान पठान से करती थी। मुझे उसके अलावा कोई और दिखता नहीं था और मैं इरफान को सबके बारे में बोलती भी थी, सबके मिस कॉल दिखाती थी, मैंने बस इरफान पठान से ही प्यार किया और किसी से भी नहीं।



## जीका वायरस से बचाव के लिए 'निडिल फ्री वैक्सीन पैच'

**सिडनी,** 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। लोगों को घातक मच्छर जनित जीका वायरस से बचाने के लिए 'निडिल फ्री वैक्सीन पैच' विकसित किया जा रहा है। जो लगाने में भी आसान होगा। जीका वायरस प्रशांत, दक्षिण पूर्व एशिया, भारत, अफ्रीका और दक्षिण और मध्य अमेरिका में लोगों के लिए खतरा रहा है।

क्वींसलैंड और एडिलेड के ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालयों के शोधकर्ताओं ने उच्च-घनत्व माइक्रोएरे पैच (एचडी-एमएपी) का उपयोग कर वैक्सीन का प्रोटोटाइप विकसित किया, जिसका वैक्सएक्सस दवा कंपनी द्वारा व्यवसायीकरण किया गया था।

एचडी-एमएपी हजारों छोटे सूक्ष्म प्रक्षेपणों के साथ त्वचा की सतह के नीचे प्रतिरक्षा कोशिकाओं तक वैक्सीन पहुंचाता है। एडिलेड विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर ब्रांका ग्रुबोर बाउक ने कहा कि यह टीका अद्वितीय है क्योंकि यह वायरस के बाहर के बजाय अंदर एक प्रोटीन को लक्षित करता है जिसका अर्थ है कि यह टीका लगाने वाले लोगों में डेंगू बुखार जैसे निकट से संबंधित वायरस के लक्षणों को नहीं बढ़ाएगा। वैक्सएक्सस के शोधकर्ता डॉ. दनुष्का विजेसुंदरा ने कहा कि हम एचडी-एमएपी पैच के साथ जीका वायरस से लड़ने के तरीके को बदल सकते हैं। यह एक प्रभावी, दर्द रहित, लगाने में आसान और स्टोर करने में आसान टीकाकरण विधि है।





**सिरिंज वैक्सीन डिलीवरी की तुलना में लगभग 270 प्रतिशत अधिक**

विजेसुंदरा ने कहा, मॉलिक्यूलर थेरेपी न्यूक्लिक एसिड जर्नल में प्रकाशित प्री-क्लिनिकल परीक्षण में वैक्सीन ने जीवित जीका वायरस के खिलाफ तेजी से सुरक्षा प्रदान की। एनएस 1 नामक एक विशिष्ट प्रोटीन को लक्षित किया, जो वायरस के अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण है।

शोधकर्ताओं ने कहा कि वैक्सीन पैच ने टी-सेल प्रतिक्रियाएं भी उत्पन्न कीं जो सुई या सिरिंज वैक्सीन डिलीवरी की तुलना में लगभग 270 प्रतिशत अधिक थीं।

क्वींसलैंड यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ केमिस्ट्री एंड मॉलिक्यूलर बायोसाइंसेज के डॉ. डेविड मुलर ने कहा कि माइक्रोएरे पैच और वैक्सीन में जीका वायरस से बचाने की क्षमता से परे लाभ हो सकते हैं।

मुलर ने कहा कि क्योंकि जिस प्रोटीन को हम लक्षित कर रहे हैं वह फ्लेविवायरस नामक वायरस परिवार में प्रतिकृति बनाने में एक केंद्रीय भूमिका निभाता है, इसलिए डेंगू या जापानी एन्सेफलाइटिस जैसे अन्य फ्लेविवायरस को लक्षित करने के लिए हमारे दृष्टिकोण को लागू करने की क्षमता है।

आगे कहा कि एचडी एमएपी डिलीवरी प्लेटफॉर्म का एक प्रमुख लाभ ऊंचे तापमान पर वैक्सीन की स्थिरता है। हमने पाया कि पैच को चार सप्ताह तक 40 डिग्री सेल्सियस पर संग्रहीत करने पर वैक्सीन की क्षमता बरकरार रहती है।

मुलर ने कहा कि इससे निम्न और मध्यम आय वाले देशों में टीकों की पहुंच बढ़ जाती है जहां मौसम चुनौतीपूर्ण है।

## कश्मीर में तापमान माइन्स 4 डिग्री और बिजली नदारद

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। विश्व प्रसिद्ध पर्यटनस्थल गुलमर्ग में तापमान शून्य से 4 डिग्री नीचे चला गया है। सर्दियों में ऐसा होना कोई खास बात नहीं है और न ही कोई खबर है। बल्कि खबर यह कही जा सकती है कि कश्मीर भयानक सर्दी की आगोश में है और कश्मीरी फिर से बिजली की तलाश में हैं क्योंकि सरकार एक बार फिर कश्मीर में कम से कम 7 घंटों का घोषित बिजली कट लगाने का निर्देश दे चुकी है। अघोषित कट कितना होगा, यह मौसम पर निर्भर करेगा।

करीब 13 साल पहले प्रदेश में बिजली के अत्याधुनिक मीटर इस वायदे के साथ लगाए गए थे कि 24 घंटें बिजली की आपूर्ति होगी। पर प्रशासन उन बिजली चोरों को आज भी तलाश नहीं कर पाया जो कैसे बिजली चोरी करते हैं, यह बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारी बेहतर जानते हैं।

कश्मीर में बिजली चोरी कितनी है सरकारी आंकड़ों से ही अंदाजा लगाईए। सिर्फ कश्मीर मंडल में बिजली का अधिकृत लोड 860 मैगावाट है। और कल सप्लाई की मांग 2800 मैगावाट थी। जबकि बिजली विभाग सभी स्त्रोत्रों से सिर्फ 1750 मैगावाट बिजली की आपूर्ति करने में ही सक्षम हुआ था।

नतीजा सामने है। भयानक सर्दी के बीच कश्मीरियों को घोषित व अघोषित पावर कट से जूझना पड़ रहा है। घोषणा के अनुसार, बिना मीटर वाले इलाकों में 7 से 8 घंटे बिजली नदारद हो रही है और मीटर वालों को भी दिनभर में 6 घंटे बिजली नहीं मिल रही है। तमाम दावों और अतिरिक्त बिजली आपूर्ति भी विभाग के छक्के छुड़ा रही है जबकि भयानक सर्दी के मौसम चिल्लेकलां की अभी 22 दिसम्बर को शुरूआत होनी है। हालांकि कश्मीर में एक सप्ताह से 10 से 12 घंटें बिजली लापता हो रही है। बिजली की कटौती और टुकड़ों में आने जाने के उसके सफर का असर सब जगह दिखने को मिल रहा है। सबसे अधिक टूरिस्टों परेशान हैं जो किसी तरह कश्मीर में बर्फबारी देखने को पहुंचे हैं। गुलमर्ग में तो माइन्स 4 डिग्री के तापमान में बिना बिजली के पर्यटन की 'खुशी' मनाने आने वालों की तो दाद ही देनी पड़ती थी।



## बीमारियों के जोखिम को बढ़ा सकता है हाई ब्लड प्रेशर



**नई दिल्ली,** 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। हृदय रोग लोगों में सबसे आम बीमारियों में से एक है. ये दुनिया भर में मृत्यु का प्रमुख कारण है। जबकि वृद्ध लोगों को हृदय की बीमारी होने का खतरा अधिक होता है, हाल के दिनों में युवाओं में दिल का दौरा, कार्डियक अरेस्ट के मामलों में वृद्धि हुई है। कीर्ति नगर स्थित कालरा अस्पताल में आयोजित एक वर्कशॉप के दौरान अस्पताल के निदेशक और दिल के जाने माने डॉक्टर आर एन कालरा ने कहा कि कई अध्ययनों ने युवा रोगियों की संख्या में अचानक वृद्धि के लिए खराब जीवनशैली की आदतों को जिम्मेदार ठहराया है. एक हेल्दी डाइट और जीवनशैली हृदय को स्वस्थ रखने में मदद करती है।

हृदय के स्वस्थ कामकाज के लिए ये बेहद जरूरी है कि आप अपने ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित रखें। हाई ब्लड प्रेशर और उच्च कोलेस्ट्रॉल का स्तर आपके हृदय की बीमारियों के जोखिम को बढ़ा सकता है, जिसमें स्ट्रोक, दिल का दौरा और बहुत कुछ शामिल है। ब्लड प्रेशर मॉनिटर की मदद से क्लिनिक या घर पर ब्लड प्रेशर की जांच की जा सकती है, जबकि आप ब्लड टेस्ट के जरिए अपने कोलेस्ट्रॉल की जांच करवा सकते हैं।

## ग्लोबल म्यूजिक आइकन किंग का गाना 'मान मेरी जान' ने इतिहास रचा



**मुंबई,** 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। ग्लोबल म्यूजिक आइकन किंग का गाना 'मान मेरी जान' ने इतिहास रच दिया है और उनका यह गाना स्पॉटिफ़ाइ पर सबसे ज्यादा स्ट्रीम किया जाने वाला गाना बन गया है। किंग इन दिनों अपने 'टुबॉर्ग ज़ीरो पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर प्रेजेंट्स किंग न्यू लाइफ इंडिया टूर 2023' में व्यस्त हैं, जिसे बेंगलुरु, जयपुर और कोलकाता में शानदार प्रतिक्रिया मिली है। वहीं किंग का एक गाना ऐसा भी है जिसने अब इतिहास रच दिया है। एल्बम 'शैंपेन टॉक' से किंग का लव सांग 'मान मेरी जान' साल का सबसे ज्यादा स्ट्रीम किया जाने वाला गाना बनकर उभरा है। 275 मिलियन से अधिक बार बजने के साथ, यह स्पॉटिफ़ाइ पर भारत में सबसे अधिक स्ट्रीम वाला गाना बन गया है।

किंग ने कहा कि मुझे सचमुच यकीन नहीं हो रहा है। एक कलाकार के रूप में, यह मेरे दर्शकों का प्यार है जो मुझे उनके लिए सिर्फ और सिर्फ बेहतरीन संगीत बनाने के लिए प्रेरित करता है। उनका बेहद प्यार और सपोर्ट 'मान मेरी जान' को इतना खास बनाने में महत्वपूर्ण रहा है। मैं खुद को दुनिया के ऊंचाई पर महसूस कर रहा हूं और 'मान मेरी जान' को अपने ऑल इंडिया चार्ट पर यह स्थान देने के लिए स्पॉटिफ़ाइ इंडिया का बेहद आभारी हूं। यह वास्तव में मेरे फैंस की ओर से मेरे लिए वर्ष के अंत में सबसे अच्छा आश्चर्य रहा है।

अपने 'टुबॉर्ग ज़ीरो पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर प्रेजेंट्स किंग न्यू लाइफ इंडिया टूर 2023' को जारी रखते हुए, किंग राजधानी दिल्ली के लिए रवाना होंगे, जहां उनका म्यूजिक कॉन्सर्ट 3 दिसम्बर, 2023 को आयोजित होने वाला है।

## सोशल मीडिया देगा इटावा सफारी को आक्सीजन



**इटावा,** 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। एशिया में एकमात्र एशियाटिक लायन के सबसे बड़े केंद्र के रूप में मशहूर इटावा सफारी पार्क में देसी विदेशी पर्यटकों की आमद बढ़ने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लेने का मास्टर प्लान तैयार किया गया है। सफारी पार्क के निदेशक अतुल कांत शुक्ला ने कहा कि मास्टर प्लान के तहत फेसबुक, इंस्टाग्राम यूट्यूब, एक्स सोशल साइट और आकाशवाणी के जरिये से सफारी का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। इटावा सफारी पार्क में बड़ी तादाद में वन्य जीव भी है लेकिन यहां का सबसे बड़ा आकर्षण एशियाटिक शेरों का ही है जिनके दीदार के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक यहां का रूख करते हैं। उन्होंने बताया कि सफारी का मुख्य आकर्षण एशियाटिक लायन को देखने का पर्यटको का रहता है, इसके लिए सफारी प्रबंधन ने पांच शेरों को बाड़ों से आजाद कर दिया है। अब पर्यटक बंद गाड़ी से जाएंगे और शेर को खुले में विचरण करते देखेंगे।

राजस्थान से आए एक पर्यटक ऐसा बताते हैं कि उनके राजस्थान में रणथंभोर में भी शेर है लेकिन वह दिखाई देंगे या नहीं यह नहीं कहा जा सकता लेकिन इटावा सफारी पार्क में हर हाल में शेर नजर आएगा और आपको रोमांच का अहसास कराएगा। जिस हिस्से में शेरों को छोड़ कर के रखा गया है वहां पर डॉक्टरों की एक टीम भी हमेशा मौजूद रहती है। इटावा सफारी पार्क में 17 शेर है जबकि बड़ी संख्या में हिरन, काले हिरन, भालू, लेपर्ड आदि भी मौजूद है।

सफारी पार्क तक पहुंचने के लिए दिल्ली से पांच घंटे, आगरा से दो घंटे, लखनऊ से तीन घंटे में और बुंदेलखंड के किसी भी हिस्से से मात्र दो घंटे का समय लगता है। ताजनगरी आगरा के करीब होने के कारण इटावा सफारी पार्क का महत्व अपने आप में बढ़ा है। सफारी पार्क के प्रति पर्यटकों के आकर्षण में लगातार इजाफा हो रहा है। सफारी पार्क अपने आप में इसलिए भी बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह एशिया का एकमात्र ब्रीडिंग सेंटर है जिसके जरिए एशियाटिक शेरों की संख्या में इजाफा होना तय माना जा रहा है।

25 नवम्बर 2019 को शुभारंभ के बाद सफारी की लोकप्रियता मे खासा इजाफा हो रहा है । सपा सरकार के कार्यकाल में निर्मित इटावा सफारी पार्क का उद्धघाटन एक जून 2017 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया था, लेकिन आम पर्यटकों के लिए 25 नम्वबर 2019 को शुभारंभ किया गया था।

## विदेश में पढ़ने वाले केरल के कम आय वाले परिवारों से आते हैं अधिकतर युवा

**तिरुवनंतपुरम,** 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। केरल के अधिकांश युवा जो पढ़ाई के लिए ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया जैसे लोकप्रिय स्थानों पर प्रवास करना पसंद करते हैं, वे सालाना 5 लाख रुपये से कम आय वाले परिवारों से हैं। सेंटर फॉर पब्लिक पॉलिसी रिसर्च (सीपीपीआर) की एक अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय चुनौतियों के बावजूद, कई लोगों के लिए प्रवासन संभव है, जिसका मुख्य कारण सुलभ बैंक ऋण और ट्रैवल एजेंसी सेवाएं हैं। आंकड़े बताते हैं कि प्रवासियों के एक महत्वपूर्ण हिस्से की वित्तीय स्थिति यह बताती है कि वे आर्थिक रूप से संपन्न परिवारों से नहीं आते हैं।

इसमें कहा गया है, अपनी वित्तीय पृष्ठभूमि के संबंध में, लोग अक्सर मानते हैं कि विदेशी शिक्षा अमीरों के लिए है, लेकिन सर्वेक्षण के आंकड़े कुछ और ही दिखाते हैं। इनमें से उल्लेखनीय 60 प्रतिशत छात्र सालाना पांच लाख रुपए से कम कमाने वाले परिवारों से हैं। हाल ही में केरल के छात्रों के प्रवासन में एक महत्वपूर्ण बदलाव आया है, जिसमें उच्च शिक्षा के लिए विभिन्न देशों की ओर जाने वाले केरल के युवाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उनमें से अधिकांश विदेश में शिक्षा और करियर के अवसर तलाशने की इच्छा रखते हैं। विदेशी शिक्षा और प्रवासन की ओर रुझान को उल्लेखनीय घटनाओं से और अधिक पुष्टि मिलती है, जैसे कि कोच्चि में एक ट्रैवल एजेंसी ने जुलाई 2023 में एक ही प्रवेश में कनाडा जाने वाले 7,236 छात्रों के लिए वीजा की सुविधा प्रदान की। कई छात्र शिक्षा को प्रवासन के एक तरीके के रूप में देखते हैं, और उपलब्ध ऋण और ट्रैवल एजेंसी समर्थन के कारण वित्तीय बाधाएं कोई महत्वपूर्ण मुद्दा नहीं हैं। हालांकि, प्रवास के बाद का जीवन सांस्कृतिक अनुकूलन और उचित नौकरी के अवसर खोजने जैसी चुनौतियां लाता है।



**अध्ययन में शामिल 59 प्रतिशत उत्तरदाताओं की उम्र 23 से 25 वर्ष के बीच**

उल्लेखनीय है कि अध्ययन में शामिल 59 प्रतिशत उत्तरदाताओं की उम्र 23 से 25 वर्ष के बीच है, जो मुख्य रूप से मध्य केरल से आते हैं।

वर्ष 2018 में केरल प्रवासन सर्वेक्षण में प्रवासन में महिलाओं की भागीदारी 15.8 प्रतिशत बताई गई। फिर भी, अध्ययन में, महिलाओं ने 32 प्रतिशत उत्तरदाताओं का प्रतिनिधित्व किया, डेटा के अनुसार 7200 से अधिक छात्रों में से लगभग आधे ने एक सुविधाकर्ता से कनाडाई वीजा हासिल किया, जो महिला थीं। इसलिए, निष्कर्षों से पता चलता है कि केरल की अधिक महिलाएं विदेशी शिक्षा प्राप्त कर रही हैं।

अध्ययन में मुख्य रूप से सामान्य और अन्य पिछड़ी जाति (ओबीसी) श्रेणियों के बीच प्रवासी छात्रों के वितरण को भी दर्शाया गया है, जिसमें अनुसूचित जाति (एससी/एसटी) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) दोनों का प्रतिनिधित्व न्यूनतम है।

एससी/एसटी वर्ग के छात्रों के कम प्रवासन रुझान को केरल प्रवासन सर्वेक्षण द्वारा भी समर्थन दिया गया है, जिससे पता चलता है कि वर्तमान में, शिक्षा के लिए पलायन करने वाले युवाओं में अभी भी सामान्य और ओबीसी श्रेणियों के युवाओं का वर्चस्व अधिक है।

# अभिमत

*सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम को बंद करने की मांग की जा रही है। यह स्कीम बहुत महंगी है और इसने भारतीयों की वास्तविक सोने के लिए अतृप्त भूख में सेंध नहीं लगाई है। लेकिन ऐसा कोई भी फैसला जल्दबाजी और समय से पहले होने वाला साबित होगा। खासकर छोटे खुदरा निवेशकों को केन्द्र में रखते हुए गोल्ड बॉन्ड स्कीम को अधिक आक्रामक तरीके से बेचने की जरूरत है।*

## गोल्ड बॉन्ड बंद करने की जल्दबाजी न की जाए



डॉ.अजीत रानाडे

**डीमैट गोल्ड बॉन्ड बेचकर सरकार सोने के लिए भारतीयों की अतृप्त भूख को कम करने की उम्मीद कर रही थी। हर साल भारत लगभग 1000 टन सोने का आयात करता है जिस पर औसत 50 से 80 अरब डॉलर की कीमती विदेशी मुद्रा खर्च होती है। सरकार ने सोने पर 12.5 प्रतिशत का आयात शुल्क लगाया है। यह अफसोस की बात है कि गोल्ड बॉन्ड स्कीम और कड़े आयात शुल्क जैसे दो कदम उठाने के बावजूद सोने के आयात पर कोई असर नहीं पड़ा है।**

केंद्र सरकार ने 8 साल पहले सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड पेश किया था। उस समय से भारतीय रिजर्व बैंक के माध्यम से बेचे जाने वाले इन बॉन्डों को समय-समय पर हर कुछ महीनों में बेचा जाता रहा है। अब तक ऐसी 62 किस्तें बेची जा चुकी हैं। प्रत्येक बॉन्ड की समयावधि 8 साल की है इसलिए पहली किस्त में बेचे गए बॉन्ड अपनी परिपक्वता तक पहुंच गए हैं। उन्हें वास्तविक नकदी के लिए भुनाया जा सकता है। सरकार बॉन्ड की वापसी स्वीकार करेगी और निवेशक के खाते में नकद रकम जमा करेगी। निवेशक इन बॉन्डों को पांच हजार रुपये (एक ग्राम के बराबर) या कुछ करोड़ रुपये (प्रति व्यक्ति 4 किलोग्राम सोने के बराबर) के रूप में खरीद सकते हैं।

इन बॉन्डों के कई फायदे हैं। पहला फायदा यह है कि वे डीमैट फॉर्म में हैं इसलिए पुराने किसान विकास पत्र या ऐसे अन्य किसी बॉन्ड के विपरीत किसी भी कागज को भौतिक रूप से रखने की कोई आवश्यकता नहीं है। दूसरे, यह बॉन्ड सोने की वास्तविक इकाइयों का प्रतिनिधित्व करता है इसलिए यह केवल डीमैट रूप में सोना खरीदने जैसा ही है। जिसका मतलब है कि जब आप बॉन्ड को भुनाते हैं तो यह वास्तविक सोने को भुनाने जैसा है। आपको सोने में मूल्य वृद्धि से लाभ होता है। सोने की कीमत दो कारणों से बढ़ जाती है। सोना तब महंगा होता है जब अंतरराष्ट्रीय सट्टेबाज और बुलियन निवेशक एक सुरक्षित आश्रित साधन के रूप में इसे भारी मात्रा में खरीदना शुरू कर देते हैं। रुपये की डॉलर विनिमय दर में गिरावट के बावजूद भारत में सोने की कीमत बढ़ सकती है। गोल्ड बॉन्ड का तीसरा फायदा यह है कि इसे लोन के लिए समानान्तर साधन के तौर पर गिरवी रखा जा सकता है। चौथा लाभ यह भी है कि बॉन्ड की अंतिम बिक्री पर किए गए पूंजीगत लाभ को करों से छूट दी गई है। पांचवां लाभ यह है कि निवेशक को न केवल मूल्य में वृद्धि का दोगुना मूल्य वृद्धि लाभ मिलता है बल्कि सरकार द्वारा निवेशक को दिया 2.5 प्रतिशत ब्याज का टॉपअप भी मिलता है।

जब पहली किस्त के निवेशक अपने गोल्ड बॉन्ड को भुनाएंगे तो उन्हें 8 साल में सालाना 12 प्रतिशत से अधिक का कर लाभ होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि नवंबर 2015 में सोने की कीमत 2684 रुपये प्रति ग्राम थी जो अब दोगुने से ज्यादा बढ़कर करीब 6000 रुपये हो गई है। इसके अलावा डॉलर के मुकाबले रुपया 33 फीसदी की गिरावट के साथ 62 से 82 पर आ गया है। इस प्रकार निवेशक ने पिछले आठ वर्षों में प्रति वर्ष लगभग 13.8 प्रति सैकड़ा के शेयर बाजार रिटर्न की तुलना में 8 वर्षों के लिए कर-बाद के आधार पर 12 प्रतिशत का शानदार वार्षिक लाभ कमाया है। यह ध्यान रखने वाली बात है कि सोने का रिटर्न जोखिम मुक्त है और शेयर बाजार में तेजी आई है तब भी सोने ने शानदार फायदा दिया है।

डीमैट गोल्ड बॉन्ड बेचकर सरकार सोने के लिए भारतीयों की अतृप्त भूख को कम करने की उम्मीद कर रही थी। हर साल भारत लगभग 1000 टन सोने का आयात करता है जिस पर औसत 50 से 80 अरब डॉलर की कीमती विदेशी मुद्रा खर्च होती है। सरकार ने सोने पर 12.5 प्रतिशत का आयात शुल्क लगाया है। यह अफसोस की बात है कि गोल्ड बॉन्ड स्कीम और कड़े आयात शुल्क जैसे दो कदम उठाने के बावजूद सोने के आयात पर कोई असर नहीं पड़ा है। यह सही है कि 2022-23 में सोने का आयात पिछले साल की तुलना में 24 फीसदी कम रहा और खर्च अब लगभग 40 अरब डॉलर है जो पहले की तुलना में कम है लेकिन सोने का आयात विदेशी मुद्रा पर के निकास का प्रतिनिधित्व करता है जो व्यापार घाटे वाले देश के लिए अच्छा नहीं है। डॉलर का निर्यात देश में आने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के शुद्ध लाभ को भी कम करता है।

सरकार को उम्मीद थी कि निवेशकों को काफी आकर्षक शर्तों पर गोल्ड बॉन्ड बेचकर वह कम से कम कुछ निवेशकों को तो वास्तविक सोने से दूर कर सकेगी। गोल्ड बॉन्ड द्वारा प्रतिनिधित्व किए गए सोने का बकाया स्टॉक अब तक लगभग 110 टन है जो हमारे वार्षिक आयात का सिर्फ दसवां हिस्सा है। गोल्ड बॉन्ड की बिक्री के कारण सरकार द्वारा कुल उधार लगभग 64,000 करोड़ रुपये है किन्तु इस उधार की लागत प्रति वर्ष 10 प्रतिशत से अधिक रही है जो उस लागत से बहुत अधिक है जो सरकार राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए उधार लेने के लिए भुगतान करती है। 2008 से 2020 के बीच की अधिकांश अवधि के दौरान पश्चिमी देश अपने संप्रभु ऋण पर एक फीसदी की लागत का भुगतान करते थे जबकि भारत लगभग छह प्रतिशत की दर से भुगतान कर रहा था। अब मुद्रास्फीति और मौद्रिक सख्ती के कारण संप्रभु ऋण जुटाने की लागत बढ़ गई है फिर भी अभी स्वर्ण बॉन्ड बेचने की लागत से काफी कम है।

यही वजह है कि सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम को बंद करने की मांग की जा रही है। यह स्कीम बहुत महंगी है और इसने भारतीयों की वास्तविक सोने के लिए अतृप्त भूख में सेंध नहीं लगाई है। लेकिन ऐसा कोई भी फैसला जल्दबाजी और समय से पहले होने वाला साबित होगा। खासकर छोटे खुदरा निवेशकों को केन्द्र में रखते हुए गोल्ड बॉन्ड स्कीम को अधिक आक्रामक तरीके से बेचने की जरूरत है। गोल्ड बॉन्ड रखने की ऊपरी सीमा 4 किलो की जगह घटा कर 2 किलो की जा सकती है। बैंकों और आरबीआई के बजाय गोल्ड बांड की बिक्री को स्मार्टफोन-आधारित ऐप के माध्यम से बढ़ाया जा सकता है। गोल्ड बॉन्ड को स्वतंत्र रूप से व्यापार योग्य बनाया जा सकता है। इसके साथ ही डीमैट गोल्ड के लाभों को बहुत अधिक तीव्रता और सक्षमता के साथ विज्ञापित करने की आवश्यकता है। ऐसे विज्ञापन की कल्पना कीजिए जिसमें अमिताभ बच्चन जैसे ब्रांड एंबेसडर कल्याण ज्वैलर्स के उत्पादों के साथ ही सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड बेच रहे हैं।

गोल्ड बॉन्ड, गोल्ड समर्थित एक्सचेंज ट्रेडेड फंड के साथ सह-अस्तित्व में रह सकते हैं। सरकार सोने की कीमतों में वृद्धि और अस्थिरता के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय बाजारों में वित्तीय हानि से बचाव करके अपनी उधार लागत को कम कर सकती है। इस प्रकार यह दूसरी वस्तुओं का उपयोग करके वित्तीय हानि से बचाव करके अपनी लागत का कम से कम एक या दो प्रतिशत काट सकता है। इसके लिए नॉर्थ ब्लॉक में कुछ स्मार्ट वित्तीय विशेषज्ञता की आवश्यकता है जो पूरी तरह से संभव है। यह संभव है कि वास्तविक सोने पर गोल्ड बॉन्ड का प्रभाव गैर-रेखीय रूप से होगा। सरकार को बिना किसी दबाव का उपयोग किए या सोने के स्वामित्व पर प्रतिबंध लगाए लाखों घरों में सोने को डिमटेरियलाइज़ करने के लिए योजनाओं को भी लागू करना चाहिए जो निश्चित रूप से भारत में अकल्पनीय है। यह स्वर्ण जमा योजना, स्वर्ण बॉन्ड योजना के साथ सह-अस्तित्व में रह सकती है और धीरे-धीरे लेकिन निश्चित रूप से औपचारिक तरल वित्तीय क्षेत्र में सोने की संपत्ति लाने में मदद कर सकती है।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)

## ललित जी और हरसिंगार के फूल

■ प्रदीप पाटिल

ललित जी और हरसिंगार के फूलसाल 2020 में जब ललित जी अपनी जिजीविषा और रचनात्मक साहस के साथ स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे तब 2 दिसम्बर की शाम अचानक यह ख़बर आई कि वे अब इस दुनिया में नहीं रहे । इस अकल्पनीय, अप्रत्याशित सूचना से मन बेहद व्यथित हो उठा और ललित जी से बात-मुलाकात की अनगिनत यादें स्मृति पटल पर कौंध गई।

लगभग 40 वर्ष पूर्व जब मेरे भीतर अख़बार और साहित्यिक पत्र-पत्रिकाएं पढ़ने की समझ विकसित हुई तब मैंने पाया कि दूसरे अखबारों की तुलना में देशबन्धु एक विशिष्ट अखबार है जिसमें केवल सूचना और समाचार ही नहीं बल्कि सामाजिक-आर्थिक और वैज्ञानिक दर्शन पर विचार भी प्रमुखता से व्यक्त होते हैं।



देशबन्धु में अस्सी और नब्बे के दशक में 'पूछिये परसाई से' एक लोकप्रिय स्तम्भ हुआ करता था जिसमें सुप्रसिद्ध लेखक और व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई सामान्य पाठकों के प्रश्नों का उत्तर दिया करते थे। उसी के समानांतर एक स्तम्भ 'धूप-छाँह के दिन' भी प्रकाशित होता था जिसमें देशबन्धु के संस्थापक-संपादक मायाराम जी अपने जीवन के संघर्षों को संस्मरण में ढाला करते थे। वे संस्मरण इतने रोचक और सजीव होते कि लगता था, वे हमारे जीवन की ही व्यथा-कथा कह रहे हों। इन संस्मरणों में आम आदमी की वेदना, संवेदना, दर्द और आंसू को मार्मिक अभिव्यक्ति दिखाई देती है। उन संस्मरणों में दिलचस्पी के पीछे एक बड़ा कारण यह भी था कि वे निराशा के क्षणों में भी उम्मीद और जिजीविषा का दामन थामे रखने का हमें हौसला भी देते हैं। अपने पिता और उनके अनन्य मित्र परसाई जी से नियमित लिखवाने का विचार और आग्रह ललित जी का ही था।

श्री ललित सुरजन ने देशबन्धु की इस वैचारिक धरोहर तथा जनोन्मुखी प्रतिबद्धता को और भी समृद्ध किया उसे एक नयी धार और स्पष्टता दी। आमतौर पर यह माना जाता है कि अखबारी लेखन क्षणजीवी या अल्पजीवी होता है लेकिन ललित जी के समग्र लेखन और विमर्श में संसदीय-लोकतंत्र, संवैधानिक मूल्यों का संरक्षण, शिक्षा-स्वास्थ्य,रोजगार, आर्थिक-सामाजिक बेहतरी के सवाल इत्यादि पर जो सरोकार और चिंताए दिखाई पड़ती हैं वे उन्हें सामयिकता और क्षणभंगुरता से ऊपर उठाती हैं,उन्हें सर्वकालिक बनाती हैं।

साल 2016 में एक दिन अचानक दफ़्तर में मेरे कमरे के दरवाज़े पर दस्तक हुई। मैंने नज़र उठाकर देखा तो सामने ललित जी खड़े थे। मैंने उनसे कहा- सर, आपका स्वागत है, प्लीज़ अंदर आइये। मेरे अनुरोध पर वे अंदर आये और चिर-परिचित अंदाज में मुस्कुराकर कहा- कैसे हैं आप? जब मैंने उन्हें बताया कि यह उनसे मेरी पहली मुलाकात होने के बावजूद मैं उन्हें देशबन्धु और अक्षरपर्व इत्यादि में उनके लेखन की वजह से पहले से ही जानता हूं, तो उन्होंने तुरंत विषयांतर करते हुए पूछा- आपकी अभिरुचियां क्या हैं? यह उनकी व्यवहार कुशलता और वाकपटुता का उत्तम उदाहरण है जिससे यह सीखा जा सकता है कि कैसे किसी से अपनी प्रशंसा किये जाने पर सामने वाले व्यक्ति को खुद अपने बारे में कहने-बताने के लिए प्रोत्साहित किया जाये।

बहरहाल,उन्हें जब बाद में यह मालूम हुआ कि पठन-पाठन के साथ लेखन में भी मेरी गहरी रुचि है तो उन्होंने मेरे सामाजिक, सांस्कृतिक और बैंकिंग के सम-सामयिक लेखों को पढ़ने में उत्सुकता दिखाई और उनका ध्यानपूर्वक अवलोकन कर उन्हें पुस्तक के रूप में प्रकाशित करवाने का सुझाव दिया। ललित जी जैसे बड़े पत्रकार और लेखक का यह सुझाव मेरे लिए अत्यंत उत्साहवर्धक व आश्वस्तिकारक था। वर्ष 2018 में 'बैंकिंग की चुनौतियां और संभावनाएं' नामक मेरी जो पुस्तक प्रकाशित हुई उसका श्रेय ललित जी को जाता है। ललित जी एक सुलझे हुए पत्रकार तो थे ही, उनमें लोगों को जोड़ने और उनसे जुड़े रहने का भी अद्भुत कौशल था।

रायपुर से अपने स्थानांतरण के बाद भी मैंने उन्हें हमेशा उसी आत्मीयता, स्नेह और गर्मजोशी के साथ जुड़ा हुआ पाया। उनके लेखन और व्यवहार में जो साफगोई, संतुलन और जनपक्षीय प्रतिबद्धता थी, उसके कारण मैंने उनसे हर मुलाकात के बाद अपने आप को वैचारिक दृष्टि से और बेहतर पाया। ललित जी की मूल्यपरक और प्रतिबद्ध पत्रकारिता आज के अख़बारनवीसों के लिए एक प्रकाश स्तम्भ की तरह है जिसके आलोक में अपने उत्तरदायित्व का निर्वाह निष्पक्षता और निर्भीकता के साथ करते हुए पत्रकारिता के उच्च प्रतिमान स्थापित किए जा सकते हैं।

मैंने कहीं पढ़ा है कि ललित जी को हरसिंगार के फूल पसंद थे। वास्तव में उनका व्यक्तित्व हरसिंगार के फूलों की तरह ही था। हरसिंगार के फूलों की तरह ही वे अपने सम्पर्क में आने वाले हरेक व्यक्ति को स्नेह और सौहार्द्र की खुशबू से भर देते थे। लोगों के दिलों में अपनी संवेदनशीलता और सदाशयता से जल्दी ही सुखद स्थान बना लेते थे। आज भले ही वे दैहिक रूप से हमारे बीच नहीं है लेकिन हमारी यादों में वे अमिट रूप से विद्यमान रहेंगे। हमारी स्मृतियों को हरसिंगार के फूलों की तरह सदैव सुरभित करते रहेंगे।

***(लेखक सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया में वरिष्ठ अधिकारी हैं और इस समय चेन्नई में पदस्थ हैं।)***

## विश्राम देने से जी उठा जंगल

■ बाबा मायाराम

उत्तराखंड की हेंवलघाटी की गोद में बसा है जड़धार गांव। यहां अस्सी के दशक तक पहाड़ों की हरियाली कम हो चुकी थी। जंगल में गिने-चुने पेड़ ही बचे थे। चारा-पत्ती, पानी और ईंधन की कमी हो गई थी। इससे चिंतित होकर गांव वालों ने पेड़ बचाने व नंगे वृक्षविहीन जंगल को हरा-भरा करने की ठानी और इसे कर दिखाया। कुछ ही सालों में जंगल जी उठा, पहाड़ों पर हरियाली लौट आई।

यह बदलाव की कहानी है- उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल जिले के चम्बा विकासखंड में स्थित जड़धार गांव की। इसी इलाके में सत्तर के दशक में जंगल को बचाने का विश्व प्रसिद्ध चिपको आंदोलन हुआ था। यहां के अद्वाणी व सलेत के ग्रामीण जंगल को बचाने के लिए पेड़ों से चिपक गए थे। यह सिर्फ प्रतीकात्मक नहीं था बल्कि अद्वाणी व सलेत के वनों को काटने से रोकने के लिए वास्तव में पेड़ों से चिपके थे। गांधीवादी सोच का यह अनूठा सत्याग्रह था। इस आंदोलन की चर्चा देश- दुनिया में हुई थी और यहां हरे पेड़ों के कटने पर रोक लग गई थी।

इस इलाके को हेंवलघाटी कहा जाता है। हेंवल नदी सिद्धपीठ सुरकंडा देवी की पहाड़ी से निकलकर आगे ऋषिकेश के समीप शिवपुरी में गंगा में विलीन हो जाती है। पहले इन पहाड़ियों में खूब बर्फ पड़ती थी, मई माह तक भी सुरकंड़ा की बर्फ नहीं पिघलती थी। एक जमाने में यह क्षेत्र बांज, बुरांस, मैरू, देवदार, रई, मुरेंडा आदि प्रजातियो के घने जंगल से ढंका रहता था। लेकिन 60 के दशक में इस कुदरती जंगल पर संकट आया। 80 के दशक तक आते-आते पूरा पहाड़ ही नंगा हो गया,जैसे किसी व्यक्ति के सिर पर उस्तरा फेर दिया हो। क्षेत्र के लोगों ने जंगल काट डाले। इससे जैव विविधता का संकट तो हुआ ही यहां से निकलने वाली नदियां भी सूखने लगीं। झरने व जलस्रोत भी जवाब देने लगे। इसी इलाके में शराब विरोधी आंदोलन व चूना पत्थर के खनन के खिलाफ आंदोलन चला था, जिसकी रजत जयंती पर 28 दिसंबर (2020) को बड़ा समारोह भी कटाल्डी गांव में हुआ। इस कार्यक्रम में चिपको आंदोलन के कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया।

सीढ़ीदार पहाड़ पर बसे गांव के जंगल को देखने मैं कुछ साल पहले गया था। इसी गांव के निवासी हैं विजय जड़धारी, जो चिपको आंदोलन के कार्यकर्ता रहे हैं। जब चिपको आंदोलन का दौर निकल गया, तो उन्होंने गांववासियों के साथ यहां के उजड़ चुके जंगल को फिर से हरा-भरा करने की पहल की। साथ ही बीज बचाओ आंदोलन शुरू किया। देसी बीजों की पारम्परिक खेती को बचाने के लिए मुहिम छेड़ी। उनका पारंपरिक खेती पद्धति बारहनाजा (मिश्रित खेती की पद्धति) का अनुभवजन्य ज्ञान व जानकारी उपयोगी है। उन्होंने अपने अनुभव व पारंपरिक ज्ञान के आधार पर कई किताबें लिखी हैं, जिनकी सराहना अकादमिक दुनिया में भी हुई है।

प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर जंगल को मैंने देखा था। जंगल और पहाड़ को नजदीक से देखने का आनंद ही अलग होता है। ये हमें आज के भागमभाग और तनावपूर्ण माहौल में सदा आकर्षित करते हैं। जहां देश के अन्य इलाकों में जंगल कम हुए हैं, वहां उत्तराखंड इसका अपवाद कहा जा सकता है।

विजय जड़धारी बताते हैं कि टिहरी-गढ़वाल की चंबा-मसूरी पट्टी में पहले अच्छा और सुंदर जंगल था। इस गांव में भी था। पहाड़ के ढलानों से हरियाली की चादर हटने से बाढ़ और भूस्खलन का खतरा बना रहता था। यहां के कई सदाबहार जलस्रोत सूख गए थे, तब गांववाले चिंतित हो उठे। इकट्ठे होकर सोचने लगे, और वनों के जतन में जुट गए। जंगल बचाने की प्रेरणा चिपको आंदोलन की थी।

वे आगे बताते हैं कि जड़धार गांव के लोगों ने मिलकर तय किया कि जंगल को बचाया जाए। इसके लिए एक वन सुरक्षा समिति बनाई गई। जंगल से किसी भी तरह के हरे पेड़, ठूंठ, यहां तक कि कंटीली हरी झाड़ियों को काटने पर रोक लगाई गई। कोई भी व्यक्ति यदि अवैध रूप से हरी टहनी या झाड़ी काटता है तो उस पर जुर्माना लगाया जाएगा, ऐसा तय किया गया।

कुछ समय के लिए पशु चरने पर भी रोक लगाई गई। कोई व्यक्ति वनों को किसी प्रकार नुकसान न पहुंचाए, यह सुनिश्चित किया गया। यह काम गांव की जरूरतों को ध्यान में रखकर किया गया जिसमें जरूरत पड़ने पर थोड़ा बहुत फेरबदल किया जा सके। जंगल की रखवाली के लिए वन सुरक्षा समिति ने दो वनसेवक नियुक्त किए, जिन्हें गांववाले पैसे एकत्र कर कुछ आंशिक मानदेय देने लगे। जो पैसा जुर्माने से एकत्र होता उसे वनसेवकों को मानदेय के रूप में दे दिया जाता। हालांकि मानदेय की राशि कम थी, फिर भी वनसेवकों ने यह काम अपना समझकर किया।

वनसेवक रहे हुकुमसिंह बताते हैं कि जंगल की रखवाली के लिए हर महीने 300 रुपए मिलते थे। 20-22 साल तक जंगल की रखवाली करते रहे। पहले 3-4 फुट छोटे पौधे थे। रूखा-सूखा जंगल था। बाद में 15 फीट ऊंचे पेड़ हो गए। जंगल में बांज, बुरांस, काफल, बमोरा, खाकसी के पेड़ बहुतायत में थे। बांज के पेड़ से चारा, पत्ती व खाद मिलती है। यह पेड़ मिट्टी को बांधने एवं जलस्रोतों की रक्षा का काम भी अन्य पेड़ों के मुकाबले ज्यादा करता है। इसका जंगल ही पानी का सदानीरा स्रोत हैं। गर्मी के मौसम में भी इसका ठंडा जल रहता है।

**जलवायु बदलाव के इस दौर में जंगल को फिर से पुनर्जीवन प्रदान करना महत्वपूर्ण है। इस इलाके में कुड़ी व पिपलेत गांवों में वन संरक्षण किया जा चुका है। इस पूरे काम से यह निष्कर्ष निकलता है कि गांवों की आपसी समझ, एकता वनों के विश्राम और मेहनत से उजड़ रहे वनों को नया जीवनदान मिल सकता है। प्राकृतिक संसाधनों में कमी, जलस्रोतों का सूखना, भूक्षरण, भूस्खलन की घटनाएं बढ़ रही हैं। पर्यावरण का संकट बढ़ रहा है। ऐसे दौर में जड़धार के जंगल ने नया रास्ता दिखवाया है।**

जड़धार गांव के निवासी व स्वतंत्र पत्रकार रघुभाई जड़धारी ने बताया कि हमने जंगल को 15 साल तक कुदरती तौर पर बढ़ने दिया गया। चौकीदार रखे, जंगल को विश्राम दिया, आग से जंगल को बचाया, जहां कहीं भी धुआं देखा वहां तुरंत पहुंच जाते और आग बुझाते। इसमें गांववालों की भी मदद लेते। आग बुझाने में गांववासी बहुत मेहनत और साहस का परिचय देते हुए आग पर काबू पाते। और इस तरह जंगल में हरियाली लौट आई। पटुडी, आराकोट में भी ऐसी पहल हुई, जंगलों को बचाने का एक माहौल बन गया।

विजय जड़धारी ने बताया कि हालांकि यहां वृक्षारोपण व पेड़ लगाने का काम भी प्रतीकात्मक हुआ है लेकिन वनों को फिर से हरा-भरा करने में महती भूमिका वनों को विश्राम (बंद वन) देने की है। यानी उन्हें उसी हाल में प्रकृति के हवाले छोड़ दिया जाए, जिसमें वह है। सिर्फ उनकी रखवाली की जाए और उसे पनपने दिया जाए, और बढ़ने, पल्लवित-पुष्पित होने दिया जाए। लोग जैसे अपने खेतों की देखभाल करते हैं उसी तरह जंगल की देखभाल करने लगे। धीरे-धीरे उनकी मेहनत रंग लाने लगी। दो-तीन सालों में ही सूखे जंगलों में फिर से हरियाली लौटने लगी।

वे आगे बताते हैं कि शंकुधारी वृक्ष चीड़, देवदार यदि कट गए तो इनमें दुबारा कल्ले (नई कोंपलें) नहीं आते हैं। जबकि बांज, बुरांस, काफल, अथांर, घिघारू, किनगोड़, खाकसी, बमोर घने होते हैं। और उनमें 1-2 साल में ही नए कल्ले आने शुरू हो गए। झाड़ियां आ गईं। जलाऊ लकड़ियां मिलने लगीं। इससे उत्साह बढ़ने लगा।

वन सुरक्षा समिति की समय-समय पर बैठकें होती थीं। कभी 3 महीने में, कभी 6 महीने मे बैठकों का दौर जारी रहा। बंद वन जागरूकता कार्यक्रम भी चलता रहा। 5-7 साल में जो जलस्रोत पूरी तरह सूख गए थे, उनमें पानी आ गया। वे कल-कल बहने लगे। इस गांव के आसपास दो दर्जन जलस्रोत हैं। नए पेड़ों ने पहाड़ को हरियाली से ढंक दिया।

बांज, बुरास, काफल के पुराने ठूंठों पर फिर नई शाखाएं फूटने लगीं। अंयार, बंमोर, किनगोड हिंसर, साकिना, धौला, सिंस्यारू, खाकसी आदि पेड़-पौधे दिखाई देने लगे। और आज ये पेड़ लहलहा रहे हैं। बारिश को समाहित करने की शक्ति पेड़ों में होती है, इससे भूक्षरण व भूस्खलन भी कम हो गया। गाय-भैंसों के नीचे बिछाने के लिए पत्ती व घास चारे व ईंधन की सुविधा हो, इसकी कोशिश की जाने लगी।

90 के दशक में यहां हरित हिमालय कार्यक्रम चला। इसे भारत सरकार व हिमालय ट्रस्ट ने संयुक्त तौर पर पायलेट प्रोजेक्ट की तरह चलाया। हमारे यहां हेंवलघाटी हरियाली कार्यक्रम के नाम से संचालित हुआ। इसके तहत् 2 साल तक वनसेवकों को मानदेय दिया गया। यह वर्ष 1991-92 की बात है। तब कश्मीर से कागजी अखरोट के बीज लाकर नर्सरी बनाई गई, अखरोट के पौधे लोगों को बांटे गए थे जो कई साल पूर्व से अब तक लोगों को अच्छी आमदनी दे रहे हैं।

पिछले चार दशक से हरियाली वापसी के इस काम का नतीजा यह है कि बुरांस, काफल के सघन जंगल प्रकृति अपने आप वापस ले आई। अब जंगल इतना घना हो गया है कि सूरज की रोशनी जमीन पर नहीं पहुंचती। जड़ी-बूटी, घास, लताएं, बेल फिर से आ गईं। काफल, बांज, बुरांस खूब हो गए। बुरांस के लाल फूल अलग ही छटा बिखेरते हैं। काफल का खट्टा-मीठा फल लोगों की पोषण सुरक्षा व रोग प्रतिरोधी शक्ति बढ़ाने का काम करता है।

सूखे पानी के जलस्रोत फिर फूट पड़े, सदानीरा हो गए। यहां के कुलेगाड, मूलपाणी, लुआरका पाणी, सांतीपुर पाणी, नागुपाणी, खुलियो गड पाणी, रांता पाणी और द्वारछिलापाणी सहित 2 दर्जन जलस्रोत हैं। ये सदाबहार जलस्रोतों से ही साल भर गांवों को पीने का पानी मिलता है। चौड़ी पत्ती के जंगल बारिश के पानी का स्पंज हैं। वे पानी को सोखकर रखते हैं। जहां ऐसे जंगल होते हैं वहां जलस्रोत सदानीरा होते हैं। पानी छन छन, कल कल बहता रहता है। इसके अलावा, कई वन्य प्राणियों ने भी इस जंगल को अपना आशियाना बना लिया है। भालू, सेही, बघेरा, तेंदुआ, बारहसिंघा, हिरण, जंगली सुअर, बंदर आदि यहां प्राय: दिखते हैं। हिरणों की टोलियां बिचरती रहती हैं।

'गोविंदबल्लभ पंत हिमालयी पर्यावरण व विकास संस्थान' (श्रीनगर, गढ़वाल) के वैज्ञानिकों ने अपने अध्ययन में इसे पुनर्जीवित सर्वश्रेष्ठ जंगलों में बताया है। पुणे के पक्षी विशेषज्ञ डा. प्रकाश गोले ने यहां कुछ ही घंटों में पक्षियों की 95 प्रजातियों की गिनती की। जंगल बढ़ाने में यह सहायक हुए हैं। जड़धारी कहते हैं कि दूर-दूर से यह पक्षी बीज लाकर इस जंगल के अवैतनिक सेवक बन गए हैं।

ग्राम वन पंचायत यहां वन संरक्षण व वन प्रबंधन का काम करती हैं। उत्तराखंड में वन पंचायतों का इतिहास पुराना है। ब्रिटिश शासन से वन पंचायतें थीं। विजय जड़धारी बताते हैं कि वन पंचायत स्वशासन का एक उदाहरण हैं। आसपास के जंगलों का रखरखाव करती हैं। यह लगभग 1927 के आसपास बनीं। जड़धार में हाल ही में 1998 में वन पंचायत बनी। जड़धार में भी वन पंचायत है, इसका जंगल में दखल बढ़ा है, पर इसे हावी नहीं होने दिया है। अब इन्हें नए सिरे से मान्यता मिली है, और सक्रिय हैं। वर्तमान में जड़धार वन पंचायत के सरपंच राजेन्द्र नेगी हैं।

राजेन्द्र नेगी ने बताया कि वे वर्ष 2017 से सरपंच हैं और इस बीच उन्होंने कई काम करवाए हैं। सरकार की जायका परियोजना के अंतर्गत पौधारोपण व आजीविका सुरक्षा की है। इसके तहत् वृक्षारोपण किया गया। इसकी तार फेंसिंग करवाई है, जिससे कुछ हद तक जंगली जानवर, खासकर सुअर से फसलों की सुरक्षा हुई है।

स्थानीय प्रजातियों के पौधों का रोपण करवाया गया है। जल संचयन हो इसके लिए जंगल में छोटी चाल-खाल (तालाब) बनाई गईं। कुल 9 चाल बनाई गई हैं। यह भी जल भंडारण का परंपरागत तरीका है। इनमें से 3 चाल में बारह महीने पानी रहता है। इससे भूजल स्तर बढ़ता है और जलस्रोत भी सदानीरा होते हैं। जंगली जानवरों को पीने का पानी भी मिलता है। गांव के पालतू मवेशी भी पानी पीते हैं।

हाल में चमोली जनपद में ग्लेशियर टूटने से हुई तबाही पर विजय जड़धारी ने कहा कि यह मानव निर्मित है। इस घटना में अब तक 31 लोग मारे जा चुके हैं, और कई के लापता होने की खबर है। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले केदारनाथ की घटना से कोई सबक नहीं लिया गया। ऋषि गंगा पावर प्रोजेक्ट व धौली गंगा पावर प्रोजेक्ट के लिए सुरंग खोदी गई। अब कंपनियां ग्लेशियर फटने को दोष दे रही हैं।

उन्होंने कहा कि यह सही है कि जलवायु बदलाव व मौसम परिवर्तन के कारण बादल फटने, ग्लेशियर टूटने, सूखा पड़ने और अतिवृष्टि होने की घटनाएं होंगी पर होनेवाली तबाही को रोका जा सकता है। हमें नदियों को बांधने की बजाय नदियों व गाड-गदेरों को खुला रखना होगा और हिमालय के साथ हो रही छेड़छाड़ को बंद करना होगा।

उन्होंने इसका एक उदाहरण देते हुए बताया कि कुछ साल पहले जड़धार गांव के जंगल में पहाड़ की चोटी पर बादल फटने की बड़ी घटना हुई थी पर उसका असर गांव तक नहीं पहुंचा। जंगल में ही मलवा व पानी जज्ब हो गया। इस तरह हरे-भरे जंगलों से ऐसी प्राकृतिक आपदाओं से होनेवाली हानि को रोका जा सकता है।

कुल मिलाकर, वर्ष 1980 के बाद से गांव चारा-पत्ती, जलाऊ ईंधन व पानी के मामले में यह गांव आत्मनिर्भर है। उसे किसी से पूछने की जरूरत नहीं है। जब भी हल, जुआ, लाट जैसे खेती के औजारों के लिए लकड़ी की जरूरत होती है, सब लोग जंगल मिलकर जाते हैं और लकड़ी ले आते हैं। चौड़ी पत्तियां पशुओं के नीचे बिछावन के काम भी आती हैं। गोमूत्र-गोबर आदि सड़कर जैव खाद बनाते हैं, जो बहुत उपजाऊ होती है। बांज की पत्तियां मवेशी खाते हैं, वह चारे का काम भी करती हैं। ईंधन के लिए भी अच्छी होती हैं।

जलवायु बदलाव के इस दौर में जंगल को फिर से पुनर्जीवन प्रदान करना महत्वपूर्ण है। इस इलाके में कुड़ी व पिपलेत गांवों में वन संरक्षण किया जा चुका है। इस पूरे काम से यह निष्कर्ष निकलता है कि गांवों की आपसी समझ, एकता वनों के विश्राम और मेहनत से उजड़ रहे वनों को नया जीवनदान मिल सकता है। प्राकृतिक संसाधनों में कमी, जलस्रोतों का सूखना, भूक्षरण, भूस्खलन की घटनाएं बढ़ रही हैं। पर्यावरण का संकट बढ़ रहा है। ऐसे दौर में जड़धार के जंगल ने नया रास्ता दिखाया है। यह गांव अब पारिस्थितिकीय वापसी का भी अनुपम उदाहरण है। हाल ही के हादसे के संदर्भ में यह कहा जा सकता है कि जड़धार जैसे जंगल ऐसे हादसों को कुछ हद तक रोकने में सक्षम हैं, जैसा कि बादल फटने से जड़धार गांव में कोई नुकसान नहीं हुआ था। कुल मिलाकर, यह सराहनीय होने के साथ अनुकरणीय भी है।

## बीता सप्ताह

**25 नवम्बर**
- अडानी-हिंडनबर्ग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा् कि हम रिपोर्ट को नहीं मान सकते।
- बालीवुड फिल्मकार राजकुमार कोहली का निधन हो गया।
- हमास-इजरायल के बीच चार दिवसीय युद्धविराम लागू हुआ।
- दक्षिण अफ्रीका की सलामी बल्लेबाज लॉरा वोल्वार्ट दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान नियुक्त हुई।

**26 नवंबर**
- राजस्थान में विधानसभा चुनाव का मतदान हुआ। 68 फीसदी वोट पड़े।
- पत्रकार सौम्या विश्वनाथन प्रकरण में 15 साल बाद दिल्ली साकेट कोर्ट ने चार दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई।
- पाकिस्तान करांची के शॉपिंग माल में आग लगने से 9 लोगों की मौत हो गई।
- पाकिस्तान के आल राउंडर इमाह वसीम ने तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया।

**27 नवंबर**
- संविधान दिवस पर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि जनता अदालतों में जाने से डरें नहीं।
- चीन में श्वांस संबंधी रहस्मयी बीमारी के बाद केंद्र ने दिशानिर्देश जारी कर कहा श्वसन संबंधी बीमारियों पर राज्यों को सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।
- ईरान में कथित तौर पर एक हत्या के मामले में 17 वर्षीय एक नाबालिग को फांसी दे दी गई।
- इजरायल ने कहा कि चार दिवसीय संघर्ष विराम में हमास नेताओं को कोई छूट नहीं दी जाएगी।

**28 नवंबर**
- नौसेना के अत्याधुनिक युद्धपोत इम्फाल की शिखा का अनावरण किया गया।
- अमेरिकी लेखिका पॉल लिंच ने अपने उपन्यास प्रोफेट सॉन्ग के लिए 2023 का बुकर पुरस्कार जीता।
- अमेरिका में तीन फिलिस्तीनी कॉलेज छात्रों को रात्रिभोज में जाने के दौरान गोली मार दी गई।
- इटली ने आस्ट्रेलिया को हराकर 47 साल बाद डेविस कप 2023 का खिताब जीत लिया।

**29 नवंबर**
- उत्तरकाशी के टनल से 17 दिन बाद सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को निकाला गया।
- सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका की सुनवाई करते हुए पाकिस्तानी कलाकारों पर प्रतिबंध लगाने की याचिका खारिज कर दी।
- नौसेना के अत्याधुनिक युद्धपोत इम्फाल की शिखा का अनावरण हुआ।
- दक्षिण अफ्रीका में इम्पाला प्लेटिनम खदान दुर्घटना में 11 लोगों की मौत हो गई।

**30 नवंबर**
- सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका की सुनवाई करते हुए कहा कि नफरती भाषणों पर कार्रवाई होनी चाहिए।
- भारत-आस्ट्रेलिया का क्रिकेट मैच टी-20 रायपुर छत्तीसगढ़ में खेला गया।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गरीब कल्याण अन्न योजना को पांच साल और आगे बढ़ाने की मंजूरी दी।
- तेलंगाना विधानसभा के 119 सीटों के लिए मतदान हुआ।
- हंगरी-सर्बिया के बीच 'रेल सेल' आठ साल बाद शुरु हुआ।

**1 दिसंबर**
- उत्तराखंड के जोशीमठ के लिए 1618 करोड़ की योजना को मंजूरी दी गई।
- नेपाल के पश्चिमी लगजंग जिले में पहला समलैंगिक विवाह पंजीकृत हुआ।
- महिला जूनियर विश्वकप के पहले मैच में भारत ने कनाडा को 12-0 से हराया।
- गुजरात में जहरीली सिरप पीने से 5 नागरिकों की मौत हो गई।
- अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री हेनरी किसिंगर का निधन हो गया।

# देश विदेश

## इजरायल ने फिलिस्तीन के 30 कैदियों को किया रिहा

**यरुशलम।** गाजा में अपने अस्थायी संघर्षविराम को एक और दिन बढ़ाने के समझौते के तहत हमास द्वारा अतिरिक्त बंदियों को मुक्त करने के कुछ घंटों बाद इजरायल के अधिकारियों ने शुक्रवार को फिलिस्तीन के 30 कैदियों को रिहा कर दिया। अल-जजीरा अखबार के मुताबिक हमास द्वारा इजरायल के आठ बंदियों को मुक्त करने के कुछ घंटों बाद इजरायल ने फिलिस्तीन के 23 बच्चे और सात महिलाएं सहित 30 कैदियों को रिहा कर दिया है।

# मोदी ने यूएई की जलवायु निवेश फंड की घोषणा का किया स्वागत



**दुबई,** 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) द्वारा प्रस्तावित जलवायु वित्तपोषण फ्रेमवर्क पहल और जलवायु निवेश फंड स्थापित करने की घोषणा का शुक्रवार को स्वागत किया और कहा कि इससे उपलब्ध, सुलभ और किफायती जलवायु वित्तपोषण संभव हो पायेगा। श्री मोदी ने आज यहां यूएई की अध्यक्षता में आयोजित विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन के ट्रांसफॉर्मिंग क्लाइमेट फाइनेंस सत्र को संबोधित करते हुए कहा, हम सभी जानते हैं कि भारत सहित ग्लोबल साउथ के तमाम देशों की जलवायु परिवर्तन में भूमिका बहुत कम रही है। पर जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव उनपर कहीं अधिक हैं। संसाधनों की कमी के बावजूद ये देश जलवायु कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध हैं।

■ **भारत सहित ग्लोबल साउथ के तमाम देशों की जलवायु परिवर्तन में रही बहुत कम भूमिका**

उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए जलवायु वित्तपोषण और प्रौद्योगिकी बहुत ही ज़रूरी है। ग्लोबल साउथ के देशों की अपेक्षा है कि जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने के लिए विकसित देश उनकी अधिक से अधिक मदद करें। ये स्वाभाविक भी है और न्यायोचित भी है।

श्री मोदी ने कहा, अपनी जी-20 अध्यक्षता में, भारत ने सतत विकास और जलवायु परिवर्तन इन दोनो विषयों को बहुत ही प्राथमिकता दी है। हमने एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य को अपनी अध्यक्षता का आधार बनाया और साझा प्रयासों से, कई विषयों पर सहमति बनाने में भी सफलता पाई। उन्होंने कहा कि जी-20 में इसे लेकर सहमति बनी है कि जलवायु कार्रवाई के लिए 2030 तक कई ट्रिलियन डॉलर जलवायु वित्तपोषण की आवश्यकता है।

## मोदी ने गुटेरेस से की मुलाकात

**दुबई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को यहां विश्व जलवायु कार्रवाई सम्मेलन से इतर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात की। श्री मोदी ने भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान समर्थन के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव को धन्यवाद दिया। उन्होंने जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने में भारत की पहल और प्रगति पर प्रकाश डाला। दोनों नेताओं ने जलवायु कार्रवाई, जलवायु प्रौद्योगिकी और संयुक्त राष्ट्र सहित बहुपक्षीय मंचों तथा वित्तीय संस्थानों में सुधारों से संबंधित ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं और चिंताओं पर विचारों का आदान-प्रदान किया।संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने जी20 अध्यक्षता के तहत सतत विकास, जलवायु कार्रवाई और आपदा प्रबंधन के क्षेत्रों में भारत के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने प्रधानमंत्री की 'ग्रीन क्रेडिट' पहल का स्वागत किया। श्री गुटेरस ने भारत की जी20 अध्यक्षता की उपलब्धियों को आगे बढ़ाने और उन्हें संयुक्त राष्ट्र शिखर सम्मेलन 2024 में आगे ले जाने के लिए भारत के साथ काम करने की पुष्टि की।

# गाजा पर इजरायली हमलों में 32 की मौत, कई घायल



**फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय का दिया हवाला**

**यरुशलेम,** 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। गाजा पट्टी पर शुक्रवार सुबह इजरायल की सेना के हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 32 हो गई है। एन्क्लेव के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इससे पहले दिन में, अल अरबिया ब्रॉडकास्टर ने फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय का हवाला देते हुए बताया कि इजरायली हमलों में छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, संघर्ष विराम की समाप्ति के तीन घंटे के भीतर इजरायली कब्जे के नरसंहार के पीड़ितों की संख्या बढ़कर 32 हो गई। इनमें कई लोगों को अलग-अलग स्तर की चोटें लगीं। मृत और घायल लोगों में अधिकांश महिलायें और बच्चे शामिल हैं। इससे पहले दिन में, इजरायल रक्षा बलों ने कहा कि हमास ने मानवीय विराम तोड़ दिया, जिससे इज़राइल को युद्ध फिर से शुरू करने के लिए मजबूर होना पड़ा।

वॉल स्ट्रीट जर्नल ने गुरुवार देर रात रिपोर्ट दी कि दोनों पक्ष अस्थायी मानवीय विराम को आठवें दिन तक बढ़ाने पर सहमत हुए हैं।इसकी हालांकि, अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। नवीनतम संघर्षविराम आज स्थानीय समयानुसार सुबह 07ः00 बजे समाप्त हो गया। इजरायल और हमास के बीच एक सप्ताह के संघर्ष विराम की अवधि समाप्त होने के तुरंत बाद शुक्रवार को इजरायली लड़ाकू विमानों ने गाजा को फिर से निशाना बनाते हुए पूरी ताकत के साथ हमला शुरू शुरू किया। इजरायल के हवाई हमलों दक्षिण गाजा पर हमला किया, जिसमें खान यूनिस शहर के पूर्व में अबासन समुदाय रहते हैं।

## सुडोकू 6393

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | | | 5 | | | 2 | |
| | | 2 | 7 | | | | | 4 |
| | 8 | | | | | | | |
| | | | | 7 | 8 | 4 | | 9 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 4 | 3 | 2 | | | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 7 | 3 | | |
| | 3 | | | 4 | | | 9 | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6393

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. बहुत दूर तक देख सकने वाली तेज नज़र (उपमा)
३. ऊपर लिखा या बताया गया
५. व्यापारी
६. दुविधा,असमंजस
७. वाल्मीकि का मूल नाम
९. घटना-वाकया
१०. सागर-मंथन से निकला एक वृक्ष
१२. मां, जन्मदायिनी
१३. ठगना, छल करना
१४. मोर की पूंछ, समूह
१६. प्राय: अधिकांश
१८. जो कभी बटा न हो
२०. सुग्रीव का राज्य
२१. जलयात्रा पर चलने वाली नौका
२३. नगरवासी

**ऊपर से नीचे:-**

१. श्रीकृष्ण
२. पक्का इरादा
३. पारिश्रमिक (उर्दू)
४. रोकने वाला
५. बरगद का पेड़
८. एक सुगंधित फूल, उसका पौधा
१०. कड़वे स्वाद का
११. बिच्छू
१२. महोदय, श्रीमान (उर्दू)
१३. के कुल में उत्पन्न
१४. दागदार
१५. वेशभूषा, लिबास
१७. सूरत, शक्ल का ब्यौरा
१८. असीमित, बेहद
१९. धोना, रंगना
२२. सरिता, तटिनी

### वर्ग पहेली-6392

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ब | द | २ ह | वा | ३ स | ■ | ४ सौ | म | ५ न | स्य |
| ल | ■ | म | ■ | ६ म | र्या | दा | ■ | र्म | ■ |
| ७ वा | रि | स | ■ | झ | ■ | ८ मि | क | दा | ९ र |
| न | ■ | फ | ■ | १० दा | मि | नी | ■ | ■ | ज |
| ■ | ११ द | र | १२ का | र | ■ | ■ | १३ वि | जि | त |
| ■ | रि | ■ | न | ■ | १४ घ | प | ला | ■ | म |
| १५ भ | द्र | १६ ज | न | ■ | ट | ■ | १७ स | १८ म | य |
| र | ■ | क | ■ | १९ अ | ना | २० थ | ■ | दि | ■ |
| २१ पा | प | ड़ | ■ | धि | ■ | २२ क | त | रा | २३ ना |
| यी | ■ | २४ ना | म | क | मा | ना | ■ | ■ | री |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 2 दिसम्बर, 2023 अगहन कृष्ण पक्ष 5

### राशिफल

मेष - आज आप में भावुकता काफी रहेगी, इस कारण किसी की बात या व्यवहार से आपकी भावनाओं को ठेस पहुंच सकती है। मां के स्वास्थ्य की चिंता आपको हो सकती है। आपके स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है।

वृषभ - आपकी चिंताएं कम होने से आप काफी राहत का अनुभव करेंगे। आज आप काफी भावुक और संवेदनशील रहेंगे, इससे आपकी कल्पनाशक्ति और सृजनशक्ति उभर कर सामने आएगी।

मिथुन - शुरुआती परेशानी के बाद आपके निर्धारित काम आसानी से पूरे होंगे। इससे आपको काफी प्रसन्नता होगी। आर्थिक योजनाओं के कारण आपकी कई परेशानियां कम होती लगेंगी।

कर्क - आपके दोस्तों, परिजनों तथा परिवार के साथ आपका दिन काफी बेहतर रहेगा। उनकी ओर से मिले उपहार आपके हर्ष को दोगुना कर देगा। बाहर घूमने का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट भोजन करने का अवसर मिलेगा।

सिंह - आज आपके लिए कोर्ट-कचहरी के मामलों से दूर रहना हितकर होगा। मन में बेचैनी रहेगी। विभिन्न चिंताएं सताएंगी। शारीरिक स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

कन्या - आज आपको विविध क्षेत्रों में यश, कीर्ति और लाभ मिलेगा। धन की बेहतर आवक होगी। बुजुर्गों तथा मित्रों के साथ आपका दिन आनंदमय रहेगा। कहीं घूमने जा सकते हैं। पत्नी और बच्चों के साथ अच्छा समय गुजरेगा।

तुला - आज आपके घर और कार्यस्थल पर बेहतर वातावरण रहने से काफी प्रसन्नता रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। नौकरी करने वालों के लिए पदोन्नति का योग है। काम में उच्च अधिकारी आपके काम की सराहना करेंगे।

वृश्चिक - आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से काफी थकान और आलस्य का अनुभव करेंगे, जिससे उत्साह की कमी रहेगी। इसका प्रभाव व्यावसायिक क्षेत्र में देखने को मिलेगा। इससे परेशानी हो सकती है।

धनु - आज आपको कोई भी नया काम शुरू न करने तथा अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहने की सलाह दी जाती है। कफ तथा पेट संबंधी बीमारियां आपको परेशान कर सकती हैं। शल्यक्रिया जैसे बड़े मामलों को आज टाल दें।

मकर - आज का दिन पैसों की दृष्टि से बहुत अच्छा रहेगा। व्यापार वृद्धि के योग हैं। इसके अलावा दलाली, ब्याज, कमिशन से मिलनेवाले पैसों से धन में वृद्धि होगी। प्रेमियों के लिए भी आज का दिन बेहतर है।

कुंभ - काम में सफलता पाने के लिए आज का दिन उत्तम है। आपके द्वारा किए गए काम से आपको यश और कीर्ति मिलेगी। परिवार में अच्छा वातावरण रहेगा। तन-मन से आप ताज़गी और स्फूर्ति का अनुभव करेंगे।

मीन - आज का दिन विद्यार्थियों के लिए अच्छा होने वाला है। उनको अभ्यास में सफलता मिलेगी एवं प्रगति के लिए नए मौके मिलेंगे। आप अपनी कल्पना शक्ति से साहित्य लेखन में नया काम कर सकते हैं।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## लापता भारतीय छात्र ब्रिटेन में नदी किनारे मृत पाया गया

**लंदन,** 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। एक 23 वर्षीय भारतीय छात्र, जो 19 सितंबर को भारत से ब्रिटेन चला गया था, उसके परिवार द्वारा लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराने के चार दिन बाद टेम्स नदी के तट पर मृत पाया गया। द स्टैंडर्ड अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, 21 नवंबर को सुबह लगभग 10.45 बजे एक राहगीर को मितकुमार पटेल का शव आइल ऑफ डॉग्स के कैलेडोनियन घाट पर नदी के किनारे मिला। पटेल को, जो पूर्वी लंदन के प्लाइस्टो में अपने चचेरे भाई के साथ रह रहा था, शेफ़ील्ड हॉलम विश्वविद्यालय में डिग्री और अमेज़ॅन में अंशकालिक नौकरी शुरू करने के लिए 20 नवंबर को शेफ़ील्ड जाना था। जब 17 नवंबर को वह रोजाना की सैर से घर नहीं लौटा तो पटेल के चचेरे भाई चिंतित हो गए और अगले दिन पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। समाचार रिपोर्ट में कहा गया है कि उसके अन्य चचेरे भाइयों ने लापता व्यक्तियों के लिए चैरिटी से संपर्क करना शुरू कर दिया।

# बर्फबारी कश्मीरियों को सुकून देती है पर सेना को नहीं



**जम्मू,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। कश्मीर में हो रहे ताजा हिमपात के बाद स्थानीय लोग सर्दी से राहत महसूस जरूर करेंगे। बीते एक पखवाड़े से पूरी कश्मीर घाटी में शीतलहर का प्रकोप जारी था। अब हिमपात से इसमें राहत मिलने की उम्मीद है। हालांकि एलओसी के पहाड़ों पर भी बर्फ गिरी है लेकिन सेना को इस बार भी उम्मीद नहीं है कि बर्फबारी के कारण उसे घुसपैठ से राहत मिल पाएगी।

■ **बीते एक पखवाड़े से पूरी कश्मीर घाटी में शीतलहर का प्रकोप जारी**

एलओसी के सीमावर्ती सेक्टरों में, राजौरी क्षेत्र से लेकर करगिल के अंतिम छोर तक, बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है। सीमा के पहाड़ सफेद चादर में लिपटे नजर आने लगे हैं। इस बर्फबारी के कई लाभ सीमा पर तैनात सैनिकों को मिलने की उम्मीद है। एलओसी के क्षेत्रों में होने वाली भारी बर्फबारी के बाद रक्षाधिकारियों को घुसपैठ के प्रयासों में कमी आने की सबसे बड़ी उम्मीद है। और यह उम्मीद बसंत ऋतु तक रहने की आस इसलिए बंध गई है क्योंकि जितनी बर्फ एलओसी के पहाड़ों पर गिर रही है उसे पार करने की कोशिश करने का स्पष्ट अर्थ होगा मौत को आवाज देना।बकौल सेनाधिकारियों के, अब उनके जवानों का ध्यान पाक सेना की गतिविधियों की ओर ही रहेगा और घुसपैठ की ओर से वे सुनिश्चित हो जाएंगें लेकिन यह सुनिश्चितता इतनी भी नहीं हो सकती क्योंकि पूर्व का अनुभव यह रहा है कि बर्फबारी के बावजूद कई बार पाकिस्तान ने घुसपैठियों को इस ओर धकेलने की कोशिश की है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**भारत ने जीती...**

तक 126 रन पर छह विकेट गंवा दिये थे। मैथ्यू वेड (नाबाद 36 रन) क्रीज पर थे तो टीम को उनसे उम्मीद बंधी थी लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। पर वह टीम के लिए सर्वाधिक रन जुटाने वाले खिलाड़ी रहे। इससे पहले भारत का 18.3 ओवर में स्कोर चार विकेट पर 167 रन था लेकिन टीम ने अंतिम दो ओवर में महज सात रन में पांच विकेट गंवा दिये।

इसमें ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज बेन ड्वारशुइस (40 रन देकर तीन विकेट) और जेसन बेहरेनडोर्फ (32 रन देकर दो विकेट) ने अहम भूमिका निभायी। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाजी का न्योता दिया और आरोन हार्डी ने मेडन ओवर से शुरूआत की। यशस्वी जायसवाल (28 गेंद में 37 रन) ने बेहरेनडोर्फ पर खूबसूरत कवर ड्राइव से शुरूआत की। जायसवाल ने ड्वारशुइस पर तीसरे ओवर में तीन चौके जड़कर भारतीय टीम के लिये लय बनायी। रूतुराज गायकवाड़ (28 गेंद में 32 रन) दूसरे छोर पर शांत थे और जायसवाल को तेजी से रन बनाते हुए देख रहे थे। लेकिन चौथे ओवर में जैसे ही उन्हें पहला मौका मिला, उन्होंने बेहरेनडोर्फ की गेंद पर शानदार चौका जड़कर अपना खाता खोला। जायसवाल की आक्रामक बल्लेबाजी जारी रही और उन्होंने पदार्पण कर रहे स्पिनर क्रिस ग्रीन पर ऑफ साइड में चौका जड़ने के बाद उन पर मिडविकेट पर गगनदायी छक्का जमा दिया। रन गति पर लगाम कसने के लिए हार्डी को गेंदबाजी पर लगाया गया और जायसवाल ने उन पर चौका जड़ दिया। लेकिन प्रतिद्वंद्वी टीम को हार्डी को लगाने का फैसला सही साबित हुआ और ऑस्ट्रेलिया ने इस बायें हाथ के सलामी बल्लेबाज के रूप में मेजबानों को पहला झटका दिया। बेन मैकडरमोट ने भागते हुए मिड ऑन पर जायसवाल का अच्छा कैच लपका जिससे पावरप्ले में भारत ने एक विकेट पर 50 रन बना लिये थे। उप कप्तान श्रेयस अय्यर (08) लेग स्पिनर तनवीर संघा को हिट करने के प्रयास में लांग ऑन में ग्रीन को कैच दे बैठे। कप्तान सूर्यकुमार यादव (01) आते ही चलते बने जिससे स्कोर तीन विकेट पर 63 रन हो गया और शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में मौजूद दर्शक मायूस हो गये। पर रिंकू सिंह के आते ही दर्शकों को खुशी मनाने का मौका मिला। रिंकू और रूतुराज ने चौथे विकेट के लिए 48 रन जोड़े। किन्तु संघा ने रूतुराज को आउट कर यह भागीदारी तोड़ दी। रिंकू ने अपनी लप्पेबाजी जारी रखी और उन्हें जितेश के रूप में अच्छा साथी मिला जिससे दोनों ने महज 29 गेंद में 50 रन जोड़ दिये और भारत की रन गति में इजाफा हुआ। जितेश हालांकि ड्वारशुइस का शिकार हो गये जिसके बाद भारत ने लगातार विकेट गंवा दिये।

**90 विधानसभाओं में सभी श्रेणीयों में ...**

और जिला स्तर पर भी इसकी जानकारी से सभी अभ्यर्थियों को अवगत कराया जा रहा है। मतगणना तिथि को ट्रेज़री स्थित स्ट्रांग रूम से विधानसभा की मतपेटियां अभ्यर्थियों/ प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूरी सुरक्षा के साथ प्रात: मतगणना स्थल तक ले जाई जाएंगी 7 इस संबंध में सभी जिलों को निर्देशित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मतगणना तिथि को सबसे पहले 8 बजे से डाक मतपत्रों की गणना प्रारम्भ की जाएगी और उसके आधे घंटे पश्चात् ईवीएम मशीन के मतों की गणना प्रारम्भ होगी।

**दो डिस्टलरी की ...**

पेटी एवं 33 नग मदिरा को जप्त किया जाकर विधिवत कार्यवाही की गई। आसवक को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् मदिरा में पाई गई कीड़े एवं कचरे को आसवक की लापरवाही मानते हुए तथा तीनों बैच नंबर की मदिरा को 03 प्रकरण मानते हुए 50-50 हजार रूपये का शास्ति अधिरोपित की गई हैं। इस मदिरा को मानव सेवन के लिए संभावित हानिकारक मानते हुए समस्त मदिरा को नष्ट करने का आदेश दिया गया है। साथ ही मेसर्स को समस्त मदिरा का वर्तमान विक्रय दर के आधार पर रूपये 2 करोड़ 29 लाख 27 हजार 440 रूपए का भुगतान छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड को किये जाने का आदेश दिया गया है।

इसी प्रकार मेसर्स छत्तीसगढ़ डिस्टलरीज लिमिटेड, ग्राम-खपरी, कुम्हारी, जिला-दुर्ग द्वारा जिला दुर्ग एवं बालोद में आपूर्ति की गई देशी मदिरा प्लेन के पाव में कचरा एवं कीड़ा पाये जाने की शिकायत की जांच पर बैच नंबर 165 एवं 167 के अंतर्गत भरी गई मदिरा में कचरा एवं कीड़ा युक्त होना पाया गया जिस पर जिला-दुर्ग की कुल 908 पेटी 24 नग एवं जिला-बालोद की 310 पेटी मदिरा को जप्त किया जाकर विधिवत कार्यवाही की गई। आसवक को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् मदिरा में पाई गई कीड़े एवं कचरे को आसवक की लापरवाही मानते हुए तथा दोनों बैच नंबर की मदिरा को 02 प्रकरण मानते हुए 50-50 हजार रूपये का शास्ति अधिरोपित की गई। इसी प्रकार उक्त मदिरा को मानव सेवन के लिए हानिकारक संभावित मानते हुए समस्त मदिरा को नष्ट करने का आदेश दिया गया है। साथ ही समस्त मदिरा का वर्तमान विक्रय दर के आधार पर रूपये 46 लाख 79 हजार 40 रूपए का भुगतान छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड में किये जाने का आदेश दिया गया है।

## आज का इतिहास

1804 - नेपोलियन बोनापार्ट की फ्रांस के सम्राट के तौर पर ताजपोशी की गई।
1848 - फ्रांस जोसेफ प्रथम ऑस्ट्रिया के सम्राट बने।
1911 - जॉर्ज पंचम और क्वीन मैरी भारत आने वाले ब्रिटेन के पहले राजा,रानी बनें। उनके बंबई (अब मुम्बई) आगमन की याद में ही गेटवे ऑफ इंडिया बनाया गया।
1942 - पांडिचेरी (अब पुड्डुचेरी) में श्री अरविंदो आश्रम स्कूल की स्थापना हुई जिसे बाद में श्री अरविंदो इंटरनेशनल सेंटर ऑफ एजुकेशन के नाम से जाना गया।
1960 - भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और वर्तमान भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा का जन्म।
1965 - सीमा सुरक्षा बल की स्थापना हुई
1971 - संयुक्त अरब अमीरात ने ब्रिटेन से स्वतंत्र होने की घोषणा की।
1976 - फिदेल कास्त्रो क्यूबा के राष्टपति बने।
1989 - विश्वनाथ प्रताप सिंह देश के सातवें प्रधानमंत्री बने।
1995 - बेरिंग्स बैंक कांड के चर्चित व्यक्ति निक लीसन को सिंगापुर के न्यायालय द्वारा साढ़े छह वर्ष की क़ैद की सज़ा।
1999 - भारत में बीमा क्षेत्र में निजी क्षेत्र के निवेश को मंजूरी मिली।
2002 - प्रशान्त महासागर के बोरा-बोरा द्वीप में एक जलते यात्री जहाज़ %विडस्टार% से 219 लोगों को सुरक्षित बचाया गया।
2005 - पाकिस्तान सरकार ने मदरसों द्वारा धार्मिक नफ़रत फैलाने एवं आतंकवाद के लिए प्रेरणा देने वाले शिक्षा एवं साहित्य के प्रकाशन पर रोक के लिए क़ानून बनाया।
2006 - फिलीपींस में ज्वालामुखी का मलबा गिरने से 208 लोगों की मृत्यु तथा 261 लोग घायल।

**विरोध** बीएनपी व अन्य पार्टियां हसीना से सत्ता छोड़ने की कर रही मांग

# बंगलादेश में आम चुनाव का बहिष्कार करेगी खालिदा जिया की पार्टी

**ढाका,** 1 दिसम्बर(एजेंसियां)। बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बंगलादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) देश में आगामी सात जनवारी को होने वाले आम चुनाव का बहिष्कार करेगी।

ढाका ट्रिब्यून ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। बीएनपी के प्रवक्ता एकेएम वहीदुज्जमां ने अपने बयान में कहा , हम चुनाव का बहिष्कार कर रहे हैं। हम अपने रुख पर कायम हैं कि प्रधानमंत्री सुश्री शेख हसीना के सत्ता में रहते हुए किसी भी चुनाव में हिस्सा नहीं लेंगे।



नामांकन दाखिले के अंतिम दिन तक भी पार्टी की ओर से एक भी सीट के लिए नामांकन दाखिल नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार की कार्रवाई में उनकी पार्टी के हजारों सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। बीएनपी और अन्य पार्टियों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन कर सुश्री हसीना से सत्ता छोड़ने और निष्पक्ष सरकार को चुनाव चलाने की मांग की है, लेकिन सरकार ने इन मांगों को असंवैधानिक बताया है। उन्होंने सुश्री हसीना पर पिछले दो चुनावों में धांधली करने का आरोप लगाते हुए कहा कि गिरफ्तार किये गये लोगों की संख्या और भी अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक अन्य प्रमुख विपक्षी दलों ने भी कहा है कि वे चुनावों का बहिष्कार करेंगे। इन दलों में जमात-ए-इस्लामी और इस्लामी आंदोलन बंगलादेश भी शामिल हैं।

## पत्रकार को प्रताड़ित करने के मामले में पुलिस अधिकारी निलंबित

**कुआलालम्पुर।** मलेशिया की पुलिस ने बंगलादेश के पत्रकार का अपहरण और उसे प्रताड़ित करने के मामले में संदिग्ध तीन मलेशियाई पुलिस अधिकारियों में से एक को निलंबित कर दिया है। मलेशियाई मीडिया ने कुआलालम्पुर के पुलिस प्रमुख अलाउद्दीन अब्दुल माजिद के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। श्री माजिद ने कहा कि पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है। जांच के नतीजे आने तक शेष दो अधिकारियों को भी इसी तरह के अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा हम आगे के घटनाक्रम की प्रतीक्षा कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अपनी पहचान उजागर करने से परहेज करने वाले 30 वर्षीय पीड़ित पत्रकार ने दावा किया है कि खुद को पुलिस अधिकारी ताने वाले लोगों ने उसे तीन दिनों तक सेलांगोर के एक मकान में बंधक बनाकर रखा और उसके हाथ बांध दिये गये तथा बेंत से पिटायी की गयी। इसके अलावा उन्हें छोड़े जाने के एवज में लाखों रूपयों की फिरौती भी मांगी गयी।

## दुनिया को जानें

# रूस ने अंतरराष्ट्रीय एलजीबीटी आंदोलन को प्रतिबंधित किया

**मॉस्को,** 1 दिसम्बर (एजेंसियां)। रूस ने अतरराष्ट्रीय एलजीबीटी आंदोलन पर प्रतिबंध लगाते हुए कहा है कि यह एक चरमपंथी समूह है जिससे इस पर लंबी कार्रवाई आवश्यक हो जाती है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा प्रचारित रूढ़िवादी रूझान, जिसे प्राय: पश्चिमी उदारवादी मूल्यों के खिलाफ अस्तित्व की लड़ाई के रूप में चित्रित किया जाता है, यह यूक्रेन में आक्रमण के बाद और तेज हो गया है।

पत्रकारों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कल मॉस्को में फैसला सुनाया लेकिन पीठ ने यह नहीं बताया कि इस फैसले से कुछ व्यक्ति या संगठन प्रभावित होंगे या नहीं। न्यायाधीश ओलेग नेफेदोव ने फैसला सुनाया कि अंतरराष्ट्रीय एलजीबीटी सार्वजनिक आंदोलन और उसके उपखंड चरमपंथी हैं और रूस में इसकी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया। एक पत्रकार एडा ब्लेकवेल ने कहा, सुनवाई बंद कमरे में हुई और इसमें कोई बचाव पक्ष मौजूद नहीं था। अदालत के बाहर 10 से भी कम लोग जमा हुए थे। मुझे उम्मीद थी कि समर्थन दिखाने के लिए ज्यादा लोग आएंगे, लेकिन बहुत ही कम लोग आए।

# खेल जगत

## वेस्टइंडीज के शेन डाउरिच ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**एंटीगुआ,** 1 दिसंबर (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज टीम के विकेटकीपर शेन डाउरिच ने तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। शेन डाउरिच को तीन दिसंबर से शुरू होने वाले इंग्लैंड एकदिवसीय मैचों के लिए वेस्टइंडीज टीम में चुना गया था, लेकिन उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया और क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने डाउरिच की जगह किसी अन्य नाम पर फैसला नहीं किया है, कप्तान शाई होप विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार हैं। आईसीसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2015 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले डाउरिच ने 2019 में बंगलादेश के खिलाफ एक एकदिवसीय मुकाबला खेला। वह नियमित रूप से टेस्ट टीम में रहे है।



## आईपीएल की अभूतपूर्व वृद्धि संभावित रूप से मीडिया अधिकारों का मूल्य 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ा सकती है : अरुण धूमल

बेंगलुरु, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के चेयरमैन अरुण धूमल ने संकेत दिया है कि पिछले 15 वर्षों में लीग की सफलता संभावित रूप से अगले दो दशकों में इसके मीडिया अधिकारों का मूल्य 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचा देगी।

आईपीएल के मीडिया अधिकार 6,000 करोड़ रुपये से बढ़कर 48000 करोड़ रुपये हो गए हैं और यह टूर्नामेंट दुनिया की सभी खेल लीगों में नेशनल फुटबॉल लीग (एनएफएल) के बाद दूसरे स्थान पर है। धूमल का मानना है कि लीग की व्यापक लोकप्रियता और सफलता अगले 10 वर्षों में इसके विकास में उत्प्रेरक का काम करेगी।

धूमल ने आरसीबी इनोवेशन लैब के लीडर्स मीट इंडिया शिखर सम्मेलन के दौरान कहा, अगर मुझे यह देखना है कि पिछले 15 वर्षों में यह कैसे हुआ है और अगर मुझे आगे के अनुमानों के अनुसार जाना है, तो हम 2043 के आसपास मीडिया अधिकारों के 50 बिलियन अमरीकी डालर के करीब पहुंचने की उम्मीद कर रहे हैं। आगे बढ़ते हुए, हमें इसे बनाए रखना होगा, नवप्रवर्तन करते रहें, प्रशंसक जुड़ाव के मामले में बेहतर करते रहें और खेलों की गुणवत्ता के मामले में इसे बेहतर बनाते रहें। शिखर सम्मेलन गुरुवार को संपन्न हुआ।

धूमल ने कहा, अब जब क्रिकेट ओलंपिक का हिस्सा बन रहा है और महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) इसे महिला क्रिकेट के लिए एक अलग स्तर पर ले जा रही है, तो मुझे सुरंग के अंत में बहुत आशा और रोशनी दिखाई देती है। जिस तरह से यह पिछले 15 वर्षों से हो रहा है, यह और बेहतर होता जा रहा है। भारत को पूरी दुनिया से अलग प्रतिष्ठा दिलाने में आईपीएल की भूमिका का विश्लेषण करते हुए धूमल ने बताया, आईपीएल दुनिया में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली क्रिकेट लीग है। दुनिया भर में हमारे प्रशंसक हैं और जब वे देखने आते हैं, तो उन्हें भारत की विविधता और संस्कृति देखने को मिलती है।

वे उत्तर से दक्षिण, पूर्व से पश्चिम तक मैच देखेंगे क्योंकि टीमें पूरे देश में फैली हुई हैं। हम अलग-अलग राज्यों, अलग-अलग संस्कृतियों और बोली जाने वाली अलग-अलग भाषाओं के मामले में एक बहुत ही विविध देश हैं, लेकिन यह एक ऐसा मंच है जिसकी जड़ें इतनी अच्छी हैं कि आप भारत को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने में सक्षम हैं।

आईपीएल और इसकी फ्रेंचाइजी के प्रशंसक अंतर्दृष्टि और जुड़ाव के बारे में बात करते हुए, अरुण धूमल ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के व्यापक प्रशंसक आधार की सराहना करते हुए कहा, हम सभी फ्रेंचाइजी के साथ एक टीम के रूप में काम करते हैं, हम सभी भागीदार हैं। हमने हाल ही में आयोजित विश्व कप में देखा है, कि वे (प्रशंसक) टीम इंडिया के लिए थे, लेकिन साथ ही, वे आरसीबी के लिए भी समर्थन कर रहे थे, जो एक अच्छी बात है और हमें इस पर बहुत गर्व है। निजी तौर पर, मुझे लगता है कि आईपीएल सबसे अच्छा मेक इन इंडिया ब्रांड है जिसके बारे में हम आज़ादी के बाद सोच सकते हैं।



### ट्रैविस हेड खेल के तीनों प्रारूपों में उभरती महान प्रतिभाओं में से एक हैं : पोंटिंग

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज क्रिकेटर रिकी पोंटिंग ने बाएं हाथ के बल्लेबाज ट्रैविस हेड को पुरुषों के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेल के सभी प्रारूपों में महान उभरती प्रतिभाओं में से एक बताया है और कहा है कि वह यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि अगले 12 महीनों में उसके लिए क्या होगा। जून में द ओवल में भारत के खिलाफ पहली पारी में 163 रन बनाने के बाद हेड इस साल के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच थे। इस साल के एकदिवसीय विश्व कप में, हेड ने सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में प्लेयर ऑफ द मैच का सम्मान जीता, जिससे जिससे हेड ने भारत के खिलाफ खिताबी मुकाबले में शानदार 137 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया के लिए ट्रॉफी जीती।

## बाबर आजम के खिलाफ मोर्चा संभालने के लिए तैयार हैं नाथन लियोन

**नई दिल्ली,** 1 दिसंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई अनुभवी ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने पाकिस्तान के बल्लेबाजी सुपरस्टार बाबर आजम की जमकर तारीफ की है और उनके खिलाफ मोर्चा संभालने के लिए तैयार हैं।

बाबर 2019-2020 में अपनी सबसे हालिया ऑस्ट्रेलिया यात्रा के कुछ उज्ज्वल पक्षों में से एक है, जहां उन्होंने 97 और 101 रन बनाए। उन्होंने हाल ही में पाकिस्तान की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 10 टेस्ट मैचों में 44.38 का औसत बनाया और पिछले साल कराची में मैच बचाने के लिए शानदार 196 रन बनाए। लाहौर में निर्णायक मैच के निर्णायक चरण में लियोन ने उन्हें आउट कर दिया।

लियोन ने ईएसपीएनक्रिकइन्फो से कहा, सबसे पहले, बाबर के खिलाफ खेलना खुशी की बात है लेकिन वह एक बड़ी चुनौती भी है। मेरी नजर में वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक है, खासकर स्पिन के खिलाफ। वह एक क्लास खिलाड़ी है। लेकिन मुझे लगता है कि वह सभी प्रकार की गेंदबाजी के खिलाफ एक क्लास खिलाड़ी है। उनके पास टीम में कुछ सुपरस्टार हैं, और अगर मैं सुपरस्टार की बात कर रहा हूं तो वह मेरी नजर में पाकिस्तान टीम में नंबर 1 हैं। उन्होंने पिछली बार यहां काफी अच्छा खेला था इसलिए यह हमारे लिए एक बड़ी चुनौती होगी।

हालाँकि, लियोन ने 2016 के बाद से बाबर को पांच बार आउट किया है, और ऑप्टस स्टेडियम, पर्थ शुरुआती मैच का स्थल होने के कारण, वह 496 विकेटों के साथ अपनी गर्मियों की शुरुआत करेगा और तीन मैचों में 22 विकेटों के अपने रिकॉर्ड को देखते हुए, इसकी पूरी संभावना है वह मैच के दौरान 500 विकेटों तक पहुंचने वाले आठवें और ऑस्ट्रेलिया के तीसरे गेंदबाज बन सकते हैं।

उन्होंने कहा, अगर मैं ईमानदारी से कहूं तो टेस्ट मैच खेलने की भूख का स्तर शायद पहले से कहीं अधिक है। मैं इसे लेकर काफी उत्साहित हूं। पर्थ में ऑप्टस स्टेडियम में खेलना पसंद है। यह पाकिस्तान के खिलाफ एक चुनौती होगी, इसलिए यह एक रोमांचक लड़ाई होगी।



इस साल की शुरुआत में एशेज खत्म होने वाली पिंडली की चोट के बाद वापसी करते हुए लियोन ने अपने टेस्ट करियर की पहली बड़ी चोट से लंबे पुनर्वास के बाद पिछले महीने में तीन शेफील्ड शील्ड मैच खेले हैं।

लियोन ने न्यू साउथ वेल्स के लिए अपने तीन शील्ड मैचों में चार विकेट लिए और एससीजी में पिछले मैच में उन पर बहुत अधिक काम का बोझ नहीं था, जहां तेज गेंदबाजों का दबदबा था। लेकिन वह नेट्स में काफी स्पैल डाल रहा है, जिसमें मेंटर जॉन डेविसन के साथ तीन घंटे का कार्यकाल भी शामिल है, और वह अपने बिल्ड-अप के साथ बहुत सहज है।

उन्होंने कहा, मेरा पुनर्वास असाधारण रहा है। मेरे पास बहुत सारे अच्छे लोग हैं जो मेरी मदद कर रहे हैं, यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि मैं हर बॉक्स पर टिक कर रहा हूं और यह सुनिश्चित कर रहा हूं कि मैं वह सब कुछ कर रहा हूं जो जरूरी है। अगर मैं क्रिकेट से बाहर नहीं आ रहा होता तो मैं इस पर सवाल उठा रहा होता, लेकिन तीन शील्ड गेम, एक दिवसीय गेम एक ग्रेड गेम, और बहुत सारा प्रशिक्षण, जिस तरह से चीजें हैं उससे मुझे वास्तव में खुशी महसूस होती है।

## भारत ने 17 पदक पक्के किये, आठ और सेमीफाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली,** 1 दिसंबर (एजेंसियां)। मौजूदा एशियाई जूनियर चैंपियन निशा (52 किग्रा) और आकांशा (70 किग्रा) ने येरेवन (आर्मेनिया) में आईबीए जूनियर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2023 के सातवें दिन छह अन्य भारतीय मुक्केबाजों के साथ पदक पक्के करने के लिए ठोस प्रदर्शन किया।

भारतीय लड़कियों ने एक बार फिर प्रभावी प्रदर्शन किया और सभी पांच मुक्केबाजों ने अपने-अपने मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आकांशा (70 किग्रा) ने दिन की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की, लेकिन उनकी प्रतिद्वंद्वी उज्बेकिस्तान की कुर्बोनबोएवा रेहोना ने अपने जवाबी हमले से भारतीय मुक्केबाज को परेशान कर दिया। हालाँकि, आकांशा ने अंततः विभाजित निर्णय के आधार पर 4-1 से जीत हासिल की। दूसरी ओर, निशा (52 किग्रा) आयरलैंड की ग्रेस कॉनवे के लिए बहुत मजबूत साबित हुई क्योंकि उन्हें सर्वसम्मति से 5-0 के फैसले से विजेता घोषित किया गया। रेफरी द्वारा रूस की मारिया काजाओवा के खिलाफ दूसरे राउंड में मुकाबला रोकने के बाद सृष्टि ने 63 किग्रा में आसान जीत दर्ज की। कृतिका (75 किग्रा) ने समान रूप से प्रभावशाली प्रदर्शन किया और अपनी प्रतिद्वंद्वी मेक्सिको की मेलेंडेज़ सांचेज़ को रेफरी द्वारा पहले दौर में बाउट रोककर मुकाबला जीतने से पहले शांत नहीं होने दिया। विनी (57 किग्रा) ने त्रिनिदाद और टोबैगो की प्रतिद्वंद्वी नुनेज़ नाओमी द्वारा वॉकओवर दिए जाने के बाद सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस बीच, देश के लिए लड़कों के वर्ग में यह एक मिश्रित दिन था क्योंकि पांच प्रतिस्पर्धी मुक्केबाजों में से तीन ने अंतिम चार में जगह बनाई। हेमंत सांगवान (80+किग्रा) और सिकंदर (48किग्रा) ने अपने विरोधियों क्रमशः बुल्गारिया के बाचेवस्की रोसेलिन और किर्गिस्तान के उरमानोव रामज़िदीन से बेहतर प्रदर्शन किया और 5-0 के समान निर्णय के साथ मुकाबला जीत लिया।

## विश्व कप ट्रॉफी पर फिर रखूंगा पैर : मिचेल मार्श

**पर्थ,** 1 दिसंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर मिशेल मार्श ने शुक्रवार को जोर देकर कहा कि वनडे विश्व कप ट्रॉफी के दौरान अपने पैरों को आराम देना अपमानजनक नहीं था और उन्होंने कहा कि उन्हें दोबारा ऐसा करने में कोई आपत्ति नहीं होगी।

अहमदाबाद में अभूतपूर्व छठे पुरुष एकदिवसीय विश्व कप खिताब जीतने के लिए ऑस्ट्रेलिया ने खिताबी मुकाबले में मेजबान भारत को छह विकेट से हरा दिया, इसके कुछ ही समय बाद, ट्रॉफी पर अपने पैरों के साथ मार्श की एक तस्वीर कप्तान पैट कमिंस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा की, जिसने एक तस्वीर बनाई जिसे लेकर सोशल मीडिया पर भारी हंगामा हो गया। एसईएन रेडियो पर मार्श ने कहा, स्पष्ट रूप से उस तस्वीर में किसी भी तरह का अपमान नहीं था। मैंने इस पर बहुत अधिक विचार नहीं किया है, मैंने सोशल मीडिया पर बहुत कुछ नहीं देखा है, भले ही हर कोई मुझसे कहता है कि यह बंद हो गया है। इसमें कुछ भी नहीं है।

मार्श को भारतीय प्रशंसकों की आलोचना का सामना करना पड़ा, खासकर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने बाद में कहा कि वह फोटो में उनके हावभाव से आहत थे। यह पूछे जाने पर कि क्या वह ऐसा दोबारा करेंगे, मार्श ने कहा, हां, ईमानदारी से कहूं तो शायद। 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप खेले जाने के चार दिन बाद, ऑस्ट्रेलिया और भारत पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में आमने-सामने होंगे, जिसका चौथा मैच शुक्रवार को रायपुर में होगा। मार्श ने कहा कि किसी वैश्विक आयोजन के तुरंत बाद द्विपक्षीय टूर्नामेंट का कार्यक्रम तय करने जैसी चीजों से भविष्य में बचना चाहिए। हाँ, यह उन लोगों के लिए बहुत अपमानजनक था जिन्हें पीछे रहना पड़ा। यह एक अच्छी लाइन है क्योंकि हमें इस तथ्य का सम्मान करना होगा कि हम ऑस्ट्रेलिया के लिए खेल रहे हैं और यह भारत के खिलाफ एक श्रृंखला है जो हमेशा बड़ी होती है।



लेकिन इसका मानवीय पक्ष भी है, लड़कों ने हाल ही में विश्व कप जीता है और शायद वे कुछ समय के लिए जश्न मनाने और अपने परिवारों के पास घर जाने के हकदार हैं। यह दिलचस्प है. आप उम्मीद करेंगे कि बड़े टूर्नामेंटों के बाद फिर से बहुत अधिक श्रृंखलाएं नहीं होंगी।

स्टीव स्मिथ, एडम ज़म्पा, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, जोश इंगलिस और सीन एबॉट पहले तीन टी20 मैचों में हिस्सा लेने के बाद स्वदेश लौट चुके हैं, ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला में 2-1 से पीछे है और ट्रैविस हेड विश्व कप विजेता टीम के एकमात्र सदस्य हैं। अब भारत में. मार्श ने हस्ताक्षर करते हुए कहा, मैंने उन छह लोगों के लिए जश्न मनाया जो पीछे रह गए, मैंने उनके लिए जश्न मनाया।

## शिव थापा, अमित पंघाल और सागर राष्ट्रीय मुक्केबाजी के फाइनल में

**नई दिल्ली,** 1 दिसंबर (एजेंसियां)। छह बार के एशियाई चैंपियनशिप के पदक विजेता शिव थापा (63.5 किग्रा), अमित पंघाल (51 किग्रा) और सागर (92+ किग्रा) ने शिलांग में अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए 7वीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया।

असम का प्रतिनिधित्व कर रहे, शिव ने अपने अनुभव का प्रदर्शन करते हुए महाराष्ट्र के हरिवंश तिवारी पर 5-0 के सटीक स्कोर के साथ शानदार जीत हासिल की। पिछले संस्करण के स्वर्ण पदक विजेता का फाइनल में एसएससीबी (सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड) के वंशज से मुकाबला होगा।

दूसरी ओर, एसएससीबी का प्रतिनिधित्व करने वाले अमित पंघाल आरएसपीबी (रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड) के अंकित के खिलाफ आमने-सामने थे। पूरे मुकाबले में कड़ी प्रतिस्पर्धा रही, लेकिन बेहद अनुभवी 28 वर्षीय खिलाड़ी ने खेल के महत्वपूर्ण क्षणों में अपना संयम बनाए रखा और



अपने प्रतिद्वंद्वी को 5-2 के विभाजित निर्णय से हरा दिया। 2019 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता का अब फाइनल में चंडीगढ़ के अंशुल पुनिया से मुकाबला होगा। एक अन्य रोमांचक मुकाबले में, आरएसपीबी का प्रतिनिधित्व कर रहे सागर ने सेमीफाइनल मुकाबले में दिल्ली के विशाल कुमार का सामना किया। सागर का कौशल और शक्तिशाली पंच पूरे प्रदर्शन पर थे और उन्होंने मैच पर अपना दबदबा बनाते हुए 5-0 के स्कोर के साथ जीत हासिल की। 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता का स्वर्ण पदक मैच में पंजाब के जयपाल सिंह से मुकाबला होगा।

जीत की लय को बढ़ाते हुए, 2021 एशियाई चैंपियन, एसएससीबी के संजीत (92 किग्रा) ने अपने प्रतिद्वंद्वी एआईपी (अखिल भारतीय पुलिस) के विक्की को हरा दिया। संजीत अपने खेल में शीर्ष पर थे और सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल करने के लिए मुकाबले पर हावी रहे। फाइनल में संजीत का मुकाबला हरियाणा के नवीन कुमार से होगा। फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले अन्य एसएससीबी मुक्केबाजों में बरुण सिंह (48 किग्रा), पवन (54 किग्रा), सचिन (57 किग्रा), आकाश (60 किग्रा), वंशज (63.5 किग्रा), रजत (67 किग्रा), आकाश (71 किग्रा), दीपक (75 किग्रा), लक्ष्य (80 किग्रा) और जुगनू (86 किग्रा) शामिल हैं।

## विश्व कप में इंग्लैंड को संघर्ष करते देखना कठिन था लेकिन यह टीम को परिभाषित नहीं करता : बेन डकेट

**सेंट जॉन्स (एंटीगा),** 1 दिसंबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने कहा कि 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में टीम को संघर्ष करते देखना उनके लिए कठिन था, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि हालिया प्रतियोगिता में निराशाजनक प्रदर्शन उनके पिछले ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए टीम को परिभाषित नहीं करता है।

इंग्लैंड ने गत चैंपियन के रूप में भारत में प्रतियोगिता में प्रवेश किया, लेकिन अपने पहले सात मैचों में से छह हारकर नॉकआउट की दौड़ से बाहर हो गया। लेकिन नीदरलैंड और पाकिस्तान पर देर से जीत ने 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उनकी योग्यता सुनिश्चित कर दी। टेस्ट टीम के नियमित सदस्य डकेट, रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी वनडे सीरीज शुरू करने पर नई दिखने वाली इंग्लैंड टीम के खिलाड़ियों में शामिल हैं। कप्तान जोस बटलर, सैम करेन, लियाम लिविंगस्टोन, हैरी ब्रूक, गस एटकिंसन और ब्रायडन कार्स वनडे विश्व कप टीम के छह खिलाड़ी हैं जो वेस्टइंडीज दौरे का हिस्सा हैं। मैंने (इस साल के विश्व कप में) इंग्लैंड का हर मैच देखा और कभी-कभी इसे देखना कठिन था। मैं अपने साथियों को वहां जाकर संघर्ष करते हुए देख रहा था। यह वास्तव में कठिन था। मैं कुछ सप्ताह पहले उनके साथ खेल रहा था, इसलिए यह कठिन था। डकेट ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, लेकिन हमने देखा है कि इंग्लैंड ने पिछले आठ वर्षों में कैसा खेला है और एक खराब पांच सप्ताह किसी टीम को परिभाषित नहीं करते हैं।

## जूनियर महिला विश्व कप, रोमांचक मुकाबले में भारत जर्मनी से 3-4 से हारा

**सैंटियागो,** 1 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 के अपने दूसरे मैच में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन एलीट टूर्नामेंट के पिछले संस्करण की उपविजेता जर्मनी से पिछड़ गई जिसने शुक्रवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले में 4-3 से जीत दर्ज की। भारत के लिए, अन्नू (11), रोपनी कुमारी (14), और मुमताज खान (24) ने गोल किए, जबकि सोफिया श्वाबे (17), लौरा प्लूथ (21, 36) और कैरोलिन सेडेल (38) ने जर्मनी के लिए गोल किये। भारत ने जल्द ही पासिंग लय में आ गया, शुरुआती क्वार्टर में खेल पर कब्ज़ा जमाकर और लगातार जर्मनी की रक्षात्मक रेखा का परीक्षण करके खेल पर हावी हो गया। उनके शुरुआती प्रयासों के बावजूद, भारत को जर्मनी की मजबूत रक्षा ने विफल कर दिया, जिससे उन्हें क्वार्टर के अंतिम मिनटों तक गोल करने से रोक दिया गया।

लगातार दबाव के इस दौर में भारतीय टीम को लगातार पेनल्टी कॉर्नर मिले और अन्नू (11) ने दूसरे मौके का फायदा उठाते हुए जोरदार शॉट लगाया और आखिरकार अपनी टीम को बढ़त दिला दी। गतिरोध तोड़ने के तुरंत बाद, भारत ने अपनी स्थिति को और मजबूत कर लिया क्योंकि रोपनी कुमारी (14) ने एक और पेनल्टी कॉर्नर पर एक अच्छी तरह से निष्पादित शॉट के साथ नेट हासिल कर लिया। पहले क्वार्टर का समापन भारत की 2-0 की बढ़त के साथ हुआ, जो टीम के लिए एक सफल शुरुआत थी।



जर्मनी, स्थिति को मोड़ने के लिए दृढ़ था, नए उत्साह के साथ दूसरे क्वार्टर में पहुंचा। उनके प्रयास सफल रहे क्योंकि सोफिया श्वाबे (17) ने एक प्रभावशाली फील्ड गोल किया, जिससे जर्मनी का घाटा कम हो गया। इस गति को आगे बढ़ाते हुए, लौरा प्लूथ (21) ने स्कोर बराबर करने के लिए एक शक्तिशाली प्रहार किया। हालाँकि, भारत ने तेजी से जवाब दिया क्योंकि मुमताज खान (24) ने कुशलतापूर्वक गेंद को विपक्षी गोलकीपर के पास डाल दिया, जिससे गति वापस भारत के पक्ष में आ गई और उन्हें फिर से आगे कर दिया क्योंकि वे 3-2 की बढ़त के साथ आधे समय के ब्रेक में गए।

अपनी बढ़त बनाए रखने के लिए दृढ़ संकल्पित भारत ने तीसरे क्वार्टर में गेंद पर कब्ज़ा करने को प्राथमिकता दी, फिर भी जर्मनी स्कोर बराबर करने में सफल रहा। लौरा प्लूथ (36) ने दूसरी बार गोल करके मैच को बराबर कर दिया। उनके पुनरुत्थान से प्रेरित होकर, जर्मनी ने अपने हमलों को तेज कर दिया, पेनल्टी कॉर्नर से कैरोलिन सीडेल (38) के गोल से बढ़त हासिल कर ली।

जवाबी कार्रवाई के लिए उत्सुक भारत ने हमलों की आवृत्ति बढ़ा दी। लेकिन, उनके प्रयासों के बावजूद, तीसरे क्वार्टर की समाप्ति तक स्कोर जर्मनी के पक्ष में 4-3 रहा। अंतिम क्वार्टर में दोनों ओर से आक्रामक प्रदर्शन देखने को मिला और जर्मनी अपनी बढ़त बढ़ाने के करीब पहुंच गया। हालाँकि, भारतीय गोलकीपर माधुरी किंडो के आमने-सामने की स्थिति में असाधारण बचाव ने जर्मनी को अपनी बढ़त बढ़ाने का मौका नहीं दिया।

इस बीच, भारत को अंतिम मिनटों में लगातार पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन वे गोल करने में असफल रहे। चौथा क्वार्टर बिना किसी गोल के समाप्त हुआ और जर्मनी की 4-3 से जीत हुई। भारतीय टीम टूर्नामेंट के अपने तीसरे मैच में शनिवार को बेल्जियम से भिड़ेगी।

## सार संक्षेप

### मोरक्को, पुर्तगाल, स्पेन ने 2030 फीफा विश्व कप होस्ट करने के लिए लगाई बोली

**जिनेवा।** फीफा ने गुरुवार को घोषणा की कि 2030 विश्व कप के लिए मोरक्को, पुर्तगाल और स्पेन ने टूर्नामेंट होस्ट करने के लिए बोली लगाई है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, फीफा ने कहा कि उरुग्वे, अर्जेंटीना और पराग्वे ने भी 2030 विश्व कप मैच के साथ शताब्दी समारोह की मेजबानी के लिए बोली लगाने वालों के रूप में पुष्टि की है। 2034 फीफा विश्व कप के लिए सऊदी अरब की बोली भी फीफा को प्राप्त हुई थी, और मेजबान की नियुक्ति फीफा कांग्रेस द्वारा की जाएगी। फीफा ने कहा, जनवरी 2024 में फीफा बोली लगाने वाले सभी देशों के साथ बातचीत करेगा और मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद अपनी रिपोर्ट प्रकाशित करेगा।

### फीफा रैंकिंग में अर्जेंटीना शीर्ष पर

**जिनेवा।** फीफा ने गुरुवार को घोषणा की कि तीन बार का विश्व कप चैंपियन अर्जेंटीना नवीनतम फीफा रैंकिंग में शीर्ष पर बना हुआ है, जबकि इंग्लैंड शीर्ष तीन में पहुंच गया है। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अर्जेंटीना 1855.20 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर कायम है, उसके बाद फ्रांस है, जबकि कोलंबिया और अर्जेंटीना से लगातार हार के कारण ब्राजील, जो पहले तीसरे स्थान पर था, पांचवें स्थान पर खिसक गया है। इंग्लैंड तीसरे और बेल्जियम चौथे स्थान पर पहुंच गया। नीदरलैंड छठे स्थान पर आ गया है, जबकि पुर्तगाल, स्पेन, इटली और क्रोएशिया शीर्ष दस से बाहर हो गए हैं। नवंबर 2023 में पूरी दुनिया में कुल 188 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले गए, जिसमें 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर अफ्रीका, एशिया और दक्षिण अमेरिका में हुए।

### डॉमिनिका ने टी-20 विश्वकप की मेजबानी से पीछे हटा

**रुसाउ।** कैरेबियाई देश डॉमिनिका तय समय में जरूरी निर्माण कार्य पूरा नहीं होने के हवाला देते हुए टी-20 विश्वकप 2024 के मैचों की मेजबानी से पीछे हट गया है। डॉमिनिका सरकार के यहां जारी बयान में कहा, हमें ठेकेदारों से जो समयसीमा मिली थी।

### सुडोकू 6393 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 6 |
| 5 | 1 | 2 | 7 | 6 | 3 | 9 | 8 | 4 |
| 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 3 | 7 |
| 3 | 2 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 | 1 | 9 |
| 9 | 6 | 8 | 4 | 1 | 5 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 3 | 2 | 9 | 6 | 5 | 8 |
| 2 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 8 | 6 | 5 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 7 | 3 | 4 | 1 |
| 8 | 3 | 1 | 5 | 4 | 6 | 7 | 9 | 2 |

# राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों और निर्वाचन अभिकर्ताओं व संलग्न कर्मचारियों ने जानी व्यवस्था

## सुरक्षा के साथ होगी मतगणना, मोबाइल, स्मार्ट वॉच, कैमरा व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पर प्रतिबंध





**महासमुंद,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 आम चुनाव अन्तर्गत 3 दिसंबर को होने वाले मतगणना से दो दिन पूर्व संलग्न कर्मचारियों ने विधानसभावार निर्धारित मतगणना कक्ष में अपनी उपस्थिति देकर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से प्राप्त मतों एवं डाक मत पत्रों से प्राप्त परिणामों की गिनती तथा टेबलवार निर्धारित प्रपत्रों को पूर्ण करने तथा सुरक्षा व्यवस्था का पूर्वाभ्यास किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने पूर्वाभ्यास का जायजा लेते हुए उपस्थित अधिकारी.कर्मचारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों और प्रतिनिधियों ने भी मतगणना हाल में जाकर मतगणना प्रक्रिया के रिहर्सल का पूर्वावलोकन किया। मास्टर ट्रेनर तोषण गिरी गोस्वामी ने मतगणना स्थल पर प्रशिक्षण देते हुए संलग्न कर्मचारियों की शंकाओं का समाधान किया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर मलिक के निर्देशन में रिटर्निंग अधिकारियों दुर्गेश वर्मा, उमेश साहू, श्रीमती सृष्टि चंद्राकर, ओंकारेश्वर सिंह ने चारों विधानसभा क्षेत्र हेतु निर्धारित मतगणना कक्ष में मतगणना कार्य से संबंधित दिशा निर्देश दिये। उन्होंने मतगणना टेबल में उपलब्ध सभी प्रपत्रों को पूर्ण करने की जानकारी प्रदान की। उन्होंने सभी प्रपत्रों को सावधानी पूर्वक भरने के निर्देश भी दिए। रिटर्निंग अधिकारियों ने सहायक मतगणना अधिकारी.कर्मचारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ईव्हीएम लाने.ले जाने वाले कर्मचारियों को क्रमवार स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक सावधानीपूर्वक जाने के निर्देश दिए गए। मौके पर संलग्न पुलिस कर्मचारियों, अधिकारियों को मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी करने के निर्देश दिए। मतगणना हाल में मोबाइल, स्मार्ट वॉच, आईपेड, लैपटॉप, कैमरा सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणए बीड़ी, सिगरेट गुटखा जैसे सामग्री ले जाने पर प्रतिबंध होगी।

**रिहर्सल कर मतगणना के संबंध में ली जानकारी**

**मीडिया सेंटर में प्रवेश के लिए प्राधिकार पत्र अनिवार्य:** मतगणना स्थल कृषि उपज मंडी पिटियाझर परिसर में ही प्रेस एवं मीडिया प्रतिनिधियों के लिए मीडिया सेंटर बनाया गया है। मीडिया सेंटर में जाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के फोटोयुक्त प्राधिकार पत्र एवं संस्था से संबंधित पहचान पत्र रखना अनिवार्य है। इसके बिना मीडिया सेंटर में प्रवेश पर पाबंदी है। मीडिया सेंटर में टीवी की भी व्यवस्था की गई है। कलेक्टर ने मीडिया सेंटर का जायजा लेते हुए टीवी, कम्प्यूटर, इंटरनेट, पेयजल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

**मतगणना स्थल पर तीन लेयर में होगी सुरक्षा व्यवस्था, कैमरों से भी होगी निगरानी, अलग.अलग होगी पार्किंग व्यवस्था, मोबाइल, स्मार्ट वॉच पर प्रतिबंध:** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 03 दिसंबर को कृषि उपज मंडी पिटियाझर महासमुंद में प्रात: 08 बजे से मतगणना की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। इस दौरान मतगणना शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशन में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। मतगणना स्थल में प्रवेश हेतु सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। यहां तीन लेयर में सुरक्षा व्यवस्था होगी। यहां कैमरे से निगरानी होगी। प्रवेश की पात्रता अनुसार पार्किंग की व्यवस्था भी अलग.अलग की गई है।

**30 नवंबर तक कुल 5139 डाक मतपत्र प्राप्त:** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले में 30 नवम्बर तक प्राप्त कुल 5139 डाक मतपत्रों की गणना होगी। जिसके अंतर्गत विधानसभावार निर्वाचन ड्यूटी में तैनात मतदाताओं हेतु सुविधा केंद्र से विशेष संवाहक द्वारा डाक मतपत्रों की कुल संख्या 4686 है। जिसमें महासमुंद विधानसभा अंतर्गत 1253, खल्लारी में 857, बसना में 1402 एवं विधानसभा सरायपाली में 1174 डाक मतपत्र हैं। जिले में दिव्यांग, 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं कोविड अंतर्गत डाक मतपत्र से मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या 335 है। जिसमें महासमुंद से 51, खल्लारी से 73, बसना से 109 और सरायपाली से 102 मतदाता है। इसी तरह ईटीपीबीएस ;सेवा मतदाताओं से प्राप्त अंतर्गत 30 नवंबर तक प्राप्त डाक मतपत्र की संख्या 118 है। जिसमें विधानसभा महासमुंद अंतर्गत 35, खल्लारी में 23, बसना में 31 और सरायपाली में 29 डाक मतपत्र है। मतगणना दिवस में उक्त डाक मतपत्रों तथा निर्धारित तिथि तक प्राप्त ईटीपीबीएस डाक मतपत्रों की गणना सुनिश्चित की जाएगी। ईटीपीबीएस की संख्या परिवर्तनीय है, इस संबंध में सभी रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों को जानकारी साझा भी की जा रही है। सर्वप्रथम पोस्टल बैलेट ईटीपीबीएस की गणना प्रारंभ होगी।

# गंगरेल जगंल में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश करने वाली महिला को रूद्री पुलिस पेट्रोलिंग ने मौके पर पहुंचकर बचाई जान



**धमतरी,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। गुरूवार 30 नवम्बर को रूद्री थाना प्रभारी रूद्री को मोबाइल के माध्यम से सूचना मिली की कोई अज्ञात महिला गंगरेल अंगारमोती मंदिर के पास जगंल में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश कर रही है।

सूचना मिलते ही रूद्री थाना प्रभारी द्वारा तत्काल पुलिस पेट्रोलिंग मौके पर भेजकर आस पास के आम लोगों द्वारा उक्त महिला का पतासाजी कर 108 एम्बुलेंश के माध्यम से जिला अस्पताल धमतरी भिजवाया गया। बाद उक्त महिला के पास रखे मोबाईल फोन के माध्यम से परिजन को भी सूचित कर जिला अस्पताल पहुचने बताया गया।

**आस पास के लोगों द्वारा उक्त महिला के संबंध में पतासाजी कर 108 एम्बुलेंश के माध्यम से भिजवाया हॉस्पिटल**

उक्त महिला के पुत्र हर्ष साहु जिला-बलोद को थाना बुलाकर उक्त महिला का नाम पता पुछकर उसका सामान पर्स एंव मोबाईल फोन को उसके बेटे हर्ष साहू के सपुर्द में दिया गया। रूद्री थाना द्वारा उनकी मॉ को तत्काल हॉस्पिटल भेजकर जान बचाने के लिए उनके बेटे हर्ष द्वारा रूद्री पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर द्वारा इस सराहनीय कार्य के लिए रूद्री पुलिस की प्रशंसा किया गया।

# पेंशनरों ने किया चालीसा पाठ



**महासमुंद,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। पेंशनर भवन में प्रत्येक मंगलवार को शाम 6 बजे हनुमान चालीसा का सामुहिक पाठ किया जा रहा है। चालीसा के बाद विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया जा रहा है।

जानकारी देते हुए छग पेंशनधारी कल्याण संघ के अध्यक्ष अशोक गिरि गोस्वामी व सचिव बीआर देवांगन बताया कि गण दिनों उत्तराखंड के टर्नर में फंसे 41 मजदूरों की सकुशल वापसी के लिए पेंशनरों ने विशेष हनुमान चालीसा का पाठ किया। सकुशल वापसी पर सभी मजूदरों के लिए संघ ने बधाई व शुभकामनांए प्रेषित की है। चालीसा पाठ में प्रमुख रूप में नारायल चंद्राकर, बोधन साहू, बसंत चंद्राकर, महेश शर्मा, राजेंद्र, सुरेंद्र ध्रुव, तृतीय वर्ग कर्मचारी संध से रेखराज शर्मा, कांतिलाल यादव, सनतकुमार यादव आदि उपस्थित थे।

# पालिका में अब सुबह राष्ट्रगान के बाद शुरु होगा कामकाज



**महासमुंद,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे ने कार्यालय में शुक्र वार से एक नई परंपरा शुरुआत की है। सुबह कार्यालय की शुरुआत के पूर्व पालिका में उपस्थित अधिकारी.कर्मचारी सर्वप्रथम राष्ट्रगान करेंगे बाद कार्यों की शुरुआत करेंगे।

इस परम्परा का उद्देश्य अधिकारी.कर्मचारियों में देशभक्ति की भावना बढ़ाना और उन्हें अपने काम के प्रति अधिक प्रतिबद्ध बनाना है।

# दुर्घटनाओं पर गंभीरता से ध्यान देने के बजाए फुटपाथ व्यवसाईयों को तंगाने लगी है प्रशासन



**महासमुंद,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। दुर्घटनाओं पर गंभीरता पूर्वक कार्रवाई करने के बजाए फुटपाथ में धंधा करने वाले व्यवसायियों पर प्रशासन कड़ाई करने लगा है ऐसे फुटपाथ व्यवसायी जो नाली के उपर व्यवसाय कर रहे है उन पर भी बेदखली के लिए धमकाया जा रहा है। शासन-प्रशासन अपनी नाकामईयों को छिपाने के लिए गरीब फुटपाथ व्यवसाईयों पर अत्याचार कर रही है उक्त बातें लघु फुटपाथव्यावसायी संघ एवं बाइपास रोड निर्माण संघर्ष समिति के पंकज साहू व फुटपाथ व्यवसाईयों ने कही। उन्होंने कहा कि फूटकर व्यवाईयों को तंगाने और व्यवसाय प्रभावित करने की बलपूर्वक कार्रवाई प्रशासन करती है तो उसके खिलफ सड़क की लड़ाई लड़ी जाएगी। गत दिनों नेहरू चौक में राव दंपत्ति की सड़क दुर्घटना में मृत्यु ट्रैफिक व्यवस्था की खामियों के कारण हुई। मुख्य चौराहे पर सिग्नल बंद था और टाईमर भी नही लगा है इसके अलावा ट्रैफिक पुलिस भी गैरमौजूद रही जिसके कारण यह दुर्घटना घटी है। इसी तरह 7 जून को कांग्रेस नेता सुरेश द्विवेदी की दुर्घटना में मौत भी विद्युत पोलों में लगे विज्ञापन बोर्डों के कारण आने वाले वाहन नही दिखने के कारण हुई। अन्य दुर्घटनओं में भी प्रमुख वजह संकेतक, टाईमर, विज्ञापन बोर्ड और ट्रैफिक पुलिस की खामियां रही है। इस संबंध में जब जिला प्रशासन से पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार भेंटकर ज्ञापन और चर्चा के लिए गए किंतु जिले के मुख्या ने सभी से एक साथ मिलने से इंकार कर दिया। जबकि वहां सारगर्भित चर्चा व सुझाव को लेकर गणमान्य नागरिक व बुद्धीजीवी गए थे।

**दिन में बंद हो भारी वाहनों का प्रवेश लड़ी जाएगी सड़क की लड़ाई**

उन्होंने कहा कि नगर में भारी वाहनों का प्रवेश रात्रि 6 से 10 बजे तक वर्जित किया जाए साथ ही स्टंट बाईकर्स पर भी कड़ी कार्रवाई पुलिस को करना चाहिए। और कोई राजनीतिक व्यक्ति दखल देता है तो उसकी जानकारी नागरिकों से साझा करें जिससे दखल देने वाले प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्ति से भी समिति मिलकर उन्हें समझाईस देगी। उन्होंने आरोप लगाया कि बाइपास रोड निर्माण नही होने के पीछे 2010 से 2023 तक रहे क्षेत्रीय सांसद और विधायक प्रमुख रूप से जिम्मेदार है। अब पालिका प्रशासन गरीब फूटपाथ व्यवसाईयों पर अपनी दादागिरी करते हुए गलत कार्यो का विरोध करने वालों को चिन्हांकित कर नियम विरूद्ध कार्रवाई व जुर्माना वसूल रही है। पूर्व में नगर पालिका परिषद द्वारा फूटपाथ के गरीब लघु व्यवसाईयों से व्यवस्थापन के नाम हजारों लाखों रुपए लिए है और आज तक व्यवस्थापन नही किया गया है। उन्होंने मांग की है कि व्यवसाईयों को उचित स्थान पर व्यवस्थापन दिया जाए। जिससे उनकी आजीविका प्रभावित न हो। श्री साहू ने कहा कि नगर में व्यवसायिक भवनों में पार्किग की व्यसस्थ नही और पार्किग के स्थान पर अवैध तरीकेसे दुकानें संचालित कर किराया वसूला जा रहा है ऐसे व्यवसायिक दुकानों पर पालिका द्वारा केवल खानापूर्ति करने के नाम पर समय-समय पर नोटिस भर जारी किया जा रहा है और कोई कार्रवाई नही की जाती।

# तीनों विधानसभाओं में 1 दिसम्बर तक सभी श्रेणियों के कुल 3 हजार 598 डाक मतपत्र प्राप्त

**धमतरी,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 1 दिसम्बर 2023 तक जिले के तीनों विधानसभाओं में सभी श्रेणियों के कुल 3 हजार 598 डाक मतपत्र प्राप्त हो चुके हैं। इसमें सेवा मतदाताओं के ईटीपीबी, निर्वाचन ड्यूटी कर्मचारियों के सुविधा केन्द्रों से प्राप्त डाक मतपत्र और अनुपस्थित श्रेणी के 80+, दिव्यांग एवं अनिवार्य सेवा मतदाताओं के प्राप्त डाक मतपत्र सभी शामिल है। सेवा मतदाताओं को जारी किये गए ईटीपीबी प्रत्येक दिवस प्राप्त हो रहे हैं, जिनकी संख्या 1 दिसम्बर 2023 तक कुल 291 है। सेवा मतदाताओं के ईटीपीबी दिनांक 3 दिसंबर 2023 को मतगणना प्रारम्भ होने के पूर्व तक प्राप्त किये जाएंगे। प्रत्येक दिवस प्राप्त होने वाले इन ईटीपीबी को जिला स्तर पर अभ्यर्थियों अथवा उनके प्रतिनिधियों के उपस्थिति में जिला मुख्यालय के ट्रेज़री स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा जाता है और इसकी संख्यात्मक जानकारी से सभी को अवगत कराया जाता है।

डाक मतपत्रों की कुल संख्या में निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों के कुल 3 हजार 220 डाक मतपत्र भी शामिल हैं, जो कि मतदान दिवस के 1 दिन पूर्व तक निर्मित सुविधा केन्द्रों से प्राप्त हुए थे। 80+ आयु वर्ग एवं दिव्यांगजनों के घर-घर जाकर प्राप्त किये गए डाक मतपत्रों की संख्या कुल 87 है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी ने बताया कि प्राप्त डाक मतपत्रों की संख्यात्मक जानकारी प्रत्येक दिवस जिला स्तर पर भी इसकी जानकारी से सभी अभ्यर्थियों को अवगत कराया जा रहा है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**
क्रमांक/6712/वा.नजूल/2023
खैरागढ़, दिनांक 30.11.2023

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती गोदवारी देवांगन पति श्री रमेश देवांगन निवासी दाऊचोरा खैरागढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान गंडई द्वारा नगर खैरागढ़ मोहल्ला दाऊचौरा वार्ड क्रमांक 17 ब्लाक नं. 07 स्थित भूमि प्लाट नं. 50/2 रकबा 370 वर्गफुट में पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 30.06.2022 आवेदक के नाम पर निष्पादित किए जाने के फलस्वरूप उक्त वाद भूमि का नामांतरण अपने नाम पर किये जाने संबंधी आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्तानुसार वाद भूमि पर आवेदक के नाम पर नामांतरण किये जाने में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपना आपत्ति /आक्षेप ईश्तहार प्रकाशन तिथि के 15 दिनों के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.11.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर नजूल अधिकारी
खैरागढ़

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार संतोष साहू पिता पीलूराम साहू निवासी ग्राम जनता क्यूआर नं. 456 जनता कालोनी कुम्हारे चौक के पास गुढियारी रायपुर छ.ग. के द्वारा प्रेमलाल पिता स्व. बिश्राम पाड़े के स्वामित्व एवं आधिपत्य की मौजा बलौदाबाजार प.ह.नं. 15 रा.नि.मं. व तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. स्थित भूमि खसरा नम्बर 236 रकबा 0.709 हे. (लगभग 1 एकड 76 डिसमील, 6 डोली) को खरीदने का सौदा किया गया है। इस संबंध में विक्रेता को बयाना राशि भी दी जा चुकी है, जिसका शेष राशि प्राप्त कर पंजीयन कार्यालय में विक्रय का पंजीयन कराया जाना शेष है। अत: उक्त भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अशासकीय कार्यालय, निगम, बैंक एवं कम्पनी को किसी प्रकार की आपत्ति दावा हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से मुझसे सम्पर्क कर दस्तावेज सहित प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा समय अवसान के बाद किसी प्रकार की आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। मेरे पक्षकार उक्त भूमि के विक्रय पंजीयन कराने के लिये स्वतंत्र होगा।
दिनांक 01.12.2023
राजनारायण त्रिपाठी
अधिवक्ता
बलौदाबाजार
मो.नं. 9893054491

**न्यायालय नायब तहसीलदार सण्डी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.**
**ईश्तहार**
क्रमांक/228/ना. तह./वा./2023
सण्डी दिनांक 20.11.2023
रा.प्र.कं. ब/121 वर्ष 2022-23
प.ह.नं. 11 ग्राम गाडाकुसमी

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक भीम पिता धुनु जाति कुर्मी निवासी ग्राम गाडाकुसमी रा.नि.मं. सण्डी तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक का ग्राम गाडाकुसमी प.ह.नं. 13 स्थित भूमि ख.नं. 361/4 रकबा 0.729 हे. भूमि आवेदक एवं सहखातेदार के नाम पर संयुक्त खाते के रूप राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त वाद भूमि का ऋण पुस्तिका कही गुम हो चुका है। जिससे ढुढंने पर कही नही मिलने पर थाना में रिपोर्ट दर्ज किया गया जिससे खाद बीज कृषि कार्य एवं अन्य कार्यो में असुविधा हो रही है। आवेदक द्वारा द्वितीय प्रति किसान किताब प्रदाय किये जाने हेतु आवेदनमय बी-1 खसरा बैंक का अनापत्ति प्रमाण पत्र थाना रिपोर्ट की कापी संलग्न कर प्रस्तुत किया गया है। जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त के संबंध में जिस किसी को दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 05.12.2023 तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.11.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील नायब तहसीलदार
सण्डी (पलारी)

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा**
**ईश्तहार**
क्रमांक/तह./वा./2023
सिमगा, दिनांक 28.11.2023
रा.प्र.क्र./ब-121/2023
ग्राम बनसांकरा प.ह.नं. 13

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक संतोष साहू पिता जनक राम जाति तेली निवासी ग्राम बनसांकरा थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनकी पिता जनक राम पिता फुदरू का (मृत्यु) दिनांक 10.05.2009 को ग्राम बनसांकरा में होने पर भूलवश मृत्यु का पंजीयन नीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 13/12/2023 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

मुहर कार्यपालिक दण्डाधिकारी
सिमगा

**नाम परिवर्तन**

मैं शपथकर्ता सेनासंख्या-13947143F पूर्वसैनिक नायक (NAIK) बोइरी कृष्णा मूर्ति (BOIRI KRISHNA MURTHY) उर्फ (Alias) बी.के. मूर्ती (B. K. MURTHY) पिता-श्री बोइरी येल्लाय्या (BOIRI YELLAYYA) निवासी- HOUSE NO - MIG 779, WORLD BANK COLONY, WARD NO 14 (NOW - 22), POST - KURUD BHILAI, DIST - DURG , CHHATTISGARH - 490024 का हूँ, जो की निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूँ, यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ, यह कि मैं पूर्वसैनिक नायक (NAIK) बोइरी कृष्णा मूर्ति (BOIRI KRISHNA MURTHY) उर्फ (Alias) बी.के.मूर्ती (B. K. MURTHY) पिता-श्री बोइरी येल्लाय्या (BOIRI YELLAYYA) हूँ, सेना के सभी दस्तावेजों में मेरी पत्नी का नाम-बी. पदमावती (B. PADMAVATI) दर्ज है जो की त्रुटीपूर्ण एवं गलत है यह कि सेना के सभी दस्तावेजों में मैं अपनी पत्नी का नाम-बी.पदमावती (B. PADHAMAVATI) दर्ज कराना चाहता हूँ जो भारत सरकार के द्वारा बनाये गए आधार कार्ड क्रमांक - 7330 4880 3417, पेन कार्ड क्रमांक - AYIPP6435A, इंडियन बैंक पासबुक प्रथम पृष्ठ खाता क्रमांक- 568398866, एवं भारत निर्वाचन आयोग पहचान पत्र क्रमांक-ZJY1856368 के अनुसार सत्य एवं वास्तविक है यह कि सेना के दस्तावेजों में दर्ज नाम-बी.पदमावती (B. PADMAVATI) व उपरोक्त दस्तावेजों में दर्ज नाम-बी पदमावती (B. PADHAMAVATI) दोनों एक ही महिला का नाम है जो मेरी पत्नी है। अब से मेरी पत्नी बी पदमावती (B PADHAMAVATI) के नाम से जानी व पहचानी जायेगी। जिसके समर्थन में यह शपथपत्र शक्षम अधिकारी के शमक्ष प्रस्तुत हैं।

शपथकर्ता
13947143F पूर्वसैनिक नायक (NAIK) बोइरी कृष्णा मूर्ति (BOIRI KRISHNA MURTHY) उर्फ(Alias) बी.के. मूर्ती (B. K. MURTHY)

**भानू प्रताप सिंह त्यागी, अष्टम अपर जिला न्यायाधीश, दुर्ग (छ.ग.)**
**मुकदमें के फैसले के बारे में समंस**
(सिविल प्रोसीजर कोड, आर्डर 5 रूल्स 1 और 5)
प्रो.क्र. 1534/23
दीवानी मुकदमा नं. 72/2023
आवेदक- पुरूषोत्तम
अनावेदक- आम जनता

क्योंकि मुद्दई मजकूर ने आपके खिलाफ व्यवहार अपील अंतर्गत धारा 96 का मुकदमा दाया किया है, आपको इस समंस के जरिये हुक्म होता है कि आप इस अदालत में तारीख 12.12.2023 को दिन के 11 बजे खुद या ऐसे वकील के मार्फत जिसे कि मुकदमें की बातें ठीक-ठाक तौर से समझा दी हो और जो कि मुकदमें के बारे में कुल जरूरी सवालात का जवाब दे सके (या) जिसमें साथ कोई ऐसा आदमी मौजूद हो जो कि ऐसे सवालात का जवाब दे सके। मुकदमें का जवाब देने के लिये जाहिर हो जावो और आपकी हाजरी के लिये मुकर्रर किया हुआ दिन मुकदमें के आखिरी फैसले के वास्ते रखा जाने की वजह से आपको इस तारीख को ऐसे सभी गवाहों और दस्तावेजों को पेश करने के लिये तैयार रखना होगा कि जिन पर आप अपने बचाव की पुष्टि के लिये भरोसा रखना चाहते हों।

आपको ताकीद की जाती है कि यदि आप तारीख मजकूर पर हाजिर न होवोगे तो आपके गैर हाजिरी में मुकदमें की सुनवाई होकर उसका फैसला किया जावेगा।

आज तारीख 19.10.2023 को अदालत की मुहर से जारी किया गया।

सील (भानू प्रताप सिंह त्यागी)
अष्टम अपर जिला न्यायाधीश
दुर्ग (छ.ग.)

**मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स**
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता, आदेश 5 नियम 1 और 5)
वाद क्रमांक 223/23 सन् 2018
प्रो.क्र. 1434
पेशी दिनांक 02.01.2024
न्यायालय विवेक कुमार वर्मा चतुर्थ अतिरिक्त मो.दु.दा.अधि. दुर्ग (छ.ग.)
आवेदक बीसमत बाई
अनावेदक सुभाष साहू व अन्य
बनाम (1) अना.क्र.-1 सुभाष साहू आ.पी.सी. साहू उम्र 49 वर्ष निवासी नंदिनी भिलाई द्वारा अखिल कुमार मेठी निवासी चोलामण्डलम ऑफिस नेशनल कार्पोरेशन पार्क जी.ई. रोड रायपुर छ.ग., जिला रायपुर (छ.ग.)

क्योंकि वादी/आवेदक ने आपके विरूद्ध (2) अखिल कु. मेठी आ. गुनाधर मेइरी पता आ.क्र.-1 जैसा का वाद प्रस्तुत किया है कि आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक 02 माह 01 सन् 2024 को सुबह 11 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर/अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते हे, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावे समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर रकते है, तो आप ऐसे दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपावन की जावे वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त बतायी गई पेशी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज दिनांक 30.11.2023 को न्यायाल की मुहर से जारी किया गया।

मुहर विवेक कुमार वर्मा
चतुर्थ अति.मो.दु.दा.अधि. दुर्ग
दुर्ग (छ.ग.)

**मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स**
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता, आदेश 5 नियम 1 और 5)
वाद क्रमांक 159/20 सन् 2018
प्रो.क्र. 1433
पेशी दिनांक 02.01.2024
न्यायालय विवेक कुमार वर्मा चतुर्थ अतिरिक्त मो.दु.दा.अधि. दुर्ग (छ.ग.)
आवेदक कृष्णा ठाकुर
अनावेदक विपिन कुमार व अन्य
बनाम (1) अना.क्र.-3 श्रीकांत साहू आ. लोचन प्रसाद साहू निवासी नयापारा नगर राजिम तह. राजिम जिला-रायपुर (छ.ग.)

क्योंकि वादी/आवेदक ने आपके विरूद्ध ...................... का वाद प्रस्तुत किया है कि आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक 02 माह 01 सन् 2024 को सुबह 11 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर/अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते हे, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावे समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर रकते है, तो आप ऐसे दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपावन की जावे वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त बतायी गई पेशी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज दिनांक 30.11.2023 को न्यायाल की मुहर से जारी किया गया।

मुहर विवेक कुमार वर्मा
चतुर्थ अति.मो.दु.दा.अधि. दुर्ग
दुर्ग (छ.ग.)

**मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स**
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता, आदेश 5 नियम 1 और 5)
वाद क्रमांक 158/20 सन् 2018
प्रो.क्र. 1432
पेशी दिनांक 02.01.2024
न्यायालय विवेक कुमार वर्मा चतुर्थ अतिरिक्त मो.दु.दा.अधि. दुर्ग (छ.ग.)
आवेदक विक्रम यदु
अनावेदक विपिन कुमार व अन्य
बनाम (1) अना.क्र.-3 श्रीकांत साहू आ. लोचन प्रसाद साहू निवासी नयापारा नगर राजिम तह. राजिम जिला-रायपुर (छ.ग.)

क्योंकि वादी/आवेदक ने आपके विरूद्ध ...................... का वाद प्रस्तुत किया है कि आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक 02 माह 01 सन् 2024 को सुबह 11 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर/अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते हे, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावे समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर रकते है, तो आप ऐसे दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपावन की जावे वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त बतायी गई पेशी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज दिनांक 30.11.2023 को न्यायाल की मुहर से जारी किया गया।

मुहर विवेक कुमार वर्मा
चतुर्थ अति.मो.दु.दा.अधि. दुर्ग
दुर्ग (छ.ग.)

**कार्यालय-सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र-दुर्ग**
**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अविनाश कुमार पुरकैत आ. श्री असित कुमार पुरकैत, निवासी-केम्प-1 भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग में स्थित भवन क्रमांक सी.एच.-1140, कुरूद भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है, आबंटी द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्रक उप पंजीयक कार्यालय, दुर्ग से दिनांक 04.02.2016 एवं फ्री-होल्ड दिनांक 07.11.2022 अनुसार, उक्त भवन बयनामा रजिस्ट्री दिनांक 11.11.2022 को श्रीमती मिथिलेश मिश्रा पति श्री मनीष मिश्रा के नाम पर विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेता श्रीमती मिथिलेश मिश्रा के द्वारा आवेदन एवं पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मण्डल अभिलेख में अपने नाम पर दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: नवीन क्रेता श्रीमती मिथिलेश मिश्रा के नाम पर हस्तान्तरण/नामांतरण किया जाता है, तो किसी भी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था बैंक, वित्तिय निकायों इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो, आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करे बाद में प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा, नामान्तरण की कार्यवाही करने के लिए मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 30.11.2033 कोे जारी किया गया।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

**कार्यालय-सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र-दुर्ग**
**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सफीयूल मियाँ आ. श्री सैदू मियाँ एवं श्री अकबर अली आ.स्व. मो. ईशा, निवासी-भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग में स्थित भवन क्रमांक एल.आई.जी.-279, उमदा भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है, आबंटियों द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्रक उप पंजीयक कार्यालय, दुर्ग से दिनांक 06.07.2017 एवं फ्री-होल्ड दिनांक 31.01.2019 अनुसार, उक्त भवन बयनामा रजिस्ट्री दिनांक 12.07.2023 को श्री योगेश बंछोर आ. श्री नेतराम बंछोर के नाम पर विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेता श्री योगेश बंछोर के द्वारा आवेदन एवं पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मण्डल अभिलेख में अपने नाम पर दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: नवीन क्रेता श्री योगेश बंछोर के नाम पर हस्तान्तरण/नामांतरण किया जाता है, तो किसी भी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था बैंक, वित्तिय निकायों इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो, आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति/ दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करे बाद में प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा, नामान्तरण की कार्यवाही करने के लिए मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 01.12.2023 को जारी किया गया।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

**कार्यालय-सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र-दुर्ग**
**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती डी. सुनीता पति श्री डी. उमापति राव, निवासी-विशाखापटनम (आंध्र.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग में स्थित भवन क्रमांक एल.आई.जी.-41, चरोदा भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है, आबंटी द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्रक उप पंजीयक कार्यालय, दुर्ग से दिनांक 14.03.2012 एवं फ्री-होल्ड दिनांक 25.03.2014 अनुसार, उक्त भवन बयनामा रजिस्ट्री दिनांक 17.10.2023 को श्री बालेश्वर पहान आ.स्व. लुन्दा पहान के नाम पर विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रता श्री बालेश्वर पहान के द्वारा आवेदन एवं पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मण्डल अभिलेख में अपने नाम पर दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

अत: नवीन क्रेता श्री बालेश्वर पहान के नाम पर हस्तान्तरण/नामांतरण किया जाता है, तो किसी भी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था बैंक, वित्तिय निकायों इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो, आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति/ दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करे बाद में प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा, नामान्तरण की कार्यवाही करने के लिए मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक को जारी किया गया।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा**
**ईश्तहार**
क्रमांक/तह./वा./2023
सिमगा, दिनांक 28.11.2023
रा.प्र.क्र./ब-121/2023
ग्राम-चोरहानवगांव प.ह.नं. 02

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक देवदास पिता भागीरती जाति निवासी ग्राम चोरहानवागांव थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनकी बुआ झोलो पिता धनाराम का (मृत्यु) दिनांक 03/04/2015 को ग्राम चोरहानवागॉव में होने पर भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 13/12/2023 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

मुहर कार्यपालिक दण्डाधिकारी
सिमगा

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा**
**ईश्तहार**
क्रमांक/तह./वा./2023
सिमगा, दिनांक 28.11.2023
रा.प्र.क्र./ब-121/2023
ग्राम-चोरहानवगांव प.ह.नं. 02

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक देवदास पिता भागीरती जाति निवासी ग्राम चोरहानवागांव थाना सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) ने आवेदन मय शपथ पत्र पेश कर निवेदन किया है कि उनकी चाचा भागबली पिता धनाराम का (मृत्यु) दिनांक 01.02.2017 को ग्राम चोरहानवागांव में होने पर भूलवश मृत्यु का पंजीयन नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र की मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपति हो तो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 13/12/2023 को दावा आपति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

मुहर कार्यपालिक दण्डाधिकारी
सिमगा

# रेलवे ने चार दर्जन ट्रेनों को किया रद्द

**रायपुर,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। रेलवे ने एक बार फिर चार दर्जन से अधिक गाड़ियों को रद्द कर दिया है वहीं रद्द गाड़ियों की वजह से यात्रियों को एक बार फिर परेशानी का सामना करना पड़ेगा शादी विवाह का सीजन शुरू हो गया है ऐसे में यात्री परेशान हो सकते हैं रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में राजनांदगांव एवं कन्हान रेलवे स्टेशनों के मध्य तीसरी रेल लाइन का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के अंतर्गत कन्हान स्टेशन में 2 से 14 दिसम्बर तक नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाएगा। जिसके कारण गाड़ियों को रद्द एवं कुछ को गंतव्य से पहले समाप्त एवं रवाना किया जाएगा, जिसकी जानकारी इस प्रकार है :-

रदद की गई गाडियों में- 4 से 14 दिसम्बर तक गाड़ी संख्या 08711 डोंगरगढ-गोंदिया मेमू, 4 से 14 दिसम्बर तक गाड़ी संख्या 08713 गोंदिया-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू, 4 से 14 दिसम्बर, तक गाड़ी संख्या 08716 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-गोंदिया मेमू, 4 से 14 दिसम्बर तक गाड़ी संख्या 08712 गोंदिया-डोंगरगढ मेमू, 4 से 14 दिसम्बर तक गाड़ी संख्या 08756 नेता जी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रामटेक मेमू , 4 से 14 दिसम्बर तक गाड़ी संख्या 08751 रामटेक-नेता जी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू, 4 से 14 दिसम्बर, तक गाड़ी संख्या 08754 नेता जी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रामटेक मेमू, 4 से 14 दिसम्बर तक गाड़ी संख्या 08755 रामटेक-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी मेमू, 5 से 14 दिसम्बर तक गाड़ी संख्या 08281 नेता जी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-तिरोड़ी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

5 से 14 दिसम्बर तक गाड़ी संख्या 08284 तिरोड़ी-तुमसर पैसेंजर स्पेशल, 6 से 15 दिसम्बर तक गाड़ी संख्या 08283 तुमसर-तिरोड़ी पैसेंजर स्पेशल, 6 से 15 दिसम्बर तक गाड़ी संख्या 08282 तिरोड़ी-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी पैसेंजर स्पेशल, 4 से 13 दिसम्बर तक गाड़ी संख्या 08267 रायपुर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी पैसेंजर स्पेशल, 5 से 14 दिसम्बर तक गाड़ी संख्या 08268 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रायपुर पैसेंजर स्पेशल, 4 से 12 दिसम्बर तक गाड़ी संख्या 18109 टाटा नगर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस, 6 से 14 दिसम्बर तक गाड़ी संख्या 18110 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-टाटा नगर एक्सप्रेस, 8 दिसम्बर को गाड़ी संख्या 12870 हावड़ा-छत्रपति शिवाजी टर्मिनस एक्सप्रेस, 10 दिसम्बर को गाड़ी संख्या 12869 छत्रपति शिवाजी टर्मिनस-हावड़ा एक्सप्रेस, 4, 05, 11, एवं 12 दिसम्बर, को गाड़ी संख्या 20843 बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस, 7,09,14 एवं 16 दिसम्बर को गाड़ी संख्या 20844 भगत की कोठी- बिलासपुर एक्सप्रेस, 7 एवं 09 दिसम्बर को गाड़ी संख्या 20844 बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस, 10 एवं 12 दिसम्बर, को गाड़ी संख्या 20846 बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस , 10 दिसम्बर को गाड़ी संख्या 22905 ओखा-शालीमार एक्सप्रेस, 12 दिसम्बर को गाड़ी संख्या 22906 शालीमार-ओखा एक्सप्रेस, 10 दिसम्बर को गाड़ी संख्या 12145 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-पुरी एक्सप्रेस, 12 दिसम्बर को गाड़ी संख्या 12146 पुरी-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस, 8 एवं 09 दिसम्बर को गाड़ी संख्या 12812 हटिया-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस, 10 एवं 11 दिसम्बर को गाड़ी संख्या 12811 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-हटिया एक्सप्रेस, 10 दिसम्बर को गाड़ी संख्या 22620 तिरुनेलवेली-बिलासपुर एक्सप्रेस, 12 दिसम्बर को गाड़ी संख्या 22619 बिलासपुर- तिरुनेलवेली एक्सप्रेस , 9 दिसंबर को गाड़ी संख्या 20822 सांतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस, 11 दिसंबर को गाड़ी संख्या 20821 पुणे-सांतरागाछी एक्सप्रेस, 4 एवं 11 दिसंबर, को गाड़ी संख्या 12767 नांदेड़-सांतरागाछी एक्सप्रेस, 6 एवं 13 दिसंबर को गाड़ी संख्या 12768 सांतरागाछी-नांदेड़ एक्सप्रेस, 6 एवं 09 दिसंबर को गाड़ी संख्या 13425 माल्दा टाउन-सूरत एक्सप्रेस, 4 एवं 11 दिसंबर को गाड़ी संख्या 13425 सूरत-माल्दा टाउन एक्सप्रेस, 6, 08, एवं 11 दिसंबर को गाड़ी संख्या 12771 सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस, 7, 09, एवं 12 दिसंबर को गाड़ी संख्या 12772 रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस, 10 दिसंबर को गाड़ी संख्या 22847 विशाखापट्टनम-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस, 12 दिसंबर को गाड़ी संख्या 22848 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस, 8 दिसंबर को गाड़ी संख्या 12993 गांधीधाम-पुरी एक्सप्रेस, 11 दिसंबर, को गाड़ी संख्या 12993 पुरी-गांधीधाम एक्सप्रेस, 4, 07, एवं 11 दिसंबर को गाड़ी संख्या 20823 पुरी-अजमेर एक्सप्रेस, 7, 12, एवं 14 दिसंबर को गाड़ी संख्या 20824 अजमेर-पुरी एक्सप्रेस, 7, 09, 11 एवं 13 दिसंबर को गाड़ी संख्या 11754 रीवां-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस, 7, 09, 12 एवं 14 दिसंबर को गाड़ी संख्या 11753 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी-रीवां एक्सप्रेस, 8, 09, 11 एवं 12 दिसंबर को गाड़ी संख्या 12101 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-शालीमार एक्सप्रेस, 10, 11, 13 एवं 14 दिसंबर को गाड़ी संख्या 12101 शालीमार-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस रद्द रहेगी।



■ शादी विवाह के सीजन में यात्रियों की बढ़ेगी परेशानी

गंतव्य से पहले समाप्त की जाने वाली गाड़ियां- 5 से 13 दिसंबर तक छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से छूटने वाली गाड़ी संख्या 12105 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-गोंदिया एक्सप्रेस नागपुर में समाप्त होगी। 6 से 14 दिसंबर 2022 तक गोंदिया से छूटने वाली गाड़ी संख्या 12106 गोंदिया-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एक्सप्रेस नागपुर से गंतव्य के लिए रवाना होगी। 4 से 12 दिसंबर 2022 तक कोपरगाँव से छूटने वाली गाड़ी संख्या 11039 कोपरगाँव-गोंदिया एक्सप्रेस नागपुर में समाप्त होगी। 6 से 14 दिसंबर 2022 तक गोंदिया से छूटने वाली गाड़ी संख्या 11040 गोंदिया-कोपरगाँव एक्सप्रेस नागपुर से गंतव्य को रवाना होगी।

पुनर्निर्धारित (विलंब से रवाना होने वाली) गाड़ियों में

6 एवं 09 दिसंबर को गाड़ी संख्या 18240 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी -कोरबा शिवनाथएक्सप्रेस नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी स्टेशन से 2 घंटे मिनट विलंब से रवाना होगी।

8 एवं 09 दिसम्बर को गाड़ी संख्या 12808 हजरत निजामुद्दीन विशाखापट्टनम समता एक्सप्रेस निजामुद्दीन से एक घंटा 30 मिनट विलंब से रवाना होगी।

9 दिसम्बरको गाड़ी संख्या 22893 साईं नगर शिरडी -हावड़ा एक्सप्रेस साईं नगर शिरडी से 30 मिनट विलंब से विलंब से रवाना होगी।

## हाथियों का आतंक

# महिला को पटक-पटककर उतारा मौत के घाट, दहशत में ग्रामीण



**बलरामपुर,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है. बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ वन परीक्षेत्र में हाथी ने एक महिला को पटक-पटककर मार डाला. इस घटना से ग्रामीण दहशत में हैं. घटना के बाद वन विभाग की टीम अलर्ट पर है और लोगों को हाथियों से बचाव को लेकर आगाह कर रहे हैं.

शंकरगढ़ वन परिक्षेत्र के अंतर्गत पतरा टोली में सुबह के समय 11 हाथियों का दल ने जमकर उत्पात मचाया है. वहीं हाथियों के आने की जानकारी लगते ही विधवा महिला बसंती देवी अपनी जान बचाते हुए भागने लगी तभी हाथियों के झुंड से इसका सामना हो गया और हाथियों ने पटक-पटक कर महिला की जान ले ली. हाथियों के हमले से महिला के शव दो टुकड़ों में बट गया. वहीं जैसे ही इसकी जानकारी गांव के लोगों को लगी तो अफरा तफरी मच गई. इसकी सूचना तत्काल गांव वालों ने वन विभाग को सूचना दी. मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने हाथियों को गांव से खदेड़ा और मृतिका के शव को पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.वहीं मृतिका के परिजनों को वन विभाग ने तत्काल सहायता राशि दी.

वन परिक्षेत्र अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि हाथी क्षेत्र से अचानक शंकरगढ़ वन परीक्षेत्र में आए हुए हैं. आने की जानकारी लगते ही हमारे द्वारा गांव में मुनादी करा दी गई थी और गांव के लोगों को अलर्ट कर दिया गया था कि गांव के समीप हाथियों का झुंड आया हुआ है, सभी लोग सतर्क रहें. लेकिन अचानक से हाथियों के सामना होने से या घटना घटी है. एक हफ्ते में दो लोगों की मौत हाथियों के हमले से हुई है. वन विभाग लगातार लोगों से हाथियों से दूर रहने की अपील कर रहा है.

## पीएलजीए सप्ताह शुरू होने से पहले नक्सलियों ने मचाया उत्पात

# जनअदालत में उपसरपंच की हत्या मोबाइल टॉवर को लगाई आग

**कांकेर,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। नक्सलियों ने कांकेर क्षेत्र में गुरुवार को जमकर उत्पात मचाया. एक जगह पुलिस मुखबिरी के आरोप में उप सरपंच की जनअदालत लगाकर हत्या कर दी, वहीं दूसरी ओर पक्की सड़क को काटने के साथ मोबाइल टॉवर को आग लगा दी।



नक्सलियों का 2 दिसंबर से पीएलजीए सप्ताह शुरू हो रहा है. इसके पहले उन्होंने कांकेर जिला के छोटे बेठिया और बांदे थाना क्षेत्र में जमकर उत्पात मचाया। पुलिस मुखबिरी का आरोप में कंदाड़ी गांव के उप सरपंच उपसरपंच रामसू कचलामी की जन अदालत लगाकर हत्या कर दी. नक्सलियों ने बाकायदा पर्चा जारी कर हत्या की जिम्मेदारी ली। दूसरी तरफ पीव्ही 62 में मोबाइल टावर में आग लगाई. इसके साथ संगम जाने वाली पक्की सड़क को भी जगह-जगह से काटकर सड़क को उखाड़ दिया. इसके साथ भारी मात्रा में पर्चे फेंके।

# चोरी के 63 मामलों में 64 लाख का माल बरामद

**भिलाईनगर,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। दुर्ग जिला पुलिस अधीक्षक ने आज शुक्रवार चोरी के 13 मामलों का खुलासा किया है। 13 मामलो में 2 गैंग के 7 आरोपी और 3 खरीददार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की कब्जे से 64.75 लाख का माल जब्त की गई है। आरोपी सकलैन, सयान, फरहान, विशाल सिंह, आकाश, गोल्डी पूर्व में भी नकबजनी के मामलों में पकड़े गये हैं। पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामगोपाल गर्ग ने बताया कि रेसिंग बाईक में सवार होकर शहर में घूम घूम कर चोरी की घटना को अंजाम देते थे। आरोपियों के कब्जे से कुल 64 लाख 75 हजार की सामग्री बरामद किया जा रहा है। ए.सी.सी.यू. एवं थाना जामुल, पुरानी भिलाई, सुपेला, मोहन नगर की टीम संयुक्त रूप से की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामगोपाल गर्ग के द्वारा चोरी के मामलों में त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपियों की शीघ्र पतासाजी एवं माल बरामदगी हेतु निर्देश प्राप्त हुये थे। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर अभिषेक झा, नगर पुलिस अधीक्षक छावनी आशीष बंछोर, नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर व्ही.डी. त्रिपाठी, नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग मणिशंकर चंद्रा के मार्गदर्शन में ए.सी.सी.यू. प्रभारी निरीक्षक नरेश पटेल, निरीक्षक संतोष मिश्रा, थाना प्रभारी जामुल निरीक्षक केशव कोसले, थाना प्रभारी पुरानी भिलाई निरीक्षक मनीष शर्मा, थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक दुर्गेश शर्मा, थाना प्रभारी मोहन नगर निरीक्षक विजय यादव, चौकी प्रभारी स्मृतिनगर उप निरीक्षक नवीन राजपुत के नेतृत्व में ए.सी.सी.यू. एवं थानों की एक संयुक्त टीम गठित कर टीम को कार्यवाही हेतु लगाया गया था। टीम द्वारा घटना स्थल का सूक्ष्मता से निरीक्षण कर घटना स्थल एवं उसके आस-पास के आवागमन के मार्गों में लगे सीसीटीवी फूटेज का अवलोकन किया गया। जिससे कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के फूटेज प्राप्त हुये। फूटेज के आधार पर जेल से रिहा हुये पूर्व के संदिग्धों से पूछताछ कर एवं होटल लॉज, ढ़ावा मे संदिग्धों के फूटेज दिखाकर आरोपियों के पतासाजी के प्रयास किये जा रहे थे। पतासाजी हेतु विशेष सूत्र भी लगाये गये थे। इसी तरह चोरी के कुछ जगहो पर पल्सर एन.एस.मोटर सायकल में सवार कुछ संदिग्ध सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दिये थे जिसके आधार पर पतासाजी की जा रही थी, कि इसी दौरान विशेष सूत्रों से पता चला कि रूंगटा कॉलेज कुरूद के पास कुछ लड़के आये हुये है जो कि डिजिटल कैमेरा बेचने के लिये किसी से बातचीत कर रहे है कि सूचना पर टीम द्वारा घेराबंदी कर सकलेन, मोह. सयान, फरहान नाम के लड़को को पकड़ा गया जिनसे प्रारंभिक पूछताछ करने पर गुमराह करते रहे। किंतु सतत् तथ्यात्मक पूछताछ करने पर अलग अलग समय पर अपने अलग.अलग साथियों जैसे सकलेन, मो. सयान, फरहान खान एवं तौकीर साथ मिलकर कैलाश नगर, हाऊसिंग बोर्ड,लक्ष्मी विहार जामुल, पंचशील नगर व वसुंधरा नगर पुरानी भिलाई, त्रिवेणीनगर स्मृतिनगर व हरिनगर मोहन नगर क्षेत्र में नकबजनी की घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किये। सोने चांदी के जेवरातों को तकियापारा निवासी शेख नीसाद के माध्यम से सोन चांदी के जेवरात को काजल निवासी दुर्ग को बेचना बताये। आरोपियों के निशानदेही पर आरोपी सोने.चांदी के जेवरात आदि बरामद किया गया।



# स्कूली छात्राओं ने आदिवासी लोकवाद्यों को जाना

**भिलाई,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ के विज्ञान ज्योति प्रोग्राम 2023-24 के अंतर्गत डोंगरगढ़-जिला राजनांदगांव के 50 से ज्यादा स्कूली छात्राओं का समूह अपने शिक्षकों के साथ भिलाई पहुंचा। बीती रात इन छात्राओं ने प्रख्यात लोक वाद्य संग्राहक रिखी क्षत्रिय के मड़ोदा सेक्टर स्थित निवास व कार्यशाला में करीब 2 घंटे बिताए।

जहां इन स्कूली छात्राओं ने छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों के आदिवासी अंचल से रिखी क्षत्रिय द्वारा एकत्र किए गए लोक वाद्यों को करीब से देखा। इन छात्राओं ने रिखी क्षत्रिय द्वारा से छत्तीसगढ़ी संस्कृति से जुड़ी तमाम जानकारियां हासिल की। वहीं छत्तीसगढ़ के परंपरागत वाद्य यंत्रों में कुछ को इन छात्राओं ने बजा कर भी देखा और तमाम गतिविधियों के खूब वीडियो भी बनाए।

देर शाम पहुंची इन छात्राओं ने रिखी क्षत्रिय इन वाद्य यंत्रों को संग्रह करने के अनुभव और इन्हें बजाने की तकनीक की जानकारी विस्तार से दी। बच्चियों ने कई सवाल पूछ कर अपनी जिज्ञासा शांत की। इस दौरान रिखी क्षत्रिय ने बताया कि उन्होंने साल 1985 से वाद्य यंत्र संजोने का सिलसिला शुरू किया था, जो अब तक जारी है। छात्राओं के सवाल के जवाब में रिखी ने बताया कि 1984-85 में केंद्र सरकार ने आदिवासियों की संस्कृति का अध्ययन करने एक प्रोजेक्ट दिया था। जिसमें शोध के दौरान उनका आदिवासी वाद्य यंत्रों से परिचय होता गया और इन्हे संग्रहित करने उनका जुनून बढ़ता गया।



■ संग्राहक रिखी क्षत्रिय से छत्तीसगढ़ी संस्कृति की ली जानकारियां

रिखी क्षत्रिय ने बताया कि उनके संग्रहालय में सबसे छोटा (डेढ़ इंच का) वाद्ययंत्र 'कुहुकी' है। जिससे कोयल की आवाज निकलती है। इसी पर उन्होंने संग्रहालय का नाम 'कुहुकी कलाग्राम' रखा है। उन्होंने बताया कि पहले घर के हॉल में वाद्य यंत्रों को रखना शुरू किया, लेकिन जल्दी ही वह छोटा पड़ने लगा। इसके बाद उन्होंने बड़ा हॉल बनवाया। वहीं संग्रहालय में सबसे बड़ा माड़िया वाद्य यंत्र है जो सवा पांच फीट लंबा है। इसकी गोलाई डेढ़ फीट है। उन्होंने बताया कि 'कुहुकी कलाग्राम' में हू-ब-हू शेर की आवाज निकलने वाली वाद्ययंत्र 'घुमरा' भी मौजूद है। उन्होंने इसे बजा कर भी दिखाया।

इन छात्राओं और शिक्षकों ने रिखी क्षत्रिय से छत्तीसगढ़ी संस्कृति से जुड़ी जानकारी भी ली। जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ के विज्ञान ज्योति प्रोग्राम 2023-24 के अंतर्गत इस अध्ययन यात्रा में केंद्रीय विद्यालय डोंगरगढ़, शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल डोंगरगढ़, शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल डोंगरगढ़, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मुरमुंदा, स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल डोंगरगढ़ और शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बधियाटोला डोंगरगढ़ की 50 से ज्यादा छात्राएं अपने शिक्षकों के साथ शामिल थीं।

## सिम्स के ओएसडी का हाई कोर्ट में कबूलनामा

# डॉक्टरों में नहीं है वर्क कल्चर, प्राइवेट प्रैक्टिस पर रहता है ज्यादा ध्यान

**बिलासपुर,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। सिम्स की बदहाली पर स्वत: संज्ञान याचिका पर हाईकोर्ट की बेंच ने सुनवाई की. सुनवाई के दौरान सिम्स के ओएसडी ने माना कि सिम्स के डॉक्टरों में वर्क कल्चर नहीं है. डॉक्टरों का ज्यादा ध्यान प्राइवेट प्रैक्टिस पर रहता है. हाई कोर्ट ने डीन और एमएस को व्यवस्था बनाने में असफल बताते हुए 6 दिसंबर को अगली सुनवाई निर्धारित की है.



बीते दिनों सिम्स की अव्यवस्था को लेकर मीडिया में आ रही खबरों को लेकर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने संज्ञान लिया था. इसके बाद एक जनहित याचिका के रूप में इस मामले की सुनवाई की जा रही है. पूर्व में हुई सुनवाई में हाई कोर्ट ने राज्य शासन के सीनियर आईएएस आर प्रसन्ना को सिम्स के ओएसडी के रूप में काम करते हुए अपनी विस्तृत रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे. ओएसडी ने चीफ जस्टिस व जस्टिस रविन्द्र अग्रवाल की डीबी में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की. इसमें स्वीकार किया गया है कि सिम्स में वर्क कल्चर पूरी तरह प्रभावित हो गया है. इसे वापस पटरी पर लाने में अभी बहुत समय लगेगा.

हाई कोर्ट ने एडवोकेट सूर्या कंवलकर डांगी, अपूर्व त्रिपाठी और संघर्ष पाण्डेय को कोर्ट कमिश्नर नियुक्त कर सिम्स में पूरी जांच कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा था. कोर्ट कमिश्नरों ने भी अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की. रिपोर्ट में बताया गया कि बहुत से डॉक्टर प्रायवेट प्रैक्टिस भी करते हैं. इस पर चीफ जस्टिस ने पूछा कि इन्हें नॉन प्रैक्टिस अलाउंस तो मिलता होगा. इस पर बताया गया कि शासन जिला अस्पताल में तो यह देता है, लेकिन सिम्स के एक मेडिकल कालेज होने के कारण यहां का प्रावधान स्पष्ट नहीं है. सुनवाई के दौरान कोर्ट कमिश्नर अपूर्व त्रिपाठी ने बताया कि सिम्स के ठीक सामने ही कई निजी डायग्नोस्टिक सेंटर भी चल रहे हैं।

# सरगुजा संभाग में 10 सीटें जीतेगी भाजपा, 3 दिसंबर को कांग्रेस की रवानगी तय: संजय श्रीवास्तव

■ कॉग्रेस की सरकार ने पिछले पाँच वर्षों में इस क्षेत्र में ऐसा कोई काम नहीं किया जिसको उपलब्धि माना जा सके



**अंबिकापुर,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। संकल्प भवन भाजपा कार्यालय अंबिकापुर में भाजपा सरगुजा संभाग प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया। भाजपा जिला संगठन प्रभारी ज्योति नंद दुबे, जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा तथा पूर्व सांसद कमलभान सिंह की उपस्थिति में प्रेस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 2018 के चुनाव में जनता के बीच ऐसा कोई आकर्षण नही था कि कांग्रेस को लाना है लेकिन कांग्रेस ने षड्यंत्र करके झूठे घोषणा पत्र के माध्यम से महिलाओं युवा, किसान तथा आम जनता को ठगने के लिए तमाम वादे किये, और छल पूर्वक सरकार बनाया। पूरे 5 वर्षों तक भूपेश की सरकार केवल बहाना करती रही और घोषणा पत्र में किए हुए कोई भी वादे पूरे नहीं किए। अब 3 दिसंबर को कांग्रेस की रवानगी तय है और सरगुजा संभाग में भाजपा 14 सीटों में कम से कम 10 सीटें जीतकर 2003 का इतिहास दोहराएगी

आगे उन्होंने कहा कि कॉंग्रेस की सरकार ने पिछले पाँच वर्षों में इस क्षेत्र में ऐसा कोई काम नहीं किया जिसको उपलब्धि माना जा सके। भूपेश सरकार में यहाँ से तीन तीन मंत्रियों के होते हुए सरगुजा अंचल भारी उपेक्षा का शिकार हुआ। आम जनता खासकर यहाँ के आदिवासी समाज के लिए कॉंग्रेस सरकार में ऐसा कोई काम नहीं हुआ जिससे आदिवासी समुदाय के जीवन स्तर में परिवर्तन आया हो या उन्हें प्रत्यक्ष लाभ पहुंचा हो। जबकि केंद्र की मोदी सरकार ने 12 जातियों को अनुसूचित जनजाति में शामिल कराकर उन्हें आरक्षण का लाभ दिलाया।

पिछले विधानसभा चुनाव परिणाम पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि पिछले विधानसभा चुनाव में सरगुजा संभाग की 14 सीटें कॉंग्रेस इसलिए जीत पाई थी क्योंकि यहाँ की जनता में स्थानीय टी एस सिंह देव को मुख्यमंत्री बनाने की बात थी तथा जिसको कॉंग्रेस ने भी जनता के बीच जाकर मुद्दा बनाया था। परंतु इस बार आम जनता ने बाबा और कॉंग्रेस को उनकी नाकामी के लिए हराने का मन बना लिया है। क्षेत्र के विकास और जनता की भलाई के लिए टी एस बाबा ने कभी भी सीएम भूपेश बघेल से लड़ाई नहीं की बल्कि पूरे 5 साल सीएम की कुर्सी पाने के लिए भूपेश बघेल से लड़ते रहे।

आगे उन्होंने कहा कि इस बार महिला वोटरों की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण होने जा रही है। बीजेपी के महतारी वंदन योजना का व्यापक असर महिलाओं में देखने को मिला है। 03 दिसम्बर को जब ईवीएम खुलेगा तो ये बीजेपी के पक्ष में वोट के रूप में आपको दिखाई देगा। कॉंग्रेस में अभी से चुनाव परिणाम को लेकर बौखलाहट दिखाई दे रही है। टी एस बाबा ने तो मीडिया को यहाँ तक कह दिया कि यदि मैं एक वोट से भी जीता तो ये मेरी बहुत बड़ी जीत होगी। खाद्य मंत्री अमरजीत भगत के लोग भी बतौली में बीजेपी को वोट देने वाले लोगों को खुलेआम गाली देते व चुनाव बाद देख लेने की धमकी दे रहे हैं। वोटिंग के दिन उदयपुर में टी एस सिंह देव खुद खड़े होकर अपने गुंडों से बीजेपी कार्यकर्ताओं को पिटवा रहे थे और वीडियो बना रहे थे। संजय श्रीवास्तव ने कहा कि इस बार मतदाताओं का वोट प्रतिशत ये बता रहा है कि भूपेश बघेल सरकार जाने वाली है। मतदाताओं ने इस बार बड़ी खामोशी से वोट किया है, माफियाओं,अपराधियों और गुंडों को संरक्षण देने वाली इस कॉंग्रेस सरकार के खिलाफ़ वोट देकर आम मतदाता डर से कुछ कहना नहीं चाहता।

अंतिम में उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन व कार्यकर्ताओं ने पिछले पांच वर्षों में कॉंग्रेस सरकार की नाकामी व घोटालों तथा केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों को घर घर पहुंचाने के लिए बहुत परिश्रम किया है जिसका परिणाम आपको 03 दिसम्बर को भाजपा की जीत के रूप में दिखेगा।

इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अंबिकेश केसरी, संतोष दास, रूपेश दुबे एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

देशबन्धु
पाठकों के लिए
माह नवम्बर 2023 का अखबार बिल

| दिन | दर | रू.पै. |
|---|---|---|
| 29 दिन | 4.00 | = 116.00 |
| कुल 29 दिन | | 116.00 |

कृपया अपने अभिकर्ता को उपरोक्तानुसार 10 दिसम्बर 2023 तक बिल का भुगतान करें।
प्रसार व्यवस्थापक

NECC

| 02.12.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.25 | 83 | 145 |
| चिल्हर | 6.50 | 98 | 175 |

डिलीवरी 540 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

# अवैध नशीले दवाई टेबलेट का आसना और हाटगुड़ा में तस्करी करते दो आरोपी गिरफ्तार

**जगदलपुर,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। थाना सिटी कोतवाली को सूचना मिला कि आसना में एक व्यक्ति मोटर सायकल में तथा हाटगुड़ा में एक व्यक्ति के द्वारा अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीली गोली दवाई काफी मात्रा मे रखकर बिक्री करने ग्राहक की तलाश में है। सूचना पर थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में दो अलग अलग टीम गठित कर कार्यवाही हेतु रवाना किया गया था। उक्त टीमों के द्वारा बताये स्थान में पहुंचकर घेराबंदी कर,दोनों संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। संदेहियों से नाम पता पूछने पर अपना-अपना नाम दिवेश पाण्डेय निवासी पल्ली चकवा जिनके कब्जे से काले रंग के पिठ्ठू बैग के अंदर रखे 3 पैकेट जिसमें 1800



नग टेबलेट दवाई कीमती 4320/- रू. तथा घासीराम नाग निवासी कुम्हारपारा के जिसके अधिपत्य में रखे बैग के अंदर 2 पैकेट जिसमें 1125 नग टेबलेट दवाई कीमती 2700 रू/- मिला। जो अवैध एवं प्रतिबंधित नशीली दवा की श्रेणी में आता है। जिस संबंध में पूछताछ करने पर संदेहियों ने वैधानिक प्रत्युत्तर प्रस्तुत नही किया गया। आरोपियों को एन.डी.पी.एस. एक्ट की परिधि में आने पर उक्त टेबलेट नशीली दवाई टेबलेट कुल 2925 नग, एक मोटर सायकल व नगदी रकम 2000/- रूपये को आरोपियो के कब्जे से बरामद कर, जप्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा 21 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत पृथक-पृथक अपराध पंजीबद्ध कर, आरोपियों को गिरफ्तार कर, न्यायालय रवाना किया । जप्तशुदा दवाईयॉ की अनुमानित कीमत 7020/- रूपये आंकी गई है।

# लोहे का जाली खिड़की व जल मापक मीटर की चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**जगदलपुर,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। मोतीतालाब पारा जगदलपुर से लोहे का जाली खिड़की व जल मापक मीटर चोरी करने वाले आरोपी को पकड़ने में सफलता मिली है। गुरुवार शुक्रवार की दरमियानी रात 2 बजे घर से बाहर निकला तो देखा घर के सामने रखा लोहे का जाली खिड़की एवं नल में लगा जल मापक मीटर कीमती जुमला 9,000 रूपये, जो वहॉ पर नहीं था जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है ।रवि कुमार यादव के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर, पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई । खोजबीन व पुछताछ के आधार पर



माल मुल्जिम की पतासाजी किया गया। टीम के द्वारा संदिग्ध व्यक्ति की पहचान कर पकड़ा गया। जिसे हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर अपना नाम विशाल पंत निवासी धरमपुरा नंबर 1 जगदलपुर का होना बताया और मोतीतालाब पारा के एक घर सामने रखे लोहे का खिड़की जाली व जल मापक मीटर को चोरी कर घर में बिक्री हेतु छिपाकर रखना स्वीकार किया। जिसे विधिवत् जप्त कर, आरोपी को गिरफ्तार कर, न्यायिक रिमांड पर न्यायालय रवाना किया ।

# कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण



**जगदलपुर,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में जिले में धान उपार्जन केंद्रों के माध्यम से कृषकों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। जिले के धान उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाओं और धान खरीदी की स्थिति का जायजा लेने के लिए शुक्रवार को कलेक्टर विजय दयाराम के.ने पल्ली, करंजी और बड़ान्जी धान खरीदी केंद्र पहुंचे।

इस अवसर पर एसडीएम लोहंडीगुड़ा एम चंद्रा,खाद्य विभाग के घनश्याम राठौर, डीएमओ नान राजेंद्र ध्रुव, सहकारी विभाग के रजा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# इनरव्हील, चेतना चाइल्ड एंड वूमेन वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में खूबसूरत रंगोली बनाकर एचआईवी/एड्स से बचाव का दिया संदेश

**जगदलपुर,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। विश्व एड्स दिवस पर इनर व्हील क्लब ऑफ़ जगदलपुर एवं चेतना चाइल्ड एंड वूमेन वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में डिमरापाल मे स्थित स्व. बलिराम कश्यप मेडिकल कॉलेज व स्व. महेंद्र कर्मा हॉस्पिटल में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें इनर व्हील क्लब एवं चेतना चाइल्ड एंड वूमेन वेलफेयर के सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं ने रंगोली व वहां पर उपस्थिति लोगों को रेड रिबन लगा कर और उसकी महत्व को बताते हुए एचआईवी/एड्स के होने और बचाव का संदेश दिया।

इनर व्हील क्लब की अध्यक्षा ममता सिंह राणा ने विभिन्न शिक्षा संस्थानों से आए छात्र-छात्राओं को बताया कि एचआईवी एक वायरस है और एड्स एक अवस्था ये



कैसे फैलता है और इसे कैसे रोका जा सकता है इसकी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। एड्स मरीजों के साथ किसी तरह का भेदभाव नहीं करने की अपील करते हुए कहा कि यह छूत की बीमारी नहीं है। इससे ग्रस्त लोगों को भी सम्मान जनक जीवन व्यतीत करने का पूरा अधिकार है।

बस्तर में पिछले 15 सालों से एचआईवी/ऐड्स पर कार्य कर रही है। संस्था चेतना चाइल्ड एंड वूमेन वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्षा सुश्री रेखा पार्या ने इस वर्ष की थीम च्च्समुदाय को नेतृत्व करने देज्ज को ध्यान में रकते हुए कहा कि एड्स से प्रभावित लोग अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए अपनी आवाज उठाने में सक्षम बने और सामने आए।

लोगों में एचआईवी/एड्स के बारे में जागरूकता पैदा करना बहुत जरूरी है। जिन लोगों को एड्स है उनके साथ सामान्य बीमार लोगों की तरह ही व्यवहार किया जाना चाहिए। इनके बारे में किसी भी तरह की भ्रांति नहीं पालना चाहिए। समाज में जितनी ज्यादा वैज्ञानिक सोच जाएगी,उतनी ही भेदभाव खत्म होगा। सभी को इस दिशा में प्रयास करना चाहिए। युवाओं की इस मामले में अहम भूमिका हो सकती है। इस अवसर पर मुख्य रूप से ज्योति चिखलीकर, अरुण जोबनपुत्रा, उषा गोंदी, लवी सूरी,सारिका चिंचोलकर सहित छात्राएं उपस्थित थी।

# शा. महाविद्यालय में एड्स दिवस मनाया



**जगदलपुर,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा दिनांक 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. चंद्रप्रकाश यादव ने बताया कि एड्स दिवस का उद्देश्य एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इस बीमारी से लड़ने के लिए लोगों को प्रेरित करना है। एड्स को लेकर हमारे समाज में कई मिथक हैं, जिनके बारे में लोगों में जानकारी की काफी कमी है। एड्स दिवस पर इन मिथकों को दूर करने और लोगों को एड्स के बारे में सही जानकारी देने का प्रयास किया जाता है। लोगों में एचआईवी पॉजिटिव लोगों को लेकर कई गलत अवधारणाएं होती हैं, इस दिन उन्हें भी दूर करने की कोशिश की जाती है। प्रो. दिनेश दिवाकर ने बताया कि भारत सरकार का लक्ष्य 2030 तक भारत को एड्स मुक्त बनाना है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार कई कार्यक्रम चला रही है। इन कार्यक्रमों के तहत एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाने, एचआईवी पॉजिटिव लोगों का इलाज करने और उन्हें समाज में शामिल करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के पश्चात एनएसएस के स्वंसेवकों द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ के इंदिरा द्वारा किया गया। रैली महाविद्यालय से निकल कर धरमपुरा 1, धरमपुरा 2 एवम धरमपुरा 3 होते हुए वापस महाविद्यालय में समाप्त हुई। रैली में भाग लेने वाले लोगों के हाथों में एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाने वाले पोस्टर थे, जिसमें एड्स क्या है, यह कैसे फैलता है, और इससे बचाव के तरीके के बारे में बताया गया। इसी तरह अन्य सामाजिक संगठनों एवं एनजीओ के द्वारा भी जागरूकता रैली निकालकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया।

# आसन हाईस्कूल में एनसीसी डे मनाया गया

**जगदलपुर,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आसना में एनसीसी डे मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य रमेश उपाध्याय ने वीर शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की एवं इस दिवस को मनाए जाने की



सार्थकता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर देशवासियों में प्रेम एवं एकता से ओतप्रोत गीत कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत किया गया। एन सी सी 9 सीजी एवं 1 सीजी के प्रभारी अधिकारी जमुना ठाकुर, चंद्रशेखर जैन ने भी अपने उदगार व्यक्त किए। कैडेट्स को भारत की एकता अखंडता की रक्षा करने एवं भाईचारा के साथ रहने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर संस्था प्रधान अध्यापक ममता राव, सुनील सिंह, सुरेश पानीग्राही, मिलिंद नंदनवार सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# मुख्य वार्षिक परीक्षा, 2024 के लिए 4 दिसंबर से कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

**जगदलपुर,** 1 दिसंबर (देशबन्धु) ।शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर द्वारा आयोजित की जाने वाली सत्र 2023-24 की मुख्य वार्षिक परीक्षा, मार्च-अप्रैल 2024 में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की परीक्षाओं में सम्मिलित होने के लिये आनलाईन पंजीयन एवं परीक्षा आवेदन विश्वविद्यालय के पोर्टल 222.ड्ड11द्धस्त्रश्चद्ग×ड्डद्ब.द्बठ्ठ में 4 से 28 दिसंबर 2023 तक कर आवश्यक दस्तावेज की स्कैन्ड कापी अपलोड कर सकेंगे। आनलाईन परीक्षा आवेदन की हार्डकापी के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर संबंधित महाविद्यालयों में आनलाईन वेरीफाई कराकर 4 से 30 दिसंबर 2023 तक जमा कर सकेंगे। परीक्षा आवेदन की हार्डकापी के साथ आवश्यक दस्तावेज सहित परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए पात्र परीक्षार्थियों की सत्यापित सूची एवं अशेष प्रमाण पत्र के साथ महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की तिथि 30 दिसंबर 2023 से 5 जनवरी 2024 को निर्धारित किया गया है। पूरक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद सत्र 2023-24 की मुख्य वार्षिक परीक्षा, मार्च-अप्रैल 2024 में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की परीक्षाओं में सम्मिलित होने के लिये आनलाईन पंजीयन एवं परीक्षा आवेदन करने हेतु अवसर दिया जावेगा।

**पूरक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित परीक्षार्थी परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन**

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली राजनीतिक दलों की बैठक

**जगदलपुर,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के प्रेरणा कक्षा में राजनीतिक दलों की बैठक लेकर मतगणना स्थल की व्यवस्थाओं और मतगणना स्थल में आवश्यक अनुशासन के पालन संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर जगदलपुर विधानसभा के प्रेक्षक सुब्रत गुप्ता, चित्रकोट विधानसभा के प्रेक्षक सुदेश मोख्ता भी उपस्थित थे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना के लिए महिला कर्मियों को नियुक्त किया गया है। तीनों विधानसभा के लिए 14 टेबल में मतगणना किया जाएगा और डाक मतपत्र गणना के लिए आवश्यकतानुसार अलग टेबल लगाया जाएगा। मतगणना स्थल में निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्राप्त परिचय पत्र के आधार पर ही प्रवेश दिया जाएगा। गणना एजेंटों को गणना कर्मियों से सम्मानजनक व्यवहार और अनुशासन के साथ मतगणना करवाने में सहयोग करने की अपेक्षा की गई। इस बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा भी अपना सुझाव भी रखे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी हितेश बघेल सहित तीनों विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर और राजनीतिक दलों के अभ्यर्थी तथा निर्वाचन अभिकर्ता मौजूद थे।



**मतगणना की व्यवस्थाओं के संबंध में दी जानकारी**

# बस्तर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में सभी श्रेणियों के कुल 3309 डाक मतपत्र प्राप्त

**जगदलपुर,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने शुक्रवार की शाम कलेक्ट्रेट के आस्था कक्षा में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत एक दिसम्बर 2023 तक बस्तर जिले के तीनों विधानसभाओं में अब तक कुल 3309 डाक मतपत्र प्राप्त हो चुके हैं। इसमें निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों के सुविधा केन्द्र से विशेष संवाहक द्वारा प्राप्त डाक मतपत्र, डाकद्वारा प्राप्त डाक मतपत्रों (सेवा मतदाताओं से प्राप्त ईटीपीबी), अनुपस्थित श्रेणी मतदाताओं के पीवीसी में प्राप्त डाक मतपत्र, विशेष गठित मतदान द्वारा दिव्यांग, 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग मतदाता और दिव्यांग जनों के घर-घर जाकर अंतिम रूप से प्राप्त किए गए डाकमत पत्र शामिल है।

कलेक्टर ने बताया कि सेवा मतदाताओं को जारी किये गए ईटीपीबी प्रत्येक दिवस प्राप्त हो रहे हैं, जिनकी संख्या 01 दिसंबर तक कुल 98 है, जिसमें बस्तर विधानसभा में 33, जगदलपुर विधानसभा में 42 और चित्रकोट विधानसभा में 23 ईटीपीबी डाकमत है। सेवा मतदाताओं के ईटीपीबी दिनांक 3 दिसंबर तक मतगणना प्रारम्भ होने के पूर्व (सुबह 7.59 बजे तक) प्राप्त किये जाएंगे। प्रत्येक दिवस प्राप्त होने वाले इन ईटीपीबी को जिला स्तर पर अभ्यर्थियों अथवा उनके प्रतिनिधियों के उपस्थिति में आदर्श महाविद्यालय धरमपुरा स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा जाता है और इसकी संख्यात्मक जानकारी से सभी को अवगत कराया जाता है।

कलेक्टर ने बताया कि डाक मतपत्रों की कुल संख्या में निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों के सुविधा केंद्र में



**जगदलपुर विधानसभा में 1682,बस्तर विधानसभा में 851 और चित्रकोट विधानसभा 776 डाकमत प्राप्त**

प्राप्त कुल 3153 डाक मतपत्र भी शामिल है, जो कि मतदान दिवस 7 नवंबर 2023 के 1 दिन पूर्व तक जिले में निर्मित सुविधा केन्द्रों से प्राप्त हुए थे। इसके अंतर्गत बस्तर विधानसभा में 810 डाकमत, जगदलपुर विधानसभा 1614 डाकमत और चित्रकोट विधानसभा में 729 डाकमत है। 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं एवं दिव्यांगजनों के घर-घर जाकर प्राप्त किये गए डाक मतपत्रों की संख्या कुल डाकमत 58 है। इसके अंतर्गत बस्तर विधानसभा में 08 डाकमत, जगदलपुर में 26 और चित्रकोट विधानसभा में 24 डाकमत है। इसके अतिरिक्त अनिवार्य सेवा श्रेणी के अनुपस्थित मतदाताओं से प्राप्त डाक मतपत्रों की कुल संख्या शून्य है । उन्होंने मतगणना केंद्र आदर्श अंग्रेजी महाविद्यालय परिसर में पत्रकारों के लिए किए गए व्यवस्था की जानकारी देते हुए बताया कि मतगणना भवन में केवल कोरा कागज पेन पेंसिल ही लेकर जाया जा सकता है मोबाइल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित रहेंगे। मतगणना स्थल पर बिना पास के प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परिणाम घोषणा मंच के पास ही पत्रकारों के बैठने की व्यवस्था की गई है। बारी-बारी से कुछ पत्रकार मतगणना कार्य का निरीक्षण कर सकेंगे ।यहां पर टीवी स्क्रीन भी लगा होगा जिसके माध्यम से प्रदेश के एवं अन्य राज्यों के मतगणना की जानकारी प्राप्त होगी। कलेक्टर ने बताया कि मतगणना के पूर्व 7ः59 तक जितने भी डाक मत पत्र प्राप्त होंगे उन्हें स्वीकृत किया जाएगा। 8ः00 बजे से काउंटिंग प्रारंभ होगी पहले डाक मत पत्रों की गिनती की जाएगी। इसके लिए बस्तर और चित्रकूट विधानसभा के डाक मत पत्रों की गिनती के लिए दो टेबल लगाया जाएगा और जगदलपुर विधानसभा के लिए चार टेबल लगेंगे। 8ः30 बजे से ईवीएम मतगणना केंद्रों के टेबल पर लाना प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि कल 14 टेबलों पर मतगणना का कार्य होगा। इसे देखते हुए बस्तर विधानसभा के मतों की गणना 16 चक्र में संपन्न होगा इसी तरह चित्रकूट ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# बस्तर के बारसूर के पुरातात्विक महत्व को संरक्षित करने 'विश्व हेरिटेज सप्ताह' के उपलक्ष्य पर बच्चों को कराया गया 'हेरिटेज वॉक'





**दंतेवाड़ा,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। बस्तर की पुरातात्विक पहचान और धरोहर को संरक्षित और उसके महत्व को समझाने ''विश्व हेरिटेज सप्ताह'' पर दंतेवाड़ा के बारसूर में स्कूल के बच्चों को ''हेरिटेज वॉक'' कराया गया। जिसमें लगभग 170 से अधिक बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को जिला प्रशासन दंतेवाड़ा एवं शिक्षा विभाग के सहयोग से ''अनएक्सप्लोर्ड बस्तर'' एवं बारसूर पर्यटन समिति के तत्वाधान के तहत किया गया।

इस दौरान पर बच्चों को बारसूर स्थित 11वीं शताब्दी के पुरातात्विक मंदिरों के इतिहास तथा उसके महत्वों के बारे में बताया गया। इन मंदिरों में बत्तीसा मंदिर दंतेश्वरी, मामा भांजा, सोलह खंबा, गणेश मंदिर एवं चन्द्रादित्य मंदिर शामिल है। इस कार्यक्रम के दौरान बच्चों के बीच काफी उत्साह देखा गया साथ ही हेरिटेज वॉक से जुड़े प्रश्न पूछे गये जिसके उपरांत उने पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर बच्चों ने भी जिज्ञासा और सक्रिय भागीदारी दर्शाते हुए साबित किया कि पुरातन विरासत को समझने और संरक्षित करने में भी उनका भी योगदान हो सकता है। ''अनएक्सप्लोर्ड बस्तर'' के टीम से हुई बात-चीत के दौरान टीम ने बताया कि ''हेरिटेज वॉक'' न केवल स्थानीय धरोहर को बढ़ावा देने में मदद करता है, बल्कि इन बच्चों में इस प्रकार के ऐतिहासिक स्थलों के प्रति संरक्षण की भावना को जागृत करने में मदद करता है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे सांस्कृतिक एवं शैक्षिक पहल के माध्यम से हम नए पीढ़ियों को हमारी धरोहर के प्रति संवेदनशील बनाकर उन्हें समृद्ध और सामर्थ्यपूर्ण समाज के नेतृत्व की दिशा में बढ़ावा दे सकते हैं। उल्लेखनीय है कि ''अनएक्सप्लोर्ड बस्तर'' द्वारा चलाये जा रहे मोचों धरोहर प्रोग्राम के अंतर्गत बस्तर समेत संपूर्ण छत्तीसगढ़ के प्राचीन एवं पुरातात्विक धरोहरों को संरक्षित एवं उसके महत्वों का प्रचार-प्रसार किया जाता है। एवं कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर श्री विनीत नंदनवार द्वारा चल रहे अतुल्य दंतेवाड़ा के तहत पर्यटन एवं अन्य पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षण और लोगों में इसकी महत्ता जागृत करने हेतु कराया गया।

इस कार्यक्रम में ''अनएक्सप्लोर्ड बस्तर'' से जीत सिंह आर्य, मनीष पानीग्राही, अनिरुद्ध सरकार, यशिका बुरका, बी बिंदु, शिखर साहू, बरसूर पर्यटन समिति से शुभम् कुसामी, सुंदर नाग, हेमकुमार भारद्वाज, मधुदरी समरथ एवं विद्यालयों के शिक्षक, खंड शिक्षा अधिकारी सुश्री भावना पुनेम एवं जिला प्रशासन से भुवन जोशी उपस्थित थे।

# धान के अवैध भण्डारण व परिवहन पर कार्रवाई

## जिले में 1809 क्विंटल धान की हुई जप्ती



**दंतेवाड़ा,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिला खाद्य विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू हो गई है। इसके साथ ही पड़ोसी जिले और राज्यों से धान के अवैध परिवहन हेतु जिले के सीमा में जांच नाका स्थापित कर लगातार निगरानी की जा रही है। कलेक्टर श्री विनीत नंदनवार के मार्गदर्शन में जिले के अंदर ही अवैध धान भण्डारण एवं खरीदी बिक्री पर खाद्य विभाग द्वारा लगातार जांच किया जा रहा है। इस क्रम में 30 नवंबर को खाद्य विभाग एवं मंडी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से गीदम के व्यापारियों के यहां जांच की गई। जांच में मेसर्स सुराना ट्रेडिंग कंपनी, बारसूर रोड गीदम के परिसर में जांच कर धान 1150 चिंटल, मक्का 14 चिंटल पाया गया, जिसके संबंध में उपस्थित मुंशी अनिल वेक द्वारा पर्याप्त दस्तावेज नहीं उपलब्ध कराने पर मंडी अधिनियम 1972 के अधीन धान 1150 चिंटल जप्त किया गया। इसी प्रकार मेसर्स जे.एम.बी. कोल्ड स्टोरेज परिसर की भी जांच की गयी, जहाँ 659 चिंटल धान पाया गया, जिसके संबंध में रसीद प्रस्तुत किया गया, परन्तु स्टॉक रजिस्टर, बी-1 पंजी अद्यतन नहीं होन एवं स्टॉक मिलान नहीं होने के कारण 659 चिंटल धान जप्त कर कार्यवाही किया गया। इस संबंध में जिला खाद्य अधिकारी श्री कीर्ति कौशिक ने बताया कि खाद्य निरीक्षक श्री अमित तिवारी, प्रमोद सोनवानी, सचिन धृतलहरे एवं मंडी निरीक्षक श्री यादव के द्वारा प्रथमतया दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने पर इस कार्यवाही के दौरान कुल धान 1809 चिंटल को जप्त किया गया है। उक्त प्रकरण में दस्तावेज के परीक्षण उपरांत अंतिम प्रतिवेदन कलेक्टर को प्रस्तुत किया जावेगा। उन्होंने आगे यह भी बताया कि जिले में अवैध धान के भण्डारण एवं परिवहन के विरुद्ध ऐसी कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# नदी नाले पार कर सुदूर ग्राम रेवाली पहुंचा स्वास्थ्य अमला



**दंतेवाड़ा,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिले में मलेरिया मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का 9वां चरण 28 दिसंबर से चलाया जा रहा है, जिसके तहत जिले की विभिन्न पहुंचविहीन एवं सुदूर ग्राम में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा घर-घर पहुंचकर सर्वे कर ग्रामीणों को मलेरिया की जांच की जा रही है। इसके लिए विभाग के द्वारा दुरस्थ इलाकों का चयन किया गया है, जहां सघन तौर पर मलेरिया का जांच किया जा रहा है। इसी क्रम में आज विकासखंड कुआकोंडा अंतर्गत ग्राम रेवाली के ताड़ पारा पहुंच कर स्वास्थ्य दल के द्वारा ग्रामीणों की मलेरिया की जांच की गई। रेवाली के ताड पारा तक पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य दल को नदी नाले पार कर लगभग 6 किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ा किंतु मलेरिया मुक्त दंतेवाड़ा बनाने के लिए संकल्पित स्वास्थ्य दल ने वहां पहुंचकर 124 ग्रामीणों की मलेरिया की जांच किया जिसमें 5 मरीज मलेरिया किट पॉजिटिव पाए गए, जिन्हें तत्काल मलेरिया की दवा खिलाई गई साथ ही मलेरिया के बचाव हेतु नियमित रूप से मच्छरदानी का उपयोग करने को कहा, साथ ही अपने आसपास गड्ढे, पुराने बर्तन, टायर में पानी का ठहराव न करने की सलाह दी गई। इस दौरान सी एच ओ सत्यवान नाग, आर एच ओ सोहिता बाई, राजकुमार कश्यप, मितानिन सुक्की सहित स्वास्थ्य दल मौजूद थे।

# विखं स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ टीएलएम प्रदर्शनी

**कोण्डागांव,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान, विषय ज्ञान, सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान की भी जानकारी होना बहुत आवश्यक है। इसी तारतम्य में जिला शिक्षा अधिकारी कोंडागांव मधुलिका तिवारी के निर्देशानुसार शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंडागांव परिसर, विकास खंड कोंडागांव जिला कोंडागांव में विकास खंड स्तरीय गणित विज्ञान कबाड़ से जुगाड़ एफएलएन टीएलएम प्रदर्शनी मेला का आयोजन किया गया। जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि संकुल स्तर से चयनित गणित विज्ञान कबाड़ से जुगाड़ चयनित मॉडलों को सम्मिलित किया गया था। इस प्रदर्शनी कार्यक्रम में कोंडागांव विकास खंड के 73 संकुलों के प्राथमिक से 73 मॉडल एवं माध्यमिक से 73 मॉडल सम्मिलित किए गए थे। प्रतिभाग किए शालाओं ने कार्यक्रम में विभिन्न एवं रोचक मॉडलों का निर्माण किया था जिसमें काष्ठ क्राफ्ट, चंद्रयान-3, पाचन तंत्र, पवन चक्की, गुणा करने के तरीके, परवर्ती पूर्ववर्ती की समझ, किडनी वर्किंग मॉडल, मौसम चक्र, नंबर गेम, जोड़ विधि, जल चक्र, वायु प्रदूषण, गुणा की समझ, वर्ग घन की समझ, वायरलेस पावर ट्रांसफर, संख्या ज्ञान, आदित्य एल 1, प्रकाश संश्लेषण, एलसीएम प्रोजेक्ट, आसूत जल बनाने की विधि, कोशिका की समझ, ज्वालामुखी, पाचन तंत्र, यातायात के नियम, अनुक्रमानुपाती-व्युत्क्रमानुपाती, जल स्रोत, देशी ड्रिल मशीन, भविष्यवाणी कैलेंडर, तड़ित चालक, बैंक की समझ, कोसे का जीवन चक्र, पौधे का जीवन चक्र, बहु कृषि पद्धति, विद्युत का सुचालक एवं कुचालक, स्मोक मशीन, वाटर फिल्टर, वृत्त की समझ, आर्टिकल की अवधारणा, विलोम शब्द, भिन्न की पहचान, पानी फव्वारा, सौर मंडल, पवन ऊर्जा, डीएनए की संरचना, वर्षा जल संचयन, ध्वनि तरंगें, वर्ग की समझ, स्थानीय मान, ब्रम्हांड एवं सौर मंडल की समझ, जल विद्युत संयंत्र, जल ऊर्जा का विद्युत ऊर्जा में परिवर्तन, खेल-खेल में सामान्य ज्ञान, सोलर कुकर, प्रायिकता की समझ, सूर्य ग्रहण चंद्र ग्रहण की जानकारी, संक्रिया तराजू, कृत्रिम वर्षा, जादुई बोर्ड, जेसीबी निर्माण, मैजिक चार्ट आदि माडलों को सम्मिलित किया गया था। इस कार्यक्रम में प्राथमिक स्तर से विज्ञान मॉडल में प्रथम स्थान संकुल बुनागांव, द्वितीय स्थान संकुल दहिकोंगा, तृतीय स्थान संकुल झारा, प्राथमिक स्तर गणित मॉडल में प्रथम स्थान संकुल बुनागांव, द्वितीय संकुल बाखरा, तृतीय संकुल चैड़ग, माध्यमिक स्तर से विज्ञान मॉडल में प्रथम संकुल कांगा, द्वितीय संकुल मटवाल, तृतीय संकुल पोलंग एवं माध्यमिक गणित मॉडल में प्रथम संकुल बालक कोंडागांव, द्वितीय संकुल उमरगांव अ एवं तृतीय स्थान संकुल सातगांव ने प्राप्त किया। गणित विज्ञान मॉडल में प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले संकुलों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा विभाग से जिला मिशन समन्वयक महेंद्र पांडे, जिला एपीसी रूपसिंह सलाम, जिला एपीसी एसआर मरावी, विकास खंड स्रोत समन्वयक रामलाल नेताम, बीआरपी रामप्रसाद कुपाल, 73 संकुलों के संकुल समन्वयक, प्रतिभागी बच्चे एवं विकास खंड के शिक्षक शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## सार-संक्षेप

### केशकाल घाट में मरम्मत कार्य की अवधि कल तक बढ़ाई गई

**कोण्डागांव,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। कार्यालय अनुभागीय अधिकारी (राजस्व) केशकाल द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार केशकाल घाट में चलाये जा रहे पेंच मरम्मत कार्य को विगत 18 नवम्बर से प्रारम्भ किया गया था, जिसे 30 नवम्बर तक पूर्ण किया जाना था, किंतु उक्त मरम्मत कार्य नियत अवधि तक अपूर्ण रहने के कारण इस कार्य की अवधि 01 से 03 दिसम्बर तक बढ़ाई गयी है। उक्त अवधि में मालवाहक वाहनों का आवागमन पूर्ववत् वैकल्पिक मार्ग से किया जावेगा।

### कल केंद्रीय ग्रंथालय आमजनों के लिए रहेगा बंद

**कोण्डागांव,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। विधान सभा निर्वाचन 2023 के कार्यों हेतु केंद्रीय ग्रंथालय को आरक्षित किए जाने के कारण रविवार 03 दिसंबर को केंद्रीय ग्रंथालय को आम जनों हेतु बन्द किया गया है। जिसके कारण अध्ययन कार्य हेतु यह उपलब्ध नहीं रहेगा।

### विस केशकाल में 1612 व कोण्डागांव में 1365 डाक मत पत्र प्राप्त हुए

**कोण्डागांव,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। केशकाल विधान सभा में 1612 तथा कोण्डागांव विधान सभा में 1365 डाक मत पत्र अब तक प्राप्त हुए हैं। छत्तीसगढ़ विधान सभा निर्वाचन 2023 के मतदान कार्य संपादन हेतु नियुक्त शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारियों, दिव्यांग, 80 वर्ष से अधिक आयुवर्ग तथा कोविड प्लस के मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मत का उपयोग किए जाने की सुविधा दी गयी थी। जिसके परिपेक्ष्य में निर्वाचन कार्य में सम्मिलित अधिकारी एवं कर्मचारियों से 01 दिसम्बर 2023 तक विधान सभा क्षेत्र क्रमांक 82-केशकाल अंतर्गत डाक मतपत्र के माध्यम से 1370, ई.टी.पी.बी. के माध्यम से 150 एवं दिव्यांग और 80 से अधिक आयुवर्ग तथा कोविड प्लस के मतदाताओं से प्राप्त डाक मतपत्र 92 को मिला कर कुल 1612 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं। इसी प्रकार विधान सभा क्षेत्र क्रमांक 83-कोण्डागांव अंतर्गत डाक मतपत्र के माध्यम से 1180, ई.टी.पी.बी. के माध्यम से 106 एवं दिव्यांग और 80 से अधिक आयुवर्ग तथा कोविड प्लस के मतदाताओं से प्राप्त डाक मतपत्र 79 को मिला कर कुल 1365 डाक मतपत्र अब तक प्राप्त हुए हैं।

# विश्व एड्स दिवस पर सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र में जागरूकता कार्यक्रम

**कोण्डागांव,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। जन शिक्षण संस्थान कोंडागांव के सौजन्य से जशिसं के निदेशक पुष्पराज अनन्त एवं कार्यक्रम अधिकारी उत्तम मानिकपुरी, जशिसं के प्रबंधन समिति सदस्य श्रीमती सोमा दास एवं पूर्व सरपंच चंद्रकला सरकार की उपस्थिति में सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र बोरगांव में 01 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एड्स एवं यौन रोगों से बचाव के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का षुभारम्भ करने के बाद मुख्य अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ से किया गया।



इस दौरान कार्यक्रम में मौजुद आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.चंचल नाग ने बताया कि एड्स एक जानलेवा बीमारी है। एचआईवी संक्रमित होने पर रोगों से लड़ने की स्वाभाविक रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है और कई बीमारियों के एक साथ प्रकट होने पर एड्स की स्थिति बनती है। अभी तक एड्स का कोई कारगर इलाज नहीं है और न ही इससे बचाव का कोई टीका बना है। कुछ सावधानियों के साथ जन जागरूकता एवं रोकथाम के उपायों द्वारा इस जानलेवा रोग के प्रसार को रोका जा सकता है। एड्स एवं यौन रोगों से बचाव के लिए एक ही साथी से वफादारी के साथ सुरक्षित यौन संबंध, हर बार नए निरोध का प्रयोग, व्यक्तिगत निजी स्वच्छता, पंजीकृत ब्लड बैंकों से ही विसंक्रमित एवं सुरक्षित रक्ताधान, हर बार नई सिरिंज, इंजेक्शन का प्रयोग, गर्भवती माता की एचआईवी जांच आदि बातों पर जोर देकर जागरूक किया गया। एचआईवी एड्स के नि:शुल्क और गोपनीय जांच और परामर्श के लिए सभी जिला चिकित्सालय एवं मेडिकल कॉलेज में संचालित आईसीटीसी सेंटर के विषय में भी जानकारी दी गई। इस मौके पर सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की प्रशिक्षु महिलाएं मौजूद रहीं।

मौके पर जन शिक्षण संस्था के निदेशक पुष्पराज अनंत ने जानकारी देते हुए बताया कि जन शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित प्रशिक्षण केंद्र में केवल प्रशिक्षण तक की सीमित नहीं है, यहां पर प्रशिक्षण के साथ-साथ प्रशिक्षणार्थियों के बीच एक पारिवारिक माहौल बनाकर उन्हें सरकारी योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ जागरूक भी किया जाता है।

# डीएवी एमएम पीएस विश्रामपुरी ने कलस्टर लेवल स्पोर्ट्स में बस्तर व किरंदुल में दिखाया दम

**कोण्डागांव,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। डीएवी एमएम पीएस विश्रामपुरी ने कलस्टर लेवल स्पोर्ट्स में बस्तर एवं किरंदुल में दमखम दिखाया। बड़े राजपुर विश्रामपुरी क्षेत्र का एकमात्र सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम स्कूल डीएवी मुख्य मंत्री पब्लिक स्कूल होनावंडी के छात्रों ने डीएवी के क्लस्टर स्तरीय स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में भाग लेकर पूरे बस्तर संभाग में अपना परचम लहराया है। जिसमें स्पोर्ट्स टीचर लिकेश साहू के निर्देशन में बालिका वर्ग 17 वर्ष आयु में खो-खो में प्रथम स्थान, बालक वर्ग 17 वर्ष आयु खो खो में प्रथम स्थान, बालक वर्ग कबड्डी 19 वर्ष आयु में प्रथम स्थान के साथ समूह गेम में प्रथम स्थान आकर परचम लहराया है। साथ ही छात्र-छात्राओं ने एथलीट में भी अपना हुनर का प्रदर्शन किया है। बालिका वर्ग में 1500 मीटर एवं 800 मीटर रेस में कुमारी दीपिका सोरी प्रथम स्थान, 400 मीटर रेस कुमारी भूमिका नेताम प्रथम स्थान एवं लंबी कूद में द्वितीय स्थान पर रहीं। बालक वर्ग में 400 मीटर रेस में प्रथम स्थान दीपेश मरकाम रहे एवं 1500 मीटर रेस में तृतीय स्थान पर नरेंद्र कुमार पटेल रहे। इस तरह से डीएवी मुख्य मंत्री पब्लिक स्कूल होनावंडी के छात्र-छात्राओं ने बस्तर संभाग में क्लस्टर स्तरीय स्पोर्ट्स में अपना परचम लहराया और डीएवी विश्रामपुरी का मान बढ़ाया है। उनके इस सफलता के लिए संस्था के प्राचार्य पीके पटनायक ने शुभकामनाएं प्रेषित की है। उन्होंने शिक्षा के साथ खेल के महत्व को प्रकाशित किया एवं संस्था के शिक्षकगण प्रेमलाल साहू एवं अन्य शिक्षक साथियों के द्वारा सभी विजेता छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित की गई है। साथ ही पालकगणों ने भी विजेता छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रेषित किए हैं। आगे जोनल स्तरीय स्पोर्ट्स प्रतियोगिता एवं नेशनल स्तरीय स्पोर्ट्स प्रतियोगिता के लिए सभी ने अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित किया।



# मतगणना हॉल में आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देश

**दंतेवाड़ा,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना हॉल में आवश्यक व्यवस्थाओं, ले जायी जाने वाली सामग्रियों के संबंध मे जारी दिशा निर्देश के परिपालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आदेश के अनुसार मतगणना हॉल के भीतर परिणाम का योग करने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ता को एक-एक एनालॉग कैलकुलेटर प्रदाय करने की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही मतगणना हॉल के भीतर पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं, मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना हॉल पर जिन सामग्रियों साथ ले जाने की अनुमति रहेगी। इनमें कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्ररूप 17 सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किये गये इव्हीएम एस एवं व्हीव्ही पैट की सूची जो विधानसभा के विभिन्न मतदान केंद्रों में प्रयोग में लायी गई है, प्लास्टिक पेन, पेंसिल, शामिल है। मतगणना परिसर के बाहरी गेट पर खानपान की व्यवस्था हेतु नियुक्त व्यवस्थापक द्वारा भोजन पैकेट उपलब्ध कराया जायेगा, जिसे मतगणना हॉल के भीतर नियुक्त मतगणना अभिकर्ता द्वारा प्राप्त कर अन्य मतगणना अभिकर्ताओं को प्रदाय किया जायेगा। इसके अलावा मतगणना हॉल के भीतर प्रतिबंधित सामग्री के अंतर्गत मोबाइल फोन, आईपैड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा ले जाना प्रतिबंधित रहेंगे।

**मोबाइल जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित बीड़ी, सिगरेट, गुटखा रहेंगे प्रतिबंधित**

# शांतिकुंज हरिद्वार से वापस लौटे छग विस उपाध्यक्ष संतराम नेताम

**कोण्डागांव,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। विधायक संतराम नेताम के शांतिकुंज हरिद्वार के प्रवास जाने के बाद तीर्थ दर्शन लाभ लेने के बाद रायपुर एयरपोर्ट में परिवार के सदस्यों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। विधान सभा उपाध्याय एवं केशकाल विधायक संतराम नेताम ने बताया कि तीर्थ दर्शन के उद्देश्य को लेकर उन्होंने पहली बार शांतिकुंज हरिद्वार पहुँचे थे, वहां जाकर उन्हें जिस तरह की दिव्य अनुभूति हुई उसके बारे कह पाना कठिन है। अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शर्मा के द्वारा स्थापित शांतिकुंज ऋषि प्रणीत एक दिव्य आश्रम है, जो मानव में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण का संकल्प लेकर चलने वाली इस संस्था को मैंने बारीकी से देखा समझा और जाना कि यह विश्व का पहला आश्रम होगा जो मानव निर्माण के लिए कृत संकल्पित संस्था जो हर दिन हर पल मानव को देवता बनाने के लिए प्रयत्नरत है। शांतिकुंज पहुंचकर सर्वप्रथम परम पूज्य गुरुदेव एवं माता भगवती देवी के समाधि स्थल में प्रणाम कर छत्तीसगढ़ की सुख समृद्धि की कामना किया। फिर शाम को देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार के प्रतिकुलपति डॉ.चिन्मय पंड्या से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। दूसरे दिन अखिल विश्व गायत्री परिवार एवं वेदमाता ट्रस्ट शांतिकुंज हरिद्वार के प्रमुख शैल बाला पंड्या का आशीर्वाद लेकर परम पूज्य गुरुदेव द्वारा 1926 से प्रज्वलित अखंड दीप का दर्शन किया। गायत्री यज्ञ में शामिल होकर सबके मंगलमय जीवन की कामना किया। नि:शुल्क भोजन व्यवस्था और आवास व्यवस्था अनुकरणीय है। यहाँ की व्यवस्था तंत्र मजबूत है, इतनी सारी व्यवस्था प्रशासन भी नहीं कर सकता ऐसा लगता है। ये सब कार्य ईश्वर के द्वारा संचालित हो रही है और आने वाला दिन ही गायत्री परिवार एक विशाल देव परिवार के रूप में जाना जाएगा। अपनी अलग शैली के लिए मशहूर संतराम नेताम साधारण जीवन जीते हुए अपने मित्रों के साथ हरिद्वार भ्रमण के दौरान ऑटो से यात्रा करते दिखे। संतराम नेताम ने बताया की हरिद्वार आने पर मन को सुकून मिलता है, नई ऊर्जा का संचार होता है। हरिद्वार में स्थित शांतिकुंज एक ऐसा आश्रम है, जहां ना केवल आप अपनी जड़ों से जुड़े रह सकते हैं, बल्कि जीवन की नई शैली, तमाम अच्छी आदतें और आत्मियता भी महसूस कर सकते हैं। भागदौड़ भरी जिंदगी में सुकून की तलाश में मैं भी जब शांतिकुंज आश्रम पहुंचा, तो वाकई खुशी महसूस हुई। गायत्री मंत्र के जाप से लोगों का जीवन बदल जाता है। करुणा और अच्छी सोच मानव जीवन की मूल भावनाएं हैं, समझदारी, ईमानदारी, जिम्मेदारी और बहादुरी को जीवन का अभिन्न अंग माना जाना चाहिए। शांतिकुंज में हर दिन साधकों के द्वारा लाखों करोड़ गायत्री मंत्र का जाप करके एक दिव्य वातावरण बनाया गया है। यह व्यक्ति को ऊर्जा और चेतना प्रदान करता है तथा व्यक्ति में आनंद और उत्साह बढ़ता है। शांतिकुंज प्रवास में गायत्री परिवार के प्रमुख कार्यकर्ता राजेश साहू, शोभन मरकाम सहित मनोज तिवारी, नरेंद्र जैन, कमलेश ठाकुर, पंकज नाग, दुलेश्वर साहू तीर्थ दर्शन का लाभ लेने विधायक के साथ सम्मिलित थे, वहीं शांतिकुंज में हरीश नेताम, पुन्नू मरकाम, चमन मरकाम का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।



**तीर्थ दर्शन से अंतर्मन को मिलता है शांति और सुकून : विधायक नेताम**

# आठ एकड़ में नए मुख्यमंत्री के लिए 65 करोड़ का बंगला तैयार

## 14 जनवरी के बाद कर सकते हैं गृह प्रवेश

**रायपुर**, 1 दिसंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री का नया सरकारी आवास बनकर तैयार हो गया है। राज्य का जो भी अगला मुख्यमंत्री होगा उसे नए घर में गृह प्रवेश का मौका मिलेगा। मुख्यमंत्री का यह नया बंगला मौजूदा सीएम हाउस से काफी आलीशान और सुविधाजनक है।प्रदेश का अगला मुख्यमंत्री ज्यादा दिनों तक यहां सिविल लाइस स्थित पुराने सीएम हाउस में नहीं रहेंगे। राज्य बनने के पहले यह कलेक्टर बंगला हुआ करता था।तत्कालीन आवश्यकता को देखते हुए इसमें फेरबदल किया गया।राज्य के पहले मुख्यमंत्री अजीत जोगी से लेकर वर्तमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भी यह सरकारी निवास है।



राज्य के मुख्यमंत्री का नया बंगला बन कर तैयार हो गया है। नवा रायपुर में करीब 8 एकड़ में बने इस आलिशान बंगले में नए मुख्यमंत्री 14 जनवरी के बाद गृह प्रवेश कर सकते हैं। सीएम हाउस के साथ ही नवा रायपुर में मंत्रियों औरअधिकारियों के भी बंगले बनकर तैयार हो गए हैं।

नवा रायपुर के सेक्टर-24 में लगभग 8 एकड़ में बने सीएम हाउस की लागत 65 करोड़ बताई जा रह है। कई तरह की आधुनिक सुविधाएं से लैस यह बंगला पूरी तरह हाईटेक है। सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हर जगह सीसीटीवी कैमरे लगे है, जिनकी मॉनिटिरिंग कंट्रोल रूम में की जाएगी। नवा रायपुर में मुख्यमंत्री निवास के साथ ही मंत्रियों के आवास और स्पीकर हाउस भी बनकर लगभग तैयार हो चुका है। सभी बंगलों की बाहरी डिजाइन एक जैसी है।इन बंगलों में भी कई तरह की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध है।

### राजभवन के साथ नया विधानसभा भी

नवा रायपुर में सीएम हाउस और मंत्रियों के निवास के साथ ही नया राजभवन और विधानसभा भवन भी बन रहा है। सभी भवनों को 2022 के अंत तक तैयार हो जाना था। कोरोना की वजह से कुछ समय के लिए इन भवनों का निर्माण कार्य रुक गया था। विधानसभा को छोड़कर अन्य सभी भवनों का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। कुछ भवनों में फिनिशिंग का काम अंतिम दौर में चल रहा है। राज्य बने 23वर्ष हो गए है।लेकिन अब तक विधानसभा का अपना भवन नहीं बन पाया है। पहले राजकुमार कालेज में कुछ दिनो तक विधान सभा की बैठक हुई।उसके बाद केंद्रीय जल संसाधन के लिए बने भवन में कुछ फेर बदल विधानसभा के लिए तैयार किया गया है।

# जंगल सफारी में 24 चौसिंगा,1 नील गाय, 3 काला हिरण की मौत से हड़कंप

**रायपुर**, 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के नया रायपुर में मानव निर्मित एशिया के सबसे बड़े जंगल सफारी में लापरवाही का एक बड़ा मामला सामने आया है। जंगल सफारी में पिछले एक सप्ताह के भीतर 40 से ज्यादा वन्यजीवों की मौत की सूचना मिली है।एशिया के सबसे बड़े जंगल सफारी में पांच दिन से चौसिंगा की लगातार मौत से पूरे वन विभाग में हड़कंप मच गया है। नवा रायपुर स्थित जंगल सफारी के चौसिंगा बाड़े में 25 से 29 नवंबर के बीच 17 चौसिंगा की मौत हो गई है। चौसिंगा की मौत की वजह का खुलासा नहीं हो पाया है। प्रबंधन की लापरवाही है या जानवरों में अज्ञात बीमारी के चलते यह घटना हुई है? फिलहाल मामले की जांच के लिए डॉक्टरों को बुलाया गया है।

जंगल सफारी डीएफओ हेमचंद पहारे ने बताया कि नंदनवन जू में शाकाहारी वन्यप्राणियों के बाड़े में 25 नवंबर को चौसिंगा की अचानक मृत्यु की खबर मिली है, जिसकी प्रारंभिक जांच में उसका स्वास्थ्य खराब होना पाया गया था। इसके बाद पशु चिकित्सकों ने अन्य चौसिंगा का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार शुरू किया। इसके बाद भी अन्य चौसिंगा की हालत खराब होते चली गई। फिर अलग-अलग दिन 17 चौसिंगा की मौत हो गई। उन्होंने



बताया कि चौसिंगा के मौत के पीछे सही कारणों का पता लगाने बिसरा जांच के लिए भेजा गया है। जू के बाड़े में 24 चौसिंगा में से केवल 7 चौसिंगा बचे हैं, जिसे वन्यप्राणी पशु चिकित्सकों ने नेतृत्व में सुरक्षित स्थानों पर अलग रखकर इलाज किया जा रहा है, ताकि स्वस्थ वन्यप्राणियों को रोगी वन्य प्राणियों से अलग करके उनके जीवन की रक्षा की जा सके।

**उत्तरप्रदेश भेजा गया सैंपल**

घटना के बाद केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशों का पालन करते हुए जंगल सफारी के अधिकारियों ने बिसरा और खून जांच के लिए सैंपल आईवीआरआई बरेली (उत्तरप्रदेश) भेजा है। साथ ही कुछ सैंपल कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा भेजा गया है। परीक्षण रिपोर्ट मिलने के बाद मृत्यु के कारणों का पता चल सकेगा।

जंगल सफारी में चौसिंगा की मौत के बाद बवाल हो गया है। अधिकारी एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। बताया जा रहा है कि वन्यप्राणी चिकित्सक डॉक्टर राकेश वर्मा छुट्टी पर हैं। इसकी स्वीकृति नहीं मिली थी, फिर भी सीडब्ल्यूएलडब्लयू से स्वीकृति लेकर अवकाश पर चले गए। अधिकारियों ने पीसीसीएफ से इसकी शिकायत की है। सीसीएफ सीतानदी उदंती एम. मर्सीबेला ने बताया कि जंगल सफारी में वन्यप्राणी चिकित्सक नहीं होने के कारण पशु चिकित्सा महाविद्यालय अंजोरा दुर्ग से डाक्टर जसमीत और डॉ. एसएल अली से संपर्क किया गया है। उनसे बीमार चौसिंगा की चिकित्सा के लिए मार्गदर्शन लिया गया है। साथ ही पशु चिकित्सा अधिकारी कानन पेंडारी डॉ. चंदन तथा पशु चिकित्सा अधिकारी मरवाही डॉ. अजय पाण्डेय को भी बुलाया गया है। उनके उपचार के चलते 7 वन्यप्राणियों के जीवन की रक्षा की जा सकी।

# सस्ता हो सकता है हवाई सफर, एटीएफ की कीमतों में कटौती

**रायपुर**, 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। एलपीजी-एटीएफ की कीमतें महीने के पहले दिन संशोधित की जाती हैं। आज 1 दिसंबर 2023 को तेल कंपनियों ने एलपीजी सिलेंडर के दाम अपडेट कर दिए हैं। देशभर में कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 21 रुपये बढ़ गई है। विमान ईंधन की कीमतें कम हो गई हैं।

एटीएफ की कीमत में 4.6 फीसदी की कटौती की गई है। राजधानी दिल्ली में विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत 1,11,344.92 रुपये प्रति किलोलीटर से घटकर 1,06,155.67 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है।

वहीं, कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में 21 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। कमर्शियल सिलेंडर एलपीजी की कीमत 1,775.50 रुपये से बढ़कर 1,796.50 रुपये प्रति 19 किलोग्राम सिलेंडर हो गई है। घरेलू सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। देश में 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत 903 रुपये है।



**मेट्रो शहर में एटीएफ की कीमत**

दिल्ली में एटीएफ की कीमत 1,06,155.67 रुपये प्रति किलो लीटर है।

कोलकाता में एटीएफ की कीमत 1,44,639.70 रुपये प्रति किलो लीटर है।

मुंबई में एटीएफ की कीमत 99,223.44 रुपये प्रति किलो लीटर है।

चेन्नई में एटीएफ की कीमत 1,09,966.39 रुपये प्रति किलो लीटर है।

**एलपीजी और एटीएफ की कीमतों का प्रभाव**

कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में बदलाव का असर रेस्तरां, होटल और अन्य कमर्शियल उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। इससे घरेलू सिलेंडर की कीमतों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। वहीं, एटीएफ की कीमतों में कटौती का असर हवाई किरायों पर भी देखने को मिलेगा। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि हवाई यात्रा सस्ती हो सकती है।

# बहुमत से बनेगी कांग्रेस की सरकार : सैलजा



**रायपुर**, 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा, छग में कांग्रेस भारी बहुमत से सरकार बनाने जा रही है। एग्जिट पोल से भी अधिक सीटें कांग्रेस को मिलेंगी। कोर कमेटी की मीटिंग को लेकर कहा, मतगणना की तैयारियों को लेकर वरिष्ठ नेताओं से चर्चा होगी।कांग्रेस पार्टी मतगणना के लिए पूरी तरह तैयार है।कार्यकर्ताओं से हम लगातार बातचीत कर रहे हैं। बहुमत मिलने पर मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर कुमारी सैलजा ने कहा, बहुमत मिलने के बाद पार्टी नेतृत्व इस विषय पर फैसला लेगा।ऑपरेशन लोटस जैसी कोई स्थिति नहीं है।

# राज्य सेवा परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन आज से, फरवरी में प्रीलिम्स परीक्षा

**रायपुर**, 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य सेवा परीक्षा 2023 के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया आज से शुरू हो रही है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की ओर से स्टेट सर्विस एग्जाम 2023 के लिए आवेदन प्रक्रिया आज से शुरू होकर दिसंबर के अंत तक यानी 30 दिसंबर तक अप्लाई कर सकते हैं। अप्लाई करने के लिए कैंडिडेट्स को आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।





छत्तीसगढ़ राज्य सेवा परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरुआत होने की तारीख- 1 दिसंबर है। परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि-30 दिसंबर, 2023 है। परीक्षा के लिए सुधार विंडो ओपन रहेगी- 31 दिसंबर से 1 जनवरी 2024 तक। विलंब शुल्क के साथ करेक्शन विंडो ओपन रहेगी- 1 जनवरी से 3 जनवरी 2024 तक। राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा- 11 फरवरी को होगी मुख्य परीक्षा की तिथि- 13 से 16 जून के बीच संभावित है।

सीजीपीएससी की ओर से जारी सूचना के अनुसार, इस परीक्षा के माध्यम से कुल 242 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। अधिसूचना के अनुसार, सीजीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा 11 फरवरी, 2024 को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। वहीं, दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक कंडक्ट कराई जाएगी। सीजीपीएससी मेन्स 2023 परीक्षा 13, 14, 15 और 16 जून को आयोजित की जा सकती है। राज्य सेवा परीक्षा के लिए अप्लाई करने वाले कैंडिडेट्स को बतौर आवेदन शुल्क 400 रुपये देने होंगे। जो उम्मीदवार छत्तीसगढ़ के निवासी हैं, उन्हें शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है।

# भाजपा का कोई भी ऑपरेशन काम करने वाला नहीं : विकास

**रायपुर**, 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव 2023 के एग्जिट पोल आने के बाद प्रदेश में सियासी हलचल तेज हो गई है। राजनीतिक पार्टियों के बीच बयानबाजी तेज हो गई है। इस बीच ऑपरेशन लोटस पर रायपुर पश्चिम विधायक विकास उपाध्याय ने बयान दिया है।उन्होंने कहा कि चाहे कोई भी ऑपरेशन आ जाए, वह काम करने वाला नहीं है। जनता ने जहां मुहर लगा दी है, सरकार उनकी ही बनेगी।



कांग्रेस प्रत्याशियों के दिल्ली रवानगी की चर्चाओं पर विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि इस बात की जानकारी मुझे नहीं है। मगर विपक्षी पार्टी के लोग ऐसी बातें कर सकते है। कांग्रेस पार्टी ने बहुत मेहनत से एक परिवार के रूप में चुनाव लड़ा है।सभी अपने-अपने साथी और कार्यकर्ताओं के साथ है। लगातार सबकी बातचीत हो रही है, सभी को 3 दिसंबर के परिणामों का इंतजार है।3 दिसंबर को मतगणना होगा।मतगणना से पहले विधायक विकास उपाध्याय राजीव लोचन मंदिर जाकर भगवान के दर्शन करेंगे और कांग्रेस की जीत की कामना करेंगे. ।भाजी के ऑपरेशन लोटस पर विकास उपाध्याय ने कहा कांग्रेस ने 15 साल तक सड़क और सदन की लड़ाई लड़कर सरकार बनाई है। हम लोगों ने लाठियां खाई, खून बहाया और जेल भी गए। चाहे कोई भी ऑपरेशन आ जाए, वह काम करने वाला नहीं है। जनता ने जहां मुहर लगा दी है, सरकार उनकी ही बनेगी।

मतगणना को लेकर भाजपा नेताओं के बयान पर विकास उपाध्याय ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनती नजर आ रही है कांग्रेस की सरकार बनेगी,लोग चर्चा कर रहे हैं। भाजपा मुगालते में है। भूपेश बघेल ने कहा हैं चौकाने वाले परिणाम आएंगे, भाजपा के बड़े नेताओं की रिपोर्ट अच्छी नहीं है।

# सेवानिवृत्त निगम कर्मचारियों को दी गई विदाई



**रायपुर**, 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। विगत दिवस दिनांक 30 नवंबरको रायपुर नगर पालिक निगम की सेवाओं से सेवानिवृत्त हुए निगम अधीक्षण अभियन्ता हेमन्त शर्मा, कार्यपालन अभियन्ता एवं प्रभारी जोन कमिश्नर जोन क्रमांक 3 लोकेश चंद्रवंशी, राजेन्द्र नगर नलघर में जल विभाग से राजस्व विभाग में पदोन्नत सहायक राजस्व निरीक्षक केशव प्रसाद, निगम मुख्यालय वित्त विभाग के भृत्य कर्मचारी राकेश दुबे, निगम जोन 4 कार्यालय के भृत्य कर्मचारी कौशल यादव को नगर पालिक निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बुके, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य, स्वस्थ, सुखी, दीर्घायु जीवन की कामना की।

उक्त सेवानिवृत्त निगम अधिकारियों से कर्मचारियों द्वारा नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण काल की अवधि के दौरान ईमानदारी पूर्वक दिये गये प्रशासनिक कार्य दायित्वों का निर्वहन करने को लेकर सराहना की गयी। इस अवसर पर निगम उपायुक्त श्रीमती कृष्णा देवी खटीक, डॉक्टर आर. के. डोंगरे, ए. के. हालदार, अधीक्षण अभियन्ता राजेश शर्मा, बद्री चंद्राकर, जोन कमिश्नरगणों, कार्यपालन अभियन्तागण, सहायक अभियन्तागण सहित निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# जनता ने मोदी की गारंटी को नकार दिया : कांग्रेस

## सारे एग्जिट पोल बता रहे जनता ने कांग्रेस पर फिर भरोसा जताया



**रायपुर**, 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। जनता नें मोदी की गारंटी को नकार दिया। कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला नें कहा कि सारे एग्जिट पोल राज्य मे फिर से कांग्रेस की सरकार बनाते दिखा रहे है।यह इस बात का प्रमाण है कि राज्य कि जनता भाजपा के भुलावे मे नहीं आई उसने मोदी कि गारंटी को नकार दिया और उसने कांग्रेस पर भरोसा जताया। कांग्रेस के प्रति लोगो का भरोसा इसलिए भी रहा कि पिछले पांच सालो मे कांग्रेस नें जनता के हितो के लिए योजना बनाया और उनका प्रभावी क्रियान्वयन किया। कांग्रेस नें अपने जनघोषणा पत्र के 36मे से 34वायदो को पूरा किया इसलिए जनता नें कांग्रेस के पक्ष मे मतदान किया। राज्य मे भूपेश सरकार के प्रयासों से 40लाख लोग ग़रीबी रेखा के ऊपर आये 2018 मे राज्य कि जो बेरोजगारी दर 22प्रतिशत थी वह घट कर आधा प्रतिशत पहुंच गयी यह कांग्रेस कि बड़ी उपलब्धि थी। श्री शुक्ला नें कहा कि कांग्रेस नें वादा निभाया था इसलिए जनता नें अबकी बार भी कांग्रेस के घोषणा पत्र के वायदे पर भरोसा जताया लोग 3200रु धान कि क़ीमत, किसानो के कर्जमाफी के वादे, केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा, घरेलू गैस सिलेंडर पर 500रु कि सब्सिडी, महिलाओ को प्रतिवर्ष 1500रु जैसे वादों पर जनता नें दृढ विश्वास जताया। उन्होंने कहा कांग्रेस की नकल कर भाजपा नें भी अपना घोषणा पत्र बना कर उसे मोदी की गारंटी नाम दिया लेकिन जनता नें मोदी की गारंटी पर भी भरोसा नहीं जताया। लोगो को मोदी की गारंटी भाजपा का चुनावी जुमला लगा। जनता जानती है भाजपा वोट लेने के लिए बड़े बड़े वायदे करती है फिर भूल जाती है।

मोदी नें अपने चुनाव मे 100दिन मे मंहगाई कम करने हर के खाते मे 15लाख देने का वादा किया था, हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार का वादा था किसानो कि आय दुगुनी करने का वादा भी मोदी नें किया।दस साल सरकार चलाने के बाद भी मोदी नें अपना वादा पूरा नहीं किया।भाजपा वही जुमले छत्तीसगढ़ मे भी फेकना चाह रही थी लेकिन लोग उसकी चाल बाजी मे नहीं आए।

# पहाड़ी मैना की प्रतिमा बढ़ा रही राजधानी की शोभा

## 100 किलो कबाड़ से राजकीय पक्षी को किया गया है तैयार





**रायपुर**, 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। राजधानी में छत्तीसगढ़ के राजकीय पक्षी पहाड़ी मैना की विशाल प्रतिमा लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इस पहाड़ी मैना की प्रतिमा राजधानी रायपुर में नगर निगम मुख्यालय के सामने लगाई गई है। पहाड़ी मैना को 100 किलो कबाड़ से तैयार किया गया है, जो 8 फीट ऊंची है। संकटग्रस्त प्रजातियों में से एक पहाड़ी मैना को बचाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता लाने का यह प्रयास किया गया है।शहर को सुंदर बनाने और शहर को सुंदर बनाने पर्यावरण के प्रति चेतना जगाने पहाड़ी मैना की सुंदर आकृति स्थापित की गई है।पहाड़ी मैना की प्रतिमा तैयार करने फैक्ट्री और घरों से निकलने वाली अनुपयोगी सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। इसमें सरिया, गियर प्लेट, मशीनों के क्षतिग्रस्त हिस्से, लोहे की चेन, जाली, लोहे की प्लेट आदि का उपयोग किया गया है।नगर निगम रायपुर और यंग इंडी यस रायपुर चेप्टर सहित कई संस्थाओं के सहयोग से सुंदर पहाड़ी मैना को तैयार किया गया है। राजकीय पक्षी के बारे में नई पीढ़ी को बताने और कबाड़ से जुगाड़ की थीम पर विलुप्त होते पक्षियों को बचाने की पहल की आमजनों द्वारा सराहना भी की जा रही है।

# ऑपरेशन लोटस, कांग्रेस का डर, उन्हें अपने विधायकों पर भरोसा नहीं : रमन सिंह



**रायपुर**, 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि एग्जिट पोल के आंकड़े सामने आने के बाद यह साफ हो गया है कि भाजपा की स्पष्ट बहुमत की सरकार छत्तीसगढ़ में बन रही है। वहीं एग्जिट पोल में 69 सीटों से घटते-घटते कांग्रेस 40 से 42 सीटों पर आ गई है।इससे कांग्रेस की हालत का अंदाज़ा लगाया जा सकता है। वहीं भाजपा पंद्रह सीटों से बढ़कर 46 से 48 सीट पर आ गई है. मैं आपको कहता हूं कि ये रुझान जब मतगणना के बाद देखे जाएंगे तो ये 48 सीटों पर नहीं रुकेगा 52 से 55 सीटे भाजपा के खाते में आयेंगी।

खैरागढ़ चुनाव हम बड़ी लीड से जीतेंगे. कार्यकर्ताओं ने बहुत मेहनत की है। ऑपरेशन लोटस पर किए गए प्रश्न का जवाब देते हुए रमन सिंह ने सीएम भूपेश बघेल पर जम कर हमला किया। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल के मन में डर है और उन्हें अपने ही विधायकों पर भरोसा नहीं है। इसीलिए लोटस लोटस की बात करते हैं. भाजपा अपने विधायकों पर पूरा भरोसा करती है और हमारे सारे विधायक यहीं रहेंगे।

### छिर्रा में सत्य निज नाम परिवार की बैठक कल

**बिलाईगढ़** 1 दिसम्बर। सत्य निज नाम परिवार बिलाईगढ़ क्षेत्र के ग्राम छिर्रा में सत्संग भवन मे मासिक बैठक रखा गया है। यह बैठक दिनांक तीन दिसम्बर दिन रविवार को होगा समय 2.00 बजे आहूत की गई है। जिसमें परम पूज्य गुरुदेव सत्य कबड्डी दास जी परम वदंनिया माता सत्य लीला देवी जी के आगमन होगा।

# 267 दीपों से जगमगाया पवित्र जैतखाम

## दिसम्बर माह के लगते ही छग में हुआ गुरु पर्व का आगाज



**रायपुर,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। गिरौदपुरी की पावन धरा में 18 दिसंबर सन् 1756 को अवतरित महान संत बाबा गुरु घासीदास की इस वर्ष 267 वी. जयंती है जिसे बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के जिला अध्यक्ष सुंदरलाल जोगी एवं प्रदेश प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि सतनामी समाज के लोग अपने सबसे बड़े त्यौहार को लेकर काफी उत्साहित है।

इसी कड़ी में आज 01 दिसम्बर (शुक्रवार) को समाज के लोगों ने संध्या मिनीमाता चौक, गुढ़ियारी स्थित जैतखाम में जय- जय सतनाम की जयकारा के साथ 267 वी. जयंती के परिपेक्ष में 267 दीप प्रजवलित कर गुरुपर्व का आगाज किया। कार्यक्रम में पधारे छ.ग. राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष के.पी. खण्डे ने सर्वप्रथम दीप जलाया तत्पश्चात वहां उपस्थित महिलाऐं, बच्चे, युवा व बुजुर्गों ने अपने-अपने हाथों से एक-एक दीप जलाकर पवित्र जैतखाम स्थल को रोशनी से जगमग कर दिया। इस दौरान पंथी गीतों के साथ गुरुगद्दी व पवित्र जैतखाम की विशेष पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के लिए सुख ,समृद्धि व खुशहाली की कामना की गई। इस अवसर पर क्षेत्र के पार्षद सुंदरलाल जोगी, डी.एस.पात्रे, चेतन चंदेल, उतित भारद्वाज, पं. अंजोर दास बंजारे, नोहर लहरे, ईश्वर जोगी, राधेश्याम घृतलहरे, नरेंद्र कुर्रे, गोरेलाल कुर्रे, संतोष टंडन, गोकुल कुर्रे, समीर टंडन, जयप्रकाश टंडन,जय गेन्डरे, सुरुज बाई, संगीता मिरी, दुरपत बघेल, शकुन मिरी, मधु जांगड़े, ममता घृतलहरे, कांति कोसले, सुनीता कुर्रे, संध्या कोसले, अमर देवी बघेल ,मोहिनी पाटले, ललिता सारंग, मुन्नी बाई जांगड़े, राजकुमारी जांगड़े, पार्वती जांगड़े, मालती बाई, गीता जांगड़े सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

## पेन, पेड, मतगणना स्थल पर ले जाने की अनुमति : विजय झा

**रायपुर,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं रायपुर जिले के जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना स्थल सेजबाहर में पेन, पेड,डायरी,कैलकुलेटर,कोरा कागज आदि ले जाने की अनुमति नहीं दी गई थी। इसका हर स्तर पर विरोध किया गया। अंततोगत्वा आज पेन, पेड, कैलकुलेटर, कोरा कागज आदि ले जाने की अनुमति प्राप्त हो गई है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता विजय कुमार झा ने बताया है कि 3 दिसंबर रविवार मतगणना स्थल पर प्लास्टिक पेन, पेड, डायरी अथवा कोरा कागज, कैलकुलेटर ले जाने की अनुमति जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रदान कर दी गई है। प्लास्टिक पेन ले जाने के पीछे मूल उद्देश्य सामान्य पेन में आजकल कैमरा फिट किया जाता है, जो की मतगणना के गोपनीयता को भंग करने की आशंका को बलवती करती है। मतगणना अभिकर्ताओं को सुबह 7 बजे मतगणना स्थल पर प्रवेश करेंगे। शासकीय अधिकारी कर्मचारियों के लिए शासन द्वारा तथा राजनीतिक पार्टियों के द्वारा उनके पार्टियों द्वारा चाय नाश्ता भोजन आदि की व्यवस्था की जाएगी। इस हेतु वाहन भोजन व्यवस्था के लिए व्यक्ति की अनुमति भी प्रदान की गई है। जिन विधानसभा क्षेत्र में 14 मतगणना टेबल है, वहां 14 मतगणना अभिकर्ता, एक स्वयं उम्मीदवार एवं एक निर्वाचन अभिकर्ता तथा एक व्यक्ति पोस्टल बैलेट पेपर टेबल में जा सकेगा।

## सालेम इंग्लिश स्कूल में सीएनआई डे मनाया गया




**रायपुर**, 1 दिसंबर (देशबन्धु)। सालेम इंग्लिश स्कूल में सीएनआई डे मनाया गया जिसमे संयोजक/मंच संचालन किया श्रीमती के.के. सिंग, श्रीमती पल्लवी मिंज तथा आशिमा वानी ने तथा इस कार्यक्रम के चीफ गेस्ट के रूप मे उपस्थित थे रेव्ह. सुनील कुमार, राकेश सालोमान तथा रेव्ह 1. जीवन मसीह ।सी. एन. आई. डे के उपलक्ष्य मे एक दिवसीय पिकनिक का आयोजन किया गया तथा कक्षा पांचवी से बारहवी तक के बच्चों को एम. एम. फन सिटी ले जाया गया वहा पर तरह तरह के आकर्षक खेलने व स्विमिंग की व्यवस्था थी जैसे स्विमिंग पूल, राइट, रैन डांस जिसमे पंजाबी गानो की धुन पर बच्चो ने जमकर डांस किया इसके साथ ही वेव पुल मे भी बच्चो ने मजा किया शाला के शिक्षक राजकि् हुसैन, सुनील मालवीय, अखिलेश नंद एवम् नवीन दास तथा शिक्षिकाओ मे श्रीमती मधु मसीह, श्रीमती आकांशा नंद, आर्शिया कुरेशी, रुपाली यादव भी उपस्थित थी । इस अवसर पर शाला की प्रभारी प्राचार्यद्य श्रीमती रूपिका लॉरेंस भी पिकनिक मे शाला की छात्र छात्रद्यआ के साथ उपस्थित थीं तथा उनके निर्देशन मे यह पूरा कार्यक्रम संपन्न हुआ ।

## कैदियों से लेकर विद्याथियों और आम लोगों तक एचआईव्ही से बचने का दिया संदेश

### मितवा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने किया जागरुक




**रायपुर**, 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ मितवा संकल्प समिति साहस परियोजना के द्वारा सेंट्रल जेल रायपुर में एचआईव्ही एड्स और साहस परियोजना के उदेश्यो के बारे में जानकारी दी गई । अग्रसेन महाविद्यालय में विद्यार्थियों को ट्रांसजेंडर समुदाय और एचआईव्ही होने के कारणों को स्पष्ट किया गया। इसके उपरांत टी आई परियोजना के अधिकारियों के साथ मिलकर जागरुकता रैली का आयोजन किया गया साथ ही महत्वपूर्ण आईईसी सामग्री जनसमुदाय को वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में एसएस टिग्गा जी डीआईसी सेंट्रल जेल रायपुर, हितेश महेश्वरी - सहायक संचालक सीजीएसएसीएस, अशोक उइके जी टीबी क्षय नियंत्रण केंद्र से, साहस परियोजना से राजु वैष्णव - कार्यक्रम प्रबंधक, लक्ष्मी नारायण देवांगन - काउंसलर, सुरज साहू - एम एंड ई ऑफिसर, ईश्वर साहू - कम्यूनिटी वर्कर शामिल हुए।

## राजिम भक्तिन माता जयंती समारोह 7 जनवरी को






**राजिम,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। आगामी 7 जनवरी 2024 राजिम भक्तिन माता जयंती समारोह को लेकर साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति की आवश्यक बैठक छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू के विशेष उपस्थिति में साहू छात्रावास परिसर में आहूत की गई समाज के आराध्य देवी राजिम भक्तिन माता की पूजा अर्चना कर बैठक की शुरुआत की गई। सर्वप्रथम समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने बैठक का मुख्य विषय 7 जनवरी राजिम भक्तिन माता राजिम जयंती समारोह मनाए जाने के संबंध में उपस्थित पदाधिकारी से सुझाव देने का प्रस्ताव रखा तत्पश्चात उपस्थित पदाधिकारीयों ने अपना अपना सुझाव रखें एवं सर्वसम्मति से आगामी 7 जनवरी 2024 को राजिम भक्तिन माता जयंती महोत्सव भव्य रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ एवं राजिम भक्तिन माता समिति के संयुक्त तत्वाधान में मनाया जाने का निर्णय लिया गया बैठक को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू ने कहा कि आज समिति के पदाधिकारीयों द्वारा सर्व सम्मति से जो निर्णय लिया गया है उसे छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ को अवगत कराया जाएगा उपस्थित पदाधिकारी द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर विचार मंथन किया गया 7 जनवरी 2024 के बाद 30 जनवरी 2024 तक प्रदेश के सभी जिलों में राजिम भक्तिन माता की जयंती महोत्सव मनाया जाए इस दिशा में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ द्वारा उचित पहल किया जाए। राजिम भक्तिन माता जयंती के दिन कार्यक्रम स्थल के पास कम से कम दो जगह पर भोजन प्रसादी की व्यवस्था किया जाए। जयंती महोत्सव के अवसर पर समाज के साहित्यकारों लेखकों एवं कवियों की गोष्ठी कर राजिम भक्तिन माता की जीवन गाथा की कहानी को नया स्वरूप प्रदान पाठ्यक्रम में शामिल कराए जाने के लिए उचित कदम उठाया जाए। साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के कार्य क्षेत्र अंतर्गत जिला महासमुंद गरियाबंद धमतरी एवं रायपुर ग्रामीण के सैकड़ो पदाधिकारी शामिल हुए समिति के संरक्षक संजय प्रकाश चौधरी ने बैठक में अपना सुझाव रखते हुए कहा कि राजिम भक्तिन माता की जीवन गाथा पर आधारित कहानी का सोशल मीडिया में प्रचार प्रसार किया जाए।

## स्कोडा ऑटो इंडिया ने ऑल-न्यू टीप ब्लैक कलर में लॉन्च किया

**रायपुर,** 1 दिसंबर। कुशाक और स्लाविया में कई नए और सेगमेंट में पहली बार शानदार फीचर्स पेश करने के तुरंत बाद, स्कोडा ऑटो इंडिया ने इन दोनों कारों के एक नए, खास वर्जन को लॉन्च करने की घोषणा की है। एलिगेंस एडीशन नाम की दोनों कारों का उत्पादन सीमित मात्रा में किया जाएगा। ये कारें खासतौर पर 1.5 टीएसआई इंजन के साथ उपलब्ध होंगी। इस बारे में स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर, पेट्र सॉल्क ने कहा, कुशाक और स्लाविया का एलिगेंस एडीशन एक लिमिडेट एडीशन के रूप में लॉन्च किया जाएगा। कुशाक और स्लाविया के क्लासिक ब्लैक कलर की जोरदार मांग देखने को मिली है।

## कल शुष्क दिवस घोषित

**बलौदाबाजार,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी चंदन कुमार ने मतदान तिथि 3 दिसम्बर को जिला मुख्यालय स्थित देशी विदेशी मंदिरा दुकानें को पूर्णत: बंद रखने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है।

## अयोध्या से आए अक्षत कलश का भव्य स्वागत

**फिंगेश्वर,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। अयोध्या में बन रहा भव्य मंदिर अब अपना मूल रूप लेने वाला है। आगामी पौष शुक्ल , द्वादशी, विक्रम संवत 2080, सोमवार दिनाँक 22 जनवरी 2024 के शुभदिन, प्रभु श्री राम के बाल रूप नूतन विग्रह को, श्री राम जन्मभूमि पर बन रहे नवीन मंदिर भूतल के गर्भगृह में विराजित करके प्राण - प्रतिष्ठा की जाएगी। जिसमें देश के प्रमुख साधु संत, राम मंदिर आंदोलन से जुड़े लोग, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी , उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित मंदिर समिति के लोग उपस्थित रहेंगे।



अयोध्या में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे भारत वर्ष में उत्साह का वातावरण है , प्रभु श्रीराम 550 वर्षों के बाद अपने महल में विराजमान हो रहे हैं। इसी कड़ी में अक्षत एवं आमंत्रण पत्र पूरे देश मे प्रत्येक घरों तक लेकर जाएंगे रामभक्त। अक्षत को प्रत्येक घरों तक पहुचाने की जिम्मेदारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल को दी गई है। जिसके लिए गरियाबंद जिले से जिला संयोजक शिशुपाल सिंग राजपूत को बनाया गया है। राजिम में अक्षत कलश दिनाँक 01 दिसंबर को लाया गया जिसका भव्य स्वागत गाजे बाजे एवं आतिशबाजी के साथ राजिम बस स्टैंड में किया गया। इसके पश्चात कलश को भगवान राजीव लोचन जी के मंदिर में ला कर पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम के जिला संयोजक श्री राजपूत ने बताया कि सन् 2020 - 21 को अयोध्या में प्रस्तावित भव्य मंदिर निर्माण के लिए पूरे देश से सहयोग राशि ली गई थी। जिसमें गरियाबंद जिले के प्रत्येक गांव, नगरों, मोहल्लों से 9400000/- चौरानबे लाख, रुपये से भी अधिक राशि अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र को भेजी गई। अब मंदिर निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र अयोध्या से अक्षत एवं आमंत्रण पत्र गरियाबंद जिले में आया है जिसे जिले के रामभक्त एवं संगठन के कार्यकर्ता घर घर जाकर प्रत्येक घरों में आमंत्रण पत्र देंगे। हम सभी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या तो नही जा सकेंगे लेकिन हम अपने घरों, नगर, मोहल्लों, ग्राम को ही अयोध्या बनाएंगे। आप भी प्राण प्रतिष्ठा के दिन पूर्वान्ह 11ः00 बजे से 01ः00 बजे के मध्य अपने ग्राम, मोहल्लों, कालोनी, में स्थित किसी भी मंदिर में आस पड़ोस के रामभक्तों को एकत्रित करके, भजन कीर्तन करें, टेलीविजन अथवा कोई प्रोजेक्टर (स्क्रीन, स्क्रीन) लगाकर अयोध्या में भव्य राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं कार्यक्रम में श्रीराम जय राम जय जय राम विजय महामंत्र का 108 बार सामूहिक जाप, हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, रामरक्षा स्त्रोत आदि का सामुहिक पाठ भी कर सकते हैं।

## रामरतन साहू ने की लापरवाह पोस्ट मास्टर के खिलाफ शिकायत

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। कसडोल छरछेद के रामरतन साहू ने लापरवाह पोस्ट मास्टर के खिलाफशिकायत शिकायत करने के तुरंत बाद उक्त पोस्ट मास्टर द्वारा चेक बुक दिया गया। इसके पहले आवेदक को घुमाया जा रहा था। शिकायतकर्ता ने लापरवाह पोस्ट मास्टर के खिलाफकार्यवाही किये जने की मांग की है।

### शिकायत करने के तुरंत बाद पोस्ट मास्टर द्वारा दिया गया चेक बुक

जानकारी के अनुसार ग्राम छरछेद निवासी रामरतन साहू पिता धरमलाल साहू ने 20 नवम्बर 2023 को एच डी एफसी बैंक शाखा कसडोल से अपने बचत बैंक खाता से चेक जारी करने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था जिसपर उक्त बैंक द्वारा 25 नवम्बर 2023 को पोस्ट ऑफिस पिसीद भेजा गया, जिसे पोस्ट मास्टर द्वारा प्राप्त भी कर लिया गया, किन्तु पोस्ट मास्टर रथरम देवांगन ने आवेदक को उनका चेक बुक न देकर किसी और को दे दिया गया था ऐसा आरोप आवेदक रामरतन ने लगाया है। इस बीच जब आवेदक ने चेक बुक के सम्बन्ध में पोस्ट मास्टर से पूछा तो उनके द्वारा तुम्हारा चेक बुक नहीं आया है कहकर 4-5 दिन से घुमाता रहा। पोस्ट मास्टर के इस रवैए से आहत होकर रामरतन साहू द्वारा जब पोस्ट मास्टर रथराम देवांगन के खिलाफ उप संभागीय निरीक्षक बलौदाबाजार के नाम उप डाकपाल कसडोल में लिखित शिकायत 1 दिसम्बर को की गई और मांग की गई कि कर्तव्य के प्रति लापरवाह व जनता को गुमराह करने वाले उक्त पोस्ट मास्टर पर कड़ी कार्रवाई की जाय। शिकायत करने के कुछ घंटे बाद प्रार्थी रामरतन साहू ने हमारे प्रतिनिधि को मोबाइल से फोन कर बताया कि उनका चेक बुक पोस्ट मास्टर रथराम देवांगन ने आकर दिया है। इस तरह समझा जा सकता है कि पोस्ट मास्टर कितना लापरवाह है? अब देखना होगा कि आवेदक के शिकायत पर उच्चाधिकारी क्या कार्रवाई करते हैं? या लीपा पोती कर पोस्ट मास्टर को बचाने का काम करते हैं, आने वाले समय में पता चलेगा।

# एक्जिट पोल के बाद हार जीत को लेकर कयासों का दौर तेज

**गरियाबंद,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में तीन दिसम्बर को विधानसभा चुनाव के परिणाम आयेंगे। एक्जिट पोल आने के बाद चुनाव में हार जीत को लेकर कयासो का दौर तेज हो गया है। राजनैतिक दलो के अलावा आज जनता के बीच भी चुनाव परिणाम को लेकर जमकर चर्चा हो रही है। एक्जिट पोल आने के बाद दोनो ही बड़ी पार्टिया अपने जीत के दावे कर रही है साथ ही बहुमत से सरकार बनाने की बात भी कह रही है। लेकिन इन सब के बीच इस बात से भी इंकार नही किया जाता सकता कि एक्टिज पोल ने दोनो ही पार्टियो की धड़कन बढ़ा दी है। हाल में ही भाजपा और कांग्रेस दोनो ही पार्टी और इनके प्रत्याशियो ने बैठक आयोजित कर हार जीत को लेकर अपने कार्यकर्ताओ से फीडबैड लिया था। लेकिन इसके बाद सामने आए एक्जिट पोल ने दोनो ही दलो के प्रत्याशियो की चिंता बढ़ा दी है। दोनो ही दल के लोग फिर से फीडबैक ले रहे है।

इधर चुनाव को लेकर इस बात को लेकर भी चर्चा जोरो पर हैं कि मोदी की गारंटी या भूपेश पर भरोसा किस जनता ने मोहर लगाई है। मालूम को इस बार के विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी और भूपेश पे भरोसा ये बड़े प्रभावी स्लोगन रहें। अपने चुनावी प्रचार में घोषणा पत्र के साथ भाजपा और कांग्रेस भी इन्ही शब्दो को लेकर लोगो के बीच वोट मांगने पहुॅची। विधानसभा चुनाव में इसका खासा असर भी देखने को मिला। मोदी की गारंटी या भूपेश पे भरोसा इसका फैसला तो मतदान के दौरान मतदाताओं ने कर दी दिया अब देखाना अब देखना लाजिमी होगा कि तीन दिसम्बर को आने वाले परिणाम में मतदाताओ ने किसे चुना है।

### मोदी की गारंटी या भूपेश पे भरोसा, जनता ने किसे चुना ? जीत को लेकर कांग्रेस भाजपा दोनों के अपने-अपने दावे

उल्लेखनीय है कि इस बार के छत्तीसगढ़ के चुनावी रण में कांग्रेस भाजपा के चुनावी चिंह कमल पंजा के बदले ये दोनो स्लोगन ने अधिक चर्चा बटोरी। भाजपा जहां लोगो के बीच मोदी की गारंटी के नाम पर वोट मांगे वही कांग्रेस ने भूपेश पे भरोसा है कहकर अपने लिए जन समर्थन मांगा। दोनों ही पार्टी में इस बार का कांग्रेस आए भाजपा के नाम के बदले ये नारा जोर शोर से दिया था। अब मुहर लगने के बाद इस बात की चर्चा जमकर हो रही की लोगो ने मोदी की गारंटी को पसंद किया या फिर भूपेश पे भरोसा किया।

इसके अलावा इस बार चुनाव में किसानो और महिलाओ के लिए दोनो ही पार्टी द्वारा की गई घोषणाओ ने भी मतदाताओ को मतदान के पहले काफी सोचने को मजबुर किया था। धान का समर्थन मूल्य और महिलाओं के लागू की गई एक जैसी योजना के बाद मतदाताओं में उलझन की स्थिति थी लेकिन ऐसी स्थिति को दूर करने में मोदी की गारंटी और भूपेश पर भरोसा यह दोनों स्लोगन ने काफी हद तक मतदाताओं की उलझन को कम करने में मदद की। मतदान के बाद जब वोट डालने वाले मतदाताओं से चर्चा की गई तो उनके जुबान में भाजपा-कांग्रेस या कमल-पंजा के बदले यही दो शब्द निकले, मोदी की गारंटी और भूपेश पर भरोसा। इसी से ही समझा जा सकता है कि इस चुनाव में इन दो शब्दों या स्लोगन का कितना असर पड़ा होगा।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के सियासी रण में एक तरफ जहां कांग्रेस ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को सीधे तौर पर अपना चेहरा बनाया था वहीं दूसरी ओर भाजपा ने छत्तीसगढ़ से किसी नेता को आगे करने के बदले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर ही चुनाव लड़ा। जिसके चलते यह चुनाव छत्तीसगढ़ में काफी हाई प्रोफाइल भी हो गया। यही कारण है कि छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी और भूपेश के भरोसा पर जमकर चर्चा हुई और चुनाव के अंतिम क्षणों तक भाजपा कांग्रेस के अलावा आम मतदाताओं के जुबान में भी यही दो शब्द सुनाई पड़ते रहें। दोनो ही पार्टी ने इन स्लोगन का जोर शोर से प्रचार प्रसार किया। इसे लेकर जब भाजपा और कांग्रेस के हम पदाधिकारी से चर्चा की गई तो उनके जुबान में भी यही शब्द बाहर निकले।

भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू से चर्चा करने पर उन्होंने कहा कि मंत्री नरेंद्र मोदी समूचे देश के नेता है उनकी गारंटी पर पूरे देश ने विश्वास जताया है। इसलिए इस बार भाजपा ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में अपने संकल्प पत्र के साथ मोदी की गारंटी दी। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी या ने गारंटी की भी गारंटी है। छत्तीसगढ़ की जनता ने मोदी की गारंटी पर अपनी मोहर लगाई है।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष भाव सिंह साहू से चर्चा करने पर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में ऐतिहासिक विकास कार्य हुए किसानों का कर्ज माफ बिजली बिल हाफ सहित अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन हुआ। इसलिए छत्तीसगढ़ की जनता ने भूपेश बघेल पर अपना जो भरोसा है वह बरकरार रखा है। हमें पूरी उम्मीद है कि जनता ने भूपेश के भरोसे पर ही अपनी मोहर लगाई है।


## निधन

### कचरा बाई साहू



**खरोरा,** 1 दिसंबर। श्रीमती कचरा बाई साहू उम्र 85 वर्ष ग्राम सकलोर का आकस्मिक निधन 30 नवंबर दिन गुरूवार को हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार 1 दिसबंर को निज ग्राम सकलोर में किया जाएगा। वे ठाकुर राम साहू सकलोर व पुनीत राम साहू खपरी वाले की मां थी एवं लक्ष्मी नारायण साहू (शिक्षक), पवन साहू, डॉ. खिलेश्वर साहू, डायमंड साहू की दादी थी।

### कुमारी बाई ताम्रकार



**दुर्ग,** 1 दिसंबर। तमेर पारा निवासी श्रीमती कुमारी बाई पति स्व. घनश्याम ताम्रकार का गत दिवस निधन हो गया। आज उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंतिम संस्कार के समय समाज के लोगों के साथ ही अन्य समाज के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे विक्की ताम्रकार की माता थी।

### मेहत्तर राम सोनी



**दुर्ग,** 1 दिसंबर। नयापारा दुर्ग निवासी मेहत्तर राम सोनी (88 वर्ष) का आज शुक्रवार 1 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कल शनिवार सुबह 11 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे सदानंद सोनी व लवकुश सोनी के पिता थे।

# प्याज के बाद लहसुन में तेजी

## बिक रहा 320 रुपए किलो, कीमत में तीन गुना से ज्यादा बढ़ोतरी

**रायपुर,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। लहसुन भी अब प्याज की राह पर चलने लगा है। इस वर्ष मई माह में जो लहसुन 60 से 80 रुपये किलो में बिक रही थी, वर्तमान में लहसुन की कीमत 250 से 320 रुपये किलो हो गई है। थोक बाजार में ही लहसुन 180 से 220 रुपये किलो बिक रही है। यानि लहसुन की कीमतों में तीन गुना से ज्यादा बढ़ोतरी हो गई है।



कारोबारियों का कहना है कि ठंड के दिनों में अभी लहसुन की मांग भी काफी बढ़ गई है। वहीं दूसरी ओर प्याज अभी भी उपभोक्ताओं को रुला रही है। चिल्हर बाजार में प्याज अभी भी 60 रुपये किलो बिक रही है। लहसुन की आवक मुख्य रूप से राजस्थान से होती है और इस वर्ष उत्पादन कम होने के कारण बाहरी क्षेत्रों में भी लहसुन की कीमतों में बढ़ोतरी है। संतोषी नगर, टिकरापारा सहित खमतराई बाजार में लहसुन 70 से 80 रुपये पाव बिका।

थोक सब्जी व्यावसायी संघ के अध्यक्ष टी श्रीनिवास रेड्डी का कहना है कि सब्जियों की आवक भरपुर है। हालांकि प्याज व लहसुन की आवक में कमी के चलते इनकी कीमतों में जबरदस्त बढ़ोतरी है। आवक सुधारने पर इनकी कीमतों में भी सुधार होगा।

### सब्जियों की आवक भरपूर

राजधानी में अभी सब्जियों की आवक भरपूर है इसके चलते इसकी कीमतों में स्थिरता बनी हुई है और ज्यादा तेजी मंदी नहीं है। शास्त्री बाजार, गोलबाजार, संतोषी नगर, टिकरापारा सहित विभिन्न बाजारों में टमाटर 30 रुपये किलो, गोभी 30 रुपये किलो, बैगन 35 रुपये किलो, लौकी 20 रुपये किलो, भिंडी 40 रुपये किलो, आलू 25 रुपये किलो किलो तक बिकी। इसके साथ ही गाजर व मटर की आवक भरपूर होने के कारण इनकी कीमतों में भी गिरावट है और गाजर व मटर 35 से 40 रुपये किलो तक बिक रहे है।

## मिठाई दुकान में गंदगी दस हजार का जुर्माना

**रायपुर,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। गन्दगी से सम्बंधित जनशिकायत मिलने पर नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 1 के जोन कमिश्नर के निर्देश पर वस्तुस्थिति की जानकारी लेने जोन स्वास्थ्य अधिकारी एवं सहायक जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने जोन क्षेत्र के तहत यतियतनलाल वार्ड क्रमांक 4 के क्षेत्र के अन्तर्गत भनपुरी मुख्य मार्ग में खोडियार स्वीट्स दुकान के भीतर सफाई व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया। सम्बंधित दुकान के भीतर गन्दगी मिलने पर प्राप्त जनशिकायत स्थल पर सही पायी गयी. नगर निगम जोन 1 जोन कमिश्नर के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने स्थल पर सम्बंधित दुकान के संचालक को भविष्य के लिये कड़ी कार्यवाही की चेतावनी देते हुए तत्काल 10000 रूपये का जुर्माना किया.

# अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराई हादसे में एक की मौत, दूसरा गंभीर

**रायपुर,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर की सड़कों पर एक बार फ्रि रफ्तार का कहर दिखा। आधी रात को रिंगरोड पीडब्ल्यूडी ब्रिज पर तेज रफ्तार कार डिवाइडर की रेलिंग से टकरा गई। तेज रफ्तार कार की डिवाइडर से इतनी जोर से टक ?कर हुई कि कार के परखच्चे उड़ गए और इंजन बाहर निकल आया। इस हादसे में कार सवार युवक देवकुमार साहू 18 साल की मौके पर मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक ओंकार साहू 19 साल बुरी तरह घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल युवक को निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है जहां उसका इलाज जारी जारी है। पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। दरअसल यह मामला सिविल लाइन थाना इलाके का है। सिविल लाइन थाना की पुलिस ने बताया कि रिंगरोड पीडब्ल्यूडी ब्रिज पर एक हादसे की खबर मिली है। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को वहां एक कार दुर्घटनाग्रस्त हालत में मिले। प्राथमिक जांच में पता चला कि तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। कार में सवार दो लोग सवार थेए जिसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।



# ओवर रेट का विरोध करने पर मारपीट

**रायपुर,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। कल शाम मारपीट, धारदार हथियार से मारने की अलग अलग चार घटनाएं दर्ज की गईं। इनमें एक ने शराब पीने के लिए पैसा न देने अ दूसरे शराब का ओवर रेट का विरोध करने पर मारपीट की। आनंदम वर्ल्ड सिटी कचना निवासी पार्थ टंडन 22 ने खम्हारडीह थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। कल शाम अहफ्राज और साथी महाकाल पान दुकान के पास प से शराब पीने के लिए पैसा मांगा। नहीं देने पर हाथ मुक्के से मारपीट की और फ्रि जान से मारने की धमकी देकर नुकीली चीज से मार चोट पहुंचाया। पार्थ क रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 294,506,323,327 का मामला दर्ज किया। अभनपुर के सरस्वती नगर वार्ड.2 निवासी राकेश सिन्हा 36 कल शाम छोटे उरला है शराब दुकान गया था। शराब देकर सेल्समैन ने ओवर रेट मांगा। राकेश ने इसका विरोध किया तो आदित्य बघेल और दो अन्य ने मारपीट की। राकेश ने थान जाकर उनके खिलाफ धारा 294,506,323,34 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई। इधर निगम मुख्यालय के पास आधी रात डेढ़ बजे बैजनाथ पारा निवासी मो हासिम 23 के साथ अविनाश विल्ला ने बिना कारण विवाद कर हाथ मुक्के और बियर बॉटल फ्रेडकर चोट पहुंचाया। हासिम तत्काल कोतवाली थाने जाकर धारा 294, 506,323 के तहत मामला दर्ज कराया। मोवा पडरी पुलिस ने अवनि विहार दलदल सिवनी निवासी पति, पत्नी के बीच घरेलू बात पर मारपीट का मामला दर्ज किया है। दीप्ति पिल्ले 41 और पति मितेश स्वामी के बीच कल रात 9.45 बजे किसी बात पर विवाद में मारपीट हुई।। रात 11 बजे थाने पहुंच कर पति के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई।

# पत्नी की हत्या कर शव नाले में फेंकने वाला गिरफ्तार

**रायपुर,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। रायपुर से सटे दोंदेकला स्थित पचेड़ा नाला में बोरी में मिले मानव कंकाल के रहस्य का पर्दाफाश हो गया है। इस मामले में पुलिस के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान साधना सिंह पति आनंद सिंह के रूप में हुई थी तहकीकात के बाद पुलिस ने हत्यारे पति को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे अपनी पत्नी के आचरण पर शक था और इसे लेकर अक्सर विवाद होता रहता था। और इसी विवाद के चलते उसने अपनी पत्नी की गाला दबाकर हत्या कर दी और शव को बोरी में भरकर पचेड़ा नाला में फेंक दिया था। दरअसल 25 नवंबर को विधानसभा थाना में सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्रांतर्गत दोंदेकला स्थित पचेड़ा नाला में एक बोर में कंकाल नुमा शव बरामद हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई। टीम ने रायपुर सहित सरहदी जिलों के थानों में दर्ज गुम इंसान के संबंध में जानकारी प्राप्त की और जांच में जुट। इस दौरान बरामद कड़ा और कपडों के आधार पर कंकाल की पहचान थाना विधानसभा में दर्ज गुम इंसान साधना सिंह पति आनंद सिंह उम्र 32 साल निवासी दोंदेकला विधानसभा रायपुर के रूप में की गई। पुलिस की टीम ने मृतिका के पति सहित परिजनों से विस्तृत पूछताछ कर पृथक.पृथक बयान लिया गया। इसी दौरान टीम के सदस्यों को जानकारी प्राप्त हुई कि आनंद सिंह का अपनी पत्नि मृतिका साधना सिंह से प्राय: विवाद होता रहता था। मृतिका के पति आनंद सिंह से पूछताछ करने पर वह बार.बार अपना बयान बदलकर टीम के सदस्यों को लगातार गुमराह करने का प्रयास करता था। लेकिन कड़ाई से पूछताछ करने पर वह अपने झूठ के सामने टिक न सका और अंतत: अपनी पत्नि साधना सिंह के आचरण पर संदेह की वजह से गला दबाकर हत्या करने के साथ ही साक्ष्य छिपाने की नियत से शव को बोरी में भरकर घटना स्थल के पास फेंकना बताया गया। पूछताछ में आरोपी आनंद सिंह ने बताया कि उसका अपनी पत्नि साधना सिंह के साथ उसके आचरण को लेकर प्राय: विवाद होता रहता था कि दिनांक घटना को दोनों के मध्य उसी बात को लेकर पुन: विवाद हुआ जिस पर आरोपी आनंद सिंह आवेश में आकर मृतिका के साथ मारपीट कर उसका गला दबाकर हत्या कर दिया तथा शव को बोरी में भरकर अपने मोटर सायकल में ले जाकर दोंदेकला स्थित पचेडा नाला में फेंक दिया था।



# कैट की जिला ईकाइयों का होगा पुनर्गठन

**रायपुर,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी की अध्यक्षयता में आज कैट की प्रदेश इकाई एवं युवा पदाधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें कैट का विस्तार करते हुए संगठन को और मजबूत बनाए जाने का फैसला लिया गया। इसके लिए जिला ईकाइयों का पुर्नगठन करने के साथ ही विभिन्न विभागों के लिए समिति गठन पर सहमति बनी। जानकारी के अनुसार काम नहीं करने वाले पदाधिकारियों की जगह दूसरो को मौका दिया जाएगा। इसी तरह चैंबर की तर्ज पर विभिन्न विभागों के लिए समितियों का गठन किया जाएगा।



- चेंबर की तर्ज पर बनेगी विभागों के लिए समिति
- 19 दिसम्बर को प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक व दीपावली मिलन समारोह

बताया गया कि 19 दिसम्बर को कैट के प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक एवं दीपावली मिलन समारोह का अयोजन किया जायेगा। कैट के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष परमानंद जैन ने बताया आगामी 19 दिसम्बर को कैट के प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक एवं दीपावली मिलन समारोह का अयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम की रूपरेखा की तैयारी कर सभी पदाधिकारियों को कार्य का आंबटन किया गया। कैट और वैश्विक कंपनी मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम एवं फेसबुक द्वारा स्थानीय व्यापारियों को डिजिटल रूप से प्रशिक्षित हाइपर-स्थानीय डिजिटल प्रशिक्षण के साथ व्यवसायों के लिए विकास के अवसरों को उजागर करने के लिए डिजिटलीकरण प्रयासों को अंतिम व्यापारी तक पहुँचाना है। डिजिटल और कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना हैं। सायबर क्राइम कार्यशाला का आयोजन किया जाना है। छोटे व्यापारियों के लिए गुमाशता बनाने हेतु शिविर लगाया जायेगा। एमएसएमई पर कार्यशाला का अयोजन किया जायेगा। तथा प्रधानमंत्री मुद्रा लोन शिविर लगाया जायेगा। प्रदेश स्तरीय जीएसटी कार्यशाला का आयोजन जायेगा। जिसमें श्रीमती निर्मला सीतारमण केन्द्रीय वित्त मंत्री, को आंमत्रित किया जायेगा। आने वाले समय में प्रदेश के सभी जिला ईकाइयों का पुर्नगठन एवं विभिन्न विभागों के लिए समिति गठन पर सहमति बनी।

बैठक में पदाधिकारी मुख्य रूप से अमर पारवानी, जितेन्द्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, अजय अग्रवाल, सुरिन्द्रर सिंह, भरत जैन, अवनीत सिंह, विजय पटेल, कैलाश खेमानी, सुनील धुप्पड, महेन्द्र कुमार, मोहन वर्ल्यानी, नागेन्द्र कुमार तिवारी व अन्य मौजूद थे।

# प्रदेश में स्पष्ट बहुमत के साथ बनेगी भाजपा की सरकार : नारायण चंदेल

**रायपुर,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के एग्जिट पोल आने के बाद प्रदेश में सियासी बयानबाजी तेज हो गई है. एग्जिट पोल को लेकर कांग्रेस अपनी सरकार बनाने का दावा कर रही है तो वहीं भाजपा भी अपनी सरकार बनाने का दावा कर रही है. हालांकि 3 दिसंबर को चुनाव के परिणाम आएंगे, जिसमें पता चलेगा की किसकी सरकार आ रही है. वहीं एग्जिट पोल पर भाजपा की ओर नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने बयान दिया है. उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी.



**छग की जनता का मिला आशीर्वाद, खिलेगा कमल**

नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने अपने बयान में कहा कि हमारा आकलन है और स्पष्ट मत है की छत्तीसगढ़ की जनता का आशीर्वाद भारतीय जनता पार्टी को प्राप्त हुआ है. प्रदेश में स्पष्ट बहुमत के साथ में भाजपा की सरकार बनेगी. यह जो सर्वे है, वह मात्र आकलन है. इसलिए प्रदेश की जनता भूपेश सरकार की विदाई चाहती है. जनता एक स्नेह भाजपा को प्राप्त होगा और स्पष्ट बहुमत के साथ में छत्तीसगढ़ में कमल खिलेगा।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान

**रायपुर,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्रेस वार्ता में आज श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान छत्तीसगढ़ आज अयोध्या से पूजित अक्षत छत्तीसगढ़ के सभी 34 जिलो में वितरित किया गया। आज छत्तीसगढ़ के सभी जिलो में अयोध्या से पूजित अक्षत कलश का भव्य स्वागत होगा।



**1 जनवरी से 15 जनवरी तक छत्तीसगढ़ के 19700 से अधिक गाँव में संपर्क कर कार्यक्रम करने का लक्ष्य**

छत्तीसगढ़ के 19700 से अधिक गाँव में संपर्क कर कार्यक्रम करने का लक्ष्य रखा गया हैज़ पूरे छत्तीसगढ़ में 1 से 15 जनवरी तक घर घर संपर्क अभियान चलाया जायेगा छत्तीसगढ़ में 35 लाख परिवार तक संपर्क किया जाएगा सभी को पूजित अक्षत प्रदान किया जाएगा व राम मंदिर का निमंत्रण व राम मंदिर अयोध्या का लेमिनेटेड चित्र दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ का पूरा हिंदू समाज 22 जनवरी को पूर्वाहन 11 से अपरान्ह 1 बजे तक अपने ग्राम, नगर, मोहल्ला, कॉलोनी में स्थित किसी भी मंदिर में सभी रामभक्त को एकत्र होकर भजन कीर्तन करेंगे।

आगे बताया कि नीधि समर्पण अभियान के समय 33 लाख परिवार तक पहुंच कर नीधि एकत्रित किये थे जिसमें 16 हजार 500 गांवों तक पहुंचे थे।

ज़बड़े पर्दे पर अयोध्या का प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव साथ में देखें जायेंगे। शंखध्वनि, घंटानाद, प्रसाद वितरण भी किया जायेगा।

# भगवान का नाम लेना ही सार्थक : पं. युवराज

**रायपुर,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। आचार्य श्रीयुत पं. युवराज पाण्डेय ने शुक्रवार शिव महापुराण कथा में भगवान शिवजी और माता सती के प्रथम मुलाकात का वर्णन किया। इस दौरान उन्होंने विस्तार से बताया कि कैसे एक रूद्राक्ष ने माता सती को भगवान शिवजी तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि प्रेम निश्छल होता है, इसका प्रतीक माता सती का प्रेम है, जो उन्होंने भगवान शिव के साथ किया था।



**आदर्श नगर मोवा में शिव महापुराण कथा का तीसरा दिन**

आदर्शनगर मोवा के वार्ड क्रमांक 10 करिश्मा अपार्टमेंट के पीछे चल रहे संगीतमय शिव महापुराण कथा के तीसरे दिन आचार्य श्री पाण्डेय ने भगवान शिव और माता सती के प्रेम और सती के पिता प्रजापति दक्ष की भूमिका का विस्तार से वर्णन किया। इसके पहले श्री पाण्डेय ने जीव के गति के बारे में जानकारी दी और बताया कि मॉ के पेट से भगवान से वादा करके सभी जीव आते हैं कि भगवान को नहीं भूलेंगे, लेकिन जन्म के बाद वे माया के बंधन में बंध जाते है और भगवान से प्रेम करना भूल जाते है। उन्होंने कहा कि भगवान की याद तब आती है, तब हम कुछ दिनों के मेहमान होते है, इसलिए शास्त्रों में कहा गया है कि जीव के उद्धार का साधन केवल भगवान का नाम है, भगवान के नाम का आश्रय लेना ही पड़ता है। उन्होंने हरे कृष्ण, हरे कृष्ण, हरे राम, हरे राम को कलयुग का मंत्र बताते हुए कहा कि केवल भगवान का नाम लेना ही सार्थक है। तीसरे दिन की कथा पूरे साढे तीन घंटे चली।

कथा के दौरान आचार्य श्री पाण्डेय के कीर्तन पर श्रोतागण झूमते रहे। शर्मा परिवार द्वारा आयोजित शिव महापुराण कथा में दिनों-दिन भीड़ बढती जा रही है। आदर्शन नगर मोवा के निवासी बड़ी संख्या में कथा में भाग ले रहे हैं, वहीं आसपास के इलाकों से भी लोग प्रतिदिन शामिल हो रहे हैं।

# कांग्रेस के सीटों में कमी कर्मचारियों और पेंशनरों की नाराजगी का असर

**रायपुर,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। एक्जिट पोल के पूर्वानुमान में छत्तीसगढ़ विधान सभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की सीटों में आ रही संख्या में कमी तथा बड़ी मुश्किल से सरकार बनाने की बात बताए जाने से यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि भूपेश सरकार को कर्मचारियों और पेंशनरों की नाराजगी भारी पड़ी है। 7 नवंबर को प्रथम चरण के मतदान निपटने के बाद दूसरे चरण के पहले डीए देने को लेकर चुनाव आयोग से अनुमति लेने हेतु अधिकारियों को निर्देश देने का उनके खयाली बयान का कितना असर हुआ यह अंतिम परिणाम देखने पर समझना पड़ेगा। क्योंकि उनके निर्देश पर मतदान तिथि 17 नवंबर तक न अनुमति मिली और न ही आदेश हुए। लगातार 5 साल तक की गई उपेक्षा का ही यह परिणाम है। इसमें डीए डीआर का एरियर हजम करने की बात का असर सबसे ज्यादा है। चुनाव के अंतिम परिणाम में मतगणना में कम वोटों से हार में सरकारी कर्मचारियों और पेंशनरों एव उनके परिवार की सरकार के नाराजगी में पड़ी वोट का इसमें सबसे बड़ा हाथ होगा। डाक मत में भी कर्मचारियों की नाराजगी जरूर नजर आएगी।



**डाक मत में भी कर्मचारियों की नाराजगी जरूर दिखेगी**

वरिष्ठ कर्मचारी नेता छत्तीसगढ़ राज्य संयुक्त पेंशनर फेडरेशन के प्रदेश संयोजक वीरेन्द्र नामदेव ने जारी बयान में यह कहा है। उन्होंने आगे बताया कि छत्तीसगढ़ में पेंशनर फेडरेशन ने बार बार सरकार का ध्यान आकर्षित कर 22 वर्षो से डीआर भुगतान में बाधक मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49(6) को विलोपित करने की मांग की। परंतु सरकार ने इसे नजर अंदाज किया और इसी बहाने डीआर देने में हमेशा विलम्ब किया। देश में एरियर हजम करने का रिकार्ड बना डाला। बिलकुल यही स्थिति राज्य सरकार के नियमित कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ रही वे भी 5 साल तक डीए और एरियर के लिए तरसते रहे। अनियमित, संविदा, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की नाराजगी को कम नहीं आंका जा सकता। नियमित कर्मचारी अन्य कर्मचारी हितैषी मामलों के साथ साथ लगातार संघर्ष करने वाले प्रदेश के लिपिकवर्गीय कर्मचारियों का वेतन विसंगति में सुधार न होना भी अंतिम परिणाम में घातक सिद्ध हो सकता है।

जारी विज्ञप्ति में उन्होंने बताया है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी की सरकार यदि चली जाती है तो कोई आश्चर्य नहीं होगा। अंतिम परिणाम में भी यही दिख रहा है कि कर्मचारियों और पेंशनरों की नाराजगी सरकार के लिए वाटर लू साबित होगा।

## कुंए में गिरी गाय, निगम की टीम ने निकाला

**रायपुर,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम रायपुर को स्थानीय निवासियों से गाय के अचानक कुंयें में गिर जाने से सम्बंधित जानकारी प्राप्त होते ही तत्काल नगर पालिक निगम के आयुक्त के निर्देश पर जोन क्रमांक 9 की टीम ने जोन कमिश्नर के नेतृत्व में जोन के तहत आने वाले शहीद पण्डित विद्याचरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 51 के सूरज नगर लाभाण्डी क्षेत्र के एक कुंयें में अचानक गिरी गाय को स्थल पर पहुंचकर अभियान पूर्वक शीघ्रता से सुरक्षित बाहर निकाला। इस त्वरित कार्यवाही को लेकर सम्बंधित क्षेत्र सूरज नगर लाभाण्डी के रहवासी स्थानीय निवासियों ने नगर पालिक निगम के आयुक्त सहित नगर निगम जोन 9 के जोन कमिश्नर एवं जोन के अधिकारियों, कर्मचारियों, श्रमवीरों की सराहना की।

# रविवि ने बीकाम, बीसीए और बीपीई पूरक परीक्षाओं के जारी किए परिणाम

**रायपुर,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की ओर से गुरुवार को बीकाम तृतीय वर्ष, बीसीए द्वितीय वर्ष और बैचलर आफ फिजिकल एजुकेशन ;बीपीई पूरक परीक्षाओं के नतीजे जारी कर दिए गए। बीकाम तृतीय वर्ष की पूरक परीक्षा में 1,132 छात्र शामिल हुए थे जिसमें 731 पासए 57 फेल और 344 छात्रों को पूरक का अंतिम मौका दिया गया है। इसमें 553 छात्र प्रथम 172 द्वितीय और छह तृतीय श्रेणी में पास हुए हैं। वहीं बीसीए द्वितीय वर्ष में 390 छात्र.छात्राएं पूरक परीक्षा में शामिल हुएए जिसमें 205 पास और 185 छात्रों को पूरक का अंतिम मौका दिया गया है। बीपीई प्रथम और चतुर्थ वर्ष में क्रमशरू 12 और नौ छात्र पूरक परीक्षा में शामिल हुए थे। इसमें सभी छात्र पास हो गए हैं। बीपीई तृतीय वर्ष में 10 छात्रों ने परीक्षा दी थीए जिसमें आठ पास और दो पूरक आए हैं। बीपीई द्वितीय वर्ष में 22 छात्रों ने पूरक परीक्षा में हिस्सा लियाए जिसमें 21 पास और एक छात्र को अंतिम मौका मिला है। गौरतलब है कि इस वर्ष पूरक परीक्षा के नियमों में बदलाव की वजह से परीक्षाएं देरी से शुरू हुई हैं। आमतौर पर विश्वविद्यालय की पूरक परीक्षाएं अगस्त.सितंबर में हो जाती थीं। पहली बार पूरक परीक्षा में 35 हजार से ज्यादा छात्र.छात्राएं शामिल हुए हैं। इस वर्ष दो विषयों में फेल छात्रों को भी पूरक की पात्रता देने का नियम था। विश्वविद्यालय की पूरक परीक्षाएं एक महीने से ज्यादा समय तक चली है। 27 अक्टूबर से पूरक परीक्षाएं शुरू हुई थींए जो 29 नवंबर तक चली। पूरक छात्रों की संख्या अधिक होने के कारण पहली बार तीन पालियों में परीक्षाएं हुईं। पूरक परीक्षाओं का परिणाम समय से जारी करने के मकसद से परीक्षाओं के साथ ही उत्तर.पुस्तिकाओं का मूल्यांकन भी शुरू हो गया था। यही कारण है कि परीक्षाएं समाप्त होने के दूसरे दिन से ही परिणाम आना शुरू हो गया है।



# प्रदेश में सरकार बनाने कांग्रेस व भाजपा ने किया दावा

## एक्जिट पोल का इशारा भी है कांग्रेस के पक्ष में : अरूण वोरा

## एक्जिट पोल के आंकड़ों से भी आगे बढ़ेगें, 48 सीट लेकर बनाएंगे सरकार : गजेन्द्र यादव

**दुर्ग**, 1 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ को लेकर दिखाये जा रहे एक्जिट पोल पर जहां दुर्ग शहर के भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र यादव का कहना है कि एक्जिट पोल में भाजपा को जो सीटें दिखाई जा रही है, वे परिणामों में अधिक बढ़ेगी। भाजपा प्रदेश में 48 सीट लेकर अपनी सरकार बनायेगी। कांग्रेस प्रत्याशी अरूण वोरा ने भी कहा कि कांग्रेस को 65 सीटों का अनुमान है और प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनना तय है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रदेश में जनकल्याण के लिये कार्यो से जनता उत्साहित है।

भाजपा प्रत्याशी गजेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस पहले 75 प्लस का नारा लगा रही थी फिर 60 प्लस की बात करने लगी। अब 50 प्लस का नारा दे रही है। कांग्रेस इस तरह धीरे धीरे घटेगी और मतगणना के बाद जब वास्तविक परिणाम आयेगें तो भाजपा 48 सीट पाकर सरकार बनायेगी। दुर्ग सहित पूरे प्रदेश में भाजपा के पक्ष में माहौल है। यह





पूछने पर कि क्या आपको एक्जिट पोल पर भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा कि भरोसा है मगर भाजपा की सीटें बढ़ेगी, सरकार भी बनेगी इस बात पर भी भरोसा है। वे आज शाम पूर्व मंत्री हेमचंद यादव के जन्मदिन पर उन्हें नमन कर लौट रहे थे। इधर दूसरी तरफ विधायक एवं कांग्रेस प्रत्याशी दुर्ग शहर अरूण वोरा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और हमारे नेता, भूपेश बघेल शुरू से ही प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनाने का दावा करते आ रहे है। वह दावा एक्जिट पोल में भी दर्शाया जा रहा है। यह पूछने पर कि सीटों की संभावना तो एक्जिट पोल में काफी कम बतायी जा रही है। उन्होंने कहा कि यह मीडिया का अपना आंकलन है। इस पर वे कोई टिप्पणी नहीं करेगें। यह एक्टिज पोल भी बता रहा है और कांग्रेस भी दावा कर रही है कि प्रदेश में सरकार हम ही बनायेगें।

श्री वोरा भी आज सुबह पूर्व मंत्री हेमचंद यादव की जयंती पर उनके निवास पहुंचे और उनकी तस्वीर पर फूलमाला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी व नमन किया।

## छत्तीसगढ़ की बेहतरी के लिये भूपेश के नेतृत्व में ही कांग्रेस सरकार बनायेगी : हरमुख

**दुर्ग,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं प्रगतिशील कृषक मोहन लाल हरमुख ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस फिर से सरकार बनायेगी। उन्होंने कहा कि श्री बघेल को फिर से मुख्यमंत्री बनाना छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ियों किसानों, व सभी वर्गो के लिये लाभदायक होगा। श्री हरमुख ने सुझाव दिया है कि भूपेश बघेल को मुख्यमंत्री बनने के बाद अपनी इस पाली में पूरे प्रदेश में सिंचाई संसाधनों का जाल बिछाकर कृषि को मजबूत बनाना चाहिए।



श्री हरमुख ने कि कांग्रेस का विगत 5 वर्ष का शासनकाल किसानों के लिये ही नहीं समाज के सभी वर्गो के लिए लाभदायक रहा। कोराना काल की महामारी के बाद भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में कृषि, आटोमोबाईल सभी सेक्टर में स्थिति नियंत्रण में लिए। बाजार मजबूत रहें व अर्थव्यवस्था भी काफी सुदृढ़ रही। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की दूरदृष्टि व क्रांतिकारी नीतियों की वजह से ही छत्तीसगढ़ किसी भी अन्य प्रकोप का शिकार नहीं हो सका।

श्री हरमुख से जब पूछा गया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर ईडी कार्रवाई भ्रष्टाचार इत्यादि के आरोप है। ऐसे में आप उन्हें किस तरह मुख्यमंत्री ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

## प्रदेश में हर हालत में बनेगी भाजपा सरकार : सरोज

**दुर्ग,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। राज्यसभा सांसद एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पाण्डेय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा अपनी सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र की बिंदुवार चर्चा करते हुए कहा है कि इस लोकलुभावन घोषणा पत्र ने प्रदेश की जनता को काफी प्रभावित किया है और प्रदेश की जनता भाजपा पर विश्वास कर अपना भरपूर आर्शीवाद दिया है। उन्होंने कहा कि यदि सन् 18 में मध्यप्रदेश में भाजपा को जिस तरह का परिणाम मिला था यदि वह स्थिति छत्तीसगढ़ में आती है तो भाजपा उसी तर्ज में यहां भी अपनी सरकार बना लेगी। राज्यसभा सांसद एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सरोज पाण्डेय ने बताया कि प्रदेश में भाजपा ने पूरी मुस्तैदी से कांग्रेस से लोहा लिया है। भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में किसानों की कर्जमाफी, 31 सौ रूपये प्रति क्विंटल में धान खरीदी, एक मुश्त भुगतान व पुराने बोनस की राशि, महतारी वंदन योजना से महिलाओं को साल में 12 हजार रूपये देने, 27 सौ रूपये प्रति क्विंटल में गेहूं की खरीदी जैसी घोषणाएं भी की है, जिसने मतदाताओं को बेहद आकर्षित किया है। उन्होनें भाजपा के पक्ष में किये गये मतदान के प्रति मतदाताओं का आभार माना है।



# मतगणना स्थल में वाहन पार्किंग की विशेष व्यवस्था

### 3 दिसंबर को इस क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा

**दुर्ग,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के अंतर्गत 3 दिसंबर को शंकराचार्य कालेज जुनवानी में मतगणना की जायेगी। मतगणना सुबह 8 बजे से शुरू हो जायेगी। कालेज व आसपास क्षेत्र में अनावश्यक भीड़ एकत्रित होने से रोकने पुलिस प्रशासन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामगोपाल गर्ग के निर्देश पर मतगणना स्थल पर पार्किंग के प्लान तैयार किये गये है।

इसके तहत मतगणना में लगे अधिकारियों कर्मचारी प्रेस मीडिया एवं अन्य व्यवस्था में लगे कर्मचारी जिन्हें पहले ही पास जारी कर दिया है वे लोग अपने वाहन गेट क्रमांक 2 से प्रवेश कर बाई ओर कालेज




पार्किंग में खड़े करेगें। पासधारी एजेंट एवं आम नागरिकों के लिये डी मार्ट के सामने मैदान में वाहन खड़े करने की व्यवस्था है। मतगणना स्थल में किसी भी तरह के इलेक्ट्रानिक सामान, मोबाईल, ज्वलनशील सामग्रियां व अन्य सामान ले जाना प्रतिबंधित रखा गया है।

कालेज गेट 1 से चुनाव आब्जर्वर एवं वरिष्ठ अधिकारियों के वाहन प्रवेश करेगें। प्रत्याशी एवं उनके मतगणना एजेंट अपने वाहन डीमार्ट के सामने मैदान में खड़े करेगें। जुनवानी चौक से चिखली चौक तक किसी भी प्रकार के वाहन खड़े नहीं करेगें। मतगणना दिवस 3 दिसंबर को इस क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

## मतगणना से पूर्व विधायक अरूण वोरा ने धर्मस्थलों में टेका मत्था

- **हेमचंद जयंती पर गये यादव निवास, पुष्पांजलि दी**



**दुर्ग**, 1 दिसंबर (देशबन्धु)। विधायक दुर्ग एवं कांग्रेस प्रत्याशी अरूण वोरा चुनाव में मतदान के पश्चात धर्मस्थलों के दर्शन कर रहे है। वे शनि सिंघनापुर, महामाया मंदिर रतनपुर, अमरकंटक की यात्रा से लौटकर शहर के मंदिरों में जाकर मत्था टेका। उनके साथ इस यात्रा में उनकी धर्मपत्नी मंजू वोरा भी रही।

श्री वोरा आज सुबह अपने निवास के सामने मंदिर में पूजा अर्चना व दर्शन के पश्चात शहर के दिवंगत विधायक एवं पूर्व मंत्री हेमचंद यादव के निवास गये। वहां उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की। श्री यादव के परिवारजनों से भेंट कर आत्मीयता के कुछ क्षण गुजारे। यादव परिवार की महिलाओं ने भी श्री वोरा का आत्मीय स्वागत तिलक लगाकर किया। श्री वोरा ने यादव निवास के बाद शंकरधारिणी मंदिर मिलपारा पहुंचकर दर्शन किये। उन्होंने माता काली मंदिर व अन्य मंदिरों में जाकर भी मत्था टेका। उन्होंने काबुली बाबा की दरगाह में भी मत्था टेका।

## विश्व एड्स दिवस पर रैली व अन्य आयोजनों के माध्यम से जागरूकता संदेश




**दुर्ग,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति एवं उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर डॉ. पाटणकर कन्या महाविद्यालय में एड्स जागरूकता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके तहत यूथ रेडक्रास तथा रेड रिबन क्लब द्वारा विभिन्न प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की जा रही है।

यूथ रेडक्रास तथा रेड रिबन क्लब की प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि एड्स जागरूकता पखवाड़ा के तहत पोस्टर, निबंध, भाषण, नुक्कड़ नाटक, रील मेकिंग वीडियो मेकिंग भी किये जायेगें। कार्यक्रम को संस्था के प्राचार्य डॉ. सुशील चंद तिवारी ने संबोधित करते हुए इस तरह के आयोजन की सार्थकता पर प्रकाश डाला। उन्होने इस दिशा में यूथ रेडक्रास रेड रिबन क्लब ग्रीन आर्मी एक्वा क्लब की गतिविधियों की सराहना की।

इस अवसर पर डॉ. रेशमा लाकेश एवं कु. तबस्सुम अली द्वारा एचआईवी एड्स पर लिखी पुस्तक हेल्प डेज टील्स का विमोचन किया गया। छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली। इसके अलावा विभिन्न प्रतियोगिताओं के तहत पोस्टर मेकिंग में कु. मनीषा धृतलहरे प्रथम, महक परवीन, शीलमन ठाकुर, शिवानी ठाकुर द्वितीय व तृतीय रहे। निबंध स्पर्धा में प्रिया राऊत प्रथम टिकेश्वरी साहू मनीषा क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय रही। भाषण स्पर्धा में कु. नेहा सिन्हा प्रथम शिल्पी शर्मा व श्वेता साहू क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. रीता शर्मा, डॉ. लता मेश्राम, डॉ. मुक्ता बाखला का विशेष योगदान रहा।

## महिला को चाकू लहराकर डराने, अश्लील इशारे, गाली गलौच का आरोपी जेल गया

**दुर्ग,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। पंचशील नगर गौरा चौरा निवासी एक महिला की शिकायत पर साहिल टंडन उर्फ भोक्कों को कोतवाली पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आरोपी के विरूद्ध महिला ने उसे गंदे इशारे करने सीटियां मारने, और मना करने पर गाली गलौच करते हुए चाकू लहराने, डराने धमकाने का आरोप लगाया था।

महिला की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी साहिल टंडन उर्फ भोक्को (20) के विरूद्ध धारा 294, 506, 509, 25 आर्म्स एक्ट 27 के तहत मामला कायम किया गया है।

## चोरी की मोटर साइकिल बरामद, आरोपी जेल भेजा गया

**दुर्ग,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। नयापारा दुर्ग सेचोरी गई मोटर साइकिल रूआबांधा क्षेत्र से बरामद कर चोरी के आरोपी सन्नी उर्फ विनय जैन को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। नयापारा दुर्ग निवासी उठारेश कुमार गंगे (46) ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13 मार्च को किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 07 एएम 9433 चोरी हो गई। मामले की जांच के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि रूआबांधा क्षेत्र से एक व्यक्ति मोटर साइकिल बेचने के फिराक में है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने आरोपी को मौके पर पहुंचकर गिरफ्तार कर उससे मोटर साइकिल बरामद कर ली।


## अयोध्या से अक्षत कलश के दुर्ग पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने किया भव्य स्वागत



**दुर्ग,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। श्री राम जन्म भूमि अयोध्या में पूजित अक्षत कलश को आज दोपहर श्री राम मंदिर रेल्वे स्टेशन लाया गया। अक्षत कलश के दुर्ग आगमन पर आरएसएस, बजरंग दल एवं विश्व हिन्दू परिषद सहित सभी हिन्दुवादी संगठनों ने बाजे गाजे के साथ अक्षत कलश का पूजन किया गया। ज्ञातव्य है कि अयोध्या में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22जनवरी को निर्धारित किया गया है।

पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के 34 जिलों के लिये 34 कलश बनाये गये है। प्रत्येक जिले में हिन्दूवादी संगठन के लोग कलश ले जाकर लोगों को अयोध्या में प्रस्तावित रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिये निमंत्रण पत्र सौपेगें। इसके साथ 1 जनवरी से शहर के मंदिरों में श्रद्धालुओं के निवास में भजन कीर्तन, आरती, पूजा व 108 सामूहिक श्रीराम का जाप भी किया जायेगा। मंदिरों में घरों में तोरण, रंगोली, झालर की साज सज्जा भगवा पताका फहराने के साथ ही भंडारा भी किया जायेगा। सूर्यास्त पूर्व दीपोत्सव मनाया जायेगा। इसके लिये प्रत्येक मंदिर में पूजन अर्चन, भजन कीर्तन किया जायेगा।

## एचआईव्ही के प्रति जन जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन




**डोंगरगढ।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर छ.ग. राज्य एड्स नियंत्रण समिति, रायपुर के सहयोग से जन कल्याण सामाजिक संस्थान, राजनांदगांव द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर एच0आई0वी0 / एड्स जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। संस्था द्वारा जिले के 14 ग्रामों, ग्राम-लालपुर, जालबांधा, पदमावतीपुर, चकनार, कुमर्दा, मनेरी, रेगाकठेरा, बेलगांव, एल.बी.नगर, मोहारा, धनगांव, मानपुरी, धामनसरा एवं तोरनकट्टा में संगोष्ठी, रैली के माध्यम से एच0आई0वी0/एड्स संकमण के कारण एवं बचाव के बारे मे विस्तार पूवर्क जानकारी दी गई। यह जागरूकता कार्यकम विभिन्न आंगनबाड़ी, स्कूलों, कॉलेजों व ग्राम पंचायतों में किया गया, जिसमें मुख्य रूप से स्कूली छात्र-छात्राएं, स्थानीय समुदाय, युवा वर्ग, महिलाए, मितानिन पंचायत प्रतिनिधि, स्कूल प्रध्यापक, आगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकम में रंगोली बनाकर व रैली कार्यकमों में एच0आई0वी0/एड्स संकमण के कारण व बचाव के उपाय संबंधी बैनर व पोस्टर में नारों के माध्यम से जागरूक करने के साथ साथ प्रचार-प्रसार संबंधी पाम्प्लेट वितरित किये गये वही संगोष्ठी कार्यकमों के माध्यम से एच0आई0वी0/एड्स संक्रमण के 04 कारण व संकमण से बचाव के उपाय की जानकारी दी गई ।कार्यकम के दौरान ही जन समुदाय में रेड रिबन लगाकर एच0आई0वी0/एड्स के प्रति जागरूकता लाने के साथ ही नाको का हेल्पलाईन नम्बर 1097 की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रमों के सफल कियान्वयन में डी.आर.पी. जितेन्द्र कुमार जंघेल, सुपरवाइजर्स रामखिलावन मारकण्डे, रेवाराम साहू एवं क्लस्टर लिंक वर्कर, ललिता भीमकर, अनिता गिरिया, संगीता तिवारी, कांति कोसले, चमेली साहू, संतोषी खान, सरोजनी लहरे, किरण साहू, प्रीति साहू, सविता विश्वकर्मा, सीमा साहू, शशि धनकर, खिलेश्वरी साहू, चित्ररेखा साहू, लतीफ कुलदीप, धर्मेन्द्र यादव, सरस्वती साहू, जानकी साहू एवं धनवीर वर्मा आदि उपस्थित थे।

## टीआई बरेठ ने छात्राओं को दी पास्को एक्ट की जानकारी

**डोंगरगढ़,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला मे कार्यशाला का आयोजन कर थाना प्रभारी श्री बरेठ ने छात्राओं को छेड़छाड़ जैसी अप्रिय घटनाओं को रोकने साथ ही साइबर क्राइम , गुड़ टच बैड टच , यातायात सम्बधित विषय पर विस्तार से जानकारी दी ।उन्होंने कहा कि छात्राओं के परिजनों को जागरूक होना जरूरी है कि वे अपने बच्चों के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझने साथ ही बच्चों से समय-समय पर उनका हाल-चाल पूछते रहे । यौन शोषण के खिलाफ जागरुकता को लेकर विभिन्न स्तर पर कैंपेन आयोजित होता है उसमें अपने बच्चों को अपने साथ ले जाकर पोस्को अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी से भी अवगत कराना जरूरी है । थाना निरीक्षक ने बताया कि बाल सुरक्षा सप्ताह में सरकारी स्कूलों तथा आंगनवाड़ीयो में शिक्षकों और आंगनवाडी कार्यकर्ताओं के माध्यम से बच्चों को अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी के साथ गुड टच बेड टच के बारे में भी अवगत कराया जाएगा इसी क्रम में लगातार पास्को से सम्बंधित कार्यशाला का आयोजन किया जायगा ।

इस दौरान शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला डोंगरगढ़ के प्राचार्य द्विवेदी सर व संपूर्ण स्टाफ के साथ साथ कक्षा आठवी से 12वी कक्षा की सभी छात्राएं मौजूद थी ।



### सिनियर नेशनल व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता

## महाराष्ट्र लगातार 7वीं बार विजेता



**राजनांदगांव**, 1 दिसंबर (देशबन्धु)। बास्केटबॉल की नर्सरी राजनांदगांव में दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव एवं युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव के सहयोग से आयोजित सिनियर नेशनल व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में महाराष्ट्र पुरुष व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम ने कर्नाटक की टीम को 41-32 अंको से परास्त कर लगातार सातवीं बार स्वर्ण पदक जीता।

उक्त आशय की जानकारी छत्तीसगढ़ व्हीलचेयर बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष सुशील कोठारी और नेशनल प्रतियोगिता आयोजन सचिव सुनील गोलछा ने बताया कि जब से यह प्रतियोगिता आयोजित हो रही है तब से महाराष्ट्र पुरुष टीम विजेता है। पंजाब ने तमिलनाडु को 36-14 अंको से परास्त कर कांस्य पदक जीता। श्री गोलछा ने आगे बताया कि इस प्रतियोगिता के ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

# स्टूडियो में आधी रात भीषण आग लाखों का सामान खाक



**भिलाईनगर,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। सेक्टर 10 जोनल मार्केट स्थित फोटो स्टूडियो में देर रात भीषण आग लगी। मौके पर पहुंच दमकल टीम ने सुबह तक आग पर काबू पाया मगर तब तक दुकान के भीतर का सारा सामान जल कर खाक हो गया। मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर-10 के जोनल मार्केट स्थित शुभम जायसवाल के फोटो स्टूडियो में गुरुवार.शुक्रवार की दरमियानी रात भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही जिला अग्निशमन के टीम रात करीब सवा 2 बजे पहुंची और घंटों मशक्कत के बाद फायर फाइटर्स ने आग पर काबू किया। सूचना पर स्टूडियो संचालक शुभम जायसवाल भी पहुंच गए थे। शुभम ने बताया कि स्टूडियो में अलग अलग 2-2 लाख के कैमरे थे। स्टूडियो में रखे सभी सामानों के साथ आलमारी में रखा कैश भी जलकर खाक हो गया। आग कैसे लगी इसका खुलासा फिलहाल नहीं हो पाया है। संचालक रात को ही दुकान बंद कर घर गया था।

# बेमेतरा जिले में अब तक 129 धान उपार्जन केन्द्रों में 1 लाख 55 हजार मीट्रिक टन का किया जा चुका हैं धान उपार्जन

**बेमेतरा,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। बेमेतरा जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के लिए एक नवंबर से शुरू हुए धान खरीदी के बीते एक महीने मे 1 लाख 55 हजार मीट्रिक टन धान का समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। जिले के 129 धान उपार्जन केन्द्रों में 102 सहकारी समिति द्वारा धान खरीदी की जा रही है। कलेक्टर श्री पदुम सिंह एल्मा लगातार धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर धान खरीदी व उठाव की जानकारी ले रहे हैं साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दें रहे हैं ताकि किसानों को धान विक्रय में किसी प्रकार की समस्या ना आये। बेमेतरा जिले के धान खरीदी केंद्रों से धान का उठाव तेजी से किया जा रहा है। प्रभारी अधिकारियों द्वारा लगातार किया जा रहा है धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे है।

मालूम हो कि पिछ्ले 01 नवंबर से पूरे छत्तीसगढ़ सहित बेमेतरा जिले के धान खरीदी केंद्रों में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो गयी। शुरुआत में जिले के 106 धान खरीदी का शुभारंभ हुआ। पहले दिन 448 पंजीकृत किसानों का टोकन कट गया था। पहले दिन 409 किसानों से 18501 चिंटल धान की खरीदी की गयी। जिला खाद्य अधिकारी श्री नीतीश त्रिवेदी ने बताया कि उपार्जित धान के उठाव एवं कस्टम मिलिंग के लिए अब तक 40 मिलर्स से अनुबंध की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है एवं जिले के उपार्जन केन्द्रों से अनुबंधित मिलर्स द्वारा धान उपार्जन केन्द्रों से सीधे धान का उठाव हेतु 384 में टन का डी. ओ. जारी किया गया है जारी डी.ओ के विरूद्ध मिलर्स द्वारा धान का उठाव प्रारभ कर दिया गया है। उन्होंने बताया की अब तक 30 नवंबर की स्थिति में कुल उपार्जन 154960.36 मि.टन हों चूका हैं। डीओ जारी 63713.80 मि.टन, डीओ में उठाव 31426.96 मि.टन, डीओ में उठाव शेष 32287 मि.टन, केंद्रों में शेष स्टाक 123533.40 मि.टन है। उन्होंने बताया की अभी तक 338.63 करोड़ रुपये की खरीदी की जा चुकी है, जिसमे 31683 किसान लाभान्वित हों चुके है। भुगतान की पुष्टि 27538 कृषक, राशि 292.90 करोड़। खाद्य अधिकारी ने बताया की अगले 7 दिवस के लिए समितियों में बारदाना की उपलब्धता सभी केंद्रों में उपलब्ध है तथा बफर लिमिट से अधिक स्टाक वाले केंद्रों की संख्या 49 हैं। जिले में खरीफ सीजन 2023-24 में जिले में 158529 किसानों ने धान विक्रय हेतु सहकारी समितियों में पंजीयन कराया है। पिछ्ले साल 1 लाख 53 हजार किसानों ने धान विक्रय हेतु सहकारी समितियों में पंजीयन कराया था। जिनका रकबा 1 लाख 83 हजार 242 हेक्टेयर था। जो बढ़ कर इस साल 1 लाख 85 हजार 928 हेक्टेयर हो गया है। इस साल धान खरीदी का अनुमानित लक्ष्य 802842 मीट्रिक टन है। पिछ्ले साल अनुमानित लक्ष्य 679187 मीट्रिक टन था।



**63 हजार 700 मीट्रिक टन का डीओ जारी**

# सेंट थॉमस में मनाया विश्व एड्स दिवस




**भिलाईनगर,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। पीजी माइक्रोबायोलॉजी और बायोटेक्नोलॉजी विभाग ने 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाने के लिए एक जागरूकता रैली का आयोजन किया। इस वर्ष विश्व एड्स दिवस का विषय ष्विश्व एड्स दिवस 35 याद रखें और प्रतिबद्ध कर है। यह दिन मुख्य रूप से लोगों को एक साथ लाने और एचआईवी और एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाने और प्रभावित लोगों के प्रति एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए मनाया जाता है। पीजी माइक्रोबायोलॉजी और बायोटेक्नोलॉजी विभाग के कर्मचारियों और छात्रों ने कॉलेज की एनसीसी इकाई के सहयोग से रुआबांधा सेक्टर में अपने छात्रों और स्थानीय लोगों के बीच बीमारी से जुड़े कारणों, सामाजिक कलंक के बारे में जागरूकता पैदा करने और एड्स की रोकथाम में प्रगति को प्रोत्साहित करने के लिए रैली का आयोजन किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ. जेम्स मैथ्यू ने रैली को कॉलेज परिसर से मध्य विद्यालय रुआबांधा सेक्टर तक हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पीजी और यूजी दोनों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक गतिविधि में भाग लिया और एड्स जागरूकता से संबंधित नारे लगाए। एचआईवी और एड्स के प्रसार के खिलाफ जागरूकता पैदा करने वाले एनसीसी कैडेटों के साथ सभी विज्ञान के छात्रों और शिक्षकों ने रैली में भाग लिया।

# महर्षि विद्या मंदिर में दादा-दादी व नाना-नानी दिवस मना

**भिलाईनगर,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। महर्षि विद्या मंदिर में दादा-दादी, नाना-नानी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुवात गुरुपूजन से एवं गणेश वंदना से किया गया। तत्पश्भात विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती साधना सिंग ने अपने विचार प्रकट किए। महर्षि विद्या मंदिर का आधार भावातीत ध्यान पर ध्यान शिक्षक अरविंद पांडे ने प्रकाश डाले। तत्पश्चात् छोटे छोटे बच्चों ने अपने दादा-दादी, नाना-नानी के लिए प्यारी प्यारी कविताएं बोली। दादा-दादी, नाना-नानी ने अंताक्षरी और कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगियों को प्रथम और द्वितीय, एवं सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती साधना सिंग ने बच्चों को बाल दिवस के कार्यक्रम की सरप्राइज घोषणा की। संस्था में सभी लोगो ने बाल दिवस मनाया। बच्चों को चॉकलेट, बिस्किट एवं तोहफा दिया। वो दादी की लोरी, वो दादा के किस्से, हर बच्चे के बचपन के सबसे खूबसूरत हिस्से कविता पाठ किया गया।



# तीसरे दिन भी चला सर्विस रोड पर बेदखली अभियान



**भिलाईनगर,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। निगम भिलाई द्वारा सर्विस रोड पर चलाया जा रहा बेदखली अभियान के तीसरे दिन कंडम वाहन, ठेला तथा ग्लो साइन बोर्ड, बेनर पोष्टर को हटा कर वाहनो के आवागमन के लिए सड़क को खाली कराया गया तथा 27 स्थानों पर कार्यवाही करते हुए दांडिक शुल्क वसुल किया गया। आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर निगम द्वारा जी.ई.रोड से लगे सर्विस रोड पर चलाए जा रहे बेदखली अभियान के तीसरे दिन उत्तर दिशा के सर्विस रोड पर यातायात को बाधित करने वाले ठेला तथा कंडम वाहन को हटा कर सडक को बाधा मुक्त किया गया। सडक पर लगाए गये दुकानो के संकेतक बोर्ड, बेनर, पोष्ट को जप्त किया गया। कई स्थानो पर जेसीबी से तोड कर सर्विस रोड के समतुल्य किया गया। ग्लो साइन बोर्ड जो जमीन मे गड़ा कर लगा रखे थे उसे भी जेसीबी से हटाया गया। अभियान के तीसरे दिन 20 स्थानो पर कार्रवाई कर जुर्माना राशि वसुल किया गया है। आम नागरिकों के द्वारा निगम द्वारा चलाए जा रहे अभियान का लोगो में अच्छा प्रतिसाद रहा है। सर्विस रोड को खाली कराने का अभियान कल भी जारी रहेगा। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने कहा है कि जीई रोड के दोनो किनारे व्यावसायी जिन्होंने सर्विस रोड के किनारे अवैध कब्जा या अतिक्रमण कर सड़क बाधा किए है वे स्वयं से अपना कब्जा हटा लेवे अन्यथा की स्थिति में निगम द्वारा जुर्माने तथा सामग्री जप्ती के साथ बेदखली की कार्यवाही की जाएगी। अभियान मे अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, जोन आयुक्त जोन-1 खिरोद्र भोई, सहायक राजस्व अधिकारी धीरज साहू, बालकृष्ण नायडू, मलखान सिंह शोरी, व्ही.के.सेमुवल, कमलेश द्विवेदी, ओमप्रकाश चन्द्राकर, इमान सिंह, विरेंद्र वर्मा, धनराज नागपुरे, निरंजन असाटी, नंदकुमार सिन्हा, हरिओम गुप्ता, सुपेला थाना स्टाफ सहित यातायात पुलिस के जवान मौजूद रहे।

# 3 कार्यपालक, 62 गैर कार्यपालक हुए सेवानिवृत्ति



**भिलाईनगर,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र की सेवा से नवम्बर में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों व कर्मचारियों को विभिन्न स्थानों में आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। नवम्बर माह में कुल 65 कार्मिक सेवानिवृत्त हुए। जिसमें कुल 3 कार्यपालक, 62 गैर.कार्यपालक शामिल है। संयंत्र के कार्मिकों हेतु भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित संयंत्र के कार्यकारी कार्यपालक निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन श्रीमती निशा सोनी, मुख्य महाप्रबंधक कार्मिक संदीप माथुर तथा महाप्रबंधक कार्मिक नॉन.वर्क्स एवं माइन्स सूरज सोनी द्वारा सेवानिवृत्त आदेश प्रदान किये गये। इसके अतिरिक्त संयंत्र की सेवा से नवम्बर माह में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों को विगत दिनों इस्पात भवन के निदेशक प्रभारी सभागार में आयोजित समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यकारी कार्यपालक निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन श्रीमती निशा सोनी ने सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया। भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों और खनिज नगरों में पदस्थ कुल 65 कर्मचारी अपनी लम्बी सेवा के बाद 30 नवम्बर 2023 को सेवानिवृत्त हो गए। विदा होने वाले इस्पात बिरादरी को संयंत्र प्रबंधन ने उनके योगदान को रेखांकित करते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की।

# इंफोर्समेंट विभाग, ट्रैफिक पुलिस व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

## सड़क सुरक्षा को लेकर बीएसपी द्वारा की गई कार्रवाई

**भिलाईनगर,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के इंफोर्समेंट विभाग द्वारा, ट्रैफिक्र पुलिस व पुलिस विभाग के साथ मिलकर सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु, सड़क के किनारे अवैध रूप से लगे ठेले, गुमठी, खोमच, कुल्फी वालों, नारियल वालों इत्यादि के विरुद्ध सेंट्रल एवेन्यूए फॉरेस्ट एवेन्यू तथा सिक्स ट्री एवेन्यू में विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत कई अवैध दुकानों व ठेले, खोमचों को हटाया गया। इसके साथ ही पं रविशंकर शुक्ल मार्ग सेंट्रल एवेन्यु से आवारा पशुओं को पकड़कर कोसा नाला गौठान में भेजा गया। अवैध ठेले व खोमचे लगाने वालों को समझाइश देकर छोड़ा गया कि आगे से वे सड़क के किनारों पर दुकानें नहीं लगाएंगे। इन ठेलों की वजह से सड़कों में खरीदी हेतु भीड़ लगती है, जिसकी वजह से यातायात प्रभावित होने के साथ-साथ सड़क दुर्घटनायें हो जाने का खतरा बना रहता है। नगर सेवाएं विभाग द्वारा ठेले खोमचों के साथ-साथ सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु आवारा मवेशी पकड़ने का अभियान भी निरंतर जारी है। आज टाउनशिप के विभिन्न भागों से 9 आवारा मवेशी पकड़ कर भिलाई नगर पालिक निगम द्वारा संचालित कोसा नाला गौठान में सौंपा गया है। विभाग द्वारा अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही जारी है। इस अभियान के तहत संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के मार्गदर्शन में इंफोर्समेंट विभाग द्वारा लगातार चौंथी बार पुलिस प्रशासन, यातायात पुलिस व नगर निगम के सहयोग से सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु अवैध रूप से लगे ठेले, खोमचे के विरूद्ध कार्यवाही की गई। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु ठेले खोमचे व आवारा मवेशियों को हटाने का कार्य, संयंत्र द्वारा समय-समय पर किया जाता रहा है। इस्पात नगरी के सभी नागरिकों, ठेले खोमचे व व्यवसाय करने वालों से अपील की जाती है, कि सड़कों व सड़कों के किनारे आवश्यक भीड़ ना लगाएं व अनुसाशन बनायें रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। भिलाई इस्पात संयंत्र के इंफोर्समेंट विभाग द्वारा की गई कार्यवाही के दौरान कुछ ठेले वालों के फल अथवा अन्य सामाग्री को काफी नुकसान पहुंचा है। ठेले वालों का कहना है, कि वे कुछ समय अपना व्यवसाय करने के बाद चले जाते है। ऐसे में हम पर कार्यवाही की जाना समझ से परे है।



# सांसद विजय ने लिया विधानसभा स्तरीय समीक्षा



**भिलाईनगर,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी पाटन का आज विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठक दुर्ग लोकसभा सांसद व पाटन विधानसभा प्रत्याशी विजय बघेल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। विदित हो सांसद विजय बघेल ने विधानसभा के प्रत्येक बूथ के कार्यकर्ताओं के साथ में बैठकर बुथो से भाजपा के प्रति बढ़त वोटों का रुझान को जाना। साथ ही पार्टी के देव तुल्य कार्यकर्ताओं ने प्रत्याशी विजय बघेल बनकर मेहनत किया उसके लिए विजय बघेल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। उसका प्रतिफल है कि विपक्ष के खेमें दबे में भी दबे ज़बान में कह रहे हैं। पाटन की जनता सिर्फ पाटन में नहीं पाटन के इतिहास दुर्ग की तस्वीर व तकदीर बदल रहीं है। पाटन में भय व आतंक के खिलाफ जो उत्साह और लगन दिखा उससे अनुमान लगाया जा सकता है कि पाटन विधानसभा में विजय बघेल की जीत सुनिश्चित है। महिलाओं एवम युवाओं ने भी भाजपा के पक्ष में मतदान किया! इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, लेखराम साहू, दिलीप साहु, लालेश्वर साहू, लोकमणी चंद्राकर, खेमलाल साहू, राजु निषाद, श्रीमती हर्षा चंद्राकर, दिव्या कालिहार, रुपसिंह सिन्हा, विवेक तिवारी, योगेश निक्की भाले, लोकेश साहू, उपकार चंद्राकर सहित अनेक भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त कर्मियों को दी बिदाई



**भिलाईनगर,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। इस्पात कर्मचारी को ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी सेक्टर.6 में विदाई समारोह का आयोजन कर सितंबर, अक्टूबर और उसके पहले रिटायर हुए सेक्टर.6 मुख्यालय, पावर हाउस व रिसाली शाखा के सदस्य कर्मियों को में विदाई दी गई। बृज बिहारी मिश्र ने कहा कि सोसाइटी को शिखर पर बनाए रखने में इन सभी कर्मियों ने अपना विशिष्ट योगदान दिया है और इसे कभी विस्मृत नहीं किया जा सकेगा। अपने सेवाकाल में जीवन का सर्वश्रेष्ठ देने वाले वरिष्ठ साथियों का सोसाइटी से रिश्ता बना रहेगा। इस अवसर पर जिन सदस्यों को विदाई दी गई उनमें सितंबर.23 या उसके पूर्व रिटायर हुए कर्मियों में सेक्टर 6 मुख्यालय से लीलाधर प्रसाद, हुमन लाल मालागरे, वीरेंद्र कुमार तिवारी, कमल कुमार राय, रामकुमार राय, गौतम कुमार रामटेके, जैनलाल वर्मा, नाथुराम, एनके गुप्ता, जी वेंकट राव, मनोज कुमार, छबिल सिंह, ऋतु कुमार मालिकवार, पुनीत राम, आनंद राव, राजेंद्र कुमार, जसवंत सिंह, दयालुराम, दिवाकर, मोहनलाल, खोरबाहरा राम नेताम, भगेलू प्रसाद, अविनाश कुमार गावंडे, रिसाली शाखा से के. दिल्ली राव, पावर हाउस शाखा से चमनलाल, श्रीराम, राजेश्वर प्रसाद, कृष्ण कुमार देवांगन, नरेंद्र कुमार शामिल हैं। अक्टूबर और उसके पहले सेवानिवृत्त हुए सदस्यों में यशवंत राव, जोहनलाल, फहीम मुहम्मद, भरतलाल चेतन सिंह, डारेन कुमार साहू, गोविंद कुमार पाल, प्रशांत दीक्षित, महेश कुमार धुर्वे, कृष्ण कुमार गायकवाड़, सालिक अली, व्यास नारायण, एन. दिलीप, मोहनलाल देशलहरे, सुदामा राम साहू, हेमलाल सोनवानी, शेख मुहम्मद कमर, आर. मोहन राव, शिशिर मुखजी, देवचरण साहू शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक एम मुरलीधर व धन्यवाद ज्ञापन संचालक कुलेश्वर चंद्राकर ने दिया।

# माता रमाई फिल्म की शूटिंग शुरू

**भिलाईनगर**, 1 दिमस्बर (देशबन्धु)। नीतू राज फिल्म प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनने वाली सामाजिक फिल्म त्यागमूर्ति माता रमाई की शूटिंग भिलाई में शुरू हो गई है। सामाजिक उद्देश्य को लेकर बनाई जा रही इस फिल्म में मुंबई के जाने-माने चेहरों के अलावा भिलाई व छत्तीसगढ़ के कई प्रमुख कलाकार भूमिकाएं निभा रहे हैं। फिल्म की प्रमुख हिस्सों की शूटिंग के लिए 8 दिन का शेड्यूल भिलाई में शुरू हुआ है। जिसके लिए अत्याधुनिक कैमरों और उच्च प्रशिक्षित टीम के साथ कलाकार तकनीशियन आए हुए हैं। भिलाई में डॉ. अम्बेडकर और उनके पिता के बीच के भावनात्मक दृश्यों को फिल्माने के साथ शूटिंग शुरू की गई। जिसमें डॉ. अम्बेडकर के बड़ौदा नरेश के पास नौकरी के लिए जाने के दौरान अपने पिता से अनुमति लेने के संवाद थे। इनमें पिता के सहमत नहीं होने पर पत्नी रमाई और बड़े भाई आनंद द्वारा डा.अम्बेडकर के पक्ष में दलील दिए जाने के भावुक दृश्य शामिल था। दुर्ग के पार्षद अजीत वैद्य, विजय बोरकर और इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड छत्तीसगढ़ के रिटायर्ड एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर बालोद से आए वामन राव वानखेडे ने क्लैप दिया। फिल्म में डाण् बाबा साहब अम्बेडकर की प्रभावी भूमिका भिलाई के सेवाभावी चिकित्सक डॉ.उदय धाबर्डे निभा रहे हैं। माता रमाई की भूमिका में डा. उदय की पत्नी प्रेरणा नजर आएंगी। डॉ.अम्बेडकर के बड़े भाई आनंद की भूमिका छत्तीसगढ़ से मुंबई फिल्म जगत में स्थापित हो चुके ओंकार दास मानिकपुरी (नत्था) और उनकी पत्नी लक्ष्मी की भूमिका अदिति श्रीवास्तव ने निभाई है। डॉ.अम्बेडकर के पिता रामजी अम्बेडकर की भूमिका औरंगाबाद से आए वरिष्ठ रंगकर्मी संजय बंसोड़ कर रहे हैं। डायरेक्टर कबीर दास के निर्देशन में बन रही इस फिल्म के कैमरामैन बॉलीवुड से आए सुमित और साउंड रिकॉर्डिस्ट मुंबई के बाबू भाई हैं। गेटअप आर्टिस्ट की जिम्मेदारी मुंबई के गुड्डू दादा निभा रहे हैं,। भिलाई दुर्ग व राजनांदगांव में 8 दिन की शूटिंग के शेड्यूल में माता रमाई का बचपन, डा. अम्बेडकर का विवाह और बड़ोदा नरेश की छात्रवृत्ति के प्रसंग को फिल्माने की तैयारी है। इसके लिए झिरियापारा रूआबांधा, सेक्टर.6 बीएसपी स्कूल स्थित अम्बेडकर भवन, दुर्ग में फिल्मिस्तान और राजनांदगांव अन्य स्थानों पर शूटिंग होगी। फिल्म की शूटिंग के दौरान नए कलाकारों की तैयारी से संतुष्ट नजर आए ओंकार दास मानिकपुरी ने कहा कि पहली बार कैमरे का सामना कर रहे डा. उदय और प्रेरणा का अभिनय परिपक्वता लिए हुए हैं।



# विक्रम जनबंधु का चिंतन 2 व 4 दिसंबर को प्रसारित



**भिलाईनगर,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पत्रकार, लेखक व कवि विक्रम जनबंधु का चिंतन 2 एवं 4 दिसंबर को प्रातः 6 बजे आकाशवाणी रायपुर से प्रसारित किया जाएगा। जनबंधु की इसके पूर्व भी कई कहानियां और कविताएं आकाशवाणी रायपुर से प्रसारित हो चुकी हैं। कला, साहित्य, संस्कृति, राजनीति और समसामयिक विषयों पर उनके लेख विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित हो रहे हैं। उनकी एक कहानी और कविता संग्रह शीघ्र प्रकाशित होने वाला है। ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी वरिष्ठ पत्रकार विक्रम जनबंधु अनेक बार आकाशवाणी से कार्यक्रम प्रस्तुत कर चुके है।

## छिर्रा में सत्य निज नाम परिवार की बैठक कल

**बिलाईगढ़** 1 दिसम्बर। सत्य निज नाम परिवार बिलाईगढ़ क्षेत्र के ग्राम छिर्रा में सत्संग भवन मे मासिक बैठक रखा गया है। यह बैठक दिनांक तीन दिसम्बर दिन रविवार को होगा समय 2.00 बजे आहूत की गई है। जिसमें परम पूज्य गुरुदेव सत्य कबड्डी दास जी परम वदंनिया माता सत्य लीला देवी जी के आगमन होगा।



# सुरेश जोशी की हत्या से संवेदनाओं में डूबी संस्कारधानी, हत्याकांड का मास्टर माइंड आरोपी प्रकाश गोलछा दबोचा गया

**राजनांदगांव,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। 22 नवंबर को सूचना मिला की पार्रीनाला इण्डियन पब्लिक स्कूल, सुरेश राईस मिल के पास एक अज्ञात पुरूष उम्र करीबन 50-55 वर्ष का शव पडा है। कि सूचना पर मौका पहुंचकर प्रार्थी रंजन दास साहू पिता इतवारी दास साहू उम्र 48 साल साकिन पार्रीनाला थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव की रिपोर्ट पर मौके पर मर्ग कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया। पंचनामा कार्यवाही के दौरान परिजन श्रीमती दीपा गुरू पति दीपंकर गुरू द्वारा मृतक के शव को देखकर अपने बड़े भाई सुरेश कुमार जोशी पिता स्व0 मदन लाल जोशी उम्र 52 साल साकिन अरिहंत टावर मानव मंदिर चौक के पास राजनांदगांव के रूप में पहचान किया गया। मर्ग क्र0 83/23 धारा 174 जा0फौ0 कायम मर्ग जांच में लिया गया मार्ग जांच पर से अपराध घटित होना पाया जाने से थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 879/2023 धारा 302, 120-बी, 201, 34 भा.दं.वि. कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्ग दर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के दिशा निर्देश एवं नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में थाना कोतवाली की टीम एवं प्रभारी सायबर सेल द्वारिका प्रसाद लाउत्रे सायबर टीम के साथ संयुक्त टीम बनाकर घटना में संलिप्त व्यक्तियों की पतासाजी हेतू तत्काल आरोपी 1. दयाराम साहू पिता खेदू साहू उम्र 36 साल साकिन छछानपहरी थाना अंबागढ चौकी जिला मोहला मानपुर अं0 चौकी 2. मनीष खुटेल पिता रूपनाथ खुटेल उम्र 21 साल साकिन महरूम थाना डोगरगांव जिला राजनादगांव 3. नितेश सेन पिता मदन सेन उम्र 27 साल साकिन बैलापसरा गणेश मंदिर के पीछे वार्ड नं0 15 राजनांदगांव 4. प्रेमेन्द्र निर्मलकर पिता तिलक राम निर्मलकर उम्र 37 साल साकिन रानीतराई रोड थाना देवरी जिला बालोद छ0ग0 को दिनांक 25.11.2023 को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया, जो चारों आरोपी जिला जेल राजनांदगांव में निरूद्ध किया गया था।

प्रकरण के मुख्य आरोपी प्रकाश गोलछा जो सुरेश जोशी हत्या काण्ड का मास्टर माइंड है, जो घटना बाद फरार हो गया था। जिसे पकडने सायबर सेल राजनांदगांव व कोतवाली पुलिस तथा रेलवे सुरक्षा बल राजनंदगांव के सयुक्त गठित टीम को गोदिया, नागपुर, महाराष्ट्र एवं दुर्ग, भिलाई, रायपुर की ओर रवाना किया गया था। गठित टीम द्वारा आरोपी प्रकाश गोलछा को मुखबीर की सूचना पर गोदिया (महाराष्ट्र) में घेराबंदी कर हिरासत में लेकर राजनांदगांव लाया गया।



**कई खुलासे की प्रताशा में पुलिस करा सकती है नार्कोटेस्ट**

आरोपी प्रकाश गोलछा से हिकमत अमली से पूछताछ करने पर करीबन 15 वर्ष पूर्व से स्कूल की जमीन को लेकर विवाद था इस विवाद में ज्ञानचंद बाफना से उसे पैसा लेना था। करीबन 02 वर्ष पूर्व स्कूल के पूरे कैम्पस की बिक्री हो गई, परंतु उसे उसके हिस्से का पैसा नही दिया गया था। इसके अलावा करीबन ढाई साल पहले में सागर चितलांग्या से सत्यम विहार गंज लाईन में स्थित एक बंगले का 1 करोड़ 38 लाख में सौदा किया था और पूरी राशि भी सागर चितलांग्या को दे चुका था जिसकी जानकारी उसके पिता सूर्यकांत चितलांग्या को भी थी। राशि पटाने के बाद वह पीटा एक्ट में सन् 2021 में जेल चला गया था। जेल से वापस आने के बाद जब वह सागर को रजिस्ट्री के लिए बोला तो वह आनाकानी करने लगा। जिस कारण प्रकाश गोलछा को ज्ञान चंद बाफना एवं सागर चित्लांग्या से रंजिस थी जिनसे वह बदला लेना चाहता था। जिसके लिए प्रकाश गोल्छा ने पेमेन्द्र निर्मलकर, मनीष खूंटेल एवं दयाराम साहू को हर महीने अच्छा पगार देने का लालच दिया एवं बताया कि सुरेश जोशी जो कि ज्ञानचंद बाफना का नौकर है उसे फार्म हाऊस लाकर उससे सुसाइड नोट लिखवाकर जहर देकर मार देंगे एवं उस सुसाइड नोट से ज्ञानचंद बाफना व सागर चितलांग्या को ब्लेक मेल करेंगे और पैसा वसूली करेंगे। दिनांक 21.11.2023 को प्रकाश गोल्छा पेमेन्द्र को फोन कर सुरेश जोशी को 02 बजे फार्म हाऊस लाने के लिए बोला एवं स्वयं अपनी स्वीफ्ट गाड़ी नम्बर सी.जी.-08-यू.-9269 से मनीष खुटेल एवं दया राम साहू को फार्म हाउस लाया जहां सभी मिलकर सुरेश जोशी को कोलड्रिंक में जहर मिलाकर पिला दिये जिससे सुरेश जोशी की फार्म हाउस में मृत्यु हो गई। सुबह लगभग 04-05 बजे प्रकाश गोल्छा अपनी उक्त स्वीफ्ट वाहन से सुरेश जोशी के शव को अपने तीनों साथियों के साथ मिलकर पार्रीनाला के पास छोड़ दिया। जिसके पश्चात सुरेश गोल्छा एवं पेमेन्द्र के साथ मिलकर 01 टाईपशुदा पत्र बनवाकर पेमेन्द्र को ज्ञानचंद बाफना के पास पहुंचाने बोला। उसी दिन शाम को प्रकाश गोल्छा को मालूम चला कि पुलिस उसे खोज रही है तो वह मोबाईल बंद करके भाग गया। प्रकाश गोल्छा शातिर अपराधी होने से लगातार अलग अलग लोगों से फोन लेकर अपने परिचितों से सम्पर्क करता था। प्रकाश गोल्छा अगले दिन दुर्ग से नागपुर चला गया। जहां से वह भांदक जैन मंदिर गया दर्शन करने के बाद वापस नागपुर आ गया। लागातार पुलिस को गुमराह करने के लिए स्थान बदल बदल कर रह रहा था। गोंदिया के आसपास होने की सूचना मिलने पर रेल्वे सुरक्षा बल की सहायता प्राप्त कर सायबर सेल एवं थाना कोतवाली की टीम द्वारा घेराबंदी कर प्रकाश गोल्छा को पकड़ा गया। आरोपी प्रकाश गोल्छा से हिकमतअमली से पूछताछ करने पर घटना के संबंध में विस्तार से बताया एवं अपना जुर्म स्वीकार करते हुए मृतक सुरेश जोशी का मोबाईल अपने सोमनी स्थित फार्म हाउस के पीछे खेत से, घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट वाहन क्र. सीजी 08 यू 9269 को टेड़ेसरा स्कूल के पीछे से, मृतक सुरेश जोशी से लिखवाया हुआ सुसाईड नोट व धमकी भरे पत्र को अपने गुरूनानक चौक स्थित ऑफिस से बरामद करवाया।

आरोपी के विरूद्व प्रर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने पर आज दिनांक 01.12.2023 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया जाता है ।आरोपी प्रकाश गोलछा के विरूद्व पूर्व में थाना कोतवाली में अप0क्र0 171/2010 धारा 120 बी, 406, 467, 468, 471, भादवि0 एवं अप0क्र0 155/2022 धारा 3, 4 5, 7 अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956 दर्ज कर चालान किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, रेलवे सुरक्षा बल के निरीक्षक प्रशांत अडल्क व उप निरीक्षक तरुणा साहू रेलवे सुरक्षा बल राजनंदगांव, प्रभारी सायबर सेल सउनि0 द्वारिका प्रसाद लाउत्रे, थाना कोतवाली से उप निरी0 रतन सिंह नेताम, पुष्पराज साहू, संजय बरेठ, सउनि0 दरबारी तारम, प्र0आर0 जी0 सरिल, चंद्रेश सिन्हा, संदीप चैहान, आरक्षक रामखिलावन सिन्हा, अनिवाश झा, प्रख्यात जैन, प्रदीप जायसवाल, रूपेन्द्र वर्मा, रंजीत चैरसिया, चतुर दास भुवनेश्वर जायसी, बेनूराम नेताम तथा जिला सायबर सेल राजनांदगांव टीम के सउनि संतोष सिंह, सउनि सुमन कर्ष, प्र0आर0 बसंत राव, अनित शुक्ला, आरक्षक मनीष वर्मा, अवध किशोर साहू, मनोज खुटे, दीपक जाटवर, हरिश ठाकुर, परिवेश वर्मा, आदित्य ठाकुर, हेमंत साहू, मनोज खुंटे अमित सोनी एवं थाना कोतवाली स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## कलेक्टर व एसपी ने किया मतगणना स्थल के सुरक्षा का जायजा



**राजनांदगांव,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। गंज मंडी राजनांदगांव में विधानसभा निर्वाचन मतगणना केंद्र/ स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था केंद्रीय सुरक्षा बल व सीसीटीवी के माध्यम से 24 घंटे निगरानी किया जा रहा है। 1.12.2023 को कलेक्टर राजनांदागंव डोमन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग द्वारा स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में लगे केंद्रीय सुरक्षा बल के जवानों को मुस्तैदी के साथ डयूटी करने व भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित गाइडलाईन एवं चेक लिस्ट के अनुसार बिंदुवार जानकारी लेते हुये दिशा निर्देश दिये। शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतगणना हेतु मतगणना केंद्र में बैरिकेट व्यवस्था एवं सुरक्षा बलों की तैनाती का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल, एसडीएम अरूण वर्मा एवं अन्य शासन एवं प्रशासन के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## भूपेश के नेतृत्व पर भरोसा बरकरार : हेमा देशमुख

**राजनांदगांव,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। महापौर हेमा देशमुख ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व पर भरोसा बरकरार रहने और कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार का दावा किया है, वही राजनांदगांव की महत्वपूर्ण कहे जाने वाली सीट से श्री गिरीश देवांगन की भारी बहुमत से जीत से नया इतिहास लिखा जायेगा एवं श्री गिरीश देवांगन की सीट राजनांदगांव से 10 - 15 हजार से भी अधिक वोटों से कांग्रेस जीत हासिल करेंगे। सरकार ने हिन्दुत्व के मुद्दे पर पूर्ण रूप से राम वमन गममन पथ, कौशील्या माता और गौ सेवा के क्षेत्र मे सबसे महत्वपूर्ण काम किए है पिछले पाँच वर्ष के सुशासन और किसान, मज़दूर, आदिवासी, युवाओं और महिलाओं सहित सभी वर्गों का ध्यान रखा उसी की वजह से जनता का आशीर्वाद कांग्रेस को फिर से मिला है। उन्होंने आगे कहा कि, प्रदेश में एक फिर कांग्रेस की सरकार बननें जा रही है। कांग्रेस सरकार का काम धरातल पर दिखा है, जिसे देखते हुए प्रदेश की जनता ने कांग्रेस पर एक बार फिर भरोसा जताया है और इसी भरोसे के साथ कांग्रेस को बड़ी जीत मिलने वाली है। छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस सरकार के काम एवं कांग्रेस के घोषणा पत्र पर भरोसा किया है।



**गिरीश देवांगन होंगे राजनांदगांव विधायक**

श्रीमती हेमा देशमुख ने कहा कि, कांग्रेस 75 पार और पुन: सरकार बनाने जा रही है। प्रथम एवं दूसरे चरण के मतदान में किसान, माता, बहने, युवा, श्रमिक व्यापारियों का रूझान कांग्रेस के प्रति रहा है। विधानसभा का यह चुनाव कांग्रेस पर भरोसे का चुनाव रहा है। पहले चरण के मतदान के बाद से ही यह स्पष्ट हो गया था कि, राज्य में तीन चौथाई बहुमत से कांग्रेस की सरकार बन रही है। पहले चरण की सभी 20 सीटें कांग्रेस जीतेगी। दूसरे चरण के मतदान के बाद हम अपने 75 सीटो के लक्ष्य को पूरा करेंगे। कांग्रेस ने 2018 के अपने घोषणा पत्र के अधिकांश वायदो को विगत 5 वर्षो के कार्यकाल के भीतर निभाया है, जनता का भरोसा 5 सालों में कांग्रेस के प्रति और भी ज्यादा बढ़ा है। यही कारण है कि, जनता ने एक बार फिर कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया है। पिछली बार 2018 में दो तिहाई से बड़ी बहुमत मिली थी अबकी बार तीन चौथाई से बड़ी बहुमत के साथ छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनेगी। आज छत्तीसगढ़ की संस्कृति का गौरव बढ़ा है और छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया की आवाज सात समुंदर पार भी उठने लगी है।

## गायत्री विद्या पीठ में कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम

**राजनांदगांव,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। शिक्षा एवं संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी संस्था गायत्री विद्यापीठ सीजी अंग्रेजी माध्यम ( केसर नगर )कैरियर गाइडेन्स कार्यकम का आयोजन किया गया। संस्था ?के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष राजेश जैन, श्रीमती संध्या देवी सिंघल, सचिव गगन लड्ढासह- सचिव निकुंज सिंघल, संरक्षक नंद किशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन आदि की उपस्थिति में आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या श्रीमती पिंकी खंडेलवाल, सी.ए. किरण कांकरिया, उपप्राचार्य वंदना कुंभरे के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में शाला ? के कक्षा आठवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थी शामिल थे।



इस दौरान प्रमुख वक्ता सीए किरण कांकरिया ने सीए के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि न केवल कॉमर्स के क्षेत्र में बल्कि सभी क्षेत्रों में सीए की आवश्यकता होती है। उन्होंने बच्चों ?को बड़ी सहजताऔर सरलता से सीए बनने के लिए आवश्यक बातें बताई, जिससे विद्यार्थियों में सी.ए. की पढ़ाई का डर दूर हो सके ।इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछ कर अपनी जिज्ञासा शांत की। उक्त हेतु शाला की प्राचार्या पिंकी खंडेलवाल ने सीए किरण कांकरिया को धन्यवाद दिया कि उन्होंने इतने कम समय में विद्यार्थियों को जीवन के आगे के लक्ष्य से अवगत कराया। जिससे अपने कैरियर का चुनाव करने में विद्यार्थी को कोई कठिनाई न हो सके ।कैरियर गाइडेंस के इस आयोजन में उपस्थित समस्त वरिष्ठ जनो सहित संस्था के हरिश गांधी व अन्यों ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सबको हार्दिक बधाई दी व विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की ।

कार्यकम के अंत में प्राचार्य श्रीमती वत्सला अय्यर, श्रीमती पिंकी खंडेलवाल, सुश्री सीमा श्रीवास्तव, उपप्राचार्य श्रीमती वंदना डुंभरे, उपप्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर एवं समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने अतिथि किरण कांकरिया को दुपट्टा एवं तुलसी पौधा देकर सम्मानित किया।

## डोंगरगांव पोस्ट ऑफिस में चोरों ने दरवाजा तोड़ा

**डोंगरगांव,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। पुराना बस स्टैंड के पास शासकीय पोस्ट ऑफिस लंबे समय से एक जर्जर भवन में शासकीय कार्यालय संचालित हो रहा है वर्तमान में 29 नवंबर को रात्रि में अज्ञात चोरों ने फिर पोस्ट ऑफिस कार्यालय के दरवाजे को तोड़कर अंदर प्रवेश किया गया है चोरों के हाथो में इस समय पैसे उनके हाथ नहीं लगे तो कार्यालय का ही सरकारी मोबाइल को चोरी करके ले गया जो कार्यालय में प्रतिदिन कर्मचारियों का बातचीत इसी मोबाइल से होते रहता है चोरी की घटना तब पता चला जब स्टाफ कर्मचारी सुबह कार्यालय खोलने गया था तभी दरवाजा टूटा हुआ नजर आया चोरी की घटना की सूचना पुलिस थाना में दी गई है जिस पर पुलिस मौके पर पहुंच कर पोस्ट ऑफिस कार्यालय में हुए चोरी की घटना की जांच की गई इनके पूर्व में तीन से चार बार यहा पर चोरी की सूचना दर्ज कराया गया है परंतु एक भी बार पुलिस को अज्ञात चोरों को पकड़ने में नाकाम रही है पोस्ट ऑफिस कार्यालय जहां लग रहा है वहां पर पूरी तरह जर्जर अवस्था में है बारिश के दिनों में छत से पानी टपकता है इस जर्जर भवन में पोस्ट ऑफिस शासकीय कार्यालय की कागजात को पॉलिथीन में ढक कर काम चलाते हैं साथ ही बारिश के दिनों में क्षत के नीचे पॉलिथीन का सहारा लेकर पानी से बचाव करते हैं इस भवन की स्थिति बहुत ही कंडम अवस्था में है जो 35 से 40 वर्ष से एक ही जगह कार्यालय लग रहा है एक ओर यहां पर वर्तमान पोस्टमैन अधिकारी लंबे समय से राजनांदगांव से आना जाना कर रहा है वे अपने हेड चार्टर में नहीं रहते इस पोस्ट ऑफिस में कस्टमर के लिए कोई भी सुविधा नहीं है इस जर्जर भवन कार्यालय का खमियाजा उपभोक्ता भुगत रहे हैं यह पोस्ट ऑफिस क्षेत्र के मुख्य हेड कार्यालय में गिनती होती है यहां पर सुविधा नाम की कोई भी सुरक्षा नहीं है यहां के पोस्टमैन से इस चोरी के संबंध पर चर्चा किया गया लेकिन वह फोन रिसीव नहीं किया



**जर्जर भवन में लंबे समय से चल रहा है कार्यालय**

**बड़ी चोरी की घटना से अंजाम देने बच गए**

यहां पर पूर्व में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर बड़ी राशि की चोरी कर ले गया था परंतु इस समय चोरों ने बड़ी राशि तक नहीं पहुंच पाए नहीं तो यहां पर बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दे सकते थे पोस्ट ऑफिस में रखें उपभोक्ताओं की बड़ी राशि को अज्ञात चोरों ने चोरी की अंजाम देने से बच गए इस मामले में स्थानीय पुलिस जांच शुरू कर दी है।

## विश्व एड्स दिवस पर विविध कार्यक्रम



**राजनांदगांव,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। समता जन कल्याण समिति, राजनांदगांव के द्वारा एक दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत कमला कॉलेज चौक में हस्ताक्षर अभियान एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहा लोगो को रेड रिबिन लगा कर एवं पप्प्लेट एवं पोस्टर वितरित कर द्धद्ध1 एवं एड्स की जानकारी दी गई सेल्फी जॉन में लोगो को स्लेफी लेने के लिए मोटिवेट किया गया जिसमे कॉलेज के बच्चों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कमला कॉलेज के ह्नस्न एवं रेड रिबिन के बच्चो के साथ जागरूकता रैली परियोजना के कर्मचारीयों के द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमे द्धद्ध1 की रोकथाम का नारा लगाया गया. साथ ही कमला कॉलेज के सभागार में व्याख्यान का आयोजन किया गया, जहा द्धद्ध1 एड्स के फैलने के कारण बचाव के उपाए एवं सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई उक्त कार्यक्रम का आयोजन नागेश्वर मुंजारे कार्यक्रम प्रबन्धक लक्षित हस्तक्षेप परियोजना, समता जन कल्याण समिति, राजनांदगांव के द्वारा किया गया जिसमे पूरी टीम का सहयोग रहा एवं जिला अस्पताल से ड्डष्टञ्जष्ट काउंसलर धर्मेन्द्र वर्मा स्ञ्जद्ब काउंसलर हिमांचल वर्मा ब्लड बैंक काउंसलर जगदीश सोनी जी की भी उपस्थिति रही।

## कल शुष्क दिवस घोषित

**बलौदाबाजार,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। मतदान तिथि 3 दिसम्बर को जिला मुख्यालय स्थित देशी विदेशी मंदिरा दुकानें को पूर्णत: बंद रखने हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है।

## निधन

### कचरा बाई साहू

**खरोरा,** 1 दिसंबर। श्रीमती कचरा बाई साहू उम्र 85 वर्ष ग्राम सकलोर का आकस्मिक निधन 30 नवंबर दिन गुरूवार को हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार 1 दिसबंर को निज ग्राम सकलोर में किया जाएगा। वे ठाकुर राम साहू सकलोर व पुनीत राम साहू खपरी वाले की मां थी एवं लक्ष्मी नारायण साहू (शिक्षक), पवन साहू, डॉ. खिलेश्वर साहू, डायमंड साहू की दादी थी।



### कुमारी बाई ताम्रकार

**दुर्ग,** 1 दिसंबर। तमेर पारा निवासी श्रीमती कुमारी बाई पति स्व. घनश्याम ताम्रकार का गत दिवस निधन हो गया। आज उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। अंतिम संस्कार के समय समाज के लोगों के साथ ही अन्य समाज के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे विक्की ताम्रकार की माता थी।



### मेहत्तर राम सोनी

**दुर्ग,** 1 दिसंबर। नयापारा दुर्ग निवासी मेहत्तर राम सोनी (88 वर्ष) का आज शुक्रवार 1 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कल शनिवार सुबह 11 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे सदानंद सोनी व लवकुश सोनी के पिता थे।



## प्रादेशिकी का शेष...

### छत्तीसगढ़ की बेहतरी के लिये ...

बनाने की बात कर रहे है। इस पर श्री हरमुख ने कहा कि यह भाजपा का स्केंडल है । प्रत्येक चुनाव के समय व इस तरह की अफवाहें उड़ाने में माहिर है। उसने कभी बोफोर्स तो कभी किसी अन्य घोटाले को कथित तौर पर उजागर कर राजनीतिक लाभ उठाने की चेष्टा करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के इन हथकंडों का क्या हुआ। व्ही.पी.सिंह से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी और अब विगत 10 वर्षो से श्री मोदी प्रधानमंत्री है। यदि कहीं कुछ सच्चाई होती तो क्या वे चुप बैठती। जिस तरह इन पुराने स्कैंडल का हश्र हुआ, वहीं हश्र भूपेश बघेल के विरूद्ध लगे आरोप होगा। श्री हरमुख ने सुझाव दिया है कि अब श्री बघेल को फिर से मुख्यमंत्री बनने के बाद पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में नहरों का जाल बिछाकर सिंचाई संसाधनों को मजबूत करना होगा। उन्हें इस मामले में पंजाब के मुख्यमंत्री प्रताप सिंह कैरो का अनुसरण करना चाहिए।

### महाराष्ट्र लगातार 7वीं बार ...

समापन समारोह युगांतर पब्लिक स्कूल राजनांदगांव के प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल, वरिष्ठ पत्रकार श्री परमानंद रजक, अंतराष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक एवं बास्केटबॉल के हाई परफार्मेंस डायरेक्टर कालवा राजेश्वर राव , अंतराष्ट्रीय व्हीलचेयर बास्केटबॉल कोच श्री जशपाल धानी, के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय रेफरी, कोच व्हीलचेयर बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव श्री लुईस जार्ज, टेक्नीकल कमिश्नर श्री अब्राहम पोलो, अंतराष्ट्रीय रेफरी राजन, अमितकुमार, मेधना मुणोत सहित व्हीलचेयर बास्केटबॉल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, पत्रकार गण व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

इस अवसर पर व्हीलचेयर बास्केटबॉल के अंतराष्ट्रीय खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता के विजेता, उपविजेता एवं तिसरे स्थान पर रही टीम के खिलाड़ियों को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक, व्यक्तिगत पुरस्कार, एवं ट्राफी प्रदान की गई। इसके अलावा इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सहयोग प्रदान करने वाले सभी सहयोगियों को एवं अतिथियों को भी सम्मानित किया गया।

## डोंगरगांव में रंगोली सजाने के बाद मोमबत्ती जलाकर जागरूकता किया

**डोंगरगांव,** 1 दिसंबर। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आम जनों का एड्स जागरूकता के लिए अस्पताल परिसर में रंगोली बनाकर उसमें 100 मोमबत्ती जलाया गया ताकि आम लोगों को एड्स के प्रति जागरूकता लाया जा सके। डोंगरगांव का नाम हमेशा कुछ अलग करने का रहा है इससे पहले भी 2018 में इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में 5667 लोग मिलकर नाकों का एचआई व्ही एड्स का मानव श्रृंखला के माध्यम से सिंबोल बनाकर दर्ज़ किया जा चुका है।

**विश्व एड्स दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में**

**2023 का थीम है लेट कम्यूनिटीज लीड**

इस साल वर्ल्ड एड्स डे की थीम लेट कम्यूनिटीज लीड है. यह थीम इस बात पर जोर देती है कि एड्स से प्रभावित लोग अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए अपनी आवाज उठाने में सक्षम बनें।

**एड्स के प्रमुख लक्षण है**

लगातार कई दिनों तक बिना कारण के बुखार आते रहना किसी दवाई से ठीक ना होना लक्षण हो सकते हैं वजन कम होना 3 महीनों में ही रोगी का वजन 20 फीसदी कम होना एड्स का लक्षण हो सकता है 1 महीने के ऊपर पतले दस्त लगना और दवाओं से ठीक ना होना ज्यादा थकान का अनुभव होना मांसपेशियों में तनाव के मांस पेशियों और शरीर में अकड़ होना जैसे लक्षण दिखाई देना थकान महसूस करना जोड़ों का दर्द सूजन सिर दर्द जैसे प्रमुख लक्षण है।

जागरूकता कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डां कामिनी भेड़िया मेडिकल आफिसर, आईसीटीसी काउंसलर टिकेश्वरी साहू ,आईसीटीसी लैब टेक्नीशियन शिप्रा मुटकुरे, भोज कुमार साहू रेडियोग्राफर, घनश्याम साहू ,जसवंत कोडापे लैब टेक्नीशियन ,विशाल खत्री, किशोर साहू ,खेमराज लहरें, शुभम् गुर्वे , दुर्गेश नंदिनी गहने, प्यारे साहू,काजल, सहित अस्पताल के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## बछैरा में मिला लगभग पांच माह का भ्रूण क्षेत्र में सनसनी



**सिमगा,** 1 दिसंबर। सिमगा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बछैरा में किसी अज्ञात महिला का प्रसव पश्चात लगभग पांच माह के भ्रूण को गुरुवार की रात्रि को खिलेश्वर साहू के कोठार के सामने फेक दिया है। सुबह ग्रामीणों की नजर पड़ने पर पहले ग्राम कोटवार को इस बात की जानकारी दिया गया। तत्पश्चात सरपंच एवं ग्रामीणों ने पुलिस को सुबह 8 बजे फोन कर सूचना दिया कि हमारे गांव के खिलेश्वर साहू के कोठार के सामने लगभग पांच माह के भ्रूण पड़ा हुआ है ।सूचना पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर इस संबंध में खिलेश्वर साहू एवं उसके घर के आस पास रहने वालों से पूछताछ किया । पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। घटना स्थल को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि मौके पर ही महिला का प्रसव हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम मामले को विवेचना में लिया है । यहां यह बताना जरूरी है कि गांव गांव में झोलाछाप डॉक्टर काफी सक्रिय है जो मामूली से मामूली व जटील से जटिल बीमारियों का इलाज करने का दावा करते हुए भोले भाले ग्रामीणों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इसी तरह फर्जी डिग्री वाले कुछ लोग शहर में नर्सिंग होम खोल कर लोगों के जान से खेल रहे हैं।

## आज अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्ता को कराया जायेगा मतगणना स्थल का अवलोकन

**बेमेतरा,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा के मतगणना कार्य की तैयारियों का जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्ता को कल 2 दिसंबर (शनिवार) अपरान्ह 3.00 बजे से 4. बजे तक (एक घंटा) मतगणना स्थल का अवलोकन कराया जायेगा। जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र साजा, बेमेतरा और नवागढ़ के अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्ता उनके परिचय पत्र के आधार पर मतगणना स्थल/कक्ष में प्रवेश करेंगे।



# खंडसरा कृषि संकाय के छात्रों ने किया कृषि अनुसंधान केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण

**बेमेतरा,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खंडसरा कृषि व्यवसायिक पाठ्यक्रम के छात्र प्रभारी प्राचार्य महेश साहू कृषि प्रशिक्षक रोहित वर्मा वरिष्ठ शिक्षक अजय शर्मा श्रद्धा चंद्राकर महादेव प्रकाश कौशल के मार्गदर्शन एवं निर्देशन से रेवेन्द्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र का भ्रमण कार्यक्रम आयोजित हुई जिसमें महाविद्यालय के अधिष्ठाता आर एन सिंह ने विद्यालय स्तर पर इस तरह के कार्यक्रम पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए महाविद्यालय के व्याख्याता नूतन सिंह को संस्था के संपूर्ण गति विधि का विस्तार से जानकारी देने हेतु निर्देशित किया जिसके तहत शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने अलसी के अपशिष्ट पदार्थ ( डंठल )से लिनेन कपड़ा बनाने कोसा, कपास से धागा निकालने, बुनाई करने से लेकर कपड़ा बनाने की प्रक्रियाओं का प्रायोगिक तौर पर पूर्ण जानकारी देते हुए महाविद्यालय प्रांगण में स्थित विभिन्न पौधों जैसे ड्रैगन फ्रूट जिसमें विटामिन सी आयरन से परिपूर्ण पौधा निर्माण से लेकर फल प्राप्ति तक की उत्पादन पद्धति के बारे में बताया गया साथ ही आम के विभिन्न किस्म लंगड़ा ,दशहरी ,केसर ,अमरूद के लखनऊ -49 ,इलाहाबादी सफेदा बेर के उमरान ,पांडा, गोला आदि किस्म के गुणवत्ता के बारे में बताते हुए अमरूद के एयर लेयरिंग द्वारा प्रवर्धन विधि की जानकारी देते हुए समन्वित खेती पद्धति द्वारा मछली पालन , पशुपालन ,बतख पालन एवं ग्रीन हाउस तकनीक में नर्सरी निर्माण तथा फसलों के अनुकूल जलवायु एवं उसके रखरखाव का सविस्तर बताया गया वह छात्रों के विभिन्न जिज्ञासाओं को शांत किया! कार्यक्रम भ्रमण के दौरान जिला प्रशासन के मुखिया कलेक्टर पी. एस.एल्मा संयुक्त कलेक्टर उमाशंकर अपर कलेक्टर कुमार बाजपेई जी ने छात्र-छात्राओं से चर्चा करते हुए शुभकामनाएं दी और छात्रों के अनुरोध पर ग्रुपिंग फोटो की!



**विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण से अपने आंखों से प्रत्यक्ष देखकर किसी भी विषय वस्तु का वर्णन करने में सक्षम हो जाते हैं पूर्व में भी विद्यालय द्वारा इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं !**

**रोहित कुमार वर्मा**
**कृषि प्रशिक्षक**

# बालोद जिले में शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से मतगणना संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूर्ण

**बालोद,** 01 दिसम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुलदीप शर्मा के दिशा-निर्देशन में बालोद जिले में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत रविवार 03 दिसम्बर को शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से मतगणना संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतगणना स्थल लाईवलीहुड कॉलेज पाकुरभाट में सुरक्षा की चाक-चैबंद व्यवस्था के अलावा मतगणना कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुलदीप शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक श्री जितेंद्र कुमार यादव ने आज मतगणना स्थल लाईवलीहुड कॉलेज पाकुरभाट में पहुँचकर मतगणना के तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को मतगणना तिथि 03 दिसम्बर को मतगणना के दौरान सुरक्षा व्यवस्था एवं मतगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शर्मा ने अधिकारियों को मतगणना शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने हेतु सभी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि 03 दिसम्बर को सुबह 08 बजे से मतगणना की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। मतगणना स्थल में प्रवेश हेतु सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मतगणना स्थल में जगह-जगह पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। मतगणना कक्ष में मोबाइल फोन, घड़ी, पेन, लैपटॉप, आईपैड, हथियार, माचिस, ज्वलनशील पदार्थ सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं को ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**■ कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने लाईवलीहुड कॉलेज पाकुरभाट में पहुँचकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

इस दौरान कलेक्टर श्री शर्मा ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से मतगणना स्थल में प्रवेश करने वाले सभी अधिकारी-कर्मचारियों एवं मतगणना अभिकर्ताओं सहित मतगणना स्थल में प्रवेश करने वाले सभी लोगों के समुचित जाँच आदि के प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली। श्री शर्मा ने लाईवलीहुड कॉलेज पाकुरभाट में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए बनाए गए मतगणना कक्ष में पहुँचकर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चंद्रकांत कौशिक एवं रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों से मतगणना से जुड़े सभी तैयारियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। श्री शर्मा ने सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए बनाए गए मतगणना कक्ष में आब्जर्वर, रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के लिए बनाए गए टेबल का भी अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होंने डाक मत पत्र के गणना के तैयारियों के संबंध में जानकारी ली तथा उसके लिए बनाए गए दस्तावेज़ों का भी अवलोकन किया। कलेक्टर श्री शर्मा ने बताया कि मतगणना तिथि 03 नवंबर को मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सुबह 06 बजे मतगणना कक्ष में पहुँचना अनिवार्य है। उन्होंने निर्धारित समय सुबह 07 बजे स्ट्रांग रूम के खुलने तथा 07.30 बजे मतगणना कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को ब्रीफिंग करने आदि प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि सुबह 08 बजे सर्वप्रथम डाक मत पत्रों की गणना की जाएगी एवं सुबह 08.30 बजे से कंट्रोल यूनिट से मतगणना कार्य प्रारंभ होगा। इसके साथ ही स्ट्रांग रूम से आने वाली ईव्हीएम मशीनों की निगरानी कैमरों से की जाएंगा



**बेमेतरा,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। आयोध्या धाम से पहुँचे अक्षत क्लश का भव्य स्वागत कर आशीर्वाद लिया 2024 तारीख़ 22 जनवरी को प्रभु श्री राम होगे विराजमान जिसका निमंत्रण आज बेमेतरा नगर पहुँचा स्वागत दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु जन घर घर पहुँचाना है आमंत्रण

# विश्व एड्स दिवस मनाया गया

**सहसपुर लोहारा,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में एड्स दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहसपुर लोहारा, आस्था समिति तथा शासकीय महाविद्यालय सहसपुर लोहारा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एचआईवी एड्स समिति के जिला नोडल ऑफिसर डॉ बी एल राज, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहसपुर लोहारा से डॉ. संजय खरसन ( बीएमओ) एवं टीम,आस्था समिति से डी आर कश्यप (अध्यक्ष) एवं उसके सदस्य , रेड क्रॉस सोसाइटी जिला कबीरधाम से बालाराम साहू उपस्थित थे। जिन्होंने एचआईवी एड्स के बारे में विस्तार पूर्वक महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को जानकारी दी तथा एचआईवी एड्स से बचने तथा उसके रोकथाम के लिए काफी महत्वपूर्ण बातें बताए। इस कार्यक्रम में जागरूकता की दृष्टि से महाविद्यालय स्तर पर छात्र-छात्राओं के बीच एड्स दिवस के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की गई थी, जिसमें माहेसिया ,निक्की तथा बी ए भाग 2 की टीम ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार से डॉक्टर के एस परिहार,सुश्री मोना बर्मन, संदीप सोनकर,महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण, एनएसएस के स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट्स तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# राजनांदगांव जिला अन्तर्गत चारों विधानसभाओं में सभी श्रेणियों के कुल 4258 डाक मतपत्र प्राप्त

**राजनांदगांव,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 30 नवम्बर 2023 तक राजनांदगांव जिले के चारों विधानसभाओं में अब तक सभी श्रेणियों के कुल 4258 डाक मतपत्र प्राप्त हो चुके हैं। इसमें सेवा मतदाताओं के ईटीपीबी, निर्वाचन ड्यूटी कर्मचारियों के सुविधा केन्द्रों से प्राप्त डाक मतपत्र और अनुपस्थित श्रेणी के 80+, दिव्यांग एवं अनिवार्य सेवा मतदाताओं के प्राप्त डाक मतपत्र सभी शामिल हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार सेवा मतदाताओं को जारी किये गए ईटीपीबी प्रत्येक दिवस प्राप्त हो रहे हैं, जिनकी संख्या 30 नवम्बर 2023 तक कुल 275 है। सेवा मतदाताओं के ईटीपीबी 3 दिसंबर 2023 को मतगणना प्रारम्भ होने के पूर्व तक प्राप्त किये जाएंगे। प्रत्येक दिवस प्राप्त होने वाले इन ईटीपीबी को जिला स्तर पर अभ्यर्थियों अथवा उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला मुख्यालय के ट्रेजरी स्थित स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा जाता है और इसकी संख्यात्मक जानकारी से सभी को अवगत कराया जाता है। डाक मतपत्रों की कुल संख्या में निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों के कुल 3567 डाक मतपत्र भी शामिल हैं।

# विश्व एड्स दिवस पर महाविद्यालय में आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रम

**बेमेतरा,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। शासकीय नवीन महाविद्यालय दाढ़ी में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर समुदायों को नेतृत्व करने दें के थीम पर संस्था के प्राचार्य डा. कमलेश दुबे के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। विश्व एड्स दिवस हर वर्ष 1 दिसंबर को मनाया जाता है ताकि एचआईवी/एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके, उन लोगों की स्मृति की जा सके जो चले गए हैं, और उन लोगों के समर्थन का संकेत दिया जा सके जो एचआईवी के साथ जी रहे हैं। यह एक वैश्विक पहल है शिक्षा को बढ़ावा देने, समृद्धि की लड़ाई देने, और एचआईवी के प्रभाव की समझ को बढ़ावा देने की। यह दिन यह भी याद दिलाता है कि एचआईवी के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए परीक्षण, रोकथाम, और उपचार सेवाओं के पहुंच का महत्व है।

कार्यक्रम में विषय प्रवक्ता के रूप में मुख्य अतिथि डॉक्टर सतीश शर्मा सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बेमेतरा, डॉक्टर शिवगोपाल ठाकुर श्रद्धा छिरहा, डॉक्टर पंचराम पीएचसी दाढ़ी उपस्थित रहें साथ कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य महोदय के उद्बोधन से किया गया। बच्चों को इस बीमारी एवं बचाव के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। छात्र छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान भी किया गया साथ ही साथ महाविद्यालय के द्वारा जन जागरूकता रैली निकाल कर प्रचार प्रसार किया गया। समुदाय आधारित नेतृत्व की भी जानकारी दी गई साथ ही छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में वह वर्तमान में इस बीमारी की स्थिति से अवगत कराया गया। साथ ही साथ पूर्ण बचाव के उपाय भी बताए गए। इस कार्यक्रम में, प्राथमिक शाला दाढ़ी के प्रधान पाठक चंद्रभान धुर्वे तथा महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण सहित समस्त बच्चे उपस्थित थे।



# आज मतगणना कार्य का होगा पूर्वाभ्यास

**बेमेतरा,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 मतगणना कार्य का कल 2 दिसंबर (शनिवार) को पूर्वाभ्यास होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पी.एस एल्मा ने विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 मतगणना से जुड़ सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सवेरे 11.00 बजे मतगणना स्थल पर पूर्वाभ्यास के लिए उपस्थित रहने के निर्देश दिए है। रिटर्निंग आफिसर, ए.आर.ओ, माइक्रो आब्जर्वर, पर्यवेक्षक, गणना सहायक सभी को सौंपे गये दायित्वों को एक बार सिलसिलेवार करना होगा। ताकि 03 दिसम्बर (शनिवार) को होने वाली वास्तविक मतगणना में कोई व्यवहारिक दिक्कत न आये और गणना का कार्य आसानी से सम्पन्न हो सके। कलेक्टर श्री पी.एस. एल्मा ने मतगणना से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों के साथ ही प्रत्याशियों, और उनके प्रतिनिधियों एजेन्टों से यह भी अपील की है कि वे अपने साथ कोई अनुचित सामग्री और मोबाईल फोन मतगणना स्थल पर न लाए। मोबाईल फोन मतगणना कक्ष में ले जाने की अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन या अन्य कोई सामग्री रखने की मतगणना स्थल पर कोई व्यवस्था नहीं है ।



# मतगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु किया गया मॉक ड्रील

**■ अधिकारी-कर्मचारियों को दी गई विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी**

**बालोद,** 01 दिसम्बर (देशबन्धु)। बालोद जिले में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतगणना तिथि 03 दिसम्बर को मतगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु आज मतगणना स्थल लाईवलीहुड कॉलेज पाकुरभाट में मॉक ड्रील किया गया। इस दौरान मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मतगणना कार्य के विभिन्न प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चंद्रकांत कौशिक ने कहा कि मतगणना तिथि 03 दिसम्बर को मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सुबह 06 बजे मतगणना कक्ष में उपस्थित होना अनिवार्य है। इसके अलावा मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा मतगणना तिथि 03 दिसम्बर को निर्धारित समय सुबह 07 बजे स्ट्रांग रूम के खुलने तथा 07.30 बजे मतगणना कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को ब्रीफिंग करने आदि प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी दी गई। सुबह 08 बजे सर्वप्रथम डाक मत पत्रों की गणना की जाएगी एवं सुबह 08.30 बजे से कंट्रोल यूनिट से मतगणना कार्य प्रारंभ होगा। मॉक ड्रील के दौरान अपर कलेक्टर श्री शशांक पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुशील नायक सहित सभी रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के गणना प्रेक्षक और कलेक्टर ने मतगणना की तैयारियों को दिया फायनल टच

**बेमेतरा,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 के नतीजे सामने आने में अब महज दो दिन शेष है। ज़िला निर्वाचन कार्यालय ने मतगणना की तैयारियां तेज कर दी है। तकरीबन पूरी हो गयी है। बेमेतरा जिला मुख्यालय में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन ने खास तौर पर तैयारियां की है। काउंटिंग की हर एक्टिविटी वीडियो कैमरों में रिकार्ड करने के निर्देश भी निर्वाचन आयोग ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए हैं।

03 दिसंबर को जिला मुख्यालय होने वाली मतगणना की तैयारियों को भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जिले की तीनों विधानसभा के लिए नियुक्त गणना प्रेक्षक विधानसभा क्षेत्र साजा श्री दिलीप कुमार चकमा, जिले के सामान्य प्रेक्षक एवं बेमेतरा के गणना प्रेक्षक श्री अभिषेक कृष्णा और नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के गणना प्रेक्षक श्री अनिल कुमार अग्निहोत्री एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री पी.एस. एल्मा ने आज फाइनल टच (अंतिम रूप) दिया। मतगणना जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी में 03 दिसंबर (रविवार) को सवेरे 8.00 बजे से शुरू होगी। ईव्हीएम. स्ट्रांग रूम आब्जर्वर, अभ्यर्थी उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं के समक्ष सवेरे 7.00 बजे खोला जायेगा ।



**■ जिले में मतगणना की तैयारियां पूरी, काउंटिंग हॉल में घड़ी, पानी की बोतलें भी नहीं ले जा सकेंगे अभ्यर्थी/निर्वाचन अभिकर्ता**

आब्जर्वरों ने तीनों विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कक्ष का बारीकी से अवलोकन किया । कलेक्टर श्री एल्मा ने की गयी व्यवस्था की जानकारी से अवगत कराया । पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता ने की गयी सुरक्षा व्यवस्था एवं पार्किंग आदि की जानकारी दी ।इस अवसर पर अपर कलेक्टर द्वय डॉ. अनिल बाजपेयी,श्री सी.एल. मारकण्डेय, अतिरक्त पुलिस अधीक्षक श्री पंकज पटेल, एसडीएम बेरला श्री युगल किशोर उवर्शा, उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री उमाशंकर बंदे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे ।

मतगणना के दौरान की हर छोटी-बड़ी गतिविधियों पर वीडियो कैमरों से निगाह रखी जाएगी। गणना कक्षों में भी मतगणना की प्रक्रिया का 360 डिग्री सीसीटीवी कवरेज किया जाएगा ।आयोग के निर्देशों के अनुसार ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र की मतगणना वाले सभी कक्षों में कैमरे लगाए गये है। इन्हें गणना कक्ष के हर कोने पर फिक्स किया गया है। साथ ही ईवीएम को स्ट्रॉन्ग रूम से मतगणना कक्ष तक पहुंचाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले कॉरिडोर पर भी वीडियो कैमरे लगाए गये है।

हर मतगणना अभिकर्ता को रिटर्निंग अधिकारी द्वारा एक बैज दिया जाएगा जिसमें यह दर्शाया जाएगा कि वह किसका अभिकर्ता है और उस मेज की क्रम संख्या भी दर्शायी जाएगी, जिस पर वह मतगणना पर नजर रखेगा। गणना अभिकर्ता को उस मेज पर बैठे रहना होगा जिसके लिये उसे नियुक्त किया है। उसे हॉल में टहलने अथवा बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी। रिटर्निंग अधिकारी निर्देश न मानने पर किसी भी व्यक्ति को मतगणना हाल से बाहर भेज सकता है।

आयोग के दिशा-निर्देशानुसार मतगणना एजेंट्स अथवा उम्मीदवारों को मतगणना केंद्र के अंदर मोबाइल फोन, आई पैड, लैपटॉप या ऐसे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को ले जाने की अनुमति नहीं है जो ऑडियो या वीडियो रिकॉर्ड कर सकता है। इसके अलावा कोई भी अभ्यर्थी, गणना एजेंट किसी भी प्रकार की कोई भी सामग्री जैसे घड़ी, मोबाइल, तंबाकू, सिगरेट, बीड़ी, पान, कैल्कुलेटर, पानी, नाश्ता सहित अन्य सामग्री नहीं ले जा सकेंगे। काउंटिंग एजेंट को मतगणना कक्ष में पेन, पेंसिल, सादा कागज या नोटपेड ले जाने की ही अनुमति होगी।

# कलेक्टर एल्मा ने बहेरा कुसमी धान खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण



**बेमेतरा,** 1 दिसम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री पी.एस.एल्मा ने आज शुक्रवार को जिले में हो रहे खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के धान खरीदी केंद्र बहेरा कुसमी का औचक निरीक्षण कर धान खरीदी व उठाव की जानकारी ली । उन्होंने, खरीदी केंद्र में किए गए आवश्यक व्यवस्था, धान खरीदी की दर, पंजीकृत किसानों की संख्या, फड़ की व्यवस्था और धान खरीदी के लिए समिति में की गई तैयारी का जायजा लेकर गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली। केंद्र में संधारित की जा रही पंजी का अवलोकन किया। उन्होंने गुणवत्ता के संबंध में उपार्जन केंद्र में मौजूद कर्मी से अब तक की गयी धान ख़रीदी की जानकारी ली। इसके साथ धान विक्रय करने आये किसानों से बात की। उन्होंने केंद्र में संधारित की जा रही पंजियों का भी अवलोकन किया। धान की गुणवत्ता निर्धारित मापदंड अनुसार धान खरीदी की जानकारी ली 7 कलेक्टर एल्मा ने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्थिति में धान खरीदी में कोई बाधा न हो, इसके लिए सतर्क रहे। अवैध धान परिवहन पर कड़ी कार्रवाई करें। धान खरीदी के कार्य में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उन्होंने धान खरीदी केंद्रों के लिए नियुक्त जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों को असामयिक बारिश होने की संभावना को देखते हुए जिले के सभी धान उत्पार्जन केंद्रों में भंडारित धान की सुरक्षित रखाव और बचाव के संबंध में, सभी जरूरी उपाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले असामयिक वर्षा (बे-मौसम) बारिश के कारण धान खराब न हो, इसे ढकने के लिए तिरपाल, आदि के पुख्ता इंतजाम किए जाए 7 उन्होंने धान की सुरक्षा के लिए ड्रेनेज अनिवार्य रूप से बनाने के निर्देश दिए ।सभी धान खरीदी केन्द्रों में केप कव्हर पर्याप्त संख्या में रहें। केन्द्र में पानी जमा नहीं होना चाहिए, निकासी की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले उठाव करने वाले धान खरीदी केन्द्रों की सूची तैयार करें। जिससे उन धान खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव पहले किया जा सके।

उल्टा पुल्टा

टीचर- बताओ सबसे नशीला पदार्थ कौन सा होता है?
संता- किताब है सर, खोलते ही नींद आ जाती है।

# थ्री लेयर सुरक्षा-व्यवस्था के बीच 5 सौ से अधिक अधिकारी-कर्मचारी करेंगे मतगणना

## मतगणना की तैयारी हुई पूरी, कलेक्टर एसपी ने निरीक्षण कर लिया जायजा

**बलौदाबाजार,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 आम चुनाव अन्तर्गत 3 दिसंबर 2023 को होने वाले मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मीडिया सेंटर घोषणा मंच, स्वास्थ्य केन्द्र सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के केन्द्र बनकर पूरी तरह तैयार हो गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार एवं वरिष्ट पुलिस अधीक्षक दीपक झा ने मतगणना स्थल का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा निर्देश दिए है। मतगणना की माकड्रिल कल दोपहर 12 बजे की जाएगी। इस दौरान कलेक्टर ने रिटर्निगं अधिकारियों को मतगणना टेबल में उपलब्ध सभी प्रपत्रों को पूर्ण करने की जानकारी प्रदान की। उन्होंने सभी प्रपत्रों को सावधानी पूर्वक भरने के निर्देश भी दिए। रिटर्निंग अधिकारियों ने सहायक मतगणना अधिकारी-कर्मचारियों को भी आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया है। ईव्हीएम लाने-ले जाने वाले कर्मचारियों को क्रमवार स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक सावधानीपूर्वक जाने के निर्देश दिए गए है। मौके पर संलग्न पुलिस कर्मचारियों, अधिकारियों को मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी करने के निर्देश दिए। मतगणना हाल में मोबाइल सहित अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण ले जाने पर प्रतिबंध होगी। अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी इसकी अलग से सूचना दे दी गई है।

मीडिया सेंटर में प्रवेश के लिए प्राधिकार पत्र अनिवार्य-मतगणना स्थल नवीन मंडी परिसर में ही प्रेस एवं मीडिया प्रतिनिधियों के लिए मीडिया सेंटर बनाया गया है। मीडिया सेंटर में जाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के फेटोयुक्त प्राधिकार पत्र एवं संस्था से संबंधित पहचान पत्र रखना अनिवार्य है। इसके बिना मीडिया सेंटर में प्रवेश पर पाबंदी है। मीडिया प्रतिनिधियों एवं मतगणना में लगे कर्मचारी अधिकारियों का प्रवेश बलौदाबार से सोनहाडीह की तरफजाने वाले मार्ग के पहले गेट जिसे गेट क्रमांक 2 से बनाया गया है। केवल मीडिया प्रतिनिधियों को ही मोबाईल एवं सहायक उपकरण मीडिया सेंटर तक ले जाने की अनुमति रहेगी। मतगणना कक्ष में मोबाइल कैमरा लाना प्रतिबंधित है। मीडिया सेंटर में टीव्ही की भी व्यवस्था की गई है।



मीडिया सेंटर, घोषणा मंच बन कर हुआ तैयार, आज होगी मतगणना की माकड्रिल

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देशन में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। मतगणना स्थल में प्रवेश हेतु सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। यहां तीन लेयर में सुरक्षा व्यवस्था होगी। यहां जगह-जगह पर कैमरे भी लगाए गए हैं। प्रवेश की पात्रता अनुसार पार्किंग की व्यवस्था भी अलग-अलग की गई है। मतगणना कक्ष में मोबाइल फोन, स्मार्ट घड़ी, लैपटॉप, आईपैड, हथियार, माचिस, ज्वलनशील पदार्थ सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं को ले जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। मतगणना हेतु विधानसभावार कक्ष तैयार किया गया है। जहा पर बलौदाबाजार एवं भाटापारा के लिए 14-14 टेबल एवम् कसडोल के लिए 21 टेबल लगाए गए हैं। इसी तरह बलौदाबाजार एवं भाटापारा के लिए 3-3 टेबल एवम् कसडोल के लिए 4 टेबल डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस की मतगणना हेतु लगाए गए हैं। कुल 3 चरणों में सुरक्षा व्यवस्था की गई है। प्रथम चरण में जिला पुलिस बल तैनात रहेगा, यहां 100 मीटर के परिधि में किसी की भी वाहन के प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। द्वितीय चरण में राज्य सशस्त्र सुरक्षा बल तैनात रहेंगे जिनके द्वारा प्रतिबंधित वस्तुओं की रोकथाम हेतु सघन जांच की जाएगी। तृतीय चरण में मतगणना कक्ष के बाहर केंद्रीय सुरक्षा बल तैनात होंगे और उनके द्वारा भी सघन जांच की जाएगी। किसी भी परिस्थिति में अनाधिकृत व्यक्तियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। मंडी परिसर के गेट क्रमांक 1 से अभ्यर्थियों के अधिकृत अभिकर्ताओं, प्रत्याशियों का प्रवेश द्वार बनाया गया है। बलौदाबार से सोनहाडीह की तरफजाने वाले मार्ग के पहले गेट को क्रमांक 2 आगे वाले को क्रमांक 1 बनाया गया है। अधिकारियो कर्मचारियों की पार्किंग मंडी परिसर के अंदर, राजनीतिक दलों के अधिकृत अभिकर्ताओं का वाहन पार्किंग परिसर के बाहर रखी गई है।

विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले में विधानसभावार निर्वाचन ड्यूटी में तैनात मतदाताओं हेतु सुविधा केंद्र से विशेष संवाहक द्वारा डाक मतपत्रों की कुल संख्या 4241 है। जिसमें विधानसभा क्रमांक 44 कसडोल 1788, विधानसभा क्रमांक 45 बलौदाबाजार तिल्दा सहित 1389, विधानसभा क्रमांक 45 भाटापारा 1064 कुल डाकमत पत्र हैं। जिसमे जिले में दिव्यांग, 80 वर्ष से अधिक आयु एवं कोविड प्रभावित अंतर्गत डाक मतपत्र से मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या 217 है। जिसमें कसडोल 90, बलौदाबाजार 65, भाटापारा 62 शामिल है। इसी तरह ईटीपीबीएस अंतर्गत 30 नवंबर तक प्राप्त डाक मतपत्र की संख्या 107 है। जिसमें कसडोल 40, बलौदाबाजार 40, भाटापारा 27 शामिल है। मतगणना दिवस में उक्त डाक मतपत्रों तथा निर्धारित तिथि तक प्राप्त ईटीपीबीएस डाक मतपत्रों की गणना सुनिश्चित की >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# रामरतन साहू ने की लापरवाह पोस्ट मास्टर के खिलाफ शिकायत

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। कसडोल छरछेद के रामरतन साहू ने लापरवाह पोस्ट मास्टर के खिलाफ शिकायत शिकायत करने के तुरंत बाद उक्त पोस्ट मास्टर द्वारा चेक बुक दिया गया। इसके पहले आवेदक को घुमाया जा रहा था। शिकायतकर्ता ने लापरवाह पोस्ट मास्टर के खिलाफकार्यवाही किये जने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार ग्राम छरछेद निवासी रामरतन साहू पिता धरमलाल साहू ने 20 नवम्बर 2023 को एच डी एफसी बैंक शाखा कसडोल से अपने बचत बैंक खाता से चेक जारी करने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था जिसपर उक्त बैंक द्वारा 25 नवम्बर 2023 को पोस्ट ऑफिस पिसीद भेजा गया, जिसे पोस्ट मास्टर द्वारा प्राप्त भी कर लिया गया, किन्तु पोस्ट मास्टर रथरम देवांगन ने आवेदक को उनका चेक बुक न देकर किसी और को दे दिया गया था ऐसा आरोप आवेदक रामरतन ने लगाया है। इस बीच जब आवेदक ने चेक बुक के सम्बन्ध में पोस्ट मास्टर से पूछा तो उनके द्वारा तुम्हारा चेक बुक नहीं आया है कहकर 4-5 दिन से घुमाता रहा। पोस्ट मास्टर के इस रवैए से आहत होकर रामरतन साहू द्वारा जब पोस्ट मास्टर रथराम देवांगन के खिलाफ उप संभागीय निरीक्षक बलौदाबाजार के नाम उप डाकपाल कसडोल में लिखित शिकायत 1 दिसम्बर को की गई और मांग की गई कि कर्तव्य के प्रति लापरवाह व जनता को गुमराह करने वाले उक्त पोस्ट मास्टर पर कड़ी कार्रवाई की जाय। शिकायत करने के कुछ घंटे बाद प्रार्थी रामरतन साहू ने हमारे प्रतिनिधि को मोबाइल से फोन कर बताया कि उनका चेक बुक पोस्ट मास्टर रथराम देवांगन ने आकर दिया है।

शिकायत करने के तुरंत बाद उक्त पोस्ट मास्टर द्वारा दिया गया चेक

इस तरह समझा जा सकता है कि पोस्ट मास्टर कितना लापरवाह है? अब देखना होगा कि आवेदक के शिकायत पर उच्चाधिकारी क्या कार्रवाई करते हैं? या लीपा पोती कर पोस्ट मास्टर को बचाने का काम करते हैं, आने वाले समय में पता चलेगा।

# विश्व एड्स दिवस मनाया गया



**बलौदाबाजार,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय दाऊ कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में यूथ रेड क्रॉस समिति के द्वारा विश्व एड्स दिवस 1 दिसम्बर को मनाया गया। 2023 में जिसका थीम था समुदायों को नेतृत्व करने दे। लेट कम्युनिटी लीड महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. ए.आर.सी. जेम्स के कुशल मार्गदर्शन में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.आरती बोरकर रेड क्रॉस संयोजक के द्वारा किया गया। रेड क्रॉस प्रभारी श्रीमती सुशीला गिलहरे एड्स के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए इसके रोकथाम पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.ए.के.उपाध्याय, डॉ.पी.झा, डॉ.सी.के.चन्द्रवंशी, डॉ.आर.के. मिश्रा, डॉ.रीमारानी दास, डॉ.रीता यादव, डॉ. राजेन्द्र वर्मा, डॉ.श्रीमती नीरजा नामदेव,एवं अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे। इस अवसर पर चीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चीज प्रतियोगिता में प्रथम-महानदी टीम, द्वितीय-ब्रम्हपुत्र टीम, तृतीय- झेलम टीम विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

# माइक्रो आब्जर्वर, गणना पर्यवेक्षक और सहायकों को दिया गया द्वितीय चरण का प्रशिक्षण

**धमतरी,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ऋ्तुराज रघुंवशी के निर्देश पर आज जिले की तीनों विधानसभाओं सिहावा, कुरूद और धमतरी के मतगणना संपन्न कराने वाले माईक्रो आर्ब्जवर, गणना पर्यवेक्षक और गणना सहायकों को आज कलेक्टोरेट और जिला पंचायत के सभाकक्ष में बारी-बारी से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उक्त प्रशिक्षण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत मतगणना निर्विघ्न एवं निष्पक्ष संपादन में आप सभी महत्वपूर्ण कड़ी है। इसके मद्देनजर आज द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, आप सभी इसे गंभीरता से समझे और दिये गये निर्देशों का पालन करें। मतगणना प्रक्रिया के दौरान आप सभी जिम्मेदारी और शांत होकर काम करें। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि मतगणना स्थल में 3 दिसम्बर 2023 को गणना अभिकर्ताओं को सुबह 7 बजे प्रवेश दिया जाएगा। अधिकारी-कर्मचारियों के लिए अलग-अलग प्रवेश द्वार बनाये गये है। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर श्री जीआर मरकाम, एसडीएम धमतरी डॉ विभोर अग्रवाल, एसडीएम कुरूद श्री सोनाल डेविड, एसडीएम सिहावा श्रीमती गीता रायस्त, नगर निगम आयुक्त श्री विनय पोयाम के अलावा तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।



प्रशिक्षण में बतायी गयी बातों को गंभीरता से समझे और निर्देशों का करें पालन : सीईओ जिला पंचायत श्रीमती यादव

प्रशिक्षण के दौरान मतगणना कार्यों में सम्मिलित अधिकारियों, मतदान केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था, गणना हाल में अनुशासन व शिष्टाचार, सामग्री प्रबंधन, प्रमुख वैद्यानिक प्रावधान-लोक प्रतिनिधित्व अधिनियमों के धाराओं की जानकारी दी गई। साथ ही मतगणना के दौरान आवश्यक तैयारी, ईव्हीएम मशीनों की स्थिति का आंकलन, मतगणना के सभी दस्तावेजों की जांच और सभी जानकारी से अवगत कराया गया। इसके अलावा ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना के लिए आवश्यक सावधानियां और गणना की कार्यवाही करने, खारिज मतों की गिनती, कंट्रोल यूनिट के डिस्प्ले में परिणाम प्रदर्शित नहीं होने की स्थिति में की जाने वाली कार्यवाही, वीवीपीएटी कागज पर्ची गणना की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई। सीईओ ने सभी मतगणना पर्यवेक्षक एवं मतगणना सहायकों से कहा कि वे मतगणना नियमों के आधार पर ही कार्य करें। उन्होंने यह भी बताया कि मतगणना केंद्र में मोबाईल पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

# रिसदा विद्यालय में विश्व एड्स दिवस पर विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बलौदाबाजार,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रिसदा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के बैनर तले डॉक्टर ए.पी.जे.अब्दुल कलाम विज्ञान क्लब एवं स्काउट व रेडक्रास विभाग के समन्वय से आज विश्व एड्स दिवस पर विविध प्रतियोगितायें व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी रमेश नेगी के द्वारा एड्स रोग के लक्ष्ण, संक्रमण के कारण, रोकथाम के उपाय पर महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए एंटी रिट्रोवायरल थेरेपी द्वारा शरीर की प्रतिरोधक क्षमता विकास पर प्रकाश डाला गया। शिक्षक नंदकुमार मल्होत्रा ने एड्स की पड़ताल होने पर बरती जाने वाली सावधानियों पर विस्तार से जानकारी दी।




कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य पार्वती वर्मा ने एड्स दिवस पर रोग निवारण व रोकथाम हेतु भारत सरकार द्वारा अबतक उठायें गए कदम व जागरूकता अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एड्स दिवस पर अध्ययनरत् छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में कुमारी कामिनी, माधुरी, वर्षा, अंजनी, धनराज, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में कुमारी साक्षी, मोनिका, राधिका, रूपाली, प्रियंका, खिलेश्वरी एवं भाषण प्रतियोगिता में ज्योति, विद्या, मुस्कान, गंगोत्री, आकांक्षा, अमन का उल्लेखनीय प्रर्दशन रहा।

प्रतियोगिता उपरांत विद्यालयीन छात्र-छात्राओं के द्वारा विद्यालय प्रांगण में एड्स का प्रतीक चिन्ह बनाया गया। तत्पश्चात् ग्रामीणजन को जागरूक करने के उद्धेश्य से एड्स जागरूकता रैली निकाली गई। विश्व एड्स दिवस के कार्यक्रम में विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य पार्वती वर्मा, शिक्षकगण अनिल बंजारे, दीपचंद बंजारे, रूपनारायण साहू, रमेश नेगी, भावेश सेन, नंदकुमार मल्होत्रा, सनत खरे, इन्द्रकुमार कोसले, धमेन्द्र खरे, श्रीमती भारती उके, प्रार्थना महोबिया, प्रीति जलहरे सहित कार्यालयीन स्टाफमहेश साहू, गरिमा पैकरा, मोहरसाय साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालयीन छात्रसंघ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# एड्स दिवस पर छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक एवं रैली के माध्यम से लोगों को किया जागरूक

**महासमुंद,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में प्रभारी प्राचार्य श्रीमती ह्यूमा लिली दीवान के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं युथ रेडक्रास सोसायटी के संयुक्त तत्वधान में एड्स दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में समस्त छात्र/छात्राओं को यूथ रेडक्रास प्रभारी सुश्री लता भोई द्वारा एड्स संक्रमण फैलने के कारण एवं उनसे बचाव के उपाय छात्र/छात्राओं को बताया गया। तत्पश्चात् महाविद्यालय से ग्राम चिरको के प्रमुख बाजार चौक तक एड्स जागरूकता के नारे लगाते हुए रैली निकाली गई। बाजार चौक में छात्र/छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीण जनों को एड्स से बचने के उपाय बताया गया। नुक्कड़ नाटक में नीतेश यादव, संजना निषाद, छाया, मनीष, सरीता, कोमेश, पूजा, उगेश्वरी, गीतांजली, तामेश्वर, थलेश आदि ने भाग लिया। नुक्कड़ नाटक पश्चात् रेड रिबन की आकृति बना कर >> शेष पृष्ठ 9 पर >



# विश्व एड्स दिवस पर आईटीआई असनींद में जागरूकता शिविर आयोजित




**कसडोल/बलौदाबाजार,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बलौदाबाजार डॉ एम पी महिश्वर के निर्देशानुसार एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी, (कसडोल) डॉ राकेश कुमार प्रधान के मार्गदर्शन में शुक्रवार 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर असनींद के ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक चेतन सिंह क्षत्रिय के सौजन्य से आई टी आई असनींद में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल में पदस्थ कर्मचारी-अधिकारी की भी सहभागिता रही। शिविर में आई टी आई के प्रशिक्षणार्थियों को एचआईवी वायरस से होने वाली भयावहता की जानकारी देते हुए एच आई वी काउंसलर धनेश्वर पटेल ने बताया कि एचआईवी वायरस मानवों को ही अपना शिकार बनाती है, यह वायरस मानव शरीर में 4 माध्यमों- असुरक्षित यौन संबंध, एच आई वी संक्रमित नीडिल-सीरींज के उपयोग, संक्रमित खून के रक्ताधान व संक्रमित गर्भवती माता से उसके होने वाले बच्चों में फैल सकता है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से उपस्थित रामगोपाल साहू ने एचआईवी वायरस के कारण टीबी रोग होने की संभावना पर प्रकाश डालते हुए रोग प्रतिरोधक क्षमता को कैसे बेहतर रखा जा सकता है उसकी जानकारी दी, हीरालाल साहू द्वारा कुष्ठ रोग के लक्षण व उपचार पर चर्चा किया गया। धनेश्वर पटेल एवं चेतन सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों के मध्य रोचक प्रश्नोत्तरी के माध्यम से बच्चों की जिज्ञासा का समाधान कर शिविर को मनोरंजक बनाया। प्रश्नोत्तरी में सही जवाब देने वाले बच्चों को संस्था के प्रभारी प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। अंत में आई टी आई असनींद के प्रभारी >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# राजिम भक्तिन माता जयंती समारोह के संबंध में हुई बैठक






**राजिम,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। आगामी 7 जनवरी 2024 राजिम भक्तिन माता जयंती समारोह को लेकर साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति की आवश्यक बैठक छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू के विशेष उपस्थिति में साहू छात्रावास परिसर में आहूत की गई समाज के आराध्य देवी राजिम भक्तिन माता की पूजा अर्चना कर बैठक की शुरुआत की गई। सर्वप्रथम समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने बैठक का मुख्य विषय 7 जनवरी राजिम भक्तिन माता राजिम जयंती समारोह मनाए जाने के संबंध में उपस्थित पदाधिकारी से सुझाव देने का प्रस्ताव रखा तत्पश्चात उपस्थित पदाधिकारीयों ने अपना अपना सुझाव रखें एवं सर्वसम्मति से आगामी 7 जनवरी 2024 को राजिम भक्तिन माता जयंती महोत्सव भव्य रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ एवं राजिम भक्तिन माता समिति के संयुक्त तत्वाधान में मनाया जाने का निर्णय लिया गया बैठक को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू ने कहा कि आज समिति के पदाधिकारीयों द्वारा सर्व सम्मति से जो निर्णय लिया गया है उसे छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ को अवगत कराया जाएगा उपस्थित पदाधिकारी द्वारा विभिन्न बिंदुओं पर विचार मंथन किया गया 7 जनवरी 2024 के बाद 30 जनवरी 2024 तक प्रदेश के सभी जिलों में राजिम भक्तिन माता की जयंती महोत्सव मनाया जाए इस दिशा में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ द्वारा उचित पहल किया जाए। राजिम भक्तिन माता जयंती के दिन कार्यक्रम स्थल के पास कम से कम दो जगह पर भोजन प्रसादी की व्यवस्था किया जाए। जयंती महोत्सव के अवसर पर समाज के साहित्यकारों लेखकों एवं कवियों की गोष्ठी कर राजिम भक्तिन माता की जीवन गाथा की कहानी को नया स्वरूप प्रदान पाठ्यक्रम में शामिल कराए जाने के लिए उचित कदम उठाया जाए। साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के कार्य क्षेत्र अंतर्गत जिला महासमुंद गरियाबंद धमतरी एवं रायपुर ग्रामीण के सैकड़ो पदाधिकारी शामिल हुए समिति के संरक्षक संजय प्रकाश चौधरी ने बैठक में अपना सुझाव रखते हुए कहा कि राजिम भक्तिन माता की जीवन गाथा पर आधारित कहानी का सोशल मीडिया में प्रचार प्रसार किया जाए बैठक में प्रमुख रूप से समिति के संरक्षक डॉ रामकुमार साहू डॉ महेंद्र साहू रामू राम साहू रूपेंद्र साहू प्रदेश न्याय समिति के सदस्य बलराम साहू जनपद पंचायत कुरूद के अध्यक्ष शारदा लोकनाथ साहू जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू तहसील साहू संघ मगरलोड के अध्यक्ष पोषण साहू समिति के कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र साहू उपाध्यक्ष बोधन साहू नूतन साहू राम रतन साहू कोषाध्यक्ष भोला साहू महासचिव मिंजुन साहू लोकनाथ साहू महामंत्री रामकुमार साहू हेमलाल साहू बसंत साहू डॉ ओंकार साहू संयुक्त सचिव गोपाल साहू खोमन साहू समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी रोहित साहू हसदा वीरेंद्र साहू पांडुका मालिक राम साहू पूर्व पार्षद परदेसी राम साहू पूर्व पार्षद तुलसीराम साहू डॉ विश्वनाथ साहू दुबे लाल साहू बागबाहरा जनपद सदस्य डॉ घनश्याम साहू, डॉ. लीलाराम साहू, लीलेश्वर साहू डोमार साहू हुकुम साहू कामता साहू नंदू साहू चौबे नारायण साहू से मथुरा हुलास साहू पुरुषोत्तम साहू श्रवण साहू गुलाब साहू रामजीवन साहू गजानन्द साहूसंगठन मंत्री छवि साहू धीरज साहू अमृत साहू सागर साहू डॉ तोषण साहू युवा प्रकोष्ठ के संयोजक ओंकार साहू सहसंयोजक किशोर साहू किशन साहू वामन साहू प्रेमलाल साहू इंजी. होरीलाल साहू रोहित साहू सहसचिव तरुण साहू ठाकुर राम साहू व्यास नारायण साहू जितेंद्र साहू लीला राम साहू तुलेंद्र साहू दिनेश महंत गोविंद साहू हरीश साहू मणिकांत साहू तोषण साहू मणिकांत साहू ईश्वर गजानंद साहू हरिश सोनबेर गोविन्द साहू मीडिया प्रभारी पुरनलाल साहू उपस्थित थे।

# अनुपजाऊ भूमि को उपजाऊ बनाता है गंगा इमली

## माइंस एरिया में प्रयोग हुआ सफल

**भाटापारा,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। अनुपजाऊ भूमि को उपजाऊ बनाता है गंगा इमली का पेड़। अहम बात यह है कि इसमें भूमि को स्थिर रखने के गुण भी मिले हैं। इसलिए पौधरोपण की सूची में इसका भी नाम बहुत जल्द देखा जा सकेगा।

खोज, अनुसंधान और अंत में मिलने वाले परिणाम के बीच, अब गंगा इमली के पेड़ में बेहद अनोखे गुणों का होना पाया गया है। जो अहम जानकारी सामने आई है, उसके बाद माइंस एरिया में पक्के तौर पर न केवल हरियाली लाई जा सकेगी बल्कि ऐसे क्षेत्रों में फसल भी ली जा सकेगी, जिसे अनुपजाऊ मानकर छोड़ा जा चुका है।

**यहां मिली सफलता:** 90 का दशक अहम था जब वानिकी वैज्ञानिकों ने कोरबा की खुली कोयला खान में पहला प्रयोग किया। गेवरा, कुसमुंडा तथा बिश्रामपुर ओपन कास्ट माइंस एरिया में खनन के बाद निकली बेकार मिट्टी के पहाड़ों पर गंगा इमली के पौधों का रोपण किया। सतत निगरानी और संरक्षण के कुछ ही सालों बाद गंगा इमली के पौधे पेड़ बनते गए और मेहनत सफल रही।



**साथ में इस पर भी काम:** वानिकी वैज्ञानिकों ने खान क्षेत्र में पौधे लगाने के बाद उसके गुणों की भी खोज की थी। जिसमें महत्वपूर्ण खुलासा हुआ कि गंगा इमली के पेड़ बंजर भूमि को ना केवल उर्वर बनाते हैं बल्कि भूमि को स्थिर करने में भी मदद करते हैं। यह बेहद महत्वपूर्ण सफलता थी।

**फल है इम्यूनिटी बूस्टर:** विटामिन-सी और इम्यूनिटी बूस्ट करने के मिले हैं गुण। शोध में इसके फल में एंटी ऑक्सीडेंट का होना भी पाया गया है। सेवन से कैंसर की बढ़ती कोशिकाओं को रोका जा सकेगा। डायबिटीज टाइप-टू पर भी प्रभावी नियंत्रण रखता है। पाचन तंत्र को मजबूत करने के लिए इसके फल का सेवन किया जा सकता है।

**अब पौधरोपण में:** ताजा-ताजा तैयार हुई वन संपदा योजना में गंगा इमली का नाम भले ही नहीं जुड़ा है लेकिन अनुसंधान में हुए खुलासे के बाद बहुत जल्द वन विभाग और निजी क्षेत्र के नर्सरियों में इसके पौधे दिखाई देने लगेंगे क्योंकि यह प्रजाति ज्यादा देखरेख नहीं मांगती। बारिश के पानी में ही यह पूरे साल जिंदा रह सकता है।

**चिंता और अवसाद से राहत दिलाता है:** जंगल जलेबी फल टैनिन, फ्लेवोनोइड, अल्कलॉइड एंटीऑक्सीडेंट से भरे होते हैं द्य इन फाइटोन्यूट्रिएंट्स में शक्तिशाली बायो एक्टिव लक्षण होते हैं, जो चिंता, अवसाद और सकारात्मक मूड को प्रभावित करने के अलावा स्मृति, अनुभूति, मस्तिष्क शक्ति को बढ़ाते हैं द्य

**- अजीत विलियम्स, साइंटिस्ट (फॉरेस्ट्री), बीटीसी कॉलेज आफ एग्रीकल्चरल एंड रिसर्च स्टेशन, बिलासपुर**

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया मतगणना स्टेशनरी सामग्रियों का निरीक्षण



**भटगांव/बलौदाबाजार,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। सारंगढ बिलाईगढ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने मंडी परिसर के नवीन भवन स्थित स्टेशनरी भंडार कक्ष में मतगणना के दौरान उपयोग किए जाने वाले स्टेशनरी सामग्रियों का निरीक्षण की।

डॉ. सिद्दीकी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्टेशनरी सामग्रियों की उपलब्धता को प्रभारी अधिकारी पुन: चेक करें और आवश्यकतानुसार 2 दिसंबर तक उन सामग्रियों को पूर्ण करें।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, रिटर्निंग अधिकारी सारंगढ़ मोनिका वर्मा, रिटर्निंग अधिकारी बिलाईगढ़ डॉ. स्निग्धा तिवारी, डिप्टी कलेक्टर टी.आर. महेश्वरी, भंडार शाखा प्रभारी बी.एक्का, निर्वाचन पर्यवेक्षक हरिकिशन डनसेना, भंडार सहायक अविनाश सिदार आदि उपस्थित थे।

# श्रेया ने रंगोली में की उपब्धियां प्राप्त



**भाटापारा,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। श्रेया सचदेव। पढ़ती है कक्षा आठवीं में लेकिन रांगोली में यह नाम तेजी से जगह बना है। यह इसलिए क्योंकि प्रकृति के साथ प्रकृति के जनक, उसकी रांगोली की प्रेरणा रहे हैं।

रांगोली और शहर भाटापारा, अब एक दूसरे के पूरक बन चुके हैं। ऐसे में हर पर्व, हर उत्सव में यह आयोजन प्रमुखता के साथ न केवल होता है बल्कि सराहा भी जाता है। हैं इस कला में कई माहिर लेकिन श्रेया इनमें इसलिए अलग जगह बना रही है क्योंकि महज 14 बरस की उम्र में श्रेया की ऊंगलियों से आकार लेने वाली रांगोली हैरान करती है अपनी बारीकियों की वजह से। श्री गणेश की ताजा रांगोली प्रमाण है। श्रेया सचदेव अमित सचदेव की सुपुत्री है, जो लक्ष्मी अपार्टमेंट में निवास करते हैं।

# रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा और डॉ. स्निग्धा तिवारी ने अभ्यर्थियों की बैठक ली

**बिलाईगढ़,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत कलेक्टोरेट सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे रिटर्निंग अधिकारी सारंगढ़ विधानसभा-17 मोनिका वर्मा ने और रिटर्निंग अधिकारी बिलाईगढ़ विधानसभा-43 डॉ. स्निग्धा तिवारी ने दोपहर 2 बजे राजनीतिक दलों, अभ्यर्थियों और उनके प्रतिनिधियों की बैठक ली।

रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा और रिटर्निंग अधिकारी डॉ. स्निग्धा तिवारी ने सभी संबंधितों को जानकारी दी कि द्वितीय चरण में हुए मतदान के बाद आगामी 03 दिसम्बर 2023 रविवार को सुबह 8 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी। मतगणना तिथि को कोषालय सारंगढ़ स्थित स्ट्रांग रूम से दोनों विधानसभा की मतपेटियां अभ्यर्थियों और उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूरी सुरक्षा के साथ प्रात: 8 बजे के पूर्व में मतगणना स्थल तक लाया जाएगा। सारंगढ़ विधानसभा-17 में डाकमत का 3 टेबल और सीयू (ईवीएम) का टेबल 21 टेबल है, जिसका मतगणना 17 राउंड में संपन्न होगा। इसी प्रकार बिलाईगढ़ विधानसभा 43 में 3 टेबल और सीयू (ईवीएम) का 21 टेबल है, जिसका मतगणना 18 राउंड में संपन्न होगा। सबसे पहले 8 बजे से डाक मतपत्रों की गणना प्रारम्भ की जाएगी और उसके आधे घंटे बाद ईवीएम मशीन के मतों की गणना प्रारम्भ होगी। पांच ईवीएम मशीनों के ईवीएम और वीवीपैट के पर्ची से मिलान करने के लिए 5 लॉटरी की जाएगी। लॉटरी में जो नंबर अंकित रहेगा उसी ईव्हीएम और व्हीव्हीपैट मशीन के पर्ची की गणना की जाएगी। रिटर्निंग अधिकारियों ने सभी अभ्यर्थियों और उनके एजेंट को शांतिपूर्ण ढंग से मतगणना स्थल में सहयोग करने की अपील की।



**मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस आदि मतगणना स्थल में प्रतिबंधित**

रिटर्निंग अधिकारी मोनिका वर्मा और रिटर्निंग अधिकारी डॉ. स्निग्धा तिवारी ने सभी संबंधितों को जानकारी दी कि अभ्यर्थियों और उनके एजेंट को मतगणना के पूर्व तक मतगणना स्थल मंडी परिसर सारंगढ़ में आईडी के साथ प्रवेश करना है। साथ ही साथ मतगणना स्थल में मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जैसे-आईपेड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और बीडी सिगरेट, गुटका को प्रतिबंधित किया गया है। मतगणना स्थल के पास पेयजल उपलब्ध होगा। साथ ही साथ मतगणना स्थल में एंबुलेंस, डाक्टर और उनकी टीम, फायर बिग्रेड, बायोटॉयलेट आदि की व्यवस्था की गई है। मतगणना स्थल की सुरक्षा सीआईएसएफ और जिला पुलिस बल दल के द्वारा की जा रही है। पार्किंग की व्यवस्था किसान राइस मिल सारंगढ़ में की गई है।

# अयोध्या से आए अक्षत कलश का जिले में हुआ भव्य स्वागत

**फिंगेश्वर,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। अयोध्या में बन रहा भव्य मंदिर अब अपना मूल रूप लेने वाला है। आगामी पौष शुक्ल, द्वादशी, विक्रम संवत 2080, सोमवार दिनाँक 22 जनवरी 2024 के शुभदिन, प्रभु श्री राम के बाल रूप नूतन विग्रह को, श्री राम जन्मभूमि पर बन रहे नवीन मंदिर भूतल के गर्भगृह में विराजित करके प्राण - प्रतिष्ठा की जाएगी। जिसमें देश के प्रमुख साधु संत, राम मंदिर आंदोलन से जुड़े लोग, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित मंदिर समिति के लोग उपस्थित रहेंगे।

अयोध्या में मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे भारत वर्ष में उत्साह का वातावरण है, प्रभु श्रीराम 550 वर्षों के बाद अपने महल में विराजमान हो रहे हैं। इसी कड़ी में अक्षत एवं आमंत्रण पत्र पूरे देश मे प्रत्येक घरों तक लेकर जाएंगे रामभक्त। अक्षत को प्रत्येक घरों तक पहुचाने की जिम्मेदारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल को दी गई है। जिसके लिए गरियाबंद जिले से जिला संयोजक शिशुपाल सिंग राजपूत को बनाया गया है।

राजिम में अक्षत कलश दिनाँक 01 दिसंबर को लाया गया जिसका भव्य स्वागत गाजे बाजे एवं आतिशबाजी के साथ राजिम बस स्टैंड में किया गया। इसके पश्चात कलश को भगवान राजीव लोचन जी के मंदिर में ला कर पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम के जिला संयोजक श्री राजपूत ने बताया कि सन् 2020 - 21 को अयोध्या में प्रस्तावित भव्य मंदिर निर्माण के लिए पूरे देश से सहयोग राशि ली गई थी। जिसमें गरियाबंद जिले के प्रत्येक गांव, नगरों, मोहल्लों से 9400000/- चौरानबे लाख, रुपये से भी अधिक राशि अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र को भेजी गई। अब मंदिर निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र अयोध्या से अक्षत एवं आमंत्रण पत्र गरियाबंद जिले में आया है जिसे जिले के रामभक्त एवं संगठन के कार्यकर्ता घर घर जाकर प्रत्येक घरों में आमंत्रण पत्र देंगे। हम सभी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या तो नही जा सकेंगे लेकिन हम अपने घरों, नगर, मोहल्लों, ग्राम को ही अयोध्या बनाएंगे। आप भी प्राण प्रतिष्ठा के दिन पूर्वांन्ह 11:00 बजे से 01:00 बजे के मध्य अपने ग्राम, मोहल्लों, कालोनी, में स्थित किसी भी मंदिर में आस पड़ोस के रामभक्तों को एकत्रित करके, भजन कीर्तन करें, टेलीविजन अथवा कोई प्रोजेक्टर (स्थ्वष्ठ, स्क्रीन) लगाकर अयोध्या में भव्य राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं कार्यक्रम में श्रीराम जय राम जय जय राम विजय महामंत्र का 108 बार सामूहिक जाप, हनुमान चालीसा, सुंदरकांड, रामरक्षा स्त्रोत आदि का सामुहिक पाठ भी कर सकते हैं। प्राण प्रतिष्ठा के दिन सायंकाल सूर्यास्त के बाद अपने घरों के सामने देवताओं को प्रशन्न करने के लिए दीपक जलाकर दीपोत्सव भी मना सकते हैं।



स्वागत समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल एवं नगर के अनेक लोग उपस्थित रहे।

# मतगणना के पश्चात ईवीएम मशीनों की सीलिंग के लिए दिया गया प्रशिक्षण

**महासमुंद,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक के निर्देशानुसार मतगणना के पश्चात विभिन्न मतदान सामग्रियों के सीलिंग के संबंध में गठित दलों को वन प्रशिक्षण केन्द्र के सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू एवं अपर कलेक्टर दुर्गेश वर्मा ने कहा कि जितना महत्वपूर्ण कार्य मतदान एवं मतगणना का है, उतना ही महत्वपूर्ण सीलिंग का कार्य होता है। इस कार्य में लगे समस्त अधिकारी.कर्मचारियों को सावधानी पूर्वक सीलिंग का कार्य करना चाहिए। प्रशिक्षण में रिटर्निंग ऑफिसर सरायपाली ओंकारेश्वर सिंह एवं खल्लारी रिटर्निंग ऑफिसर श्रीमती सृष्टि चंद्राकर मौजूद थे। प्रशिक्षण में जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरी गोस्वामी ने बताया कि मतगणना के पश्चात कंट्रोल यूनिट को एड्रेस टेग द्वारा सील कर बैलेट यूनिट के पास स्ट्रांग रूम में ही रखा जाएगा। इसके साथ ईवीएम पेपर्स को भी सील किया जाएगा तथा सभी वीवीपैट की पर्चियों को ड्राफ्ट बॉक्स से बाहर निकालकर काले लिफाफे में रखकर बंद कर दिया जाएगा। इन सभी लिफाफों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त गोपनीय सील द्वारा सीलिंग किया जाएगा। तत्पश्चात इन्हें डबल लॉक वाले पेटी में रखकर सामग्रियां स्ट्रांग रूम में ही रखा जाएगा। इसके अलावा संवीक्षा लिफाफा, सांविधिक लिफाफा तथा असांविधिक लिफाफों में गोपनीय सील लगाकर सील किया जाएगा। इन सभी लिफाफों को विधानसभावार अलग.अलग पेटियों में रखकर डबल लॉक लगाकर सील किया जाएगा। इन सभी पेटियों को अलग से स्ट्रांग रूम बनाकर सुरक्षित रखा जाएगा। इस प्रशिक्षण में जिले के चारों विधानसभाओं के सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा सीलिंग दल के कर्मचारी उपस्थित थे।



# 30 नवंबर 2023 की स्थिति में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में सभी श्रेणियों के कुल 2715 डाक मतपत्र प्राप्त



**बिलाईगढ़,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने जानकारी दी है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत 30 नवम्बर 2023 तक सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के दोनों विधानसभाओं में अब तक कुल 2715 डाक मतपत्र प्राप्त हो चुके हैं। इसमें सेवा मतदाताओं के ईटीपीबी, निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों के सुविधा केन्द्रों से अंतिम रूप से प्राप्त डाक मतपत्र और अनुपस्थित श्रेणी, 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग मतदाता और दिव्यांग जनों के घर-घर जाकर अंतिम रूप से प्राप्त किए गए डाकमत पत्र एवं अनिवार्य सेवा मतदाताओं के प्राप्त डाक मतपत्र सभी शामिल है।

**सारंगढ़ विधानसभा में 1168 और बिलाईगढ़ विधानसभा में 1547 डाकमत प्राप्त**

डॉ. सिद्दीकी ने बताया कि सेवा मतदाताओं को जारी किये गए ईटीपीबी प्रत्येक दिवस प्राप्त हो रहे हैं, जिनकी संख्या 30 नवम्बर 2023 तक कुल 125 है, जिसमें सारंगढ़ विधानसभा में 23 और बिलाईगढ़ विधानसभा में 102 ईटीपीबी डाकमत है। सेवा मतदाताओं के ईटीपीबी दिनांक 3 दिसंबर 2023 को मतगणना प्रारम्भ होने के पूर्व (सुबह 8 बजे तक) प्राप्त किये जाएंगे। प्रत्येक दिवस प्राप्त होने वाले इन ईटीपीबी को जिला स्तर पर अभ्यर्थियों अथवा उनके प्रतिनिधियों के उपस्थिति में एसडीएम कार्यालय सारंगढ़ स्थित कोषालय के स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा जाता है और इसकी संख्यात्मक जानकारी से सभी को अवगत कराया जाता है।

कलेक्टर ने बताया कि डाक मतपत्रों की कुल संख्या में निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों के कुल 2345 डाक मतपत्र भी शामिल है, जो कि मतदान दिवस 17 नवंबर 2023 के 1 दिन पूर्व तक जिले में निर्मित सुविधा केन्द्रों से प्राप्त हुए थे। इसके अंतर्गत सारंगढ़ विधानसभा में 978 डाकमत और बिलाईगढ़ विधानसभा में 1367 डाकमत है।

80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं एवं दिव्यांगजनों के घर-घर जाकर प्राप्त किये गए डाक मतपत्रों की संख्या कुल डाकमत 245 है। इसके अंतर्गत सारंगढ़ विधानसभा में 167 डाकमत और बिलाईगढ़ विधानसभा में 78 डाकमत है। इसके अतिरिक्त अनिवार्य सेवा श्रेणी के अनुपस्थित मतदाताओं से प्राप्त डाक मतपत्रों की कुल संख्या शून्य है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने बताया कि प्राप्त डाक मतपत्रों की संख्यात्मक जानकारी प्रत्येक दिवस भारत निर्वाचन आयोग को निर्धारित प्रारूप में प्रेषित की जा रही है और सभी अभ्यर्थियों को अवगत कराया जा रहा है। मतगणना तिथि को कोषालय स्थित स्ट्रांग रूम से विधानसभा की मतपेटियां अभ्यर्थियों और उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूरी सुरक्षा के साथ प्रात: मतगणना स्थल तक ले जाया जाएगा।

# विश्व एड्स दिवस मनाकर एचआईवी और एड्स बीमारी के प्रति लोगों को किया गया जागरूक




**गरियाबंद,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में 1 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यमों से लोगों को एड्स और एचआईवी बीमारी के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग एवं शास. वीर सुरेन्द्रसाय महाविद्यालय गरियाबंद के छात्र-छात्राओं के द्वारा जिला चिकित्सालय से निकल कर शास. वीर सुरेन्द्रसाय महाविद्यालय गरियाबंद तक जन-जागरूकता रैली निकाला गया। डॉ के.सी. उरांव सीएमएचओ, डॉ डी.एन.नाग, सिविल सर्जन, डॉ. अमन हुमने नोडल अधिकारी (एड्स), श्रीमती सोनल ध्रुव, डीपीएम, द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। जिसके पश्चात कॉलेज परिसर में एड्स रोग की समस्या एवं समाधान विषय पर संगोष्ठी, स्वास्थ्य परिचर्चा, प्रश्नोत्तरी, रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता एवं एच.आई.व्ही. जांच एवं ब्लड ग्रुप जॉच कैम्प का आयोजन किया गया।

जिला नोडल अधिकारी ने बताया गया कि इस वर्ष 2023 का थीम ''समुदाय को नेतृत्व करने दे '' थीम के माध्यम से बताने का प्रयास किया गया कि एच.आई.व्ही. के साथ जी रहे समुदाय को आगे आकर नेतृत्व करने का समान अवसर प्रदान करे। ताकि वे समाज में सामान्य जीवन यापन कर सके। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर लोगों को एच.आई.व्ही एड्स संक्रमण फेलने के कारण जैसे असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई, संक्रमित रक्त संचरण एवं संक्रमित माता से गर्भस्थ शिशु को होने के खतरे के बारे में जानकारी दी गई।

**नगर में निकाली गई जागरूकता रैली, विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का भी आयोजन**

डीपीएम श्रीमती सोनल ध्रुव ने बताया जानकारी ही बचाव है, सभी अपनी एच.आई.व्ही. की स्थिति जानकारी होना जरूरी है। खास कर गर्भवती महिला को गर्भावस्था में अनिवार्य रूप से जांच कराना चाहिए, ताकि नवजात शिशु को नेवरापिन सिरप का डोज देकर एच.आई.व्ही. संक्रमण से बचाया जा सके। उक्त कार्यक्रम में एच.आई.व्ही. जांच एवं ब्लड ग्रुप जॉच कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें 95 छात्र -छात्राओं एवं स्टॉफ का ब्लड ग्रुप एवं एच.आई.व्ही. जांच कराया गया। शिवम कालेज ऑफ नर्सिंग के छात्र -छात्राओं छात्र -छात्राओं द्वारा नुक्कड नाटक के माध्यम से एच.आई.व्ही. के रोकथाम हेतु संदेश दिया गया।

इसके पहले एड्स विषय पर परिचर्चा, प्रश्नोत्तरी एवं भाषण कार्यक्रम, रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित किया गया। भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी छात्र -छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार वितरित किया गया। समस्त छात्र छात्राओं ने अति उत्साह से कार्यक्रम में भागीदारी दी। उक्त कार्यक्रम का संचालन विजय गजघाटे के द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का सफल बनाने में डॉ. प्रभात रंजन, सहायक प्रध्यापक, डॉ. देवेन्द्र साहू, प्रेमानंद महिलांग सहायक प्राध्यापक, अमृत भोसले, भूपेश साहू भारत ठाकुर, धीरज शर्मा, टीकेश साहू, लालजी साहू, राजरानी साहू, सतरूपा चंद्राकर, निखिल एवं समस्त कर्मचारियों का भरपूर सहयोग रहा।

# डीके महाविद्यालय में मनाया गया एनसीसी दिवस

**बलौदाबाजार,** 1 दिसंबर (देशबन्धु)। 26 नवम्बर दिन शनिवार को शासकीय दाऊ कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदा बाजार में 75 वॉ एनसीसी दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.ए.आर.सी. जेम्स तथा एनसीसी केयर टेकर जयंत मिंज के नेतृत्व में एनएनसी कैडेट्स द्वारा हर्षाउल्लश के साथ एनसीसी दिवस मनाया गया।

एनएनसी कैडेट्स द्वारा पुनित सागर अभियान, यातायात सुरक्षा अधिनियम तथा महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम व ड्रिल प्रतियोगिता का कार्य पूर्ण किया गया। 500 चॉदनी पटेल, एसजीटी तनु वर्मा व लाखेश्वर पटेल तथा एनसीसी कैडेट्स में कुल 26 एस.डी. व 22 एस.डब्लू. कैडेट्स ने उत्साह व जोश के साथ 75 वॉ एनसीसी दिवस के कार्यक्रम को सफल बनाया।